UNIVERSAL
LIBRARY
OU_186258
UNIVERSAL
LIBRARY



OUP—707—25-4-81—10,000.

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H 491.4309 V31H Accession No. H 4920

Author

Title

This book should be returned on or before the date last marked below

पूज्य गुरु

महामहोपाध्याय

पंडित गंगानाथ झा

एम० ए०, डी० लिट्०, एलेल्० डी०

विद्यासागर

की स्मृति में

सादर समर्पित

वक्तव्य

भाषाविज्ञान के सर्वसम्मत सिद्धांतों को दृष्टि में रखते हुए आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का तुलनात्मक तथा ऐतिहासिक अध्ययन कुछ यूरोपीय विद्वानों ने उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में प्रारंभ किया था। इस विषय पर प्रथम महत्वपूर्ण पुस्तक जान बीम्स कृत 'भारतीय आर्यभाषाओं का तुलनात्मक व्याकरण' (*कंपैरेटिव ग्रैमर आव् दि माडर्न एरियन लैंग्वेजेज़ आव् इंडिया*) है। इसका 'ध्वनि' शीर्षक प्रथम भाग १८७२ ई० में, 'संज्ञा तथा सर्वनाम' शीर्षक दूसरा भाग १८७५ ई० तथा 'क्रिया' शीर्षक तीसरा भाग १८७९ ई० में प्रकाशित हुआ था। प्रथम भाग में लगभग सवा-सौ पृष्ठ की भूमिका भी है। इस वृहत् ग्रंथ में बीम्स ने हिंदी, पंजाबी, सिंधी, गुजराती, मराठी, उड़िया तथा बंगाली भाषाओं के व्याकरणों पर तुलनात्मक तथा ऐतिहासिक दृष्टि से विचार किया है और व्याकरण के प्रत्येक अंग के संबंध में बहुत-सी उपयोगी सामग्री एकत्रित की है। बीम्स का 'ध्वनि' विषय पर प्रथम भाग उदाहरणों के कारण विशेष रोचक है। आज तक न तो बीम्स के ग्रंथ का दूसरा संस्करण हो सका और न कोई अन्य अधिक पूर्ण ग्रंथ इस विषय पर निकल सका। अतः त्रुटिपूर्ण तथा अत्यंत पुराना होने पर भी बीम्स का ग्रंथ आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के विद्यार्थी के लिए अब भी महत्व रखता है।

१८७६ ई० में ईसाई मिशनरी केलाग का 'हिंदीभाषा का व्याकरण' (*ग्रामर आव् दि हिंदी लैंग्वेज़*) प्रकाशित हुआ था। इस हिंदी व्याकरण की विशेषता यह है कि इसमें साहित्यिक खड़ीबोली हिंदी के व्याकरण के साथ-साथ तुलना के लिए ब्रजभाषा, अवधी आदि हिंदी की मुख्य-मुख्य बोलियों तथा राजस्थानी, बिहारी और मध्यपहाड़ी भाषाओं की भी सामग्री जगह-जगह पर दी गई है।

साथ ही प्रत्येक अध्याय के अन्त में व्याकरण के मुख्य-मुख्य रूपों का इतिहास भी संक्षेप में दिया गया है। केलाग के हिंदी व्याकरण का परिवर्द्धित संशोधित संस्करण निकल चुका है। यह हिंदी व्याकरण अपने ढंग का अकेला ही है।

१८७७ ई० में रामकृष्ण गोपाल भंडारकर ने भारतीय आर्यभाषाओं पर सात व्याख्यान (*'बिलसन फिलालोजिकल लेक्चर्स'*) दिए थे जो १९१४ ई० में पुस्तकाकार छपे थे। इनमें प्राचीन तथा मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं का विवेचन अधिक विस्तार से किया गया है। कुछ व्याख्यान आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं पर भी हैं जिनमें इन भाषाओं से संबंध रखने वाली अनेक समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है। एक भारतीय विद्वान् का अपने देश की भाषाओं के संबंध में आधुनिक दृष्टिकोण से अध्ययन करने का यह प्रथम प्रयास था। बीसवीं सदी के दृष्टिकोण से देखने पर इन व्याख्यानों के बहुत से अंश पुराने मालूम पड़ते हैं।

बीम्स के समकालीन विद्वान् रूडल्फ़ हार्नली का 'पूर्वी हिंदी व्याकरण' (*'ग्रैमर आव् दि ईस्टर्न हिंदी'*) १८८० ई० में प्रकाशित हुआ था। पूर्वी हिंदी से हार्नली का तात्पर्य आधुनिक बिहारी तथा अवधी से है। वास्तव में भोजपुरी का विस्तृत वर्णनात्मक व्याकरण देने के साथ-साथ हार्नली ने प्रत्येक अध्याय में आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं से संबंध रखने वाली प्रचुर ऐतिहासिक तथा तुलनात्मक सामग्री दी है जिसमें कुछ तो बिल्कुल नई है। हार्नली का ग्रंथ निबंध के रूप में नहीं लिखा गया है, इसी कारण लगभग ४०० पृष्ठ के इस छोटे से ग्रंथ में बीम्स के तीन भागों से भी अधिक सामग्री संगृहीत है। यद्यपि हार्नली के ग्रंथ का दूसरा संशोधित संस्करण नहीं निकल सका किंतु तो भी हार्नली का ग्रंथ आज तक इस विषय पर कोष का सा काम देता है। इस तरह १८७० से १८८० ई० के बीच में आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं से संबंध रखने वाले कई

उपयोगी ग्रंथ निकले जो पुराने हो जाने पर भी आज तक इस विषय के विद्यार्थियों को काम दे रहे हैं।

जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का अध्ययन उन्नीसवीं सदी के अंत में ही प्रारंभ कर दिया था। उनके 'बिहारी भाषाओं के सात व्याकरण' (*सेविन ग्रैमर्स आव् बिहारी लैंग्वेजेज़*) १८८३ ई० से १८८७ ई० तक निकल चुके थे किंतु उनकी सबसे बड़ी कृति 'भारतीय भाषाओं की सर्वे' (*लिंग्विस्टिक सर्वे आव् इंडिया*) १८९४ ई० में प्रारंभ हुई थी और १९२७ ई० में समाप्त हुई। यह वृहत् ग्रंथ ग्यारह बड़ी-बड़ी जिल्दों में है जिसमें से अनेक जिल्दों में तीन-चार तक पृथक् भाग हैं। ग्रियर्सन की 'भाषा-सर्वे' में उत्तर भारत की समस्त आधुनिक भाषाओं, उपभाषाओं तथा बोलियों के उदाहरण संगृहीत हैं और इन उदाहरणों के आधार पर समस्त मुख्य बोलियों के संक्षिप्त व्याकरण भी दिए गए हैं। जिल्द ९, भाग १ में पश्चिमी हिंदी की तथा जिल्द ६ में पूर्वी हिंदी की सामग्री है। हिंदी की भिन्न-भिन्न आधुनिक बोलियों की सीमाओं तथा उनके ठीक रूप का वैज्ञानिक वर्णन पहले-पहल इन्हीं जिल्दों में मिलता है। जिल्द १, भाग १ में संपूर्ण ग्रंथ की भूमिका है। भारतीय आर्यभाषाओं के इतिहास का सबसे अधिक प्रामाणिक तथा क्रमबद्ध वर्णन इस भूमिका में सुगमता से मिल सकता है। प्रत्येक जिल्द में नक्शों के होने से इस वृहत् ग्रंथ की उपादेयता और भी बढ़ गई है।

उत्तर भारत की समस्त भाषाओं की सर्वे के अतिरिक्त बीसवीं सदी में आकर कुछ आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं पर शास्त्रीय ढंग से विस्तृत काम भी हुआ है जिसमें हिंदी भाषा के पूर्व इतिहास से संबंध रखने वाली थोड़ी-बहुत सामग्री बिखरी पड़ी है। इन ग्रंथों में फ्रांसीसी विद्वान् जूल ब्लाक की फ्रांसीसी में लिखी हुई 'मराठी भाषा' पर पुस्तक (*ला फ़ॅमॅसिओ द ला लांग मराते, १९१९*) तथा सुनीति कुमार चैटर्जी का 'बंगाली भाषा की उत्पत्ति तथा विकास' पर वृहत् ग्रंथ (*ओरिजिन ऐंड डेवलपमेंट आव् दि बेंगाली लैंग्वेज़ १९१६*)

विशेष उल्लेखनीय हैं। किसी एक आधुनिक भारतीय आर्य-भाषा पर वैज्ञानिक दृष्टि से काम करने वाले के लिए ब्लाक का मराठी भाषा पर ग्रंथ आदर्श स्वरूप है। चैटर्जी के ग्रंथ में प्रायः प्रत्येक आधुनिक भारतीय आर्यभाषा से संबंध रखनेवाली कुछ न कुछ उपयोगी सामग्री मौजूद है। बंगाली से संबंध रखने पर भी यह ग्रंथ आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के इतिहास का विश्वकोष कहा जाय तो अत्युक्ति न होगी। पहली जिल्द में लगभग ढाई-सौ पृष्ठ की भूमिका है जिसमें भाषा सर्वे की भूमिका के ढंग की बहुत-सी वर्णनात्मक सामग्री दी हुई है। पहली जिल्द के शेष भाग में बंगाली ध्वनियों का इतिहास है तथा दूसरे भाग में व्याकरण के रूपों का इतिहास दिया गया है।

पूर्वी हिंदी की छत्तीसगढ़ी बोली का कुछ विस्तार के साथ वर्णन हीरालाल काव्योपाध्याय ने हिंदी में लिखा था। ग्रियर्सन ने इसका अंग्रेजी अनुवाद करके १९२१ ई० में छपवाया था। विस्तार तथा वैज्ञानिक विवेचन की दृष्टि से यह अध्ययन बहुत आदर्श ग्रंथ नहीं है। ब्लाक की 'मराठी भाषा' के ढंग का हिंदी भाषा से संबंध रखने वाला अध्ययन प्रयाग विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यापक बाबूराम सक्सेना ने पहले-पहल किया। अनेक वर्षों के अध्ययन के बाद १९३१ ई० में सक्सेना ने प्रयाग विश्वविद्यालय की डी०लिट्० डिगरी के लिए 'अवधी के विकास' (*एवोल्यूशन आव् अवधी*) पर निबंध दिया जो १९३८ ई० में प्रकाशित हो सका। अवधी बोली के इस अध्ययन में कई विशेषतायें हैं। इस ग्रंथ में पहले-पहल एक आधुनिक भारतीय आर्यभाषा की ध्वनियों का प्रयोगात्मक-ध्वनिशास्त्र की दृष्टि से विश्लेषण तथा वर्णन किया गया है। प्रत्येक विषय तीन भागों में विभक्त है। पहले में आधुनिक अवधी की परिस्थिति का विस्तृत तथा वैज्ञानिक वर्णन है, दूसरे में प्रधानतया 'रामचरितमानस' और 'पद्मावत' के आधार पर पुरानी अवधी का वर्णन है और तीसरे अंश में संक्षेप में अवधी की ध्वनियों तथा

व्याकरण के रूपों का इतिहास दिया गया है। इस ग्रंथ में हिंदी की एक मुख्य बोली का प्रथम वैज्ञानिक तथा विस्तृत वर्णन मिलता है। केवल अवधी से संबंध रखने के कारण आधुनिक साहित्यिक खड़ीबोली हिंदी अथवा प्राचीन मुख्य साहित्यिक बोली ब्रजभाषा की बहुत-सी समस्याओं पर यह ग्रंथ भले ही विशेष प्रकाश न डाल सके किंतु तो भी हिंदी भाषा तथा उसकी बोलियों पर काम करने के लिए यह ग्रंथ आदर्श पथप्रदर्शक के समान रहेगा। १९३५ ई० में लेखक का 'ब्रज भाषा' संबंधी ग्रंथ फ्रांसीसी भाषा में *'ला लाँग ब्रज'* नाम से प्रकाशित हुआ। प्राचीन तथा आधुनिक ब्रजभाषा का प्रथम वैज्ञानिक अध्ययन होने के अतिरिक्त ग्रंथ में दी हुई तुलनात्मक सामग्री आधुनिक भारतीय भाषाओं में ब्रजभाषा के स्थान पर विशेष प्रकाश डालती है। हिंदी की अन्य प्रमुख बोलियों, विशेषतया खड़ीबोली पर कार्य होना अभी भी शेष है।

आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के शब्दसमूह का पहला तुलनात्मक तथा ऐतिहासिक अध्ययन टर्नर के नेपाली भाषा के कोष (*नेपाली डिक्शनरी*, १९३१) में मिलता है। इस नेपाली-अंग्रेजी कोष में यथासंभव समस्त भारतीय आर्यभाषाओं के रूप देने का यत्न किया गया है। अंत में प्रत्येक भाषा की दृष्टि से शब्द-सूचियाँ दी हुई हैं जिनसे प्रत्येक भाषा के उपलब्ध शब्द तथा उनके रूपांतर आसानी से मिला सकते हैं। अपने ढंग का पहला प्रयास होने के कारण यह कोष बहुत पूर्ण नहीं है किंतु तो भी लेखक का परिश्रम तथा खोज अत्यन्त सराहनीय है। भारतीय आर्यभाषाओं से संबंध रखने वाला वास्तव में यह प्रथम वैज्ञानिक नैरुक्तिक कोष है। भारतीय आर्यभाषाओं का प्रथम संक्षिप्त किंतु आद्योपांत तथा वैज्ञानिक वर्णन ब्लाक की फ्रांसीसी पुस्तक *ल ऐंदो एरियन* (१९३४) में मिलता है। इस विषय के संबंध में आज तक की खोज का सार इसमें एक स्थान पर मिल जाता है।

आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के इतिहास तथा तुलनात्मक

अध्ययन से संबंध रखने वाले ऐसे मुख्य-मुख्य ग्रंथों का उल्लेख ऊपर किया गया है जो हिंदी भाषा के इतिहास के अध्ययन में किसी न किसी रूप से सहायक हैं। इस ग्रंथों के अतिरिक्त विशेषतया अंग्रेजी, फ्रांसीसी तथा जर्मन पत्रिकाओं में इस विषय पर अनेक उपयोगी लेख निकले हैं जिनमें बहुत-सी नई खोज मौजूद है। उदाहरण के लिए ग्रियर्सन का 'आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं में बलात्मक स्वराघात' (ज०रा० ए० सो०, १८९५, पृ० १०९) शीर्षक लेख तथा टर्नर का 'गुजराती ध्वनिसमूह' (ज०रा०ए०सो०, १९२१, पृ० ३२९, ५०५) शीर्षक लेख अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस तरह की सामग्री से परिचय प्राप्त किए बिना इस विषय के विद्यार्थी का अध्ययन पूर्ण नहीं हो सकता। यहाँ इस सामग्री का विस्तृत विवेचन संभव नहीं है।

यद्यपि यूरोपीय तथा भारतीय विद्वानों ने अंग्रेजी के माध्यम से इतना काम कर डाला है तथा आगे भी कर रहे हैं, किंतु अत्यंत खेद के साथ कहना पड़ता है कि हिंदी में आज तक प्रस्तुत विषय पर विशेष उल्लेखनीय कार्य नहीं हो सका है। भारतेंदु हरिश्चन्द्र का हिंदी भाषा शीर्षक विवेचन (१८९०) बालमुकुन्द गुप्त की *हिंदी भाषा* (१९०८ ई०), महावीरप्रसाद द्विवेदी की *हिंदी भाषा की उत्पत्ति* (१९०७ ई०) और बद्रीनाथ भट्ट की *हिंदी* (१९२४ ई०) पुस्तकाकार वर्णनात्मक निबंध मात्र हैं, जिनमें से कुछ में तो हिंदी साहित्य और भाषा दोनों का ही विवेचन मिश्रित है। महावीरप्रसाद द्विवेदी की *हिंदी भाषा की उत्पत्ति* के साथ हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा प्रकाशित *नागरी अंक और अक्षर* शीर्षक निबंध-संग्रह बहुत दिनों तक हिंदी विद्यार्थियों के पथप्रदर्शक रहे हैं। इन विषयों पर हिंदी ग्रंथ-समूह की अवस्था का बोध इसी से हो सकता है। हिंदी के सिर को ऊँचा करने वाला गौरीशंकर हीराचंद ओझा का *प्राचीन भारतीय लिपि माला* (प्रथम संस्करण १८९४ ई०, द्वितीय संस्करण १८९८ ई०) शीर्षक ग्रंथ असाधारण है किंतु इसमें देवनागरी लिपि और अंकों का इतिहास है, हिंदी भाषा से इसका

संबंध नहीं है। कामताप्रसाद गुरु का *हिंदी व्याकरण* (सं० १९७७) साहित्यिक खड़ीबोली के वर्णनात्मक व्याकरण की दृष्टि से अत्यंत सराहनीय है किंतु इसमें व्याकरण के रूपों का इतिहास संकेत रूप में कहीं-कहीं नाम मात्र को ही दिया गया है। इस व्याकरण का यह उद्देश्य भी नहीं है। लेखक का *ब्रजभाषा व्याकरण* (१९०७ ई०) हिंदी में साहित्यिक ब्रजभाषा का प्रथम विस्तृत विवेचन है किंतु इसका उद्देश्य भी ऐतिहासिक तथा तुलनात्मक सामग्री देना नहीं है।

दुनीचंद का लिखा हुआ *पंजाबी और हिंदी का भाषाविज्ञान* (१९२१ ई०) शीर्षक ग्रंथ तुलनात्मक क्षेत्र में प्रवेश कराता है। किंतु मौलिक होते हुए भी यह कृति बहुत पूर्ण नहीं है। १९२५ में श्यामसुंदरदास ने *भाषा-विज्ञान* नामक ग्रंथ लिखा था जिसके *हिंदी भाषा का विकास* शीर्षक अंतिम अध्याय में पहले-पहल आधुनिक सामग्री के आधार पर भारतीय आर्यभाषाओं का संक्षिप्त परिचय तथा हिंदी भाषा के मुख्य-मुख्य रूपों का संक्षिप्त इतिहास देने का प्रयास किया गया था। यह अध्याय इसी शीर्षक से अलग पुस्तकाकार भी छपा है तथा कुछ संशोधित रूप में *हिंदी भाषा और साहित्य* ग्रंथ के पूर्वार्द्ध में भी मिलता है। हिंदी भाषा का यह विवेचन हिंदी में अपने ढंग का पहला है किंतु इसमें बड़ी भारी त्रुटि यह है कि वर्णनात्मक अंश तथा ऐतिहासिक व्याकरण संबंधी अंश एक-दूसरे से मिल गए हैं तथा ऐतिहासिक व्याकरण संबंधी सामग्री अत्यंत संक्षिप्त है। यह कृति हिंदी भाषा के विकास पर पुस्तकाकार विस्तृत निबंध मात्र है। यहाँ पर श्यामसुंदरदास तथा पद्मनारायण आचार्य के *भाषा-रहस्य*; भाग १ (१९२५ ई०) का उल्लेख कर देना भी उचित होगा। ग्रंथ के इस प्रथम भाग में केवल ध्वनि का विषय विस्तार के साथ दिया गया है। प्राचीन भारतीय आचार्यों के मतों का यत्र-तत्र समावेश इस ग्रंथ की विशेषता है। लेखक के 'हिंदी भाषा का इतिहास' के प्रथम संस्करण (१९३३ ई०) के उपरांत प्रकाशित होने के कारण यह ग्रंथ लेखक-द्वय को उपयोगी सिद्ध हुआ है।

प्रस्तुत *हिंदी भाषा का इतिहास* इस विषय पर हिंदी में एक विस्तृत तथा पूर्ण ग्रंथ की आवश्यकता की पूर्ति के प्रयास-स्वरूप है। हिंदी भाषा के इस इतिहास की सामग्री का मुख्य आधार गत साठ-सत्तर वर्ष के अंदर यूरोपीय तथा भारतीय विद्वानों द्वारा किया गया आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं से संबंध रखने वाला वह कार्य है जिसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। पुस्तक में यथा-स्थान भिन्न-भिन्न विद्वानों के मतों का उल्लेख स्थल-निर्देश सहित बराबर किया गया है। बीम्स, हार्नली तथा चैटर्जी के ऐतिहासिक अंशों से विशेष सहायता ली गई है, साथ ही पत्रिकाओं में लेखों के रूप में फैली हुई सामग्री का भी यथासंभव उपयोग किया गया है। पुस्तक का विषय-विभाग तथा विषय-विवेचन का क्रम चैटर्जी की पुस्तक के ढंग पर रक्खा गया है। हिंदी ध्वनियों का वर्णन सक्सेना के अवधी ध्वनियों के वर्णन की शैली पर है। आधुनिक साहित्यिक खड़ीबोली हिंदी के व्याकरण के ढाँचे को हिंदी की बोलियों में प्रतिनिधि स्वरूप मानकर प्रस्तुत-ग्रंथ में उसी के रूपों का विस्तृत इतिहास देने का प्रयत्न किया गया है। ब्रज तथा अवधी बोलियों से संबंध रखने वाली विशेष ऐतिहासिक सामग्री संक्षेप में दी गई है। अन्य आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं से संबंध रखने वाली तुलनात्मक सामग्री प्रस्तुत-पुस्तक के क्षेत्र के बाहर पड़ती है, अतः यह बिल्कुल ही नहीं दी गई है। आरंभ में एक विस्तृत भूमिका का देना आवश्यक प्रतीत हुआ। इसमें हिंदी भाषा तथा उसकी समकालीन और पूर्वकालीन भारतीय आर्यभाषाओं का वर्णनात्मक परिचय है। भूमिका का मुख्य आधार ग्रियर्सन की 'भाषा-सर्वे' की भूमिका में पाई जाने वाली सामग्री है जिसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। भूमिका तथा मूल ग्रंथ में कुछ अंश ऐसे भी हैं जो साधारणतया हिंदी भाषा के इतिहास से संबंध रखने वाले ग्रंथ में नहीं होने चाहिए थे, जैसे भूमिका में 'संसार की भाषाओं का वर्गीकरण' अथवा मूल-ग्रंथ में 'हिंदी ध्वनिसमूह' शीर्षक पहला ही

अध्याय । किंतु हिंदी में इस प्रकार की सामग्री के अभाव के कारण तथा हिंदी भाषा के इतिहास को समझने के लिए इन विषयों की जानकारी की आवश्यकता को समझ कर इन अपेक्षित रूप से असंबद्ध विषयों का भी समावेश कर लेना आवश्यक समझा गया।

ग्रंथ लिखते समय अनेक कठिनाइयाँ उपस्थित हुईं। सब से पहली कठिनाई पारिभाषिक शब्दों के संबंध में थी। हिंदी में भाषाशास्त्र से संबंध रखने वाले पारिभाषिक शब्द एक तो पर्याप्त नहीं हैं, दूसरे जो हैं वे सर्व-सम्मति से अभी स्वीकृत नहीं हो पाए हैं। इस कारण बहुत से नए पारिभाषिक शब्द बनाने पड़े तथा अनेक पुराने पारिभाषिक शब्दों को जाँच कर उनमें से उपयुक्त शब्दों को चुनना पड़ा। भविष्य में इस विषय पर काम करने वालों की सुविधा के लिए पारिभाषिक शब्दों की हिंदी-अंग्रेजी तथा अंग्रेजी-हिंदी सूचियाँ पुस्तक के अंत में परिशिष्ट-स्वरूप दे दी गई हैं। ध्वनिशास्त्र संबंधी पारिभाषिक शब्दों को निश्चित करने में ग्रेहम बेली की सूची (*बुलेटिन आव् दि स्कूल आव् ओरियंटल स्टडीज़* भाग ३, पृ० २८९) का भी उपयोग किया गया है। दूसरी कठिनाई हिंदी तथा विदेशी नई ध्वनियों के लिए देवनागरी में नए लिपिचिह्न बनाने के संबंध में हुई। इस विषय में भी बहुत विचार करने के बाद एक निश्चित मार्ग का अवलंबन करना पड़ा। नए लिपि-चिह्नों के ढलवाने में हिंदुस्तानी एकेडेमी को विशेष व्यय करना पड़ा किंतु इनके समावेश से पुस्तक बहुत अधिक पूर्ण हो सकी है तथा इस संबंध में एक नया मार्ग खुल सका है। एक पृथक् कोष्ठक में देवनागरी लिपि के साथ अंतर्राष्ट्रीय ध्वन्यात्मक लिपि-चिह्न (International Phonetic System) भी दे दिए गए हैं। सामग्री के एकत्रित करने में तथा एक-एक रूप की तुलना करने में जो परिश्रम करना पड़ा वह पुस्तक पर एक दृष्टि डालने से ही विदित हो सकेगा। यह सब होने पर भी पुस्तक की त्रुटियों को लेखक से अधिक और कोई नहीं समझ सकता। हिंदी भाषा का सर्वांगपूर्ण

इतिहास तभी लिखा जा सकता है जब हिंदी की प्रत्येक बोली पर वैज्ञानिक ढंग से काम हो चुके। अभी तो इस तरह का कार्य प्रारंभ ही हुआ है। ऐसी अवस्था में हिंदी भाषा का पूर्ण इतिहास लिखने के लिए दस-बीस वर्ष प्रतीक्षा करनी पड़ती और इतनी प्रतीक्षा करना व्यावहारिक न समझ कर लेखकों ने हिंदी भाषा के इतिहास के इस पूर्वरूप को हिंदी भाषा के विद्यार्थियों तथा विद्वानों के सामने रख देना आवश्यक समझा। अब तक की खोज के एक जगह एकत्रित हो जाने से आगे बढ़ने में सुभीता ही होगा। आशा है कि भविष्य में हिंदी भाषा के पूर्ण इतिहास के लिखने तथा इस विषय पर नए मार्गों में खोज करने के लिए यह ग्रंथ पथ-प्रदर्शक का काम दे सकेगा।

अपने अनन्य मित्र श्री बाबूराम सक्सेना के प्रति कृतज्ञता प्रकट किए बिना यह वक्तव्य अधूरा ही रह जायगा। संपूर्ण ग्रंथ को आद्योपांत पढ़ कर आपने बहुमूल्य परामर्श दिए। इसके अतिरिक्त पारिभाषिक शब्दों तथा नए लिपि-चिह्नों के निर्णय करने में भी आपकी सम्मति सदा हितकर सिद्ध हुई। आपके विस्तृत अनुभव तथा सत्परामर्श से लेखक ने जो लाभ उठाया है उसके लिए लेखक आपका आभारी है। अनेक नए लिपि-चिह्नों आदि के प्रयोग के कारण इस पुस्तक की छपाई में असाधारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रयाग के आदर्श यंत्रालय लॉ जर्नल प्रेस तथा हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रेस के पूर्ण सहयोग तथा उत्साह के बिना पुस्तक का इस रूप में मुद्रित होना असंभव था। इसके लिए इन प्रेसों के संचालक हार्दिक धन्यवाद तथा बधाई के पात्र हैं। लेखक हिंदुस्तानी एकेडेमी के संचालकों का भी विशेष आभारी है जिनकी दूरदर्शिता के फलस्वरूप ऐसे जटिल और नीरस किंतु आवश्यक विषय पर ग्रंथ प्रकाशन संभव हो सका।

हिंदी भाषा के इस इतिहास को लिखने का भार हिंदुस्तानी एकेडेमी ने मुझे १९२९ ई० में सौंपा था। तीन-चार वर्ष के परिश्रम स्वरूप यह ग्रंथ १९३३ ई० में प्रकाशित हो सका था। हिंदी भाषा के

विद्यार्थियों तथा विद्वानों ने इसका स्वागत किया फलतः इसके कई संस्करण हो चुके हैं।

ग्रंथ के द्वितीय संस्करण की प्रमुख नवीनताएँ निम्नलिखित थीं:—

१. वक्तव्य में दिए हुए हिंदी-भाषा संबंधी कार्य के इतिहास में नवीनतम सामग्री का समावेश;

२. हिन्दी भाषा के क्षेत्र का द्योतक नवीन मानचित्र;

३. देवनागरी लिपि तथा अंक संबंधी चित्रों का समावेश;

४. अंतर्राष्ट्रीय ध्वन्यात्मक लिपि-चिह्न संबंधी एक नए कोष्ठक की वृद्धि।

ग्रन्थ के बाद के संस्करणों में अनेक स्थलों पर छोटे-छोटे सुधार किए गए हैं जिनमें से कुछ के लिए मैं अपने अनन्य मित्र डॉ० बाबूराम सक्सेना का आभारी हूँ।

लिपि तथा अंक संबंधी चित्र रायबहादुर पं० गौरीशंकर हीराचंद ओझा की प्रसिद्ध पुस्तक 'प्राचीन भारतीय लिपिमाला' से लिए गए हैं। इस संबंध में अनुमति देने के लिए लेखक ओझा जी का आभारी है। अनुक्रमणिका के अंक का पैराग्राफ के आधार पर परिवर्त्तन मेरे सहयोगी डॉ० व्रजेश्वर वर्मा के परिश्रम का फल है।

—धीरेंद्र वर्मा

संक्षिप्त-रूप

अं०	अंग्रेजी
अ०	अरबी
अ० तत्स०	अर्द्ध तत्सम
अ० माग०	अर्द्ध मागधी
अप०	अपभ्रंश
अव०	अवधी
आ० भा० आ०	आधुनिक भारतीय आर्यभाषा
इ०	इत्यादि
इ० ब्रि०	इन्साइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका
ई०	ईसवी
उदा०	उदाहरण
एक०	एकवचन
ओझा, भा० प्रा० लि०	ओझा, गौरीशंकर हीराचंद, भारतीय प्राचीन लिपिमाला (१९१८)
क़ादरी, हि० फ़ो०	कादरी, हिंदुस्तानी फ़ोनेटिक्स
कृ०	कृदंत
के०, हि० ग्रै०	केलाग, हिंदी ग्रैमर (१८७६ ई०)
ख० बो०	खड़ीबोली
गु०, हिं० व्या०	गुरु, कामताप्रसाद, हिंदी व्याकरण (विचारार्थ संस्करण)
चै०, बे० लै०	चैटर्जी, सुनीतिकुमार, बेंगाली लैंग्वेज़—आरिजिन ऐण्ड डेवेलपमेंट (१९२६ ई०)

ज० रा० ए० सो०	जर्नल आव् दि रायल एशियाटिक सोसायटी
त०	तद्धित
तत्स०	तत्सम
तद्भ०	तद्भव
दे०	देखिए
ना० प्र० प०	नागरी-प्रचारिणी पत्रिका
पं०	पंजाबी
पा०	पाली
पु०	पुल्लिग
पू० ई०	पूर्व ईसा
पृ०	पृष्ठ
प्रा०	प्राकृत
प्रा० भा० आ०	प्राचीन भारतीय आर्यभाषा
फ़ा०	फ़ारसी
बं०	बंगाली
बहु०	बहुवचन
बिहा०	बिहारी
बी०, क० ग्रै०	बीम्स, कंपैरेटिव ग्रैमर आव् दि माडर्न एरियन लैंग्वेजेज़ आव् इंडिया (भाग १, १८७२ ई०, भाग २, १८७५ ई०, भाग ३, १८७९ ई०)
बो०	बोली
ब्र०	ब्रजभाषा
भा०	भाग

भा० आ०	भारतीय आर्यभाषा
भा० ई०	भारत-ईरानी
भा० यू०	भारत-यूरोपीय
म० भा० आ०	मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा
महा०	महाराष्ट्री
राज०	राजस्थानी
लिं० स०	लिंग्विस्टिक सर्वे आव् इंडिया
वा०, फ़ो० ई०	वार्ड, फ़ोनेटिक्स आव् इंगलिश (१९२९ ई०)
शौर०	शौरसेनी
सं०	संस्कृत
सक०, ए० अ०	सकसेना, बाबूराम, एवोल्यूशन आव् अवधी (१९३८)
हा०, ई० हिं० ग्रै०	हार्नली, ईस्टर्न हिंदी ग्रैमर (१८८० ई०)
हिं०	हिंदी
हिंदु०	हिंदुस्तानी

नए लिपि-चिह्न

अ॒	विवृत अग्र ह्रस्व अ। यह पुरानी फ़ारसी-पहलवी —में मिलता है, जैसे *मेसेलेह्*, पहलवी में दीर्घ *आ* अग्र विवृत न होकर पश्च विवृत होता है।
आ।	विवृत अग्र दीर्घ *आ*; यह आठ प्रधान स्वरों में चौथा स्वर है।
अं॒'	अर्द्धविवृत मध्य ह्रस्वार्द्ध अथवा 'उदासीन' स्वर। यह स्वर पंजाबी तथा हिंदी की कुछ बोलियों में पाया जाता है, जैसे अव० *सोरंहीं*, पंजाबी *नौकर्*
अं॒	अर्द्धविवृत पश्च ह्रस्वस्वर। यह प्रधान स्वर *ऑ* से अधिक नीचा है। [अंग्रेजी स्वर नं० ६, जैसे अं० *नॅट्* (not) *बॅक्स्* (box)]
ऑ।	अर्द्धविवृत पश्च दीर्घ स्वर। यह प्रधान स्वर *ऑ* से नीचा है। अंग्रेजी स्वर नं० ७ *ऑ* के लिए इस चिह्न का प्रयोग हिंदी में प्रचलित हो गया है, जैसे अं० *ऑल* (all) *सॉ* (saw)। अंग्रेज़ी विदेशी शब्दों में *अॅ* के स्थान पर भी इसका प्रयोग होता है।
इ॑	अर्द्धस्वर *य्* का शुद्ध वैदिक रूप।
इ॰	फुसफुसाहट वाली इ जो अवधी आदि बोलियों में पाई जाती है, दे० § २४।
उ॑	अर्द्धस्वर *व्* का शुद्ध वैदिक रूप।
उ॰	फुसफुसाहट वाला उ जो अवधी आदि बोलियों में पाया जाता है, दे० § २०।
ए॒	अर्द्धसंवृत अग्र ह्रस्वस्वर अर्थात् ह्रस्व ए, दे० § २६।
ए॰	फुसफुसाहट वाला ए जो अवधी आदि कुछ बोलियों में पाया जाता है, दे० § २७।

ए अर्द्धविवृत मध्य दीर्घस्वर। अंग्रेज़ी स्वर नं० ११, जैसे अं० बं॒ड् (bird), ल्॒न (learn)।

ऍ अर्द्धविवृत अग्र ह्रस्वस्वर। अंग्रेज़ी स्वर नं० ३, जैसे अं० कॉल्॒ज् (college), बॅंच् (bench)।

ऍॅ अर्द्धविवृत अग्र दीर्घस्वर। प्रधान स्वर नं० ३, दे० § २८।

ऍॅ अर्द्धविवृत अग्र ह्रस्वस्वर, किंतु प्रधान स्वर नं० ३ से काफ़ी नीचा। अंग्रेज़ी स्वर नं० जैसे अं० मॅन् (man), गॅस् (gas)।

ओ॒ अर्द्धसंवृत पश्च ह्रस्वस्वर अर्थात् ह्रस्व ओ, दे० § १७।

ऑ अर्द्धविवृत पश्च ह्रस्वस्वर, दे० § १५।

ऑॅ अर्द्धविवृत पश्च दीर्घस्वर, दे० § १६। प्रधान स्वर नं० ६। अंग्रेज़ी स्वर नं० ७ जो वास्तव में ऑ के अधिक निकट है।

ʔ स्वरयंत्रमुखी अघोष स्पर्श व्यंजन अर्थात् अरबी 'हम्ज़ा'।

ʕ उपालिजिह्व घोष संघर्षी ध्वनि, अर्थात् अरबी ع।

क़ अलिजिह्व अघोष स्पर्श, जो अरबी में पाया जाता है। यह फ़ारसी में जिह्वामूलीय क़ हो जाता है।

ख़ अलिजिह्व घोष संघर्षी। यह अरबी में पाया जाता है। फ़ारसी में यह जिह्वामूलीय ख़ हो जाता है।

ग़ अलिजिह्व अघोष संघर्षी। यह अरबी में पाया जाता है। फ़ारसी में यह जिह्वामूलीय ग़ हो जाता है।

च॒ स्पर्श-संघर्षी तालव्य-वर्त्स्य अघोष जो अंग्रेज़ी तथा पहलवी में है, जैसे अं० च॒अ (chair)।

ज॒ स्पर्श-संघर्षी तालव्य-वर्त्स्य घोष, जैसे अं० ज॒ज॒ (judge)।

ज़ कंठस्थान युक्त वर्त्स्य दोष संघर्षी, अरबी ظ।

ज़् उर्दू ض की देवनागरी अनुलिपि।

श़् तालव्य-वर्त्स्य घोष, संघर्षी अर्थात् श् का घोष रूप। यह अरबी, फ़ारसी, अंग्रेज़ी आदि में है।

ग़ कंठस्थान युक्त वर्त्स्य घोष पार्श्विक। यह ध्वनि अरबी में है।

ट् वर्त्स्य अघोष स्पर्श। यह ध्वनि अंग्रेज़ी में पाई जाती है। हिंदी ट मूर्द्धन्य है, वर्त्स्य नहीं।

ड् वर्त्स्य घोष स्पर्श अर्थात् ट् घोष रूप।

ळ् मूर्द्धन्य पार्श्विक घोष अल्पप्राण। यह ध्वनि वैदिक भाषा में थी।

ळ्ह् मूर्द्धन्य पार्श्विक घोष महाप्राण। यह ध्वनि भी वैदिक भाषा में थी।

त़् कंठस्थानयुक्त वर्त्स्य घोष स्पर्श, जैसे अरबी ط।

थ दंत्य अघोष संघर्षी। यह ध्वनि अरबी तथा अंग्रेज़ी में मिलती है, जैसे अं० थ्रिन् (thin), हिंदी थ् संघर्षी न होकर स्पर्श ध्वनि है।

द़् कंठस्थानयुक्त वर्त्स्य घोष स्पर्श, जैसे अरबी ض।

द दंत्य घोष संघर्षी थ् का घोष रूप। यह ध्वनि अरबी तथा अंग्रेज़ी में मिलती है।

य् वैदिक मूल अर्द्धस्वर इ̯ का रूपांतर।

ल् कंठस्थानयुक्त वर्त्स्य घोष पार्श्विक। यह ध्वनि अरबी तथा अंग्रेज़ी में है। अंग्रेज़ी में यह अस्पष्ट ल् (dark l) कहलाता है।

व कंठ्योष्ठ्य अर्द्धस्वर। हिंदी में शब्द के मध्य में आने वाले हलंत व् का उच्चारण व् के समान होता है, दे० § ८०। अंग्रेज़ी, अरबी, फ़ारसी आदि में भी यह ध्वनि पाई जाती है।

कंठस्थानयुक्त वर्त्स्य अघोष संघर्षी, जैसे अरबी ص। उर्दू ص की अनुलिपि।

स्वरयंत्रमुखी अघोष संघर्षी अर्थात् विसर्ग या अघोष ह़।

उपालिजिह्व अघोष संघर्षी, जैसे अरबी ع जो ع का घोष रूप है।

वैदिक भाषा में यह उपध्मानीय तथा जिह्वामूलीय दोनों का लिपिचिह्न है। उपध्मानीय द्व्योष्ठ्य संघर्षी अघोष ध्वनि थी जो देवनागरी लिपि में फ़ या इसी प्रकार के किसी लिपिचिह्न से प्रकट की जा सकती है। जिह्वामूलीय जिह्वामूलस्थानीय संघर्षी अघोष ध्वनि थी जो ख़ के समान रही होगी।

विशेष-चिह्न

यह चिह्न पूर्वरूप से पररूप के परिवर्तन को बताता है, जैसे सं० *अग्नि* > प्रा० *अग्गि* > हि० *आग*।

यह चिह्न पररूप से पूर्वरूप के परिवर्तन को बताता है, जैसे हि० *आग* < प्रा० *अग्गि* < सं० *अग्नि*।

यह चिह्न शब्दों के उन रूपों पर लगाया गया है जो वास्तव में प्राचीन भाषाओं में व्यवहृत नहीं हुए हैं, बल्कि संभावित रूप मात्र है, जैसे संस्कृत **पक्ष** का संभावित प्राकृत रूप *पक्खे**।

यह धातु का चिह्न है, जैसे सं० √ धृ।

देवनागरी लिपि

तथा

अन्तर्राष्ट्रीय ध्वन्यात्मक लिपिचिह्न

अ ʌ	आ a:	इ ɪ	ई ɪ:	उ u	ऊ u:
ए e:	ऐ ʌe	ओ o:	औ ʌo		
क् k	ख् kh	ग् g	घ् gɦ	ङ् ŋ	
च् c	छ् ch	ज् ɟ	झ् ɟɦ	ञ् ɲ	
ट् ʈ	ठ् ʈh	ड् ɖ	ढ् ɖɦ	ण् ɳ	
त् t	थ् th	द् d	ध् dɦ	न् n	
प् p	फ् ph	ब् b	भ् bɦ	म् m	
य् j	र् r	ल् l	व् ʋ		
श् ʃ	ष् ʂ	स् s	ह् ɦ		
ड़् ɽ	ढ़् ɽɦ	ं m	ः h	ँ ~	

पृष्ठ

ख. भारतीय अनार्य भाषाओं से आए हुए शब्द ७०
ग. विदेशी भाषाओं के शब्द ७१
ऊ. हिंदी प्रदेश की उपभाषाओं का विकास ७५
क. प्राचीन काल (१५०० ई० तक) ७६
ख. मध्य काल (१५००-१८०० ई०) ८०
ग. आधुनिक काल (१८०० ई० के बाद) ८२
ए. देवनागरी लिपि और अंक ८३

तिहास

१. हिंदी ध्वनिसमूह ९१
अ. हिंदी वर्णमाला का इतिहास ९१
क. वैदिक तथा संस्कृत ध्वनिसमूह ९१
ख. पाली तथा प्राकृत ध्वनिसमूह ९७
ग. हिंदी ध्वनिसमूह ९७
आ. हिंदी ध्वनियों का वर्णन १००
क. मूलस्वर १००
ख. अनुनासिक स्वर १०८
ग. संयुक्तस्वर ११०
घ. स्पर्श व्यंजन ११४
ङ. स्पर्श संघर्षी ११७
च. अनुनासिक ११९
छ. पार्श्विक १२१
ज. लुंठित १२२
झ. उत्क्षिप्त १२२
ज. संघर्षी १२३
ट. अर्द्धस्वर १२६
ठ. हिंदी ध्वनियों का वर्गीकरण १२७

पृष्ठ
२. हिंदी ध्वनियों का इतिहास १२८
अ. स्वर-परिवर्तन संबंधी कुछ साधारण नियम १२९
आ. हिंदी स्वरों का इतिहास १३१
क. मूलस्वर १३२
ख. अनुनासिकस्वर १३९
ग. संयुक्तस्वर १४१
इ. स्वर-संबंधी विशेष परिवर्तन १४४
क. स्वरलोप १४४
ख. स्वरागम १४८
ग. स्वर-विपर्यय १४९
ई. व्यंजन परिवर्तन संबंधी कुछ साधारण नियम १४९
क. असंयुक्त व्यंजन १५०
ख. संयुक्त व्यंजन १५४
उ. हिंदी व्यंजनों का इतिहास १५९
क. स्पर्श व्यंजन १५९
१. कंठ्य १५९
२. मूर्द्धन्य १६४
३. दन्त्य १६६
४. ओष्ठ्य १६९
ख. स्पर्श संघर्षी १७२
ग. अनुनासिक १७५
घ. पार्श्विक १७८
ङ. लुंठित १७९
च. उत्क्षिप्त १८०
छ. संघर्षी १८२
ज. अर्द्धस्वर १८५
ऊ. व्यंजन संबंधी कुछ विशेष परिवर्तन १८६

पृष्ठ

क. अनुरूपता १८६
ख. व्यंजन-विपर्यय १८७
३. विदेशी शब्दों में ध्वनिपरिवर्तन १८८
अ. फारसी-अरबी १८८
क. अरबी ध्वनिसमूह १८८
ख. फ़ारसी ध्वनिसमूह १९०
ग. उर्दू वर्णमाला १९४
घ. फ़ारसी शब्दों में ध्वनिपरिवर्तन १९९
आ. अंग्रेज़ी २०६
क. अंग्रेज़ी ध्वनिसमूह २०६
ख. अंग्रेज़ी शब्दों में ध्वनिपरिवर्तन २०८
४. स्वराघात २१६
अ. भारतीय आर्यभाषाओं के स्वराघात का इतिहास २१६
क. वैदिक स्वराघात २१६
ख. प्राकृत तथा आधुनिक काल में स्वराघात २१८
आ. हिंदी में स्वराघात २१९
५. रचनात्मक उपसर्ग तथा प्रत्यय २२२
अ. उपसर्ग २२३
क. तत्सम उपसर्ग तथा अव्ययादि २२३
ख. तद्भव उपसर्ग २२३
ग. विदेशी उपसर्ग २२४
१. फ़ारसी-अरबी २२४
२. अंग्रेजी २२५
आ. प्रत्यय २२५
क. तत्सम प्रत्यय २२५
ख. तद्भव तथा देशी प्रत्यय २२६
ग. विदेशी प्रत्यय २४४

पृष्ठ

६. संज्ञा २४७
अ. मूल रूप तथा विकृत रूप २४७
आ. लिंग २५०
इ. वचन २५६
ई. कारक-चिह्न २५८
कर्ता या करण कारक २५८
कर्म तथा संप्रदान २६०
उपकरण तथा अपादान २६२
संबंध २६३
अधिकरण २६४
कारक चिह्नों के समान प्रयुक्त अन्य शब्द २६४
७. संख्यावाचक विशेषण २६६
अ. पूर्ण संख्यावाचक २६६
आ. अपूर्ण संख्यावाचक २७१
इ. क्रम संख्यावाचक २७२
ई. आवृत्ति संख्यावाचक २७३
उ. समुदाय संख्यावाचक २७३
परिशिष्ट : पूर्ण संख्यावाचक २७३
८. सर्वनाम २८०
अ. पुरुषवाचक २८०
क. उत्तमपुरुष २८०
ख. मध्यमपुरुष २८२
आ. निश्चयवाचक २८३
क. निकटवर्ती २८३
ख. दूरवर्ती २८४
इ. संबंधवाचक २८५
ई. नित्यसंबंधी २८५

पृष्ठ

उ. प्रश्नवाचक २८५
ऊ. अनिश्चयवाचक २८६
ए. निजवाचक २८६
ऐ. आदरवाचक २८७
ओ. विशेषण के समान प्रयुक्त सर्वनाम २८७
४. क्रिया २८८
अ. संस्कृत, पाली, प्राकृत तथा हिंदी क्रिया २८८
आ. धातु २९०
इ. सहायक क्रिया २९२
ई. कृदंत २९५
उ. काल रचना २९७
क. संस्कृत कालों के अवशेष २९९
ख. संस्कृत कृदन्तों से बने काल ३०३
ग. संयुक्त काल ३०३
ऊ. वाच्य ३०४
ए. प्रेरणार्थकधातु ३०५
ऐ. नामधातु ३०६
ओ. संयुक्त क्रिया ३०६
५. अव्यय ३०७
अ. क्रियाविशेषण ३०७
क. सर्वनाममूलक क्रियाविशेषण ३०८
ख. संज्ञामूलक, क्रियामूलक तथा अन्य ३१०
आ. समुच्चयबोधक ३१२
परिशिष्ट : पारिभाषिक शब्द-संग्रह ३१५
अ. हिंदी-अंग्रेजी ३१५
आ. अंग्रेजी-हिंदी ३२१
अनुक्रमणिका ३२९

अ—संसार की भाषाएँ और हिंदी

क—संसार की भाषाओं का वर्गीकरण[1]

वंशक्रम के अनुसार भाषातत्वविज्ञ संसार की भाषाओं को कुलों, उपकुलों, शाखाओं, उपशाखाओं तथा समुदायों में विभक्त करते हैं।[2] हिंदी भाषा का संसार में कहाँ स्थान है, यह समझने के लिए इन विभागों का संक्षिप्त वर्णन देना आवश्यक है। उन समस्त भाषाओं की गणना एक कुल में की जाती है, जिनके संबंध में यह प्रमाणित हो चुका है कि ये सब किसी मूल भाषा से उत्पन्न हुई हैं। नए प्रमाण मिलने पर इस वर्गीकरण में परिवर्तन संभव है। अब तक खोज के आधार पर संसार की भाषाएँ निम्नलिखित मुख्य कुलों में विभक्त की गई हैं :

१—**भारत-यूरोपीय कुल**—हमारे दृष्टिकोण से इसका स्थान सबसे प्रथम है। कुछ विद्वान इस कुल को आर्य, भारत-जर्मनिक अथवा जफ़ेटिक[3] नामों से भी पुकारते हैं। इस कुल की भाषाएँ उत्तर भारत, अफ़गानिस्तान, ईरान तथा प्रायः संपूर्ण यूरोप में बोली जाती हैं। संस्कृत, पाली, पुरानी ईरानी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि प्राचीन भाषाएँ इसी कुल की थीं। आजकल इस कुल में अंग्रेज़ी, फ्रांसीसी, जर्मन, नई ईरानी, पश्तो, हिंदी, मराठी, बँगला, गुजराती आदि भाषाएँ हैं।

२—**सेमिटिक कुल**—प्राचीन काल की कुछ प्रसिद्ध सभ्यताओं के केन्द्रों में—जैसे फ़ोनेशिया, आरमीय तथा असीरिया में—लोगों की भाषाएँ इसी कुल की थीं। इन प्राचीन भाषाओं के नमूने अब केवल शिलालेखों इत्यादि में मिलते हैं। यहूदियों की प्राचीन हिब्रू भाषा, जिसमें मूल बाइबिल लिखी गई थी, और प्राचीन अरबी भाषा

---

[1] इ० ब्रि० (११वां संस्करण), 'फिलॉलोजी' शीर्षक लेख, भाग २१, पृ० ४२६ ई०।

[2] भाषा क्या है, उसकी उत्पत्ति कैसे हुई, आदि में मनुष्यमात्र की क्या कोई एक मूलभाषा थी, इत्यादि प्रश्न भाषा-विज्ञान के विषय से संबंध रखते हैं। अतः प्रस्तुत विषय के क्षेत्र से ये पूर्णरूप से बाहर हैं।

[3] जफ़ेटिक नाम बाइबिल के अनुसार मनुष्य जाति के वर्गीकरण के आधार पर दिया गया था। जफ़ेटिक के अतिरिक्त मनुष्य जाति के दो अन्य विभाग सेमिटिक तथा हेमिटिक के नाम से बाइबिल में किये गए हैं। इनमें से भी प्रत्येक के नाम पर एक-एक भाषाकुल

जिसमें कुरान है, इसी कुल की हैं। आजकल इस कुल की उत्तराधिकारिणी वर्तमान अरबी तथा हबशी भाषाएँ हैं।

३—**हैमिटिक कुल**—इस कुल की भाषाएँ उत्तर अफ्रीका मे बोली जाती हैं, जिनमें मिस्र देश की प्राचीन भाषा काप्टिक मुख्य है। प्राचीन काप्टिक के नमूने चित्र-लिपि में खुदे हुए मिलते हैं। उत्तर अफ्रीका के समुद्र तट के कुछ भाग मे प्रचलित लीबियन या बर्बर, पूर्व भाग के कुछ अंश में बोली जाने वाली एथिओपियन तथा सहारा मरुभूमि की हौसा भाषा इसी कुल में है। अरब के मुसलमानों के प्रभाव के कारण मिस्र देश की वर्तमान भाषा अब अरबी हो गई है। कुछ समय पूर्व मूल मिस्री भाषा काप्टिक के नाम से जीवित थी। मिस्र देश के मूल-निवासी, जो काप्टिक नाम से ही प्रसिद्ध है, अपनी भाषा के उद्धार का प्रयत्न कर रहे हैं।

४—**तिब्बती-चीनी कुल**—इस कुल को बौद्ध-कुल नाम देना अनुपयुक्त न होगा, क्योंकि जापान को छोड़ कर शेष समस्त बौद्ध धर्मावलंबी देश, जैसे चीन, तिब्बत, बर्मा, स्याम तथा हिमालय के अंदर के प्रदेश इसी कुल की भाषाएँ बोलने वालों से बसे है।

का नाम पड़ा है। मनुष्य जाति के इस वर्गीकरण के शास्त्रीय होने में संदेह होने पर जफ़ेटिक नाम छोड़ दिया गया, यद्यपि शेष दो नाम अब भी प्रचलित हैं। *भारत-जर्मनिक* से तात्पर्य उन भाषाओं से लिया जाता था जो पूर्व में भारत से लेकर पश्चिम में जर्मनी तक बोली जाती हैं। बाद को जब यह मालूम हुआ कि जर्मनी के और भी पश्चिम में आयर्लैण्ड की केल्टिक भाषा भी इसी कुल की है, तब यह नाम भी अनुपयुक्त समझा गया। आरंभ में भाषाशास्त्र में जर्मन विद्वानों ने अधिक कार्य किया था और यह नाम भी उन्हीं का दिया हुआ था। जर्मनी में अब भी इस कुल का वही नाम प्रचलित है। *आर्य कुल* नाम सरल तथा उपयुक्त था, किन्तु एक तो इससे यह भ्रम होता था कि आर्य-कुल की भाषाएँ बोलने वाले सब लोग आर्य-जाति के होंगे जो सत्य नहीं है, इसके अतिरिक्त ईरानी तथा भारतीय उपशाखाओं का संयुक्त नाम आर्य-उपकुल पड़ चुका था, अतः यह सरल नाम छोड़ देना पड़ा। *भारतीय-यूरोपीय* नाम भी बहुत उपयुक्त नहीं है। इस नाम के अनुसार भारत और यूरोप में बोली जाने वाली सभी भाषाओं की गणना इस कुल में होनी चाहिए। किंतु भारत में ही द्राविड़ इत्यादि दूसरे कुलों की भाषाएँ भी बोली जाती हैं। इस नाम में दूसरी त्रुटि यह है कि भारत और यूरोप के बाहर बोली जाने वाली ईरानी भाषा की उपशाखा का उल्लेख इसमें नहीं हो पाता। इन त्रुटियों के रहते हुए भी इस कुल का यही नाम प्रचलित हो गया है। अंग्रेजी तथा फ्रांसीसी विद्वान् इस कुल को *भारत-यूरोपीय* नाम से ही पुकारते हैं।

संपूर्ण दक्षिण-पूर्व एशिया में इस कुल की भाषाएँ प्रचलित हैं। इन सब में चीनी भाषा मुख्य है। ईसा से दो सहस्र वर्ष पूर्व तक चीनी भाषा के अस्तित्व के प्रमाण मिलते हैं।

५—**यूरल-अलटाइक कुल**—इसको तूरानी या सीदियन कुल भी कहते हैं। इस कुल की भाषाएँ चीन के उत्तर में मंगोलिया, मंचूरिया तथा साइबेरिया में बोली जाती हैं। तुर्की या तातारी भाषा इसी कुल की है। यूरोप में भी इसकी एक शाखा गई है, जिसकी भिन्न-भिन्न बोलियाँ रूस के कुछ पूर्वी भागों में बोली जाती हैं। कुछ विद्वान् जापान तथा कोरिया की भाषाओं की गणना भी इसी कुल में करते हैं। दूसरे इन्हें तिब्बती-चीनी कुल में रखते हैं। फिनलैंड तथा हंगरी की भाषाएँ भी इस कुल की मानी जाती हैं।

६—**द्राविड़ कुल**—इस कुल की भाषाएँ दक्षिण-भारत में बोली जाती हैं, जिनमें मुख्य तामिल, तेलगू, मलयालम तथा कन्नड़ हैं। यह ध्यान रखना चाहिए कि ये उत्तर-भारत की आर्य-भाषाओं से बिलकुल भिन्न हैं।

७—**मैले-पालीनेशियन कुल**—मलाया प्रायद्वीप, प्रशांत महासागर के सुमात्रा, जावा, बोर्नियो इत्यादि द्वीपों तथा अफ्रीका के निकटवर्ती मडागास्कर द्वीप में इस कुल की भाषाएँ बोली जाती हैं। न्यूज़ीलैंड की भाषा भी इसी कुल की है। भारत में संथालों इत्यादि की कोल-भाषाएँ इसी कुल मे गिनी जाती हैं। मलय-साहित्य तेरहवीं शताब्दी तक का पाया जाता है। जावा में तो ईसवी सन् की प्रारंभिक शताब्दियों तक के लेख इसी कुल की भाषाओं में मिले हैं। इन देशों की सभ्यता पर भारत के हिंदू काल का बहुत प्रभाव पडा था।

८—**बंटू कुल**—इस कुल की भाषाएँ दक्षिणी अफ्रीका के आदिम-निवासी बोलते है। जंजीबार की स्वाहिली भाषा इसी कुल में है। यह व्यापारियों के बहुत काम की है।

९—**मध्य-अफ्रीका कुल**—उत्तर के हैमिटिक तथा दक्षिण के बंटू कुलों के बीच में, शेष मध्य-अफ्रीका में एक तीसरे कुल की बोलियाँ बोली जाती हैं। इनकी गिनती मध्य-अफ्रीका कुल में की गई है। ब्रिटिश सूडान की भाषाएँ इसी कुल में है।

१०—**अमेरिका की भाषाओं का कुल**—उत्तर तथा दक्षिण अमेरिका के मूल-निवासियों की बोलियों को एक पृथक् कुल में स्थान दिया गया है। मध्य-अफ्रीका की बोलियों की तरह इनकी संख्या भी बहुत है तथा इनमें आपस में भेद भी बहुत है। थोड़ी-थोड़ी दूर पर बोली में अंतर हो जाता है।

११—**आस्ट्रेलिया तथा प्रशांत महासागर की भाषाओं के कुल**—आस्ट्रेलिया महा-द्वीप तथा टस्मेनिया के मूल-निवासियों की भाषाएँ एक कुल के अंतर्गत रक्खी जाती हैं।

प्रशांत महासागर के छोटे-छोटे द्वीपों में दो अन्य भिन्न कुलों की भाषाएँ बोली जाती हैं।

१२—शेष भाषाएँ—कुछ भाषाओं का वर्गीकरण अभी तक ठीक-ठीक नहीं हो पाया है। उदाहरणार्थ, काकेशिया प्रदेश की भाषाओं को किसी कुल में सम्मिलित नहीं किया जा सका है। इनमें जार्जियन का प्रचार सबसे अधिक है। यूरोप की बास्क तथा यूट्रस्कन नाम की भाषाएँ भी बिलकुल निराली हैं। संसार के किसी भाषा-कुल में इनकी गणना नहीं की जा सकी है। यूरोप के भारत-यूरोपीय कुल की भाषाओं से इनका कुछ भी संबंध नहीं है।

ख—भारत-यूरोपीय कुल[1]

संसार की भाषाओं के इन बार मुख्य कुलों में भारत-यूरोपीय कुल से हमारा विशेष संबंध है। जैसा बतलाया जा चुका है, इस कुल की भाषाएँ प्रायः संपूर्ण यूरोप, ईरान, अफ़गानिस्तान तथा उत्तर भारत में फैली हुई हैं। इन्हें प्रायः दो समूहों में विभक्त किया जाता है, जो 'केंटुम्' और 'शतम् समूह' कहलाते हैं।[2] प्रत्येक समूह में चार-चार उपकुल हैं। इन आठों उपकुलों का संक्षिप्त वर्णन नीचे दिया जाता है :

१—आर्य व भारत-ईरानी—इस उपकुल में तीन मुख्य शाखाएँ हैं। प्रथम में भारतीय आर्यभाषाएँ हैं तथा दूसरे में ईरानी भाषाएँ। एक तीसरी शाखा दरद या पैशाची भाषाओं की भी मानी जाने लगी है, इनका विशेष उल्लेख आगे किया जायगा।

२—आरमेनियन—आर्य उपकुल के पश्चिम में आरमेनियन है। इसमें ईरानी

---

[1] इ० ब्रि० (१४वां संस्करण), देखिए 'इंडो-यूरोपियन' शीर्षक लेख में भाषा-संबंधी विवेचन।

[2] भारत-यूरोपीय कुल की भाषाओं को दो समूहों में विभक्त करने का आधार कुछ कंठदेशीय मूल-वर्णों (क, ख, ग, घ) का इन समूहों की भाषाओं में भिन्न-भिन्न रूप ग्रहण करना है। एक समूह में ये स्पर्श व्यंजन ही रहते हैं, किंतु दूसरे में ये ऊष्म (सिबिलेंट्स) हो जाते हैं। यह भेद इन भाषाओं में पाए जाने वाले 'सौ' शब्द के दो भिन्न रूपों से भली प्रकार प्रकट होता है। लैटिन में, जो प्रथम समूह की भाषाओं में से एक है, 'सौ' के लिए 'केंटुम्' शब्द आता है; किंतु संस्कृत में, जो दूसरे समूह की है, 'शतम्' रूप मिलता है। पहला समूह प्रधानतया यूरोपीय है और 'केंटुम् समूह' के नाम से पुकारा जाता है। दूसरे समूह में पूर्व-यूरोप, ईरान तथा भारत की आर्य-भाषाएँ सम्मिलित हैं। यह 'शतम् समूह' कहलाता है।

शब्द अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। आरमेनियन भाषा यूरोप और एशिया की भाषाओं के बीच में है।

३—**बाल्टो-स्लैवोनिक**—इस उपकुल की भाषाएँ काले समुद्र के उत्तर में प्रायः संपूर्ण रूस में फैली हुई हैं। आर्य-उपकुल की तरह इसकी भी शाखाएँ हैं। बाल्टिक शाखा में लिथूएनियन, लेटिश और प्राचीन प्रशियन बोलियाँ हैं। स्लैवोनिक शाखा में बल्गेरिया की प्राचीन भाषा, रूस की भाषाएँ, सर्वियन, स्लोवेन, पोलैंड की भाषा, जेक अथवा बोहेमियन और सर्व—ये मुख्य भेद हैं।

४—**अलबेनियन**—'शतम् समूह' की अंतिम भाषा अलबेनियन है। आरमेनियन की तरह इस पर भी निकटवर्ती भाषाओं का प्रभाव अधिक है। इस भाषा में प्राचीन साहित्य नहीं पाया जाता।

५—**ग्रीक**—'केंटुम् समूह' की भाषाओं में यह उपकुल सबसे प्राचीन है। प्रसिद्ध कवि होमर ने 'ईलियड' तथा 'ओडेसी' नामक महाकाव्य प्राचीन ग्रीक भाषा में ही लिखे थे। सुकरात तथा अरस्तू के मूल-ग्रंथ भी इसी में हैं। आजकल भी यूनान देश में इसी प्राचीन भाषा की बोलियों में से एक का नवीन रूप बोला जाता है।

६—**इटैलिक**—प्राचीन रोमन साम्राज्य की लैटिन भाषा के कारण यह उपकुल विशेष आदरणीय हो गया है। यूरोप की संपूर्ण वर्तमान भाषाओं पर लैटिन और ग्रीक भाषाओं का बहुत प्रभाव पड़ा है। आधुनिक यूरोपीय भाषाओं में भी विज्ञान के शब्दों का निर्माण इन्हीं प्राचीन भाषाओं के सहारे होता है। इटली, फ्रांस, स्पेन, रूमानिया तथा पुर्तगाल की वर्तमान भाषाएँ लैटिन की पुत्रियाँ हैं।

७—**केल्टिक**—इस उपकुल की भाषाओं में दो मुख्य भेद हैं। एक का वर्त्तमान रूप आयर्लैण्ड में मिलता है तथा दूसरे का ग्रेट ब्रिटेन के स्काटलैंड, वेल्स तथा कार्नवाल प्रदेशों में पाया जाता है। इस उपकुल की पुरानी गाल भाषा अब जीवित नहीं है।

८—**जर्मनिक या ट्यूटानिक**—इसका प्राचीन रूप गाथिक और नार्स भाषाओं में मिलता है। प्राचीन नार्स भाषा से निकट ऐतिहासिक काल में स्वीडेन, नार्वे, डेनमार्क तथा आइसलैंड की भाषाएँ निकली हैं। जर्मन, डच, फ्लेमिश तथा अंग्रेज़ी भाषाएँ इसी कुल में है।

ग—आर्य अथवा भारत-ईरानी उपकुल

भारत-यूरोपीय कुल के इन आठ उपकुलों में आर्य अथवा भारत-ईरानी उपकुल का कुछ विशेष उल्लेख करना आवश्यक है। जैसा कहा जा चुका है, इसकी तीन मुख्य शाखाएँ हैं : १—ईरानी, २—दरद, तथा ३—भारतीय आर्य अथवा आर्यावर्त्ती।

१—ईरानी[1]—ऐतिहासिक क्रम के अनुसार ईरान की भाषाओं के तीन भेद मिलते हैं—(क्ष) पुरानी ईरानी के सबसे प्राचीन नमूने पारसियों के धर्मग्रंथ अवस्ता में मिलते हैं। अवस्ता के पुराने भाग ईसा से लगभग चौदह शताब्दी पूर्व के माने जाते हैं। अवस्ता की भाषा ऋग्वेद की भाषा से बहुत मिलती-जुलती है। इसमें आश्चर्य भी नहीं, क्योंकि ईरान के प्राचीन लोग अपने को आर्यवर्ग का मानते थे। इसका उल्लेख इनके ग्रंथों में बहुत स्थलों पर आया है। अवस्ता के बाद पुरानी ईरानी भाषा के नमूने कीलाक्षर लिपि में लिखे हुए शिलाखंडों और ईंटों पर पाये गए हैं। इनमें सबसे प्रसिद्ध हखामनीय वंश के महाराज दारा (५२२-४८९ ई० पू०) के शिलालेख हैं। इन लेखों में दारा अपने आर्य होने का उल्लेख गर्व के साथ करता है। (त्र) पुरानी ईरानी के बाद माध्यमिक ईरानी का काल आता है। इसका मुख्य रूप पहलवी है। ईसवी तीसरी से सातवीं शताब्दी तक ईरान में शासनवंशी राजाओं ने राज्य किया था। उनके संरक्षण में पहलवी साहित्य ने उन्नति की थी। (ज्ञ) नई ईरानी का सबसे प्राचीन रूप फ़िरदौसी के शाहनामे (१००९ ई०) में मिलता है। फ़िरदौसी (९४०-१०२० ई०) ने सैमिटिक कुल की भाषाओं के शब्दों को अपनी भाषा में अधिक नहीं मिलने दिया था। परंतु आजकल साहित्यिक ईरानी में अरबी शब्दों की भरमार हो गई है। रूसी, तुर्किस्तान की ताज़ीकी, अफ़ग़ानिस्तान की पश्तो तथा बलूचिस्तान की बलूची भाषाएँ नई ईरानी की ही शाखाएँ हैं।

२—दरद[2]—कुछ यूरोपीय विद्वानों का मत है कि मध्य-एशिया की ओर से आर्य लोग भारत में कदाचित् दो मुख्य मार्गों से आये थे। एक तो हिंदूकुश पर्वत के पश्चिम से होकर काबुल के मार्ग से, और दूसरे वक्षु (आक्सस) नदी के उद्गमस्थान से सीधे दक्षिण की ओर दुर्गम पर्वतों को पार करके। इस दूसरे मार्ग से आने वाले समस्त आर्य उत्तर भारत के मैदानों में पहुँच गए होंगे, इसमें संदेह है। कम से कम कुछ आर्य हिमालय के पहाड़ी प्रदेश में अवश्य रह गए होंगे। इन लोगों की भाषा पर संस्कृत का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है, क्योंकि संस्कृत का विकास विशेष रूप से भारत में आने के बाद हुआ था। आजकल इन भाषाओं के बोलनेवाले काश्मीर तथा उसके उत्तर में हिमालय के दुर्गम प्रदेशों में पाये जाते हैं। ये भाषाएँ भारतीय असंस्कृत आर्यभाषाएँ कहला सकती हैं? इनका दूसरा नाम पिशाच या दरद भाषाएँ भी है। काश्मीरी भाषा इन्हीं में से एक है। इस पर संस्कृत का इतना अधिक प्रभाव पड़ा था कि कुछ दिनों पूर्व तक यह भारत की शेष आर्यभाषाओं

---

[1] इ० ब्रि० (१४वां संस्करण), 'ईरानियन लैंग्वेजेज़ ऐंड पीपिलयन'। लि० स०, भूमिका, भा० १, अ० ९ : 'ईरानियन ब्रांच'।

[2] लि० स०, भूमिका, भा० १, अ० १०।

में गिनी जाती थी। काश्मीरी भाषा प्रायः शारदा लिपि में लिखी जाती है। काश्मीरी मुसलमान लोग फ़ारसी लिपि का व्यवहार करते हैं।

३—भारतीय-आर्य अथवा आर्यावर्त्ती—यह शाखा भी तीन कालों में विभक्त की जाती है—प्राचीन काल, मध्यकाल तथा आधुनिक काल। (क्ष) प्राचीन काल की भाषा का अनुमान ऋग्वेद के प्राचीन अंशों से हो सकता है। इस काल की भाषा का और कोई चिह्न नहीं रहा है। (त्र) मध्यकाल की भाषा के बहुत उदाहरण मिलते हैं। पाली, अशोक की धर्मलिपियों की भाषा, साहित्यिक प्राकृत तथा अपभ्रंश भाषाएँ इसी काल में गिनी जाती हैं। (ज्ञ) आधुनिक काल में भारत की वर्तमान आर्य-भाषाएँ हैं। इनके भिन्न-भिन्न रूप आजकल समस्त उत्तर-भारत में बोले जाते हैं। साहित्यिक दृष्टि से इनमें हिंदी, बँगला, मराठी, गुजराती मुख्य हैं। इस शाखा की भाषाओं का विस्तृत विवेचन किया गया है।

संसार की भाषाओं मे हिंदी का स्थान क्या है, यह अब स्पष्ट हो गया होगा। ऊपर दिये हुए पारिभाषिक नामों के सहारे संक्षेप में हम कह सकते हैं कि संसार के भाषा समूहों में भारत-यूरोपीय कुल के भारत-ईरानी उपकुल में भारतीय-आर्यशाखा की आधुनिक भाषाओं में से एक मुख्य भाषा हिंदी है।

आ—आर्यावर्त्ती अथवा भारतीय आर्यभाषाओं का इतिहास

क—आर्यों का मूल-स्थान तथा भारत-प्रवेश[1]

यह स्पष्ट है कि भारत की अन्य आधुनिक आर्यभाषाओं के समान हिंदी भाषा का जन्म भी आर्यों की प्राचीन भाषा से हुआ है। भारतीय आर्यों की तत्कालीन भाषा धीरे-धीरे हिंदी भाषा के रूप मे कैसे परिवर्तित हो गई, यहाँ इसी पर विचार करना है। किंतु सबसे पहले इन भारतीय आर्यों के मूल-स्थान के संबंध में कुछ जान लेना अनुचित न होगा।[2]

---

[1] लि० स०, भूमिका, भा० १, अ० ८।

[2] प्राचीन भारतीय ग्रंथों में आर्यों के भारत आगमन के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है। पुराने ढंग के भारतीय विद्वानों का मत था कि आर्य लोगों का मूल-स्थान तिब्बत में किसी जगह पर था। वहीं मनुष्य-सृष्टि हुई थी और उसी स्थान से संसार में लोग फैले। भारत में भी आर्य लोग वहीं से आए थे।

आर्यों का मूल निवासस्थान कहाँ था, इस संबंध में बहुत मतभेद है। भाषाविज्ञान के आधार पर यूरोपीय विद्वानों का अनुमान है कि वे मध्य एशिया अथवा दक्षिण-पूर्व यूरोप में कहीं रहते थे। यह अनुमान इस प्रकार लगाया गया है कि भारत-यूरोपीय कुल की यूरोपीय, ईरानी तथा भारतीय प्रशाखाएँ जहाँ पर मिली हैं, उसी के आस-पास कहीं इन भाषाओं के बोलनेवालों का मूल-स्थान होना चाहिए, क्योंकि उसी जगह से ये लोग तीन

ऋग्वेद के कुछ मंत्रों के आधार पर लोकमान्य पंडित बालगंगाधर तिलक ने उत्तरी ध्रुव के निकटवर्ती प्रदेश में आर्यों का मूल-स्थान होना प्रतिपादित किया था। इस कल्पना का खंडन करते हुए बंगाल के एक नवयुवक विद्वान् ने अपनी पुस्तक 'ऋग्वेदिक इंडिया' में यह सिद्ध करने का यत्न किया कि आर्यों का मूल-स्थान भारत में सरस्वती के तट पर अथवा उसी के उद्गम के निकट हिमालय के अंदर के हिस्से में कहीं पर था। उनके मतानुसार प्राचीन ग्रंथों में ब्रह्मावर्त्त देश की पवित्रता का कारण कदाचित् यही था। यहीं से जाकर आर्य लोग ईरान में बसे। भारतीय आर्यों के पश्चिम की ओर बसने वाली कुछ अनार्य जातियाँ, जिनकी भाषा पर आर्यभाषा का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक था, बाद को भगाई जाने पर यूरोप के मूल निवासियों को विजय करके वहाँ जा बसी थीं। यूरोपीय भाषाओं में इसीलिए आर्यभाषा के चिह्न बहुत कम पाये जाते हैं। वास्तव में ये आर्यभाषाएँ नहीं हैं।

जो कुछ हो, आर्यों के मूल-स्थान के विषय में निश्चयपूर्वक अभी तक कुछ नहीं कहा जा सकता। संसार के विद्वानों का जिनमें यूरोप के विद्वानों का आधिक्य है, आजकल यही मत है कि आर्यों का आदिम-स्थान पूर्व-यूरोप में बाल्टिक समुद्र के निकट कहीं पर था। इस स्थान से ईरान तथा भारत की ओर आने के मार्ग के संबंध में दो मत हैं। पुराने मत के अनुसार यह मार्ग कैस्पियन समुद्र के उत्तर से मध्य-एशिया में होकर माना जाता था। थोड़े दिन हुए, पश्चिम ईरान तथा टर्की में कुछ प्राचीन आर्य-देवताओं के नाम (मित्र, वरुण, इन्द्र, नासत्य) एक लेख में मिले हैं। यह लेख लगभग १४०० ई० पू० काल का माना जाता है। इस कारण एक नवीन मत यह हो गया है कि भारत-ईरानी बोलनेवालों का एक समूह काले समुद्र के पश्चिम से होकर आया हो तो कोई आश्चर्य नहीं। इसी समुद्र में से कुछ लोग ईरान में बसते हुए आगे मध्य-एशिया तथा भारत की ओर बढ़ सकते हैं। मध्य-एशिया की प्रशाखा के लोग हिंदूकुश की घाटियों में होकर बाद को दरदिस्तान तथा काश्मीर में कदाचित् जा बसे हों। ये ही वर्तमान पैशाची या दरद भाषा के बोलने वालों के पूर्वज रहे होंगे। ईरानी विद्वान् आर्यों का मूल निवासस्थान भारत मानते हैं।

भागों में विभक्त हुए होंगे। सबसे पहले यूरोपीय शाखा अलग हो गई थी, क्योंकि उसकी भाषाओं और शेष आर्यों की भारत-ईरानी भाषाओं में बहुत भेद है। ये शेष आर्य कदाचित् बहुत समय तक ईरान में साथ रहते रहे। बाद को एक शाखा ईरान में रह गई और दूसरी भारत में चली आई। इन दोनों शाखाओं के प्राचीनतम ग्रंथ अवस्ता और ऋग्वेद हैं, जिनकी भाषा एक दूसरी से बहुत कुछ मिलती है। उच्चारण के कुछ साधारण नियमों के अनुसार परिवर्तन करने पर दोनों भाषाओं का रूप एक हो जाता है।

भारत में आने वाले आर्य एक ही समय में नहीं आये होंगे, किंतु संभावना ऐसी है कि ये कई बार में आए होंगे। वर्तमान भारतीय आर्यभाषाओं से पता चलता है कि आर्य लोग भारत में दो बार अवश्य आए थे।[1] ऋग्वेद तथा बाद के संस्कृत साहित्य में भी इसके कुछ प्रमाण मिलते हैं।[2] यदि वे एक-दूसरे से बहुत समय के अनंतर आए होंगे, तो इनकी भाषा में भी कुछ भेद हो गया होगा। पहली बार में आने वाले आर्य कदाचित् काबुल की घाटी के मार्ग से आए थे, किंतु दूसरी बार में आने वाले आर्य किस मार्ग से आए थे, इस संबंध में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। संभावना ऐसी है कि ये लोग काबुल की घाटी के मार्ग से नहीं आए, बल्कि गिलगित और चितराल होते हुए सीधे दक्षिण की ओर उतरे थे।

पंजाब में उतरने पर इन नवागत आर्यों को अपने पुराने भाइयों से सामना करना पड़ा होगा, जो इतने दिनों तक इनसे अलग रहने के कारण कुछ भिन्न-भाषाभाषी हो गए होंगे। ये नवागत आर्य कदाचित् पूर्व पंजाब में सरस्वती नदी के निकट बस गए। इनके चारों ओर पूर्वागत आर्य बसे हुए थे। धीरे-धीरे ये नवागत आर्य फैले होंगे। संस्कृत-

---

[1] भाषाशास्त्र के नियमों के अनुसार भाषाओं के सूक्ष्म भेदों पर विचार करने के अनंतर हार्नली साहब भी (हा० ई० हिं० ग्रै०, भूमिका पृ० ३२) इसी मत पर पहुँचे थे। उनके मत में प्राचीन उत्तर भारत में दो भाषा-समुदाय थे—एक शौरसेनी भाषा-समुदाय तथा दूसरा मागधी भाषा-समुदाय। मागधी भाषा का प्रभाव भारत के पश्चिमोत्तर कोने तक था। शौरसेनी के दबाव के कारण पश्चिम में इसका प्रभाव धीरे-धीरे कम हो गया। ग्रियर्सन महोदय भी कुछ-कुछ इसी मत की पुष्टि करते है (लि० स०, भूमिका, भा० १, पृ० ११६)।

[2] ऋग्वेद की कुछ ऋचाओं से अरकोसिया का राजा दिवोदास तत्कालीन जान पड़ता है। अन्य ऋचाओं में दिवोदास के पौत्र पंजाब के राजा सुदास का वर्णन समकालीन की भाँति है। राजा सुदास की विजयों का वर्णन करते हुए कहा गया है कि उन्होंने पुरु नाम की एक अन्य आर्य जाति पर, जो पूर्व यमुना के किनारे रहती थी, विजय प्राप्त की

साहित्य में एक 'मध्यदेश'[1] शब्द आता है। इसका व्यवहार आरंभ में केवल कुरु, पांचाल और उसके उत्तर के हिमालय प्रदेश के लिए हुआ है। बाद को इस शब्द से अभिप्रेत भूमिभाग की सीमा में विकास हुआ है। संस्कृत ग्रंथों के आधार पर हिमालय और विंध्य के बीच तथा सरस्वती नदी के लुप्त होने के स्थान से प्रयाग तक का भूमिभाग 'मध्यदेश' कहलाने लगा था। इस भूमिभाग में बसने वाले लोग उत्तम माने गये हैं और उनकी भाषा भी प्रामाणिक मानी गयी है। कदाचित् यह नवागत आर्यों की ही बस्ती थी, जो अपने को पूर्वागत आर्यों से श्रेष्ठ समझती थी। वर्तमान आर्यभाषा हिंदी चारों ओर की शेष आर्यभाषाओं से अपनी विशेषताओं के कारण पृथक् है।

इसी भूमिभाग की शौरसेनी प्राकृत अन्य प्राकृतों की अपेक्षा संस्कृत के अधिक निकट है। कुछ विद्वान् साहित्यिक संस्कृत का उत्पत्ति-स्थान भी शूरसेन (मथुरा) प्रदेश ही मानते हैं।

ख--प्राचीन भारतीय आर्यभाषा-काल[2]

(१५०० ई० पू०—५०० ई० पू०)

भारतीय आर्यों की तत्कालीन भाषा का थोड़ा-बहुत रूप अब केवल ऋग्वेद में देखने को मिलता है। ऋग्वेद की ऋचाओं की रचना भिन्न-भिन्न देशकालों में हुई थी, किंतु

थी। पुरु लोगों को 'मृध्रवाच' अर्थात् 'अशुद्ध भाषा बोलने वाले' कहकर संबोधन किया है। उत्तर-भारत के आर्यों में इस भेद के होने के चिह्न बाद को भी बराबर मिलते हैं। ऋग्वेद में ही पश्चिम के ब्राह्मण वशिष्ठ और पूरब के क्षत्रिय विश्वामित्र की अनबन का बहुत कुछ उल्लेख मिलता है। विश्वामित्र ने रुष्ट होकर वशिष्ठ को 'यातुधान' अर्थात् राक्षस कहा था। यह वशिष्ठ को बहुत बुरा लगा। महाभारत का कुरु और पांचालों का युद्ध भी इस भेद की ओर संकेत करता है। लैसन साहब ने यह सिद्ध करने का यत्न किया है कि पांचाल लोग कुरुओं की अपेक्षा पहले से भारत में बसे हुए थे। रामायण से भी इस भेद-भाव की कल्पना की पुष्टि होती है। महाराज दशरथ मध्यदेश के पूर्व में कौशल जनपद के राजा थे, किंतु उन्होंने विवाह मध्यदेश के पश्चिम केकय जनपद में किया था। इक्ष्वाकु लोगों का मूल-स्थान सतलज के निकट इक्षुमति नदी के तट पर था। ये सब अनुमान तथा कल्पनाएँ पश्चिमी विद्वानों की खोज के फलस्वरूप हैं।

[1] इस शब्द के विस्तृत विवेचन के लिए ना० प्र० प०, भा० ३, अं० १ में लेखक का 'मध्यदेश का विकास' शीर्षक लेख देखिए।

[2] लि० स०, भूमिका, भा० १, अ० ११-१२।

उनका संपादन कदाचित् एक ही हाथ से एक ही काल में होने के कारण उसमें भाषा का भेद अब अधिक नहीं पाया जाता। ऋग्वेद का संपादन पश्चिम 'मध्यदेश' अर्थात् पूर्वी पंजाब और गंगा के उत्तरी भाग में हुआ था, अतः यह इस भूमिभाग के आर्यों की भाषा का बहुत कुछ पता देता है। यह ध्यान रखना चाहिए कि ऋग्वेद की भाषा साहित्यिक है। आर्यों की अपनी बोलचाल की भाषा और साहित्यिक भाषा में अंतर अवश्य रहा होगा। उस समय आर्यों की बोली का ठेठ रूप अब हमें कहीं नहीं मिल सकता। उसकी जो थोड़ी बहुत बानगी साहित्यिक भाषा में आ गई हो, उसी की खोज की जा सकती है। ऋग्वेद के अतिरिक्त उस समय की भाषा का अन्य कोई भी आधार नहीं है। ऋग्वेद का रचना-काल ईसा से एक सहस्र वर्ष से भी अधिक पहले का माना जाता है। इन आर्यों की ठेठ बोली प्राचीन भारतीय आर्यभाषा कहला सकती है। इस काल की बोलचाल की भाषा से मिश्रित साहित्यिक रूप ऋग्वेद में मिलता है। आर्यों की इस साहित्यिक भाषा में परिवर्तन होता रहा। इसके नमूने ब्राह्मण-ग्रंथों और सूत्र-ग्रंथों में मिलते हैं। सूत्र-काल के साहित्यिक रूप को वैयाकरणों ने बाँधना आरंभ किया। पाणिनि ने (५०० ई० पू०) उसको ऐसा जकड़ा कि उसमें परिवर्तन होना बिल्कुल रुक गया। आर्यों की भाषा का यह साहित्यिक रूप संस्कृत नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसका प्रयोग उस समय से अब तक संपूर्ण भारत में विद्वान् लोग धर्म और साहित्य में करते आये है। साहित्यिक भाषा के अतिरिक्त आर्यों की बोलचाल की भाषा में भी परिवर्तन होता रहा। ऋग्वेद की ऋचाओं से मिलती-जुलती आर्यों की मूल बोली भी धीरे-धीरे बदली होगी। जिस समय 'मध्यदेश' में संस्कृत साहित्यिक भाषा का स्थान ले रही थी, उस समय की वहाँ के जन-समुदाय की बोली[1] के नमूने अब हमें प्राप्त नहीं हैं।

किंतु पूर्व में तत्कालीन परिवर्तित रूप बुद्ध भगवान् के धर्म-प्रचार करने के कारण सर्वमान्य हो गया। इस मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा-काल की बोली का कुछ नमूना हमें पाली में मिलता है। वास्तव में पाली में लोगों की बोली और साहित्यिक रूप का मिश्रण है। नवीनतम मत के अनुसार साहित्यिक पाली भाषा का मूलाधार पश्चिमी मध्यदेश की ही कोई समकालीन बोली थी। कुछ दिन पहले तक विद्वान् पाली का मूलाधार कोसल अथवा मगध की समकालीन बोली को समझते थे। उत्तर भारत के आर्यों की बोली में

---

[1] साहित्यिक भाषा से भिन्न लोगों की बोलियाँ भी अवश्य थीं, इसके प्रमाण हमें तत्कालीन संस्कृत साहित्य में मिलते हैं। पतंजलि के समय में व्याकरण-शास्त्र जानने वाले केवल विद्वान् ब्राह्मण शुद्ध संस्कृत बोल सकते थे। अन्य ब्राह्मण अशुद्ध संस्कृत बोलते थे, तथा साधारण लोग 'प्राकृत भाषा' (स्वाभाविक बोली) बोलते थे।

फिर भी परिवर्तन होता रहा। आजकल इसके भिन्न-भिन्न रूप उत्तर भारत की वर्तमान बोलियों और उनके साहित्यिक रूपों में मिलते हैं। इस अंतिम काल को आधुनिक भारतीय आर्यभाषा-काल नाम देना उचित होगा। खड़ीबोली हिंदी इसी तृतीय काल की मध्यदेश की वर्तमान साहित्यिक भाषा है।

इन तीनों कालों के बीच में बिलकुल अलग-अलग लकीरें नहीं खींची जा सकती हैं। ऋग्वेद में जो एक-आध रूप मिलते हैं, उनको यदि छोड़ दिया जाय, तो मध्यकाल के उदाहरण अधिक मात्रा में पहले-पहल अशोक की धर्मलिपियों में (२५० ई० पू०) पाए जाते हैं। यहाँ यह प्राकृत प्रारंभिक अवस्था में नहीं है, किंतु पूर्ण विकसित रूप में है। मध्यकाल की भाषा से आधुनिक काल की भाषा में परिवर्तन इतने सूक्ष्म ढंग से हुआ है कि दोनों के मध्य की भाषा को निश्चित रूप से किसी एक में रखना कठिन है। इन कठिनाइयों के होते हुए भी इन तीनों कालों में भाषाओं की अपनी-अपनी विशेषताएँ स्पष्ट हैं। प्रथम काल में भाषा संयोगात्मक है, तथा संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग स्वतंत्रतापूर्वक किया गया है। द्वितीय काल में भी भाषा संयोगात्मक ही रही, किंतु संयुक्त स्वरों और व्यंजनों का प्रयोग बचाया गया है। इस काल के अंतिम साहित्यिक रूप महाराष्ट्र प्राकृत के शब्दों में तो प्रायः केवल स्वर रह गए जो एक-आध व्यंजन के सहारे जुड़े हुए हैं। यह अवस्था बहुत दिनों तक नहीं रह सकती थी। तृतीय काल में भाषा वियोगात्मक हो गई और स्वर के बीच में फिर संयुक्त वर्ण डाले जाने लगे। वर्तमान बाह्य समुदाय की एक-दो भाषाएँ तो आजकल फिर संयोगात्मक होने की ओर झुक रही हैं। इस प्रकार ये प्रथम काल की भाषा का रूप धारण कर रही हैं। मालूम होता है कि परिवर्तन का यह चक्र पूर्ण हुए बिना न रहेगा।

ग—मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा-काल

(५०० ई० पू०—१००० ई०)

इसका उल्लेख किया जा चुका है कि प्रथम काल में बोलियों का भेद वर्तमान था। उस समय कम से कम दो भेद अवश्य थे—एक पूर्वप्रदेश में पूर्वागत आर्यों की बोली, और दूसरे पश्चिमी भाग अर्थात् 'मध्यदेश' में नवागत आर्यों की बोली, जिसका साहित्यिक रूप ऋग्वेद मे मिलता है। पश्चिमोत्तर भाग की भी कोई पृथक् बोली थी या नहीं, इसका कोई प्रमाण नहीं मिलता।

१—पाली तथा अशोक की धर्मलिपियाँ—(५०० ई० पू०—१ ई० पू०)—इस समय में भी बोलियों का भेद पाया जाता है। इस संबंध में महाराज अशोक की धर्म-लिपियों से पूर्व का हमें कोई निश्चयात्मक प्रमाण नहीं मिलता। इन धर्म-लिपियों की भाषा देखने से विदित होता है कि उस समय उत्तर-भारत की भाषा में कम से कम तीन भिन्न-

भिन्न रूप—पूर्वी, पश्चिमी तथा पश्चिमोत्तरी—अवश्य थे। कोई दक्षिणी रूप भी था या नहीं, इस संबंध में निश्चयपूर्वक कुछ नहीं कहा जा सकता। इस काल की साहित्यिक भाषा पाली कदाचित् शौरसेनी की किसी प्राचीन बोली के आधार पर बनी थी।

२—**साहित्यिक प्राकृत भाषाएँ**—(१ ई०—५०० ई०)—लोगों की बोली में बराबर परिवर्तन होता रहा और अशोक की धर्मलिपियों की भाषाएँ ही बाद को 'प्राकृत' के नाम से प्रसिद्ध हुईं। मध्यकाल में संस्कृत के साथ-साथ साहित्य में इन प्राकृतों का भी व्यवहार होने लगा। इनमें काव्यग्रंथ तथा धर्म पुस्तकें लिखी जाने लगीं। संस्कृत नाटकों में भी इन्हें स्वतंत्रतापूर्वक बराबर की पदवी मिलने लगी। समकालीन अथवा कुछ समय के अनंतर होने वाले विद्वानों ने इन प्राकृत भाषाओं के व्याकरण रच डाले। साहित्य और व्याकरण के प्रभाव के कारण इनके मूल-रूप मे बहुत अन्तर हो गया। इन प्राकृतों के साहित्यिक रूपों ही के नमूने आजकल हमें प्राकृत ग्रंथो में देखने को मिलते है। उस समय की बोलियों के शुद्ध रूप के संबंध में हम लोगों को अधिक ज्ञान नहीं है, तो भी अशोक की धर्मलिपियों की भाषा की तरह उस समय भी पूर्वी और पश्चिमी दो भेद तो स्पष्ट ही थे। पश्चिमी भाषा का मुख्य रूप शौरसेनी प्राकृत था और पूर्वी का मागधी प्राकृत, अर्थात् मगध या दक्षिण बिहार की भाषा। इन दोनो के बीच में कुछ भाग की भाषा का रूप मिश्रित था, यह अर्ध-मागधी कहलाती थी। महाराष्ट्री प्राकृत आजकल के बरार प्रांत और उसके निकटवर्ती प्रदेश में बोली जाती थी। एक अन्य मत के अनुसार यह शौरसेनी की ही काव्यगत शैली थी। इनके अतिरिक्त पश्चिमोत्तर प्रदेश में कदाचित्त एक भिन्न भाषा बोली जाती थी, जो प्रथम प्राकृतकाल में सिन्धु नदी के तट पर बोली जाने वाली भाषा से निकली होगी। इस भाषा की स्थिति का प्रमाण अपभ्रंशों से मिलता है।

३—**अपभ्रंश भाषाएँ**—(५०० ई०—१००० ई०)—साहित्य में प्रयुक्त होने पर वैयाकरणों ने 'प्राकृत' भाषाओ को कठिन अस्वाभाविक नियमो से बाँध दिया, किन्तु जिन बोलियों के आधार पर उनकी रचना हुई थी, वे बाँधी नहीं जा सकती थी। लोगों की ये बोलियाँ विकास को प्राप्त हो गईं। व्याकरण के नियमों के अनुकूल मँजी और बँधी हुई साहित्यिक प्राकृतों के सम्मुख वैयाकरणों ने लोगों की इन नवीन बोलियों को अपभ्रंश अर्थात् बिगड़ी हुई भाषा नाम दिया। भाषातत्ववेत्ताओं की दृष्टि से इसका वास्तविक अर्थ, विकास को प्राप्त हुई भाषाएँ होगा।

जब साहित्यिक प्राकृतें मृत भाषाएँ हो गईं, उस समय इन अपभ्रंशों का भी भाग्य जगा और इनको भी साहित्य के क्षेत्र में स्थान मिलने लगा। साहित्यिक अपभ्रंशों का आधार प्राकृतों को मानते थे। ये लेखक तत्कालीन बोली के आधार पर आवश्यक परिवर्तन करके साहित्यिक प्राकृतों को ही अपभ्रंश बना लेते थे, शुद्ध अपभ्रंश अर्थात्

लोगों की असली बोली में नहीं लिखते थे। अतएव साहित्यिक प्राकृतों के समान साहित्यिक अपभ्रंशों से भी लोगों की तत्कालीन असली बोली का ठीक पता नहीं चल सकता। तो भी यदि ध्यानपूर्वक अध्ययन किया जाय, तो उस समय की बोली पर बहुत कुछ प्रकाश अवश्य पड़ सकता है।

प्रत्येक प्राकृत का एक अपभ्रंश रूप होगा, जैसे शौरसेनी प्राकृत का शौरसेनी अपभ्रंश, मागधी प्राकृत का मागधी अपभ्रंश, महाराष्ट्री प्राकृत का महाराष्ट्री अपभ्रंश इत्यादि। वैयाकरणों ने अपभ्रंशों को इस प्रकार विभक्त नहीं किया था। वे केवल तीन अपभ्रंशों के साहित्यिक रूप मानते थे। इनके नाम नागर, ब्राचड और उपनागर थे। इनमें नागर अपभ्रंश मुख्य थी। वह गुजरात के उस भाग में बोली जाती थी, जहाँ आजकल नागर ब्राह्मण बसते हैं। नागर ब्राह्मण विद्यानुराग के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। इन्हीं के नाम से कदाचित नागरी अक्षरों का नाम पड़ा। नागर अपभ्रंश के व्याकरण के लेखक हेमचन्द्र (बारहवीं शताब्दी) गुजराती ही थे। हेमचन्द्र के मतानुसार नागर अपभ्रंशों का आधार शौरसेनी प्राकृत था। ब्राचड अपभ्रंश सिंध में बोली जाती थी। उपनागर अपभ्रंश ब्राचड तथा नागर के मेल से बनी थी, अतः यह पश्चिमी राजस्थान और दक्षिणी पंजाब की बोली होगी। अपभ्रंशों के संबंध में हमारे ज्ञान के मुख्य आधार हेमचन्द्र हैं, किंतु इन्होंने केवल नागर (शौरसेनी) अपभ्रंश का ही वर्णन किया है। मार्कण्डेय के व्याकरण से भी इन अपभ्रंशों के संबंध में अधिक सहायता नहीं मिलती। इन अपभ्रंश भाषाओं का काल छठी शताब्दी से दसवीं शताब्दी ईसवी तक माना जा सकता है। अपभ्रंश भाषाएँ द्वितीय काल की अंतिम अवस्था की द्योतक हैं।

घ—आधुनिक भारतीय आर्यभाषा-काल

(१००० ई० से वर्तमान समय तक)

इनमें भारत की वर्तमान आर्य भाषाओं की गणना है। इनकी उत्पत्ति प्राकृत भाषाओं से नहीं हुई थी, बल्कि अपभ्रंशों से हुई थी। शौरसेनी अपभ्रंश से हिंदी, राजस्थानी, गुजराती और पहाड़ी भाषाओं का संबंध है। इनमें से गुजराती, राजस्थानी तथा पहाड़ी भाषाओं का संपर्क विशेषतया शौरसेनी के नागर अपभ्रंश के रूप से है। बिहारी, बँगला, आसामी और उड़िया का संबंध मागध अपभ्रंश से है। पूर्वी हिन्दी का अर्धमागधी अपभ्रंश से तथा मराठी का महाराष्ट्री अपभ्रंश से संबंध है। वर्तमान पश्चिमोत्तर भाषाओं का समूह शेष रह गया। भारत के इस विभाग के लिए प्राकृतों का कोई साहित्यिक रूप नहीं मिलता। सिंधी के लिए वैयाकरणों को ब्राचड अपभ्रंश का सहारा अवश्य है। लहँदा के लिए एक कैकय अपभ्रंश की कल्पना की जा सकती है। यह ब्राचड अपभ्रंश से मिलती-जुलती रही

होगी। पंजाबी का संबंध भी कैकय अपभ्रंश से ही माना जाता है, किंतु बाद को इस पर शौरसेनी अपभ्रंश का प्रभाव बहुत पड़ा है। पहाड़ी भाषाओं के लिए खस अपभ्रंश की कल्पना की गई है, किंतु बाद को यह राजस्थानी से बहुत प्रभावित हो गई थी।[1]

वर्तमान भारतीय आर्यभाषाओं का साहित्य में प्रयोग कम से कम तेरहवीं शताब्दी ई० के आदि से अवश्य प्रारंभ हो गया था तथा अपभ्रंशों का व्यवहार चौदहवीं शताब्दी तक साहित्य में होता रहा था। किसी भाषा के साहित्य में व्यवहृत होने के योग्य बनने में कुछ समय लगता है। इस बात को ध्यान मे रखते हुए यह कहना अनुचित न होगा कि

---

[1]अपभ्रंशों या प्राकृत और आधुनिक आर्यभाषाओं का इस तरह का संबंध बहुत संतोषजनक नहीं मालूम पड़ता। उदाहरण के लिए बिहारी, बंगाली, उड़िया तथा आसामी भाषाओं का संबंध मागधी अपभ्रंश से माना जाता है। यदि इसका केवल इतना तात्पर्य हो कि मागधी अपभ्रंश के रूपों में थोड़े से ऐसे प्रयोग पाये जाते हैं जो आजकल इन समस्त पूर्वीय आर्यभाषाओं में भी मिलते हैं, तब तो ठीक है; किन्तु यदि इसका यह तात्पर्य हो कि ५०० ई० से १००० ई० के बीच में बिहार, बंगाल, आसाम तथा उड़ीसा में केवल एक बोली थी, जिसका साहित्यिक रूप मागधी अपभ्रंश है, तब यह बात संभव नहीं मालूम होती। एक बोली बोलनेवाली जनता भी यदि इतने विस्तृत भूमि-खंड में फैल कर अधिक दिन रहेगी तो उसकी बोली के अनेक रूपांतर हो जाना स्वाभाविक है। इसी प्रकार मागधी प्राकृत समस्त पूर्वी प्रदेशों की साहित्यिक भाषा तो भले ही रही हो, किन्तु १ ईसवी से ५०० ईसवी के बीच में इस प्राकृत से संबंध रखने वाली एक ही बोली समस्त पूर्वी प्रदेशों में बोली जाती हो, यह संभव नहीं प्रतीत होता। मेरी धारणा तो यह है कि मागधी प्राकृत तथा अपभ्रंश भाषाएँ मगध-प्रदेश की बोली के आधार पर बनी हुई साहित्यिक भाषाएँ रही होंगी। मगध के राजनीतिक प्रभाव के कारण वहाँ की बोली के आधार पर बनी हुई ये साहित्यिक भाषाएँ समस्त पूर्वी प्रदेशों में मान्य हो गई होंगी। इन प्राकृत तथा अपभ्रंश कालों में बंगाल, आसाम, उड़ीसा, मिथिला तथा काशी प्रदेश की बोलियाँ भिन्न-भिन्न रही होंगी। साहित्य में प्रयोग न होने के कारण अपभ्रंश तथा प्राकृत काल के इन प्रदेशों की भाषा के नमूने हमें उपलब्ध नहीं हो सके। मेरे अनुमान से बोलियों का यह भेद ६०० ई० पू० के लगभग भी कदाचित् मौजूद था। इस भेद का मूलाधार आर्यों-के प्राचीन जनपदों से संबंध रखता है। मेरी धारणा है कि १००० ई० पू० के लगभग काशी, मगध, विदेह, अंग, बंग आदि जनपदों के आर्यों की बोलियाँ आज के इन प्रदेशों की बोलियों की अपेक्षा अधिक साम्य रखते हुए भी एक-दूसरे से कुछ भिन्न अवश्य रही होंगी। तात्पर्य यह है कि प्रत्येक जनपद की प्राचीन भारतीय

मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं के अंतिम रूप अपभ्रंशों से तृतीय काल की आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का आविर्भाव दसवीं शताब्दी ईसवी के लगभग हुआ होगा। भारत की राजनीतिक उथल-पुथल में इसी समय एक स्मरणीय घटना हुई थी। १००० ईसवी के लगभग ही महमूद गजनवी ने भारत पर प्रथम आक्रमण किया था। इन आधुनिक

आर्यभाषा में कुछ विशेषताएँ रही होंगी, जो विकास को प्राप्त होकर आजकल की भिन्न-भिन्न भाषाएँ तथा बोलियाँ हो गई हैं। अतः आधुनिक भाषाओं और बोलियों का मूलभेद कदाचित् १००० ई० पू० तक पहुँच सकता है।

शौरसेनी आदि अन्य अपभ्रंशों तथा प्राकृतों के संबंध में भी मेरी यही कल्पना है। शौरसेनी प्राकृत तथा अपभ्रंश से आधुनिक पंजाबी, राजस्थानी, गुजराती तथा पश्चिमी हिंदी निकली हो यह समझ में नहीं आता। शौरसेनी प्राकृत तथा अपभ्रंश शूरसेन-प्रदेश अर्थात् आजकल के ब्रज प्रदेश की उस समय की बोलियों के आधार पर बनी हुई साहित्यिक भाषाएँ रही होंगी। साथ ही उस काल में अन्य प्रदेशों में भी आजकल की भाषाओं तथा बोलियों के पूर्व रूप प्रचलित रहे होंगे, जिनका प्रयोग साहित्य में न होने के कारण उनके अवशेष अब हमें नहीं मिल सकते। आजकल भी ठीक ऐसी ही परिस्थिति है।

आज बीसवीं सदी ईसवी में भागलपुर तक समस्त गंगा घाटी में केवल एक साहित्यिक भाषा हिंदी है, जिसका मूलाधार मेरठ-बिजनौर प्रदेश की खड़ीबोली है किन्तु साथ ही मारवाड़ी, ब्रजभाषा, अवधी, भोजपुरी, बुंदेली आदि अनेक बोलियाँ अपने-अपने प्रदेशों में मौजूद हैं। साहित्य में प्रयोग न होने के कारण बीसवीं सदी की इन अनेक बोलियों के नमूने भविष्य में नहीं मिल सकेंगे। केवल खड़ीबोली हिंदी के नमूने जीवित रह सकेंगे। किंतु इस कारण पाँच सौ वर्ष बाद यह कहना कहाँ तक उपयुक्त होगा कि पचासवीं शताब्दी में गंगा की घाटी में पाई जाने वाली समस्त बोलियाँ खड़ीबोली हिंदी से निकली हैं। उस समय के उत्तर भारत की समस्त भाषाओं में खड़ीबोली हिंदी गंगा की घाटी की बोलियों के निकटतम अवश्य होगी, किंतु यह तो दूसरी बात हुई।

प्रत्येक आधुनिक भाषा तथा बोलियों के प्राचीन तथा मध्यकालीन आर्यभाषा-काल के क्रमबद्ध उदाहरण मिलना संभव नहीं है, अतः इस विषय पर शास्त्रीय ढंग से विवेचन हो सकना असंभव है। तो भी अपने देश तथा अन्य देशों की आधुनिक परिस्थिति को देखकर इस तरह का अनुमान लगाना बिलकुल स्वाभाविक होगा। कुछ प्रदेशों के संबंध में थोड़ा बहुत क्रमबद्ध अध्ययन भी संभव है। हिंदुस्तान की आधुनिक बोलियों के प्रदेशों के प्राचीन जनपदों से साम्य के संबंध में ना० प्र० प०, भा० ३, अं० ४ में विस्तार के साथ विचार प्रकट किए गए हैं।

भारतीय आर्यभाषाओं में हमारी हिंदी भाषा [illegible] है, अतः उसका जन्म-काल भी दसवीं शताब्दी ईसवी के लगभग मानना होगा।

इ—आधुनिक आर्यावर्ती अथवा भारतीय आर्यभाषाएँ

क—वर्गीकरण

भाषातत्व के आधार पर ग्रियर्सन महोदय[1] आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं को तीन उपशाखाओं में विभक्त करते हैं, जिनके अन्दर छः भाषा-समुदाय मानते हैं। यह वर्गीकरण निम्नलिखित कोष्ठक में दिखलाया गया है :

क्ष—बाहरी उपशाखा

पश्चिमोत्तरी समुदाय

१—लहँदा

२—सिंधी

दक्षिणी समुदाय

३—मराठी

पूर्वी समुदाय

४—उड़िया

५—बंगाली

६—असमी

७—बिहारी

त्र—बीच की उपशाखा

बीच का समुदाय

८—पूर्वी हिंदी

ज्ञ—भीतरी उपशाखा

अंदर का समुदाय

९—पश्चिमी हिंदी

---

[1]लि० स०, भूमिका, अ० ११।

१०—पंजाबी
११—गुजराती
१२—भीली
१३—खानदेशी
१४—राजस्थानी

पहाड़ी समुदाय

१५—पूर्वी पहाड़ी या नैपाली
१६—बीच की पहाड़ी[1]
१७—पश्चिमी पहाड़ी

ग्रियर्सन महोदय के मतानुसार बाहरी उपशाखा की भिन्न-भिन्न भाषाओं में उच्चारण तथा व्याकरण-संबंधी कुछ ऐसे साम्य पाए जाते हैं, जो उन्हें भीतरी उपशाखा की भाषाओं से पृथक् कर देते हैं।[2] उदाहरणार्थ, भीतरी उपशाखा की भाषाओं के 'स' का उच्चारण बाहरी उपशाखा की बँगला आदि पूर्वी समुदाय की भाषाओं में 'श' हो जाता है तथा पश्चिमोत्तरी समुदाय की कुछ भाषाओं में 'ह' हो जाता है। संज्ञा के रूपांतरों में भी यह भेद पाया जाता है। भीतरी उपशाखा की भाषाएँ अभी तक वियोगावस्था में हैं, किंतु बाहरी उपशाखा की भाषाएँ इस अवस्था से निकल कर प्राचीन आर्यभाषाओं के समान संयोगावस्था को प्राप्त हो चली हैं। उदाहरणार्थ, हिंदी में संबंधकारक 'का' 'के' 'की' लगा कर बनाया जाता है। इन चिह्नों का संज्ञा से पृथक अस्तित्व है। यही कारक बंगला में, जो बाहरी उपशाखा की भाषा है, संज्ञा में 'एर' लगा कर बनता है और यह चिह्न संज्ञा का एक भाग हो जाता है। क्रिया के रूपान्तरों में भी इस तरह के भेद पाए जाते हैं, जैसे हिंदी में तीनों पुरुषों के सर्वनामों के साथ केवल एक 'मारा' कृदंत रूप का व्यवहार होता है, किंतु बंगला तथा बाहरी समुदाय की अन्य भाषाओं में अधिक रूपों का प्रयोग करना पड़ता है।

आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं को दो या तीन उपशाखाओं में विभक्त करने के सिद्धांत से चैटर्जी महोदय सहमत नहीं हैं, और इस संबंध में उन्होंने पर्याप्त प्रमाण[3] भी

---

[1] १९२१ की जनसंख्या में बीच की पहाड़ी बोलनेवालों की भाषा प्रायः हिंदी लिखी गई है, अतः इनकी संख्या केवल ३८५३ दिखलाई गई है।

[2] लि० स०, भूमिका, अ० ११।

[3] चै०, बें०, लें०, §२९-३१, §७६-७९।

दिए हैं। चैटर्जी महोदय के वर्गीकरण को आधार मान कर आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का स्वाभाविक वर्गीकरण निम्नलिखित रीति से किया जा सकता है।[1] ग्रियर्सन साहब के समुदायों के विभाग से यह वर्गीकरण कुछ साम्य रखता है :—

	बोलने वालों की संख्या १९३१ की जनसंख्या
	क० ला०
क—उदीच्य (उत्तरी)	
१—सिंधी	०—४०
२—लहंदा	०—८६
३—पंजाबी	१—३९
ख—प्रतीच्य (पश्चिमी)	
४—गुजराती	१—९
ग—मध्यदेशीय (बीच का)	
५—राजस्थानी	१—६१
६—पश्चिमी हिंदी	
७—पूर्वी हिंदी	७—८४
८—बिहारी	२—७९
९—पहाड़ी	०—२८
घ—प्राच्य (पूर्वी)	
१०—उड़िया	१—१२
११—बंगाली	५—३५
१२—असमी	०—२०
ङ—दाक्षिणात्य (दक्षिणी)	
१३—मराठी	२—९

पहाड़ी भाषाओं का मूलाधार चैटर्जी महोदय पैशाची, दरद या खस को मानते है। बाद को मध्यकाल में ये राजस्थान की प्राकृत तथा अपभ्रंश भाषाओं से बहुत अधिक प्रभावित हो गई थीं।

हबूड़ी या जिप्सी बोलियाँ तथा सिंहली भाषा भी आधुनिक आर्यभाषाओं के अन्तर्गत है।

---

[1] चै०, बें० लें०, पृ० ५ मानचित्र।

ख—संक्षिप्त वर्णन

भाषा सर्वे[1] के आधार पर प्रधान आधुनिक आर्यभाषाओं का संक्षिप्त परिचय नीचे दिया जाता है।

१. **सिंधी**—सिंध प्रांत में सिंधु नदी के दोनों किनारों पर सिंधी भाषा बोली जाती है। इस भाषा के बोलनेवाले प्रायः मुसलमान हैं, इसलिए इसमें फारसी शब्दों का प्रयोग बड़ी स्वतंत्रता से होता है। सिंधी भाषा फ़ारसी लिपि के एक विकृत रूप में लिखी जाती है, यद्यपि नित्य के हिसाब-किताब में देवनागरी लिपि का एक बिगड़ा हुआ रूप व्यवहृत होता है। यह कभी-कभी गुरुमुखी में भी लिखी जाती है। सिंधी भाषा की पांच मुख्य बोलियाँ हैं, जिनमें मध्यभाग की 'बिचोली' बोली साहित्य की भाषा का स्थान लिए हुए है। सिंध प्रदेश में ही पूर्वकाल में ब्राचड देश था, जहाँ की प्राकृत और अपभ्रंश इस देश के अनुसार ब्राचड नाम से प्रसिद्ध थीं। सिंध के दक्षिण में कच्छद्वीप में कच्छी बोली जाती है। यह सिंधी और गुजराती का मिश्रित रूप है। सिंधी भाषा में साहित्य बहुत कम है।

२. **लहंदा**—यह पश्चिमी पंजाब की भाषा है। यह प्रदेश अब पाकिस्तान में चला गया है। लहंदा और पंजाबी की भाषा की सीमाएँ ऐसी मिली हुई हैं कि दोनों में भेद करना दुःसाध्य है। लहंदा पर दरद या पिशाच भाषाओं का प्रभाव बहुत अधिक है। इसी प्रदेश में प्राचीन केकय देश पड़ता है, जहाँ पैशाची प्राकृत तथा केकय अपभ्रंश बोली जाती थी। लहंदा के अन्य नाम पश्चिमी पंजाबी, जटकी, उच्चा तथा हिंदकी आदि हैं। पंजाबी में लहंदे की बोली का अर्थ 'पश्चिम की बोली' है। 'लहंदा' शब्द का अर्थ सूर्यास्त की दिशा अर्थात् पश्चिम है। लहंदा में न तो विशेष साहित्य है और न यह कोई साहित्यिक भाषा ही है। एक प्रकार से यह कई मिलती-जुलती बोलियों का समूह मात्र है। लहंदा का व्याकरण और शब्द-समूह दोनों पंजाबी से बहुत-कुछ भिन्न है। यद्यपि इसकी अपनी भिन्न लिपि 'लंडा' है, किन्तु आजकल यह प्रायः फारसी लिपि में ही लिखी जाती है।

३. **पंजाबी**—पंजाबी भाषा का भूमिभाग हिंदी के ठीक पश्चिमोत्तर में है। यह पाकिस्तानी पंजाब के पूर्वी भाग तथा पूर्वी पंजाब के पश्चिमी भाग में बोली जाती है। पूर्वी पंजाब के पूर्वी भाग में हिंदी का क्षेत्र है। पंजाबी पर दरद अथवा पिशाच भाषाओं का कुछ प्रभाव शेष है। पंजाबी भाषा लहंदा से ऐसी मिली हुई है कि दोनों को अलग करना कठिन है, किन्तु पश्चिमी हिंदी से इसका भेद स्पष्ट है। पंजाबी की अपनी लिपि लंडा ही है। यह राजपूताने की 'महाजनी' और काश्मीर की 'शारदा' लिपि से मिलती-जुलती है। यह लिपि बहुत अपूर्ण है और इसके पढ़ने में बहुत कठिनता होती है। सिक्खों के

---

[1] लि० स०, भूमिका, अ० १३-१५।

गुरु अंगद (१५३८-५२ ईसवी) ने देवनागरी की सहायता से इस लिपि में सुधार किया था। लंडा का यह नया रूप 'गुरुमुखी' कहलाया। आजकल पंजाबी भाषा की पुस्तकें इसी लिपि में छपती हैं। मुसलमानों के अधिक संख्या में होने के कारण पंजाब में उर्दू भाषा का प्रचार बहुत था। पंजाबी भाषा का शुद्ध रूप अमृतसर के निकट बोला जाता है। इस भाषा में साहित्य अधिक नहीं है। सिक्खों के ग्रंथ साहब की भाषा प्रायः मध्यकालीन हिंदी (ब्रज) है, यद्यपि वह गुरुमुखी अक्षरों में लिखा गया है। पंजाबी भाषा में बोलियों का भेद अधिक नहीं है। उल्लेख योग्य केवल एक बोली 'डोग्री' है। यह जम्मू राज्य में बोली जाती है। 'टक्करी' या 'टाकरी' नाम की इसकी लिपि भी भिन्न है।

४. **गुजराती**—गुजराती भाषा गुजरात, बड़ौदा और निकटवर्ती अन्य देशी राज्यों में बोली जाती है। गुजराती में बोलियों का स्पष्ट भेद अधिक नहीं है। पारसियों द्वारा अपनाई जाने के कारण गुजराती पश्चिमी भारत में व्यवसाय की भाषा हो गई है। भीली और खानदेशी-बोलियों का गुजराती से बहुत संपर्क है। गुजराती का साहित्य बहुत विस्तीर्ण तो नहीं है, किंतु तो भी उत्तम अवस्था मे है। गुजराती के आदि कवि नरसिंह मेहता (जन्म १४१३ ईसवी) का गुजरात मे अब भी बहुत आदर है। प्रसिद्ध प्राकृत वैयाकरण हेमचन्द्र भी गुजराती थे। यह बारहवी शताब्दी ईसवी में हुए थे। उन्होंने अपने व्याकरण में गुजराती की नागर अपभ्रंश का वर्णन किया है। प्राचीन काल से अब तक की भाषा के क्रम-पूर्व उदाहरण केवल गुजराती में ही मिलते हैं। अन्य स्थानों की आर्यभाषाओं में यह क्रम किसी न किसी काल में टूट गया है। गुजराती पहले देवनागरी लिपि में लिखी जाती थी, किन्तु अब गुजराती में कैथी से मिलते-जुलते देवनागरी के बिगड़े हुए रूप का प्रचार हो गया है जो गुजराती लिपि कहलाती है।

५. **राजस्थानी**—पंजाबी के ठीक दक्षिण मे राजस्थानी अथवा राजस्थान की उप-भाषाओं का वर्ग है। एक प्रकार से यह मध्यदेश की प्राचीन भाषा का ही दक्षिणी-पश्चिमी विकसित रूप है। इस विकास की अंतिम सीढ़ी गुजराती है, किंतु उसमें भेदों की मात्रा अधिक हो गई है। राजस्थानी वर्ग के अन्तर्गत चार मुख्य उपभाषाएँ हैं—मेवाती, जयपुरी, मारवाड़ी और मालवी।

राजस्थानी उपभाषाएँ बोलने वाले भूमिभाग में हिंदी भाषा ही साहित्यिक भाषा है। यह स्थान अभी तक राजस्थान की उपभाषाओं में से किसी को नहीं मिल सका है। राजस्थानी का प्राचीन साहित्य प्रधानतया डिंगल अथवा पुरानी साहित्यिक मारवाड़ी में है। पुरानी मारवाड़ी और गुजराती में बहुत कम भेद है। निज के व्यवहार में राजस्थानी उपभाषाएँ महाजनी लिपि में लिखी जाती हैं। मारवाड़ियों के साथ महाजनी लिपि समस्त उत्तर भारत मे फैल गई है। छपाई में देवनागरी लिपि का ही व्यवहार होता है।

६. **पश्चिमी हिंदी**—इस वर्ग की उपभाषाएँ मनुस्मृति के 'मध्यदेश' की वर्तमान भाषाएँ कही जा सकती हैं। मेरठ तथा बिजनौर के निकट बोली जाने वाली पश्चिमी हिंदी के ही एक रूप खड़ीबोली से वर्तमान साहित्यिक हिंदी तथा उर्दू की उत्पत्ति हुई है। इसकी एक दूसरी उपभाषा ब्रजभाषा पूर्वी हिंदी की बोली अवधी के साथ कुछ काल पूर्व तक साहित्य के क्षेत्र में वर्तमान खड़ीबोली हिंदी का स्थान लिए हुए थी। इन दो बोलियों के अतिरिक्त पश्चिमी हिंदी में बांगरू, कनौजी तथा बुंदेली उपभाषाएँ सम्मिलित हैं, किंतु साहित्य की दृष्टि से ये विशेष ध्यान देने योग्य नहीं हैं। समस्त हिंदी भाषी प्रदेश का वर्तमान साहित्य खड़ीबोली हिंदी में ही लिखा जा रहा है। पढ़े-लिखे मुसलमानों में उर्दू का प्रचार है।

७. **पूर्वी हिंदी**—जैसा कि नाम से स्पष्ट है, पूर्वी हिंदी वर्ग का क्षेत्र पश्चिमी हिंदी के पूर्व में पड़ता है। इसकी उपभाषाएँ कुछ बातों में पश्चिमी हिंदी की उपभाषाओं से मिलती हैं और कुछ में बिहारी वर्ग की उपभाषाओं से। व्याकरण के अधिकांश रूपों में इनका संबंध पश्चिमी हिंदी उपभाषाओं से है, किंतु कुछ विशेष लक्षण पूर्वीय समुदाय की भाषाओं के भी मिलते हैं। पूर्वी हिंदी वर्ग में तीन मुख्य उपभाषाएँ हैं—अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी। अवधी का दूसरा नाम कोसली भी है। कोसल अवध का प्राचीन नाम था। तुलसीदास जी के समय में श्री रामचन्द्र जी के यशगान में प्रायः अवधी का ही प्रयोग होता रहा है। जैनधर्म के प्रवर्तक महाबीर जी ने अपने धर्म का प्रचार करने में यहाँ की ही प्राचीन भाषा अर्द्धमागधी का प्रयोग किया था। बहुत-सा जैन-साहित्य, अर्द्धमागधी प्राकृत में है। अवधी में कुछ साहित्य मिलता है। पूर्वी हिंदी की उपभाषाएँ प्रायः देवनागरी लिपि में लिखी जाती हैं और छपाई में सदा इसी का प्रयोग होता है। लिखने में कभी-कभी कैथी लिपि भी काम में आती है। अपने प्राचीन रूप अर्द्धमागधी प्राकृत के समान पूर्वी हिंदी की उपभाषाएँ अब भी बीच की है। इसके पश्चिम में शौरसेनी प्राकृत के नये रूप पश्चिमी हिंदी उपभाषाएँ है और पूर्व में मागधी प्राकृत की स्थानापन्न बिहारी वर्ग की उपभाषाएँ हैं।

८. **बिहारी**—यद्यपि राजनीतिक, धार्मिक तथा सामाजिक दृष्टि से बिहार का संबंध उत्तर प्रदेश से ही रहा है, किंतु उत्पत्ति की दृष्टि से यहाँ की उपभाषाएँ बंगाली की बहिनें हैं। बंगाली, उड़िया और असमी के साथ इनकी उत्पत्ति भी मागध अपभ्रंश से हुई है। मागध अपभ्रंश के बोले जाने वाले भूमिभाग मे ही आजकल बिहारी वर्ग की उपभाषाएँ बोली जाती हैं। बिहारी वर्ग में तीन मुख्य उपभाषाएँ हैं—मैथिली, मगही और भोजपुरी। इनमें मैथिली और मगही एक दूसरे के अधिक निकट हैं, किन्तु भोजपुरी इन दोनों से भिन्न है। चैटर्जी महोदय भोजपुरी को मैथिली-मगही से इतना भिन्न मानते हैं

कि ग्रियर्सन साहब की तरह वे इन तीनों को एक साथ रख कर बिहारी नाम देने को सहसा उद्यत नहीं हैं।[1] बिहारी उपभाषाएँ तीन लिपियों में लिखी जाती हैं। छपाई में देवनागरी अक्षर व्यवहार में आते हैं तथा लिखने में साधारणतया कैथी लिपि का प्रयोग होता है। मैथिली ब्राह्मणों की एक अपनी लिपि अलग है, जो मैथिली कहलाती है और बंगला अक्षरों से बहुत मिलती हुई है। बिहारी उपभाषाएँ बोले जानेवाले प्रदेश में हिंदी साहित्यिक भाषा है। बिहार राज्य में शिक्षा का माध्यम भी हिंदी ही है।

९. **पहाड़ी भाषाएँ**—हिमालय के दक्षिण पार्श्व में नैपाल से शिमला प्रदेश तक पहाड़ी भाषाएँ बोली जाती हैं। इसके तीन मुख्य रूप हैं: क—पश्चिमी पहाड़ी, ख—मध्य पहाडी ग—पूर्वी पहाड़ी। वर्तमान पहाड़ी भाषाएँ राजस्थानी से बहुत मिलती हैं। विशेषतया माध्यमिक पहाड़ी का संबंध जयपुरी से और पश्चिमी पहाड़ी का संबंध मारवाड़ी से अधिक मालूम होता है। पश्चिमी तथा मध्य-पहाड़ी प्रदेश का प्राचीन नाम सपादलक्ष था। पूर्व काल में यहां गूजर आकर बस गए थे। बाद को ये लोग पूर्व राजस्थान की ओर चले गए थे। मुसलमान काल में बहुत से राजपूत फिर सपादलक्ष में आ बसे थे। जिस समय सपादलक्ष की खस जाति ने नैपाल को जीता था, उस समय इन खस विजेताओं के साथ यहां के राजपूत और गूजर भी शामिल थे। इस संघर्ष के कारण ही राजस्थानी और पहाड़ी भाषाओं में कुछ समानता पाई जाती है।

१०. **उड़िया**—प्राचीन उत्कल देश अथवा वर्तमान उड़ीसा प्रांत में यह भाषा बोली जाती है। इसको उत्कली अथवा ओड़ी भी कहते हैं। उड़िया शब्द का शुद्ध रूप ओड़िया है। सबसे प्रथम कुछ उड़िया शब्द तेरहवीं शताब्दी के एक शिलालेख में आए हैं। प्रायः एक शताब्दी के बाद का एक अन्य शिलालेख मिलता है, जिसमें कुछ वाक्य उड़िया भाषा में लिखे पाए गए हैं। इन शिलालेखों से विदित होता है कि उस समय तक उड़िया भाषा बहुत कुछ विकसित हो चुकी थी। उड़िया लिपि बहुत कठिन है। इसका व्याकरण बंगाली से मिलता-जुलता है, इसलिए बंगाली के कुछ पंडित उसे बंगाली भाषा की एक बोली समझते थे; किन्तु यह भ्रम था। बंगाली के साथ ही उड़िया भी मागधी अपभ्रंश से निकली है। बंगाली और उड़िया आपस में बहिनें हैं; इनका संबंध मां-बेटी का नहीं है। उड़िया लोग बहुत काल तक विजित रहे हैं। आठ शताब्दी तक उड़ीसा में तैलंगों का राज्य रहा। अभी कुछ ही काल पूर्व तक नागपुर के भोंसले राजाओं ने उड़ीसा पर राज्य किया है। इन कारणों से उड़िया भाषा में तेलगू और मराठी शब्द बहुतायत से पाए जाते हैं। मुसलमानों और अंग्रेजों के कारण फ़ारसी और अंग्रेजी शब्द तो हैं ही। उड़िया साहित्य विशेषतया कृष्ण-संबंधी है।

---

[1] चै०, बै० लै०, ५२।

११. **बंगाली**—बंगाली भाषा गंगा के मुहाने और उसके उत्तर-पश्चिम के मैदानों में बोली जाती है। गांव तथा नगर के बंगालियों की बोली में बहुत अंतर है। साहित्य की भाषा में संस्कृत तत्सम शब्दों का प्रचार कदाचित् बंगाली में सबसे अधिक है। उत्तरी-पूर्वी तथा पश्चिमी बंगाली में भेद है। पूर्वी बंगाली का केन्द्र ढाका है। यह भाग अब पाकिस्तान में चला गया है। हुगली के निकट बोली जाने वाली पश्चिमी बंगाली का ही एक रूप वर्त्तमान साहित्यिक भाषा हो गया है। बंगाली उच्चारण की विशेषता 'अ' का 'ओ' तथा 'स' का 'श' कर देना प्रसिद्ध ही है। इस भाषा का साहित्य उत्तम अवस्था में है। बंगाली लिपि पुरानी देवनागरी का ही एक रूपान्तर है।

१२. **असमी**—जैसा इसके नाम से प्रकट है, यह असम प्रदेश में बोली जाती है। वहाँ के लोग इसे असमिया कहते हैं। उड़िया की तरह असमी भी बंगाली की बहिन है, बेटी नहीं। यद्यपि असमी व्याकरण बंगाली व्याकरण से बहुत भिन्न नहीं है, किन्तु इन दोनों की साहित्यिक प्रगति पर ध्यान देने से इसका भेद स्पष्ट हो जाता है। असमी भाषा के प्राचीन साहित्य की यह विशेषता है कि उसमें ऐतिहासिक ग्रंथों की कमी नहीं है। अन्य भारतीय आर्यभाषाओं में यह बहुत खटकता है। असमी भाषा प्रायः बंगाली लिपि में लिखी जाती है, यद्यपि इसमें कुछ सुधार अवश्य कर लिए गए हैं।

१३. **मराठी**—दक्षिण में महाराष्ट्री अपभ्रंश की पुत्री मराठी भाषा है। यह बम्बई प्रांत में पूना के चारों ओर तथा बरार प्रांत और मध्यप्रांत के दक्षिण के नागपुर आदि चार जिलों में बोली जाती है। इसके दक्षिण में द्राविड़ भाषाएँ हैं। इनकी तीन मुख्य बोलियाँ हैं, जिनमें से पूना के निकट बोली जानेवाली देशी मराठी साहित्यिक भाषा है। मराठी प्रायः देवनागरी लिपि में लिखी और छापी जाती है। नित्य के व्यवहार में 'मोड़ी' लिपि का व्यवहार होता है। इसका आविष्कार महाराज शिवाजी (१६२७-८० ई०) के सुप्रसिद्ध मंत्री बालाजी अवाजी ने किया था। मराठी का साहित्य विस्तीर्ण, लोकप्रिय तथा प्राचीन है।

ई—हिंदी प्रदेश के भाषावर्ग तथा उपभाषाएँ

क—हिंदी प्रदेश के भाषावर्ग तथा साहित्यिक रूप

१. **हिंदी का शब्दार्थ तथा प्रचलित अर्थ**—संस्कृत की 'स' ध्वनि फ़ारसी में 'ह' के रूप में पाई जाती है। अतः संस्कृत के 'सिंधु' और 'सिंधी' शब्दों के फ़ारसी रूप 'हिंद' और 'हिंदी' हो जाते हैं। प्रयोग तथा रूप की दृष्टि से 'हिंदवी' या 'हिंदी' शब्द फ़ारसी भाषा का ही है। संस्कृत, प्राकृत अथवा आधुनिक भारतीय-आर्यभाषाओं के किसी भी

प्राचीन ग्रंथ में इसका व्यवहार नहीं किया गया है। फ़ारसी में 'हिंदी' का शब्दार्थ हिंद से संबंध रखने वाला है; किन्तु इसका प्रयोग 'हिंदी के रहनेवाले' अथवा 'हिंद की भाषा' के अर्थ में होता रहा है। 'हिंदी' शब्द के अतिरिक्त फ़ारसी से ही 'हिंदू' शब्द भी आया है। 'हिंदू' शब्द का व्यवहार फ़ारसी में 'इस्लाम धर्म के न मानने वाले हिंदवासी' के अर्थ में प्रायः मिलता है। इसी अर्थ के साथ यह शब्द अपने देश में प्रचलित हो गया है।

शब्दार्थ की दृष्टि से 'हिंदी' शब्द का प्रयोग हिंद या भारत में बोली जाने वाली किसी भी आर्य, द्राविड़ अथवा अन्य कुल की भाषा के लिए हो सकता है; किंतु आजकल वास्तव में इसका व्यवहार उत्तर-भारत के मध्यदेश के हिंदुओं की वर्तमान साहित्यिक भाषा के अर्थ में मुख्यतया, तथा साथ ही इसी भूमिभाग की उपभाषाओं और उनसे संबंध रखनेवाले प्राचीन साहित्यिक रूपों के अर्थ में साधारणतया होता है। इस भूमिभाग की सीमाएँ पश्चिम में जैसलमेर, उत्तर-पश्चिम में अंबाला, उत्तर में शिमला से लेकर नैपाल के पूर्वी छोर तक के पहाड़ी प्रदेश का दक्षिणी भाग, पूर्व में भागलपुर, दक्षिण-पूर्व में रायपुर तथा दक्षिण-पश्चिम में खंडवा तक पहुँचती हैं। इस भूमिभाग में हिंदुओं के आधुनिक साहित्य, पत्र-पत्रिकाओं, शिष्ट बोलचाल तथा स्कूली शिक्षा की भाषा एकमात्र साहित्यिक खड़ी-बोली हिंदी ही है। साधारणतया 'हिंदी' शब्द का प्रयोग जनता में इसी भाषा के अर्थ में किया जाता है, किन्तु साथ ही इस भूमिभाग की वर्त्तमान उपभाषाओं—जैसे, मारवाड़ी, ब्रज, छत्तीसगढ़ी, मैथिली आदि—को तथा प्राचीन डिंगल, हिंदवी, ब्रज, अवधी तथा मैथिली आदि साहित्यिक भाषाओं को भी हिंदी भाषा के ही अन्तर्गत माना जाता है। समस्त भूमिभाग की जनसंख्या १२ करोड़ से अधिक है।[1]

२. **हिंदी प्रदेश के भाषावर्ग**—भाषा-शास्त्र की दृष्टि से ऊपर दिए हुए भूमिभाग में पाँच भाषा वर्ग माने जाते हैं। राजस्थान की उपभाषाओं के समुदाय को 'राजस्थानी' के नाम से पृथक् वर्ग माना गया है। बिहार की मिथिला और पटना-गया की उपभाषाओं तथा उत्तरप्रदेश की बनारस-गोरखपुर कमिश्नरी की उपभाषा के समूह को एक भिन्न 'बिहारी' वर्ग माना जाता है। उत्तर के पहाड़ी प्रदेशों की उपभाषाएँ 'पहाड़ी वर्ग' के नाम से पृथक् मानी जाती हैं। शेष हिंदी प्रदेश में दो उपरूप माने जाते हैं, पश्चिमी

---

[1] भारत संघ के विधान में भी इस समस्त प्रदेश में एक ही प्रधान साहित्यिक भाषा हिंदी मानी गई है। इसी को संघ की राजभाषा भी माना गया है। संघ द्वारा स्वीकृत भाषाओं की पूर्ण सूची निम्नलिखित है। १. असमी, २. बंगाली, ३. गुजराती, ४. हिंदी, ५. कन्नड़, ६. काश्मीरी, ७. मलयालम, ८. मराठी, ९. उड़िया, १०. पंजाबी, ११. संस्कृत, १२. तामिल, १३. तेलगू और १४. उर्दू।

तथा पूर्वी। हिंदी प्रदेश की पश्चिमी और पूर्वी वर्गों की उपभाषाओं के बोलने वालों की संख्या लगभग ८ करोड़ है। ग्रियर्सन आदि कुछ विद्वानों ने 'हिंदी भाषा' शब्द का प्रयोग केवल इसी भूमिभाग की उपभाषाओं तथा उनकी आधारभूत साहित्यिक भाषाओं के अर्थ में किया है।

३. **उर्दू**—आधुनिक खड़ीबोली साहित्यिक हिन्दी के उस दूसरे साहित्यिक रूप का नाम उर्दू है, जिसका व्यवहार पाकिस्तान तथा उत्तरभारत के पढ़े-लिखे मुसलमानों तथा उनसे अधिक सम्पर्क में आने वाले कुछ हिंदुओं, जैसे पंजाबी, काश्मीरी तथा पुरानी पीढ़ी के कायस्थों आदि में पाया जाता है। व्याकरण के रूपों की दृष्टि से इन दोनों साहित्यिक भाषाओं में विशेष अंतर नही है, वास्तव में दोनों का मूलाधार एक ही है, किंतु साहित्यिक वातावरण, शब्द-समूह तथा लिपि में दोनों में आकाश-पाताल का भेद है। साहित्यिक खड़ीबोली इन सब बातों के लिए भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत तथा उसके वर्तमान रूपों की ओर देखती है; उर्दू भारत के वातावरण में उत्पन्न होने और बढ़ने पर भी ईरान और अरब की सभ्यता और साहित्य से जीवनश्वास ग्रहण करती है।

ऐतिहासिक दृष्टि से साहित्यिक खड़ीबोली हिंदी की अपेक्षा खड़ीबोली उर्दू का व्यवहार पहले होने लगा था। भारतवर्ष में आने पर बहुत दिनों तक मुसलमानों का केन्द्र दिल्ली रहा, अतः फ़ारसी, तुर्की और अरबी बोलने वाले मुसलमानों ने जनता से बातचीत और व्यवहार करने के लिए धीरे-धीरे दिल्ली के अड़ोस-पड़ोस की बोली सीखी। इस बोली में अपने विदेशी शब्द-समूह को स्वतंत्रतापूर्वक मिला लेना इनके लिए स्वाभाविक था। इस प्रकार की बोली का व्यवहार सबसे प्रथम 'उर्दू-ए-मुअल्ला' अर्थात् देहली के महलों के बाहर किले के शाही फ़ौजी बाजार में होता था, अतः इसी से दिल्ली के पड़ोस की बोली के इस विदेशी शब्दों से मिश्रित रूप का नाम 'उर्दू' पड़ा। तुर्की भाषा में उर्दू शब्द का अर्थ बाज़ार है। वास्तव में आरंभ में उर्दू बाजारू भाषा थी। शाही दरबार के संपर्क मे आने-वाले हिंदुओं का इसे अपनाना स्वाभाविक था, क्योंकि फ़ारसी-अरबी शब्दों से मिश्रित किन्तु अपने देश की एक बोली में इन भिन्न भाषा-भाषी विदेशियों से बातचीत करने में इन्हें सुविधा रहती होगी। जिस तरह ईसाई धर्म ग्रहण कर लेने पर भारतीय भाषाएँ बोलने वाले भारतीय, अंग्रेजी से अधिक प्रभावित होने लगते थे, उसी तरह मुसलमान धर्म ग्रहण कर लेने वाले हिंदुओं में फ़ारसी के बाद उर्दू का विशेष आदर होना स्वाभाविक था। धीरे-धीरे यह उत्तर-भारत की शिष्ट मुसलमान जनता की अपनी भाषा हो गई। शासकों द्वारा अपनाये जाने के कारण यह उत्तर-भारत के समस्त शिष्ट-समुदाय की भाषा मानी जाने लगी। जिस तरह आजकल पढ़े-लिखे हिंदी भाषी के मुँह से 'मुझे चांस (Chance)

नहीं मिला' निकलता है, उसी तरह उस समय 'मुझे मौक़ा नहीं मिला' निकलता होगा। जनता इसी को 'मुझे अवसर या औसर नहीं मिला' कहती होगी और अब भी कहती है। उर्दू बोली का जन्म तथा प्रचार इसी प्रकार हुआ।

ऊपर के विवेचन से यह स्पष्ट हो गया होगा कि उर्दू का मूलाधार दिल्ली के निकट की खड़ीबोली है। यह बोली आधुनिक साहित्यिक हिंदी की भी मूलाधार है। अतः उद्गम की दृष्टि से उर्दू और आधुनिक साहित्यिक हिंदी सगी बहनें हैं। विकसित होने पर इन दोनों में जो अंतर हुआ, उसे रूपक में यों कह सकते हैं कि एक तो हिंदुआनी बनी रही और दूसरी ने मुसलमान धर्म ग्रहण कर लिया।

एक अंग्रेज विद्वान ग्रेहम बेली महोदय ने उर्दू की उत्पत्ति के संबंध में एक नया विचार रक्खा है। उनकी समझ में उर्दू की उत्पत्ति दिल्ली में खड़ीबोली के आधार पर नहीं हुई, बल्कि इसके पहले ही पंजाबी के आधार पर यह लाहौर के आसपास बन चुकी थी और दिल्ली में आने पर मुसलमान शासक इसे अपने साथ ही लाये थे। खड़ीबोली के प्रभाव से इसमें बाद को कुछ परिवर्तन अवश्य हुए, किन्तु इसका मूलाधार पुरानी पंजाबी को मानना चाहिए, खड़ीबोली को नहीं। इस संबंध में बेली महोदय का सबसे बड़ा तर्क यह है कि दिल्ली को शासन-केन्द्र बनाने के पूर्व १००० से १२०० ई० तक लगभग दो सौ वर्ष मुसलमान आक्रमणकारी पंजाब में रहे। उस समय वहां की जनता से संपर्क में आने के लिए उन्होंने कोई न कोई भाषा अवश्य सीखी होगी और यह भाषा तत्कालीन पंजाबी ही हो सकती है। यह स्वाभाविक है कि भारत में आगे बढ़ने पर ये इसी भाषा का प्रयोग करते रहे हों। बिना पूर्ण खोज के उर्दू की उत्पत्ति के संबंध में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। इस समय सर्वसम्मत मत यही है कि उर्दू तथा आधुनिक साहित्यिक हिंदी, दोनों की मूलाधार दिल्ली-मेरठ की खड़ीबोली है।

उर्दू का साहित्य में प्रयोग दक्षिण के सूफ़ी कवियों और मुसलमान दरबारों से आरंभ हुआ। उस समय दिल्ली-आगरा के दरबार में साहित्यिक भाषा का स्थान फ़ारसी को मिला हुआ था। साधारण जन-समुदाय की भाषा होने के कारण अपने घर पर उर्दू हेय समझी जाती थी। हैदराबाद रियासत की जनता की भाषाएँ भिन्न द्राविड़ वंश की थीं, अतः उनके बीच में यह मुसलमानी आर्यभाषा, शासकों की भाषा, होने के कारण, विशेष गौरव की दृष्टि से देखी जाने लगी, इसीलिए उसका साहित्य में प्रयोग करना बुरा नहीं समझा गया। औरंगाबादी वली उर्दू के प्रथम प्रख्यात कवि माने जाते हैं। वली के कदमों पर ही मुगल-काल के उत्तरार्द्ध में दिल्ली और उसके बाद लखनऊ के मुसलमानी दरबारों में भी उर्दू भाषा में कविता करने वाले कवियों का एक समुदाय बन गया, जिसने बाजारू बोली को साहित्यिक भाषा के सिंहासन पर बैठा दिया। फ़ारसी शब्द के अधिक मिश्रण के कारण

कविता में प्रयुक्त उर्दू को 'रेख्ता' (शब्दार्थ 'मिश्रित') कहते हैं। स्त्रियों की भाषा 'रेख्ती' कहलाती है। दक्षिणी मुसलमानों की भाषा 'दक्खिनी' उर्दू या हिंदवी कहलाती है।[1] इसमें फ़ारसी शब्द कम इस्तेमाल होते हैं और उत्तर भारत की उर्दू की अपेक्षा कम परिमार्जित है। ये सब उर्दू के रूप-रूपांतर हैं। हिंदी भाषा के गद्य के समान उर्दू भाषा का गद्य साहित्य के लिए व्यवहार अंग्रेजी शासन-काल में विकसित हुआ। मुद्रणकला के साथ इसका प्रचार अधिक बढ़ा। उर्दू भाषा अरबी-फ़ारसी अक्षरों में लिखी जाती है। पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश तथा राजस्थान के कुछ राज्यों में कचहरी, तहसील और गाँव में उर्दू में ही सरकारी कागज़ लिखे जाते थे, अतः नौकरी पेशा हिंदुओं को भी इसकी जानकारी प्राप्त करना अनिवार्य था। अतः आगरा-दिल्ली की ओर हिंदुओं में इसका अधिक प्रचार होना स्वाभाविक था। पंजाबी भाषा में विशेष साहित्य न होने के कारण पंजाबी लोगों ने इसे साहित्यिक भाषा की तरह अपना रक्खा था। अब हिन्दी-भाषी प्रदेश में हिंदुओं के बीच उर्दू का प्रभाव तेज़ी से कम हो रहा है।

४. **हिंदुस्तानी**—'हिंदुस्तानी' नाम यूरोपीय लोगों का दिया हुआ है। प्रारंभ में यह शब्द उर्दू का पर्यायवाची था; किन्तु इधर कुछ दिनों से उर्दू का बोलचाल वाला रूप हिंदुस्तानी कहलाता है। केवल बोलचाल में प्रयुक्त होने के कारण इसमें फ़ारसी शब्दों की भरमार नहीं रहती, यद्यपि इसका झुकाव फ़ारसी की तरफ़ अवश्य रहता है। उत्पत्ति की दृष्टि से आधुनिक साहित्यिक हिंदी तथा उर्दू के समान ही इसका आधार भी खड़ीबोली है। एक तरह से वह हिंदी-उर्दू की अपेक्षा खड़ीबोली के अधिक निकट है, क्योंकि यह फ़ारसी-संस्कृत के स्वाभाविक प्रभाव से बहुत मुक्त है। साधारण श्रेणी के लोगों के लिए लिखे गए साहित्य में हिंदुस्तानी का प्रयोग पाया जाता है। ये क़िस्से, गज़लों और भजनों आदि की बाजारू किताबें फ़ारसी और देवनागरी दोनों लिपियों में छापी जाती हैं। हिंदुस्तानी के समान ठेठ हिंदी में कुछ साहित्यिक व्यक्तियों ने लिखने का प्रयास किया है। इंशा की 'रानी केतकी की कहानी' तथा पंडित अयोध्यासिंह उपाध्याय का 'ठेठ हिंदी का ठाठ' तथा 'बोलचाल' ठेठ हिंदी को साहित्यिक बनाने के प्रयोग हैं, जिनमें ये सज्जन सफल नहीं हो सके।

इस पुस्तक में खड़ीबोली शब्द का प्रयोग दिल्ली-मेरठ के आसपास बोली जानेवाली गाँव की भाषा के अर्थ में किया गया है। भाषा-सर्वे में ग्रियर्सन महोदय ने इस बोली को 'वर्नाक्यूलर हिंदुस्तानी' नाम दिया है; किंतु इसके लिए खड़ीबोली अथवा सिरहिंदी नाम अधिक उपयुक्त है। जैसा ऊपर बतलाया जा चुका है; हिंदी उर्दू तथा हिंदुस्तानी या ठेठ हिंदी इस समस्त रूपों का मूलाधार यह खड़ीबोली ही है। कभी-कभी ब्रजभाषा, अवधी आदि प्राचीन साहित्यिक भाषाओं से भेद दिखलाने को आधुनिक साहित्यिक हिंदी को

भी खड़ीबोली नाम से पुकारा जाता है।[1] ब्रजभाषा और इस 'साहित्यिक खड़ीबोली हिंदी' का झगड़ा बहुत पुराना हो चुका है। साहित्यिक अर्थ में प्रयुक्त खड़ीबोली शब्द तथा भाषाशास्त्र की दृष्टि से प्रयुक्त खड़ीबोली शब्द के अर्थ को स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए। ब्रजभाषा की अपेक्षा यह बोली वास्तव में खड़ी-सी लगती है, कदाचित इसी कारण इसका नाम खड़ीबोली पड़ा। हिंदी-उर्दू भाषाएँ साहित्यिक खड़ीबोली मात्र हैं। हिंदुस्तानी भी बोलचाल की कुछ परिमार्जित खड़ीबोली है।

ऊपर के विस्तृत विवेचन से हिंदी, उर्दू, हिंदुस्तानी या ठेठ हिंदी तथा खड़ीबोली के शब्दों के मूल अर्थ तथा शास्त्रीय अर्थ का भेद स्पष्ट हो गया होगा। हिंदी भाषा से संबंध रखनेवाले ग्रंथों में इन शब्दों का शास्त्रीय अर्थ में ही प्रयोग होता है।

ख—हिंदी प्रवेश की उपभाषाएँ

ऊपर बताया जा चुका है कि प्राचीन 'मध्यदेश' की मुख्य उपभाषाओं के समुदाय को भाषाशास्त्र की दृष्टि से हिंदी नाम से पुकारा जाता है। इनमें से खड़ीबोली, बाँगरू, ब्रज, कन्नौजी तथा बुंदेली—इन पाँच को भाषा-सर्वे में 'पश्चिमी हिंदी' नाम दिया गया है तथा अवधी, बघेली तथा छत्तीसगढ़ी, इन शेष तीन को 'पूर्वी हिंदी' नाम से पुकारा गया है। ऐतिहासिक दृष्टि से पश्चिमी हिंदी उपभाषाओं का संबंध शौरसेनी प्राकृत तथा पूर्वी हिंदी का संबंध अर्द्धमागधी प्राकृत से जोड़ा जाता है। राजस्थानी वर्ग के अन्तर्गत चार प्रधान उपभाषाएँ हैं : मारवाड़ी, जयपुरी मेवाती तथा मालवी। भोजपुरी, मैथिली तथा मगही उपभाषाओं को बिहारी वर्ग के अन्तर्गत रक्खा जाता है। पहाड़ी के अन्तर्गत तीन प्रधान रूप हैं : पश्चिमी, मध्य (गढ़वाली-कुमार्युनी) तथा पूर्वी या नैपाली। भाषा-सर्वे के आधार पर इन समस्त उपभाषाओं का संक्षिप्त वर्णन नीचे दिया जाता है।

---

[1] इस अर्थ में खड़ीबोली का सबसे प्रथम प्रयोग लल्लूजी लाल ने 'प्रेम सागर' की भूमिका में किया है। लल्लूजी लाल के ये वाक्य खड़ीबोली शब्द के व्यवहार पर बहुत कुछ प्रकाश डालते हैं, अतः ज्यों के त्यों नीचे उद्धृत किये जाते हैं। आधुनिक साहित्यिक हिंदी के आदि रूप का भी यह उद्धरण अच्छा नमूना है। लल्लूजी लाल लिखते हैं—"एक समै व्यासदेव कृत श्रीमद्भागवत के दशमस्कंध की कथा को चतुर्भुज मिश्र ने दोहे-चौपाई में ब्रजभाषा किया। सो पाठशाला के लिये श्री महाराजाधिराज, पुण्यवान, महाजन मारकुइस विलजलि गवरनर जनरल प्रतापी के राज में श्रीयुक्त गुनगाहक गुनियन सुखदायक जान गिलकिरिस्त महाशय की आज्ञा से संवत् १८६० ई० में श्री लल्लूजी लाल कवि ब्राह्मण गुजराती सहस्र अवदीच आगरे वाले ने जिसका सार ले यामनी भाषा छोड़ दिल्ली आगरे की खड़ीबोली में कह नाम प्रेमसागर धरा।"

अ—पश्चिमी हिंदी वर्ग

१. **खड़ीबोली**—खड़ीबोली या सिरहिंदी पश्चिम रुहेलखंड, गंगा के उत्तरी दोआब तथा अंबाला जिले की उपभाषा है। सिरहिंदी आदि से इसका संबंध ऊपर बतलाया जा चुका है। मुसलमानी प्रभाव के निकटतम होने के कारण ग्रामीण खड़ीबोली में भी फ़ारसी-अरबी के शब्दों का व्यवहार हिंदी प्रदेश की अन्य उपभाषाओं की अपेक्षा अधिक है। किंतु ये प्रायः अर्द्धतत्सम अथवा तद्भव रूपों में प्रयुक्त होते हैं। इन्हीं को तत्सम रूप में प्रयुक्त करने से खड़ीबोली में उर्दू की झलक आने लगती है। खड़ीबोली निम्नलिखित स्थानों में गाँवों में बोली जाती है—रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, देहरादून के मैदानी भाग, अंबाला तथा कलसिया और पटियाला रियासत के पूर्वी भाग। इस उपभाषा के बोलनेवालों की संख्या ५३ लाख के लगभग है। इस संबंध में निम्नलिखित यूरोपीय देशों की जनसंख्या के अंक रोचक प्रतीत होंगे : ग्रीस ५४ लाख, बलगेरिया ४९ लाख तथा तीन भाषाएँ बोलनेवाला स्विटज़रलैण्ड ३९ लाख। ग्रियर्सन ने इसी उपभाषा को 'वर्नाक्यूलर हिंदुस्तानी' नाम से पुकारा है।

२. **बांगरू**—बांगरू उपभाषा जाटू या हरियानी नाम से भी प्रसिद्ध है। यह दिल्ली, करनाल, रोहतक और हिसार जिलों और पड़ोस के पटियाला, नाभा और झींद रियासतों के गाँवों में बोली जाती है। वास्तव में यह पंजाबी और राजस्थानी मिश्रित खड़ीबोली है। बांगरू बोलनेवालों की संख्या लगभग २२ लाख है। बांगरू उपभाषा की पश्चिमी सीमा पर सरस्वती नदी बहती है। हिंदी भाषी प्रदेश के प्रसिद्ध युद्धक्षेत्र, पानीपत तथा कुरुक्षेत्र इसी बोली की सीमा के अन्तर्गत पड़ते हैं, अतः इसे हिंदी की सरहदी बोली मानना अनुचित न होगा। नवीनतम मत के अनुसार यह खड़ीबोली का ही एक उपरूप है और इसको स्वतंत्र उपभाषा मानना चित्य है।

३. **ब्रजभाषा**—प्राचीन हिंदी साहित्य की दृष्टि से ब्रज की बोली की गिनती साहित्यिक भाषाओं में होने लगी, इसलिए आदरार्थ यह ब्रजभाषा कह कर पुकारी जाने लगी। विशुद्ध रूप में यह उपभाषा अब भी मथुरा, आगरा, अलीगढ़ तथा धौलपुर में बोली जाती है। गुड़गाँव, भरतपुर, करौली तथा ग्वालियर के पश्चिमोत्तर भाग में इसमें राजस्थानी और बुंदेली की कुछ-कुछ झलक आने लगती है। बुलंदशहर, बदायूँ और नैनीताल तराई में खड़ीबोली का प्रभाव शुरू हो जाता है तथा एटा, मैनपुरी और बरेली के जिलों में कुछ कनौजीपन आने लगता है। वास्तव में पीलीभीत तथा इटावा की बोली भी कनौजी की अपेक्षा ब्रजभाषा के अधिक निकट है। ब्रजभाषा बोलनेवालों की संख्या लगभग ७९ लाख है। तुलना के लिए नीचे लिखी जनसंख्या के अंक रोचक प्रतीत होंगे : टर्की ८० लाख, बेलिजियम ७७ लाख, हंगरी ७८ लाख, आस्ट्रिया ६१ लाख तथा पुर्तगाल ६० लाख।

जब से गोकुल, वल्लभ-संप्रदाय का केन्द्र हुआ, तब से ब्रजभाषा में कृष्ण-साहित्य लिखा जाने लगा। धीरे-धीरे यह बोली समस्त हिंदी प्रदेश की साहित्यिक भाषा हो गई। १९वीं शताब्दी में धीरे-धीरे साहित्य के क्षेत्र में खड़ीबोली ने ब्रजभाषा का स्थान ग्रहण किया।

४. कन्नौजी—कन्नौजी बोली का क्षेत्र ब्रजभाषा और अवधी के बीच में है। कन्नौजी को पुराने कन्नौज राज्य की उपभाषा समझना चाहिये। कन्नौजी का केन्द्र फ़र्रुखाबाद है, किंतु उत्तर में यह हरदोई, शाहजहाँपुर तथा पीलीभीत तक और दक्षिण में इटावा तथा कानपुर के पश्चिमी भाग में बोली जाती है। कन्नौजी बोलने वालों की संख्या ४५ लाख है। ब्रजभाषा के पड़ोस में होने के कारण साहित्य के क्षेत्र में कन्नौजी कभी भी आगे नहीं आ सकी। इस भूमिभाग में प्रसिद्ध कविगण तो कई हुए, किन्तु इन सब ने ब्रजभाषा में ही अपनी रचनाएँ कीं। वास्तव में कन्नौजी कोई स्वतंत्र उपभाषा नहीं है, बल्कि ब्रजभाषा का ही एक उपरूप है।

५. बुंदेली—बुंदेली बुंदेलखंड की उपभाषा है। शुद्ध रूप में यह झाँसी, जालौन, हमीरपुर, ग्वालियर, भूपाल, ओरछा, सागर, नृसिंहपुर, सेओनी तथा हुशंगाबाद में बोली जाती है। इसके कई मिश्रित रूप दतिया, पन्ना, चरखारी, दमोह, बालाघाट तथा छिंदवाड़ा के कुछ भागों में पाये जाते हैं। बुंदेली बोलनेवालों की संख्या ६९ लाख के लगभग है। मध्यकाल में बुंदेलखंड, साहित्य का प्रसिद्ध केन्द्र रहा है किन्तु यहाँ होनेवाले कवियों ने भी ब्रजभाषा में ही कविता की है, यद्यपि इनकी भाषा पर अपनी बुंदेली बोली का प्रभाव अधिक पाया जाता है। बुंदेली उपभाषा और ब्रजभाषा में बहुत साम्य है। सच तो यह है कि ब्रज, कन्नौजी तथा बुंदेली एक ही उपभाषा के तीन प्रादेशिक रूप मात्र हैं।

आ—पूर्वी हिंदी वर्ग

६. अवधी—हरदोई जिले को छोड़ कर शेष अवध की उपभाषा अवधी है। यह लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, खीरी, फ़ैजाबाद, गोंडा, बहराइच, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, बाराबंकी में तो बोली ही जाती है, किंतु इन जिलों के अतिरिक्त दक्षिण में गंगापार इलाहाबाद, फतेहपुर, कानपुर और मिर्जापुर में तथा जौनपुर के कुछ हिस्सों में भी बोली जाती है। बिहार के मुसलमान भी अवधी बोलते हैं। इसलिए मिश्रित अवधी का विस्तार मुजफ्फरपुर तक है। अवधी बोलनेवालों की संख्या लगभग १ करोड़ ४२ लाख है। ब्रजभाषा के साथ-साथ अवधी में कुछ साहित्य लिखा गया था, यद्यपि बाद को ब्रजभाषा की प्रतिद्वंद्विता में यह ठहर न सकी। 'पद्मावत', 'रामचरितमानस' तथा 'कृष्णायन' अवधी के सुप्रसिद्ध ग्रंथ-रत्न है।

७. **बघेली**—अवधी के दक्षिण में बघेली का क्षेत्र है। इसका केन्द्र रीवाँ राज्य है, किंतु यह मध्यप्रांत के दमोह, जबलपुर, मांडला तथा बालाघाट के ज़िलों तक फैली हुई है। बघेली बोलनेवालों की संख्या लगभग ४६ लाख है। जिस तरह बुंदेलखंड के कवियों ने ब्रजभाषा को अपना रक्खा था, उसी तरह रीवाँ के दरबार में बघेली कविगण साहित्यिक भाषा के रूप में अवधी का आदर करते थे। नई खोज के अनुसार बघेली स्वतंत्र उपभाषा नहीं है, बल्कि अवधी का ही दक्षिणी रूप है।

८. **छत्तीसगढ़ी**—छत्तीसगढ़ी को लरिया या खल्ताही भी कहते हैं। यह मध्यप्रांत में रायपुर और बिलासपुर के ज़िलों तथा कांकेर, नंदगाँव, खैरागढ़, रायगढ़, कोरिया, सरगुजा, उदयपुर तथा जयपुर आदि राज्यों में भिन्न-भिन्न रूपों में बोली जाती है। छत्तीसगढ़ी बोलनेवालों की संख्या लगभग ३३ लाख है, जो डेनमार्क की जनसंख्या के बिल्कुल बराबर है। मिश्रित रूपों को मिलाकर बोलनेवालों की संख्या ३८ लाख के लगभग हो जाती है, जो स्विटज़रलैंड की जनसंख्या से टक्कर लेने लगती है। छत्तीसगढ़ी में पुराना साहित्य बिलकुल नहीं है। कुछ नई बाज़ारू किताबें अवश्य छपी हैं।

इ—बिहारी वर्ग

९. **भोजपुरी**—यह प्राचीन काशी जनपद की उपभाषा है। बिहार के शाहाबाद ज़िले में भोजपुर एक छोटा-सा क़स्बा और परगना है। इस उपभाषा का नाम इसी स्थान से पड़ा है, यद्यपि यह दूर-दूर तक बोली जाती है। भोजपुरी उपभाषा बनारस, मिर्ज़ापुर, जौनपुर, गाज़ीपुर, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़, शाहाबाद, चंपारन, सारन तथा छोटा नागपुर तक फैली हुई है। बोलनेवालों की संख्या पूरे दो करोड़ के लगभग है। भोजपुरी में साहित्य कुछ भी नहीं है। संस्कृत का केंद्र होने के अतिरिक्त काशी हिंदी साहित्य का भी प्राचीन केंद्र रहा है, अतः भोजपुरी से घिरे रहने पर भी इस उपभाषा का प्रयोग साहित्य में कभी नही किया गया। काशी में रहते हुए भी कविगण प्राचीन काल में ब्रज तथा अवधी में और आधुनिक काल में साहित्यिक खड़ीबोली हिंदी में लिखते रहे है।

१०. **मैथिली**—यह उपभाषा बिहार प्रांत में प्रधानतया गंगा के उत्तरी भाग में चंपारन-सारन ज़िलों को छोड़ कर शेष प्रदेश में बोली जाती है। मैथिली बोलनेवालों की संख्या लगभग १ करोड़ है। इसका केंद्र दरभंगा राज्य कहा जा सकता है।

इस उपभाषा का प्रयोग साहित्य-रचना के लिए भी हुआ है। संस्कृत के प्रसिद्ध लेखक विद्यापति ने मैथिली में भी कुछ रचना की थी। मिथिला तथा नेपाल के राजदरबारों में मैथिली पद मिश्रित संस्कृत नाटक भी लिखे गए थे। मैथिली की अपनी प्रादेशिक लिपि है, जो बंगाली लिपि से मिलती-जुलती है।

११. **मगही**—मगही उपभाषा बिहार प्रांत में गंगा के दक्षिण में शाहाबाद ज़िले को छोड़कर शेष प्रदेश के उत्तरी भाग में बोली जाती है। पटना, गया जिले इसके केंद्र माने जा सकते हैं। मगही बोलनेवालों की संख्या ६५ लाख है। इस उपभाषा का साहित्यिक महत्त्व नही है। प्रादेशिक रूप में लिखने में कैथी लिपि का प्रयोग होता है। मगही शब्द वास्तव में मागधी शब्द का अपभ्रंश रूप है।

ई—राजस्थानी वर्ग

१२. **मारवाड़ी**—मारवाड़ी-मेवाड़ी उपभाषाओं को पश्चिमी राजस्थानी कहा जा सकता है। यह बोली अरावली के पश्चिम और दक्षिण के भागों में प्रधानतया जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर तथा उदयपुर राज्यों में बोली जाती है। मारवाड़ी बोलने वालों की संख्या लगभग ६० लाख है। व्यापार के कारण मारवाड़ी वैश्य समस्त उत्तर भारत के नगरों में फैले पड़े हैं। पुरानी मारवाड़ी अथवा डिंगल में लिखा प्रचुर साहित्य उपलब्ध है।

१३. **जयपुरी**—पूर्वी राजस्थानी के अंतर्गत दो प्रधान उपभाषाएँ मिलती हैं, जयपुरी तथा हाड़ौती। ये उपभाषाएँ जयपुर तथा कोटा-बूंदी राज्यों में बोली जाती हैं। जयपुरी, हाड़ौती में विशेष साहित्य रचना नही हुई। पूर्वी राजस्थान के दरबारों ने ब्रजभाषा साहित्य को ही सदा प्रश्रय दिया। पूर्वी राजस्थानी बोलनेवालों की संख्या लगभग ३० लाख है।

१४. **मेवाती**—मेवाती तथा अहीरवाटी उपभाषाएँ उत्तर राजस्थान में अलवर राज्य तथा पूर्वी पंजाब के दक्षिणी भाग के गुड़गाँव जिले के निकटवर्ती प्रदेश में बोली जाती है। मेवाती का साहित्यिक महत्त्व कभी नही रहा। इसके बोलनेवालों की संख्या १६ लाख के लगभग है। मेवाती पर ब्रजभाषा तथा अहीरवाटी पर बांगरू या खड़ीबोली का प्रभाव स्पष्ट है।

१५. **मालवी**—मालवी अर्थात् मालवा की उपभाषा राजस्थानी वर्ग के अंतर्गत है। इसे दक्षिणी राजस्थानी कहा जा सकता है। इसका केंद्र मध्यप्रदेश का इंदौर का निकटवर्ती प्रदेश है। मालवी बोली का भी साहित्यिक महत्त्व नहीं है। इसके बोलनेवालों की संख्या ४४ लाख के लगभग है।

उ—पहाड़ी वर्ग

१६. **पहाड़ी उपभाषाएँ**—पहाड़ी वर्ग के अंतर्गत अनेक उपभाषाएँ तथा बोलियाँ हैं, जिन्हें तीन भागों में वर्गीकृत किया जाता है: (क) पश्चिमी पहाड़ी, (ख) मध्य पहाड़ी तथा (ग) पूर्वी पहाड़ी। समस्त पहाड़ी उपभाषाओं के बोलनेवालों की संख्या २८ लाख के लगभग है।

पश्चिमी पहाड़ी बोलियों का समूह शिमला के निकटवर्ती प्रदेश में बोला जाता है। इन बोलियों का कोई सर्वमान्य मुख्य रूप नहीं है, न इनमें साहित्य ही पाया जाता है। इस प्रदेश में तीस से अधिक बोलियों का पता चला है जिनमें उत्तर प्रदेश के जौनसार-बाबर प्रदेश की बोली जौनसारी, शिमला पहाड़ की बोली क्योंथली, कुलू प्रदेश की कुलूई और चंबा राज्य की चंबाली मुख्य है। चंबोली बाली की लिपि भिन्न है। शेष टाकरी या टक्करी लिपि में लिखी जाती हैं। पश्चिमी पहाड़ी प्रदेश में हिंदी ही साहित्यिक भाषा के रूप में चलती है।

मध्य पहाड़ी के दो मुख्य भेद हैं—१—कुमायूंनी, जो अलमोड़ा नैनीताल प्रदेश की बोली है और २—गढ़वाली, जो गढ़वाल राज्य तथा मसूरी के निकटवर्ती पहाड़ी प्रदेश में बोली जाती है। इन दोनों उपभाषाओं का साहित्यिक महत्त्व नहीं है। यहाँ के लोगों ने साहित्यिक व्यवहार के लिए पूर्ण रूप से साहित्यिक हिंदी को अपना लिया है।

पूर्वी पहाड़ी नैपाल की उपभाषा है। इसे नैपाली, पर्वतिया, गुरखाली तथा खसकुरा भी कहते हैं। पूर्वी पहाड़ी या नेपाली का विशुद्ध रूप काठमांडू की घाटी में बोला जाता है। इसमें कुछ साहित्य रचना हुई है और नेपाल राज्य की संरक्षिता के कारण वर्तमान समय में भी इसको प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

गोरखा सिपाहियों के कारण यूरोपीय विद्वानों का ध्यान इसकी ओर विशेष गया। नेपाली भाषा का अध्ययन जर्मन तथा रूसी विद्वानों ने विशेष किया है। यह देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। नेपाल राज्य की अधिकांश प्रजा की भाषाएँ तिब्बती-चीनी कुल की हैं, जिनमें नेवार जाति के लोगों की भाषा नेवारी मुख्य है। नेपाल में साहित्यिक हिंदी का महत्व समझा जाता है।

संक्षेप में हम कह सकते है कि उत्तर प्रदेश में पाँच मुख्य उपभाषाएँ बोली जाती हैं : अर्थात् मेरठ-बिजनौर की खड़ीबोली, मथुरा-आगरा की ब्रजभाषा, लखनऊ-फैज़ाबाद की अवधी, बनारस-गोरखपुर की भोजपुरी तथा पहाड़ी प्रदेश की गढ़वाली कुमायूंनी। कनौजी बोली पूर्वी ब्रजभाषा मात्र है।

दिल्ली राज्य की बांगरू बोली खड़ीबोली का सरहदी रूप है। उत्तर प्रदेश की झाँसी कमिश्नरी तथा मध्यप्रदेश में बुंदेली, बघेली और छत्तीसगढ़ी का क्षेत्र है, जिनके केंद्र क्रम से झाँसी, रीवाँ तथा रायपुर हैं। राजस्थान की प्रधान उपभाषा मारवाड़ी है तथा जयपुरी, मेवाती और मालवी राजस्थानी वर्ग की अन्य गौण उपभाषाएँ हैं। बिहार प्रांत में मैथिली तथा मगही उपभाषाएँ बोली जाती हैं। हिन्दी प्रदेश की उपर्युक्त उपभाषाओं में खड़ीबोली साहित्यिक हिंदी वर्तमान समय में इस समस्त प्रदेश की प्रधान साहित्यिक भाषा है। खड़ीबोली साहित्यिक हिंदी ही भारत संघ की राजभाषा स्वीकृत हो गई है।

इस प्रदेश की गौण साहित्यिक भाषाएँ निम्नलिखित रही हैं : ब्रजभाषा, अवधी, मारवाड़ी या डिंगल, मैथिली तथा खड़ीबोली की उर्दू शैली।

उ—हिंदी शब्दसमूह[1]

शब्द-समूह की दृष्टि से प्रत्येक भाषा [illegible] से खिचड़ी होती है। किसी भी भाषा के संबंध में यह नहीं कहा जा सकता कि वह अपने आदि विशुद्ध रूप में आज तक चली जाती है। भाषा के माध्यम की सहायता से दो व्यक्ति अथवा समुदाय अपने विचार एक-दूसरे पर प्रकट करते हैं; अतः भाषा का मिश्रित होना उसका स्वभाव ही समझना चाहिए। भाषा के संबंध में 'विशुद्ध' शब्द से केवल इतना ही तात्पर्य हो सकता है कि किसी विशेष काल अथवा देश में उसका यह विशेष रूप प्रचलित था या है। उन्हीं अवस्थाओं में वह भाषा विशुद्ध कहला सकती है, दूसरे देश अथवा उसी देश में दूसरे काल में उसी भाषा का रूप बदल जायगा और तब इस परिवर्तित रूप को ही 'विशुद्ध' की उपाधि मिल सकेगी। यदि भरतपुर के गाँव में आजकल 'का खन उतरे हे ह्याँ' कहना विशुद्ध भाषा का प्रयोग करना है तो मेरठ जिले में इसी पर लोगों को हँसी आ सकती है। मेरठ में, 'कब उत्रे थे ह्याँ' ऐसा कहना ही शुद्ध भाषा का प्रयोग करना हो सकता है। भरतपुर के उसी गाँव में पाँच सौ वर्ष बाद यही बात किसी दूसरे 'विशुद्ध' रूप में कही जायगी और पाँच सौ वर्ष पहले कदाचित् भिन्न 'विशुद्ध' रूप में कही जाती रही होगी। अतः अन्य समस्त भाषाओं के समान ही हिन्दी शब्द-समूह में भी अनेक जीवित तथा मृत भाषाओं का संग्रह मौजूद है।

साधारणतया हिंदी शब्द-समूह तीन श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है:

क—भारतीय आर्यभाषाओं का शब्द-समूह।

ख—भारतीय अनार्यभाषाओं से आए हुए शब्द।

ग—विदेशी भाषाओं के शब्द।

क—भारतीय आर्यभाषाओं का शब्द-समूह

१. **तद्भव**—हिंदी शब्द-समूह में सबसे अधिक संख्या उन शब्दों की है, जो प्राचीन आर्यभाषाओं से मध्यकालीन भाषाओं में होते हुए चले आ रहे हैं। वैयाकरणों की परिभाषा में ऐसे शब्दों को 'तद्भव' कहते हैं, क्योंकि ये संस्कृत से उत्पन्न माने जाते थे। इनमें से अधिकांश का संबंध संस्कृत शब्दों से अवश्य जोड़ा जा सकता है। किंतु जिन शब्दों का संबंध संस्कृत से नहीं जुड़ता, उनमें ऐसे शब्द भी हो सकते हैं जिनका उद्गम प्राचीन

---

[1] चै०, बें० लें०, ४, ११-१२३; लि० स०, भूमिका, पृ० १२७।

भारतीय आर्यभाषा के ऐसे शब्दों से हुआ हो जिनका व्यवहार इसके साहित्यिक रूप संस्कृत में न होता हो। अतः तद्भव शब्द का संस्कृत शब्द से संबंध निकल आना अनिवार्य नहीं है। इस श्रेणी के शब्द प्रायः मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं में होकर हिंदी तक पहुँचे हैं, अतः इनमें से अधिकांश के रूपों में बहुत परिवर्तन हो जाना स्वाभाविक है। जनता की बोलियों में तद्भव शब्द बहुत बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। साहित्यिक हिंदी में इनकी संख्या कम होती जाती है, क्योंकि ये गँवारू समझे जाते हैं। वास्तव में ये असली हिंदी शब्द हैं और इनके प्रति विशेष ममता होनी चाहिए। कृष्ण की अपेक्षा 'कान्हा' व 'कन्हैया' हिन्दी का अधिक सच्चा शब्द है।

२. **तत्सम**—साहित्यिक हिंदी में तत्सम अर्थात् प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के साहित्यिक रूप अर्थात् संस्कृत के विशुद्ध शब्दों की संख्या सदा से अधिक रही है। आधुनिक साहित्यिक भाषा में तो यह संख्या और भी अधिक बढ़ती जा रही है। इसका कारण कुछ तो नवीन भाषा की आवश्यकताएँ हैं, किन्तु अधिकतर विद्वत्ता प्रकट करने की आकांक्षा इसके मूल में रहती है। अधिकांश तत्सम शब्द आधुनिक काल में हिंदी में आए हैं। कुछ तत्सम शब्द ऐसे भी हैं, जो साहित्यिक दृष्टि से तद्भव शब्दों के बराबर ही प्राचीन हैं; किंतु ध्वनियों की दृष्टि से सरल होने के कारण इनमें परिवर्तन करने की कभी आवश्यकता नहीं पड़ी। जो संस्कृत शब्द आधुनिक काल में विकृत हुए हैं, वे 'अर्द्धतत्सम' कहलाते हैं, जैसे 'कान्हा' तद्भव रूप है, क्योंकि संस्कृत 'कृष्ण' को लेकर यह आधुनिक समय में ही बिगाड़ कर बनाया गया है।

बंगाली, मराठी, पंजाबी आदि आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं से आए हुए शब्द हिंदी में बहुत कम हैं, क्योंकि हिंदी-भाषी लोगों ने संपर्क में आने पर भी इन भाषाओं को बोलने का कभी उद्योग नहीं किया। इन अन्य भाषाओं के शब्द-समूह पर हिंदी की छाप अधिक गहरी है।

ख—भारतीय अनार्यभाषाओं से आए हुए शब्द

हिंदी के तत्सम और तद्भव शब्द-समूह में बहुत से शब्द ऐसे हैं, जो प्राचीन काल में अनार्यभाषाओं से तत्कालीन आर्यभाषाओं में ले लिए गए थे। हिंदी के लिए वास्तव में ये आर्यभाषा के ही शब्द के समान हैं। प्राकृत वैयाकरण जिन प्राकृत शब्दों को संस्कृत शब्द-समूह में नहीं पाते थे, उन्हें 'देशी' अर्थात् अनार्यभाषाओं से आये हुए शब्द मान लेते थे। इन वैयाकरणों ने बहुत से बिगड़े हुए तद्भव शब्दों को भी देशी समझ रक्खा था। तामिल, तेलगू आदि द्राविड़ या मुंडा, कोल आदि अन्य अनार्यभाषाओं से आधुनिक काल में आए हुए शब्द हिंदी में बहुत कम हैं।

द्राविड़ भाषाओं से आए हुए शब्दों का प्रयोग हिंदी में प्राय: बुरे अर्थों में होता है। द्राविड़ 'पिल्लै' शब्द का अर्थ पुत्र होता है, वही शब्द हिंदी में 'पिल्ला' होकर कुत्ते के बच्चे के अर्थ में प्रयुक्त होता है। मूर्द्धन्य वर्ण से युक्त कुछ शब्द यदि सीधे द्राविड़ से नहीं आए हैं, तो कम से कम उन पर द्राविड़ भाषाओं का प्रभाव तो बहुत ही पड़ा है। मूर्द्धन्य वर्ण द्राविड़ भाषाओं की विशेषता है। कोल भाषाओं का हिंदी पर प्रभाव उतना स्पष्ट नहीं है। हिंदी में बीस-बीस करके गिनने की प्रणाली कदाचित् कोल भाषाओं से आई है। कोड़ी शब्द स्वयं कोल भाषाओं से आया मालूम पड़ता है। इस तरह के कुछ शब्द और भी हैं।[1]

ग—विदेशी भाषाओं के शब्द

सैकड़ों वर्षों से विदेशी शासन में रहने के कारण हिंदी पर कुछ विदेशी भाषाओं का प्रभाव भारतीय भाषाओं की अपेक्षा भी अधिक पड़ा है। यह प्रभाव दो श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है : (१) मुसलमानों प्रभाव, (२) यूरोपीय प्रभाव। किंतु दोनों प्रकार के प्रभावों में सिद्धांत रूप से बहुत कुछ समानता है। मुसलमानों तथा अंग्रेजों, दोनों के शासक होने के कारण एक ही ढंग का शब्द-समूह इनकी भाषाओं से हिंदी में आया है। विदेशी शब्दों को हम दो मुख्य श्रेणियों में रख सकते है :

(क) विदेशी संस्थाओं, जैसे कचहरी, फ़ौज, स्कूल धर्म आदि से संबंध रखने वाले शब्द।

(ख) विदेशी प्रभाव के कारण आई हुई नई वस्तुओं के नाम, जैसे नए पहनावे, खान, यंत्र तथा खेल आदि की वस्तुओं के नाम।

१. फ़ारसी, अरबी, तुर्की तथा पश्तो शब्द—१००० ई० के लगभग फ़ारसी बोलनेवाले तुर्कों ने पंजाब पर कब्ज़ा कर लिया था, अत: इनके प्रभाव से तत्कालीन हिंदी प्रभावित होने लगी थी। रासो तक में फ़ारसी शब्दों की संख्या कम नहीं है। १२०० ई० के बाद लगभग ६०० वर्ष तक हिंदी-भाषी जनता पर तुर्क, अफ़गान, तथा मुग़लों का शासन रहा, अत: इस समय सैकड़ों विदेशी शब्द गाँव की बोली तक में घुस आए। तुलसी और सूर जैसे वैष्णव महाकवियों की विशुद्ध हिंदी भी विदेशी शब्दों के प्रभाव से मुक्त नहीं रह सकी। हिंदी में प्रचलित विदेशी शब्दों में सबसे अधिक संख्या फ़ारसी की है, क्योंकि समस्त मुसलमान शासकों ने चाहे वे किसी भी नसल के क्यों न हों, फ़ारसी को ही दरबारी तथा

---

[1] बंगाली में प्रयुक्त टवर्ग से युक्त देशी शब्दों के लिए देखिए चै०, बें० ल०, २६८-२७२।

साहित्यिक भाषा की तरह अपना रक्खा था। अरबी तथा तुर्की[1] आदि के जो शब्द हिंदी में मिलते हैं, वे फ़ारसी से होकर ही हिंदी में आए हैं।

२. **यूरोपीय भाषाओं के शब्द**—लगभग १५०० ई० से यूरोप के लोगों का भारत में आना-जाना प्रारंभ हो गया था, किंतु करीब तीन सौ वर्ष तक हिंदी-भाषी इनके संपर्क में अधिक नहीं आए, क्योंकि यूरोपीय लोग समुद्र के रास्ते से भारत में आये थे, अतः इनका कार्य-क्षेत्र प्रारम्भ में समुद्र तटवर्ती प्रदेशों में ही विशेष रहा। इसी कारण प्राचीन हिंदी साहित्य में यूरोपीय भाषाओं के शब्द नहीं के बराबर हैं। १८०० ई० के लगभग हिंदी-भाषी प्रदेश मुगलों के हाथ से निकल कर अंग्रेजी शासन में चला गया। गत सौ-सवा-सौ वर्ष में हिंदी शब्द-समूह पर अंग्रेजी भाषा का पर्याप्त प्रभाव पड़ा है।[2]

---

[1] हिंदुस्तान के ग़ज़नी, ग़ोर और ग़ुलाम आदि आरंभ के वंशों के मुसलमानी बादशाहों तथा भारतीय मुग़ल साम्राज्य के संस्थापक बाबर की मातृभाषा मध्य एशिया की तुर्की भाषा थी। टर्की इसी तुर्की की एक शाखा मात्र है। इस्लाम धर्म तथा ईरानी सभ्यता के प्रभाव के कारण इन तुर्की बोलनेवाले बादशाहों के समय में भी उत्तर-भारत में इस्लामी साहित्य की भाषा फ़ारसी और इस्लामी धर्म की भाषा अरबी रही, तो भी भारतीय फ़ारसी पर तथा उसके द्वारा आधुनिक आर्यभाषाओं पर तुर्की शब्द-समूह का कुछ प्रभाव अवश्य पड़ा। हिंदी में प्रचलित तुर्की शब्दों की एक सूची नीचे दी जा रही है :—

आक़ा (मालिक), उजबक (मूर्ख), उर्दू, कलगी, कैंची, काबू, कुली, कोर्मा, ख़ातून (स्त्री), खां, ख़ानुम (स्त्री), गलीचा, चकमक (पत्थर), चाकू, चिक, तमगा, तगार, तुरुक, तोप, दरोग़ा, बख़्श, बावर्ची, बहादुर, बीबी, बेगम बकचा, मुचलका, लाश, सौगात, सुराख़-ची, (जैसे मशालची, खजांची, इत्यादि)।

पठान और रोहिला (रोह-पहाड़) शब्द पश्तो के हैं।

[2] हिंदी के विदेशी शब्द-समूह में फ़ारसी के बाद अंग्रेजी शब्दों की संख्या सबसे अधिक है। अब भी नए अंग्रेजी शब्द आ रहे हैं। अतः इनकी पूर्ण सूची बन सकना अभी संभव नहीं है। तो भी अंग्रेजी विदेशी शब्दों की एक विस्तृत सूची नीचे दी जा रही है। इन शब्दों में से कुछ तो गाँवों तक में पहुँच गए हैं। इस सूची में बहुत शब्द ऐसे भी हैं, जो अंग्रेजी संस्थाओं या अंग्रेजी पढ़े-लिखे लोगों से संपर्क में आने के कारण केवल शहर के रहने वाले बेपढ़े लोगों के मुंह से ही सुन पड़ते हैं। कुछ शब्द कई रूपों में व्यवहृत होते हैं, किन्तु उनका अधिक प्रचलित रूप ही दिया गया है।

अंजन, अक्तूबर, अगिन (?) बोट, अटेलियन, अपरप्रैमरी, अपील, अप्रैल, अफ़सर, अमरीका, अर्दली, अलबम, अस्पताल, असंबली।

संपर्क में आने पर भी आवश्यक विदेशी शब्दों को अछूत-सा मान कर न अपनाना अस्वाभाविक है। यत्न करने पर भी यह कभी संभव नहीं हो सका है। अनावश्यक

आइलैंड, आपरेशन, आर्डर, आफ़िस।

इंसपेक्टर, इंच, इंजीनियर, इंटर, इंट्रेंस, इटली, इनकमटैक्स, इस्टैंचर, इस्प्रस इस्काउट, इस्काटलैंड, इस्कूल, इस्पिरिट, इस्पेन, इस्पेशल, इस्टूल, इस्टीमर, इस्क्रू, इस्प्रिंग, इस्टाम्प, इस्पीच, इस्पेलिंग, एजंट, एजेंसी, एरन, ए० फे०, ए० मे०, एडवर्ड, ऐक्ट, ऐक्टर, ऐक्टिंग, ऐलबलाथ, ओवरकोट, ओवरसियर, औट।

कलट्टर, कमिश्नर, कमीशन, कंपनी, कलंडर, कंपोंडर, कफ़, कटपीस, कर्नेल, कमेटी, कैंटूनमिंट, कस्टरऐल, कंपू, कान्फ्रेंस, कापी, कालर, काँजी (?) हौज, काग, कारड, कार्निस, कांग्रेस, कामा, कालिज, कानिस्टबल, क्वाटर, किलब, किरकिट किलास, किलर्क, किलिप, कुत्तार, कुहला, कूपन, कुर्नेन, केक, केतली, कैंच, (-औट), कोट, कोरम, कोरट, कोको-जम, (कोको-पुर्तगाली), कोको, कोचवान, कौंसिल।

गजट, गर्डर, गाटर, गार्ड, गिरमिट, गिलास, गिल्ट, गिन्नी, गोपाल, (वार्निश) गेट, गेटिस, गैस, गौन।

घासलेटी।

चाक, चाकलेट, चिमनी, चिक, चिट, चुरट (तामिल—शुरुट्ट), चेर, चैरमैन, चैन।

जंटलमैन, जंट, जंपर, जमनास्टिक, जज, जर्मनी, जर्नेल, जनवरी, जर्नल-मर्चेन्ट, जाकट, जार्ज, जुलाई, जून, जेल, जेलर।

टन, टब, ट्रंक, ट्राली, ट्राइस्किल, ट्रांबे, टिकट, टिकस, टिमाटर, टिंपरेचर, टिफिन, टीम, टीन, टुइल, ट्यूब, टेम, टेनिस, टेबिल, टेसन, टेलीफून, ट्रेन, टैर, टैमटेबिल, टोल, टौनहाल।

ठेठर।

डबल, डबलमार्च, डंबल, डाक्टर, ड्रामा, डायरी, डिकशनरी, डिप्टी, डिस्ट्रिकबोर्ड, डिगरी, डिरैक्टर, डिमारिज, डिकस, डिपलोमा, डिउटी, ड्रिल, डीपो, डेरी, डमनकाट, डौन।

तारकोल।

थर्ड, थर्मामेटर।

दर्जन, दलेल (ड्रिल), दराज, दिसम्बर।

नर्स, नकटाई, नवंबर, नंबर, नाविल, निकर, निब, निकलस, नोट, नोटिस, नोटबुक।

पिंसिजर, पल्टन, परेड, पलस्तर, पतलून, पंक्चर, पंप, पाकट, पारक, पालिस, पार्टी, पापा, पाट, पार्सल, पास, प्राइमरी, पिलाट, पिलीडर, पिंसन, पिंसिल, पियानो, पिलेट,

विदेशी शब्दों का प्रयोग करना दूसरी अति है। मध्यम मार्ग यही है कि अपनी भाषा के ध्वनि-समूह के आधार पर विदेशी शब्दों के रूप में परिवर्तन करके उन्हें आवश्यकतानुसार सदा मिलाते रहना चाहिये। इस प्रकार शुद्धि करने के उपरांत लिए गए विदेशी शब्द जीवित भाषाओं के शब्द-भंडार को बढ़ाने में सहायक ही होते हैं।

पिलेट-फार्म, पिट्रोल, पिन, पियरमेंट, पिजन, पुलिटस, पुरफेसर, पुलिस, पुर्तगाल, पुटीन, पेटीकोट, प्रेस, प्रेसीडेंट, पैसा, पैप, पेंट, पेंटमैन, पोलो, पोसकार्ट, पौंड, पौडर।

फर्श, फर्स्ट, फाउंटेन, फटरी, फरजांग, फारम, फिरांस, फिनैल, फिटन, फिराक, फोज, फुटबाल, फुटबूट, फुट, फेज, फ्रेन, फैर, फैशन, फैशनेबिल, फोटो, फोटोगिराफी, फोनोग्राफ।

बंक, बम, बटेलियन, बरांडी, बटन, बकस, बग्घी, बबूकाट, बनयाइन, बाडिस, बारिक, बालिस्टर, बास्कट, बिल्टी, बिलडिंग, बिगुल, बिरजिस, बिरीटस, बिराग, बिलूबिलैक, बिंच, बी० ए०, बुसेलर, बुजदाग, बुरुस, बूट, बैंड, बैरंग, बैस्कोप, बैरिकल, बैंट, बैरा, बोट, बोरड, बोर्डिंग।

मसीन, मजिस्ट्रेट, मनीबेग, मनीआर्डर, मई, मन, मकजर, मलेरिया, मशीनगन, मनेजर, मटन, माचिस, मास्टर, मारकीन, मिस, मिनीमुपिल्टी, मिनट, मिस्मरेजम, मिल, मिसनरी, मिक्सचर, मीटिंग, मेजर, मेम, मेंबर, मैट, मोटर।

रंगरूट, रबड़, रसीद, रपट, रन, रजोल्यिट, रासन, रिजिस्ट्री, रिजिस्टर, रिजिस्ट्रार, रिजल्ट, रिटाइर, रिवालवर, रिकार्ड, रिबिट, रोडर, रूल, रेजीडेन्सी, रेस, रेल, रैकट, रैफिल, रोड।

लंकलाट, लंच, लफटंट, लवलेट, लंबर, लबंडर, लंच, लाटरी, लाट, लाइब्रेरी, लालटेन, लाल, लेन, लेटरबक्स, लेक्चर, लेविज, लैंडो, लैन, लैरकिलियर, लैपंस, लैस, लैमनजूस, लैमुनेड, लोट (नोट), लोकल (गाड़ी), लोअरप्रैमरी।

वारनिश, वास्कट, वाइल, वारंट, वायलिन, वालंटियर, वाइसराय, विक्टोरिया, वी० पो०, वेटिंगरुम, वोट, वैसलीन।

सम्मन, सर्जन, सरज, संटरजेल, संतरी, सरकस, सब-(जज), सरविस, सार्टीफिकेट, साईस, सिगरट, सिंजिन, सिरक, सिविट, सितम्बर, सितुर, सिगल, सिजोर, सिलेट, सिट (बटन), सिविलसर्जन, सुइटर, सुपरडेंट, सूट, सूटकेस, सेशन, सेफटीपिन, सेकिंड, सैंपुल, सोप, सोडावाटर।

हरीकेन (लालटेन), हाईकोर्ट, हाईस्कूल, हारमुनियम, हाकी, हाल, हाइड्राइड, हिट, हिस्टीरिया, ह्विस्की, हिस्ट्र, हुड, हुक, हुर्रे, हेडमास्टर, हैट, होजडर, होटल, होमोपैथी।

कुछ पुर्तगाली,[1] डच तथा फ्रांसीसी[2] शब्द भी हिंदी ने ऐसे अपना लिए हैं कि वे सहसा विदेशी नहीं मालूम होते।

ऊ—हिंदी प्रदेश की उपभाषाओं का विकास

यह ऊपर बतलाया जा चुका है कि १००० ई० के बाद मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा के अंतिम रूप अपभ्रंश भाषाओं ने धीरे-धीरे बदल कर आधुनिक भारतीय आर्य-भाषाओं का रूप ग्रहण कर लिया और गंगा की घाटी में प्रयाग या काशी तक बोली जाने वाली शौरसेनी अर्द्धमागधी अपभ्रंशों ने हिंदी प्रदेश के समस्त प्रधान रूपों को जन्म दिया। गत एक सहस्र वर्ष में हिंदी भाषा किस तरह विकसित होती गई तथा उसके अध्ययन के लिए क्या सामग्री उपलब्ध है, इसी का यहां संक्षेप में वर्णन करना है।

हिंदी प्रदेश की उपभाषाओं के विकास का इतिहास साधारणतया तीन मुख्य कालों में विभक्त किया जा सकता है :

---

[1] हिंदी में कुछ पुर्तगाली शब्द आ गये हैं, किंतु इनकी संख्या बहुत अधिक नहीं है। पुर्तगाली शब्दों का इतनी संख्या में भी हिंदी में पाया जाना आश्चर्यजनक है। हिंदी में प्रचलित पुर्तगाली शब्दों की सूची नीचे दी जा रही है :

अनन्नास, अलमारी, अचार, आलपीन, आया, इस्पात, इस्त्री, कमीज, कप्तान, कनिस्तर, कमरा, काज, काफी, काजू, काकातुआ, किस्तान, किरच, गमला, गारद, गिर्जा, गोभी, गोदाम, चाबी, तंबाकू, तौलिया, तौजा, नीलाम, परात, परेक, पाउ (रोटी), पादरी, पिस्तौल, पोपा, फर्मा, फीता, फ्रांसीसी, बर्गा, बरतिस्मा, बालटी, बिसकुट, बुताम, बोतल, मस्तूल, मिस्त्री, मेज, यशू, लबादा, संतरा, साया, साबू।

बंगाली भाषा में आने पर पुर्तगाली शब्दों के ध्वनि-परिवर्तन-संबंधी विस्तृत विवेचन के लिए देखिए, चै०, बें० लें०, अ० ७।

पुर्तगाल के लोगों को अपेक्षा फ्रांसीसियों से हिंदुस्तानियों का कुछ अधिक संपर्क रहा था; किंतु फ्रांसीसी शब्द हिंदी में दो-चार से अधिक नहीं हैं। यही अवस्था डच भाषा के शब्दों की है। इसके कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं :

फ्रांसीसी : कारतूस, कूपन, अंग्रेज।

डच : तुरुप, बम (गाड़ी का)।

जर्मन आदि अन्य यूरोपियन भाषाओं के शब्द हिंदी में कदाचित् बिलकुल नहीं हैं। कम से कम अभी तक पहिचाने नहीं जा सके हैं। 'अरबी' शब्द यदि अंग्रेजी में नहीं आया है तो स्पेनिश हो सकता है।

(क) प्राचीन काल (१५०० ई० तक)—जब अपभ्रंश तथा प्राकृतों का प्रभाव हिंदी प्रदेश की उपभाषाओं पर मौजूद था तथा साथ ही हिंदी प्रदेश की उपभाषाओं के निश्चित स्पष्ट रूप विकसित नहीं हो पाए थे।

(ख) मध्यकाल (१५००–१८०० ई०)—जब हिंदी प्रदेश की उपभाषाओं से अपभ्रंशों का प्रभाव बिलकुल हट गया था और हिंदी प्रदेश की उपभाषाएँ, विशेषतया खड़ीबोली, ब्रज और अवधी, अपने पैरों पर स्वतन्त्रतापूर्वक खड़ी हो गई थीं।

(ग) आधुनिक काल (१८०० ई० के बाद)—जब से हिंदी प्रदेश की उपभाषाओं के मध्य-काल के रूप में परिवर्तन आरंभ हो गया है तथा साहित्यिक प्रयोग की दृष्टि से खड़ीबोली ने हिंदी प्रदेश की अन्य उपभाषाओं को दबा दिया है।

इन तीनों कालों को क्रम से लेकर तत्कालीन परिस्थिति, भाषा-सामग्री तथा भाषा के रूप पर संक्षेप में नीचे विचार किया गया है।

क—प्राचीन काल (१५०० ई० तक)

हिंदी प्रदेश की उपभाषाओं का इतिहास जिस समय प्रारंभ होता है, उस समय हिंदी प्रदेश तीन राज्यों में विभक्त था और इन्हीं तीन केन्द्रों से हम आधुनिक भाषा सम्बन्धी सामग्री पाने की आशा कर सकते हैं। पश्चिम में तोमरवंश की राजधानी दिल्ली थी। पृथ्वीराज के समय में अजमेर चौहान वंश का राज्य भी इसमें सम्मिलित हो गया था। दिल्ली राज्य की सीमाएँ पश्चिम में पंजाब के मुसलमानी राज्य से मिली हुई थीं। दक्षिण-पश्चिम में राजस्थान के राजपूत राज्यों से इसकी घनिष्टता थी, किंतु पूरब की सीमा पर सदा घरेलू युद्ध होते रहते थे। नरपति नाल्ह तथा चंद कवि का संबंध क्रम से अजमेर और दिल्ली से था। चौहान राज्य के पूर्व में राठौर अथवा गहरवार वंश की राजधानी कन्नौज थी और इस राज्य की सीमाएँ अयोध्या तथा काशी तक चली गई थीं। कन्नौज के अंतिम सम्राट् जयचंद का दरबार साहित्य-चर्चा का मुख्य केंद्र था, किन्तु यहाँ 'भाषा' की अपेक्षा संस्कृत तथा प्राकृत का कदाचित् विशेष आदर था। संस्कृत के अन्तिम महाकाव्य 'नैषधीयचरितम्' के लेखक श्रीहर्ष जयचन्द के दरबार में ही राजकवि थे। कन्नौज के दरबार में भाषा-साहित्य की चर्चा भी रही होगी, किंतु प्राचीन कन्नौज नगर के पूर्णरूप से नष्ट हो जाने के कारण इस केंद्र की सामग्री अब बिलकुल ही उपलब्ध नहीं है। इन दोनों राज्यों के दक्षिण में महोबा का प्रसिद्ध राज्य था। आल्ह खंड के लेखक महोबा के राजकवि जगनायक या जगनिक का नाम तो आज तक प्रसिद्ध है, किंतु इस महाकवि की मूलकृति का अब पता नहीं चलता।

११९१ ई० तक मध्यदेश के ये तीनों अंतिम हिंदू राज्य मौजूद थे, किंतु इसके बाद दस-बारह वर्ष के अन्दर ही ये तीनों राज्य नष्ट हो गए। ११९१ में मुहम्मद गोरी ने

पानीपत के निकट पृथ्वीराज को हरा कर दिल्ली पर अधिकार कर लिया। अगले वर्ष इटावा के निकट जयचंद की हार हुई। कन्नौज से लेकर काशी तक का प्रदेश विदेशियों के हाथों में चला गया। शीघ्र ही महोबा पर भी मुसलमानों ने कब्जा कर लिया। इस तरह समस्त हिंदी प्रदेश पर विदेशी शासकों का आधिपत्य हो गया। विकसित होती हुई नवीन उपभाषाओं के लिए यह बड़ा भारी धक्का था, जिसके प्रभाव से ये अब तक भी मुक्त नहीं हो सकी हैं। हिंदी प्रदेश की भाषा के इतिहास के संपूर्ण प्राचीन काल में मध्यदेश पर तथा उसके बाहर शेष उत्तर भारत पर भी तुर्की सुल्तानों का साम्राज्य कायम रहा (१२०६-१५२६ ई०)। इन सम्राटों की मातृभाषा तुर्की थी तथा दरबार की भाषा फ़ारसी थी। इन विदेशी शासकों की रुचि जनता की भाषा तथा संस्कृत के अध्ययन करने की ओर बिलकुल हो न थी, अतः तीन-सौ वर्ष से अधिक इस साम्राज्य के कायम रहने पर भी दिल्ली के राजनीतिक केन्द्र से हिंदी प्रदेश की उपभाषाओं की उन्नति में बिलकुल ही सहायता नहीं मिल सकी। इस काल में केवल अमीर खुसरो ने मनोरंजन के लिए भाषा से कुछ प्रेम दिखलाया था। इस काल के अंतिम दिनों में पूर्वी मध्यदेश में धार्मिक आंदोलन के कारण भाषा में कुछ काम हुआ, किंतु इसका संबंध तत्कालीन राज्य से बिलकुल हो न था। राज्य की ओर से सहायता की अपेक्षा कदाचित् बाधा ही विशेष मिली। इस प्रकार के आंदोलनों में गोरखनाथ, रामानंद तथा उनके प्रमुख शिष्य कबीर के संप्रदाय उल्लेखनीय हैं।

हिंदी भाषा के इस प्राचीन काल की सामग्री नीचे लिखे भागों में विभक्त की जा सकती है:—

१. शिलालेख, ताम्रपत्र तथा प्राचीन पत्र आदि।

२. अपभ्रंश काव्य।

३. चारण-काव्य, जिसका आरंभ गंगा की घाटी में हुआ था, किंतु राजनीतिक उथल-पुथल के कारण बाद को प्रायः राजस्थान में लिखे गए तथा धार्मिक ग्रंथ व अन्य काव्य-ग्रंथ।

४. हिंदवी अथवा पुरानी खड़ीबोली में लिखा साहित्य।

विदेशी शासन होने के कारण इस काल में प्रादेशिक उपभाषाओं में लिखे शिलालेखों तथा ताम्रपत्रों आदि के अधिक संख्या में पाए जाने की संभावना बहुत कम है। इस संबंध में विशेष खोज भी नहीं की गई है, नहीं तो कुछ सामग्री अवश्य ही उपलब्ध होती।[1] हिंदी प्रदेश की भाषा के सबसे प्राचीन नमूने पृथ्वीराज तथा समरसिंह के दरबारों से संबंध

---

[1] मध्यप्रांत के हिंदी शिलालेखों के संबंध में देखिए, श्री हीरालाल का 'हिंदी के शिलालेख और ताम्रलेख' शीर्षक लेख (ना० प्र० प०, भा० ६, सं० ४)।

रखने वाले पत्रों के रूप में समझे जाते थे,[1] जिनको नागरी प्रचारिणी सभा ने प्रकाशित किया था, किंतु ये अप्रमाणिक सिद्ध हुए।

पीतांबरदत्त बर्थवाल[2] तथा श्री राहुल सांकृत्यायन[2] ने नाथपंथ तथा वज्रयानी सिद्ध-साहित्य की ओर हिंदी पाठको का ध्यान पहले-पहल आकर्षित किया, तथा बहुत-सी नवीन सामग्री भी ये विद्वान् प्रकाश में लाए। इस सामग्री की प्राचीनता तथा प्रामाणिकता की अभी पूर्ण परीक्षा नहीं हो पाई है। इन कवियों का समय ७०० ई० से १३०० ई० के बीच में माना जाता है, किन्तु इनकी रचनाओं का वर्तमान रूप भी उसी समय का है; यह विचारणीय है। प्रारंभिक सिद्धों की कृतियों की भाषा स्पष्टतया अपभ्रंश (मागधी) है।

चंद्रधर शर्मा गुलेरी ने 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका', भाग २, अंक ४ मे 'पुरानी हिंदी' शीर्षक लेख में जो नमूने दिए हैं, वे प्रायः गंगा की घाटी के बाहर के प्रदेशों में बने ग्रंथों के हैं, अतः इनमें हिंदी के प्राचीन रूपों का कम पाया जाना स्वाभाविक है। अधिकांश उदाहरणों की भाषा में अपभ्रंश का प्रभाव इतना अधिक है कि इन ग्रंथों को इस काल के अपभ्रंश साहित्य[3] के अंतर्गत रखना अधिक उचित मालूम होता है। पंडित रामचन्द्र शुक्ल ने अपने 'हिंदी साहित्य के इतिहास' में ऐसा किया भी है। तो भी इन नमूनों से अपनी भाषा की पुरानी परिस्थिति पर बहुत कुछ प्रकाश पड़ता है।

इस काल की भाषा के नमूनों का तीसरा समूह चारण, धार्मिक तथा लौकिक काव्य-

---

[1] बर्थवाल : हिंदी कविता में योग-प्रवाह, (ना० प्र० प०, भाग ११, अं० ४, १९३०), गोरखबानी (१९४२)।

[2] राहुल सांकृत्यायन : पुरातत्व-निबंधावली (१९३७); हिंदी काव्य-धारा (१९४५)।

[3] इस प्रकार के प्रामाणिक ग्रंथों में हेमचंद्र-रचित 'कुमारपालचरित' तथा 'सिद्ध-हेमव्याकरण' सबसे प्राचीन हैं। हेमचंद्र की मृत्यु ११७२ ई० में हुई थी, अतः इन ग्रंथों का रचना-काल इससे पूर्व ठहरेगा। सोमप्रभाचार्य का 'कुमारपालप्रतिबोध' ११८४ ई० में लिखा गया था। इसमें कुछ सोमप्रभाचार्य के स्व-रचित उदाहरण तथा कुछ प्राचीन उदाहरण मिलते हैं। जैन आचार्य मेरतुंग ने 'प्रबंधचिंतामणि' नाम का संस्कृत ग्रंथ १३०४ ई० में बनाया था। इस काल में कुछ प्राचीन पद्य उद्धृत मिलते हैं, जो अपभ्रंश और हिंदी की बीच की अवस्था के द्योतक हैं। 'शार्ङ्गधर पद्धति' शार्ङ्गधर कवि द्वारा संग्रहीत सुभाषित-ग्रंथ है, जिसमें शाबर-मंत्र और चित्रकाव्य में कुछ भाषा के शब्द आये हैं। शार्ङ्गधर, रणथंभोर के महाराज हम्मीरदेव (मृत्यु १३०० ई०) के मुख्य सभासद राघवदेव का पोता था, अतः यह चौदहवीं सदी ईसवी के मध्य में हुआ होगा।

ग्रंथों में मिलता है।[1] भाषाशास्त्र की दृष्टि से इन ग्रंथों की भाषा के नमूने अत्यन्त संदिग्ध हैं। इनमें से किसी भी ग्रंथ की इस काल की लिखी प्रामाणिक हस्तलिखित प्रति उपलब्ध

---

[1]इस प्रकार के मुख्य-मुख्य लेखकों तथा उनके प्रकाशित ग्रंथों की सूची निम्न-लिखित है :

१. नरपति नाल्ह : 'बीसलदेव रासो' (११५५ ई०)—जिन हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर यह ग्रंथ छापा गया है, वे १६१२ और १९०२ ई० की लिखी हैं। मूल ग्रंथ के अजमेर में लिखे जाने के कारण इसकी भाषा का राजस्थानी होना स्वाभाविक है। कहीं-कहीं कुछ खड़ीबोली के रूप भी पाये जाते हैं।

२. चंद : 'पृथ्वीराज रासो'—चंद का कविता-काल ११६८ से ११९२ ई० तक माना जाता है। वर्तमान 'पृथ्वीराज रासो' में कितना अंश चंद का रचा है, इस विषय में विद्वानों को बहुत संदेह है। वर्तमान रासो में ब्रजभाषा के साथ अपभ्रंश, खड़ीबोली तथा राजस्थानी का मिश्रण दिखलाई पड़ता है।

३. खुसरो : फुटकर काव्य—'नागरी-प्रचारिणी पत्रिका', भाग २, अंक ३ में 'खुसरो की हिंदी कविता' शीर्षक से ब्रजरत्नदास ने खुसरो की जीवनी तथा हिंदी काव्य-संग्रह दिया है। खुसरो का समय १२५५-१३२५ ई० है। इनके सब प्रसिद्ध ग्रंथ फ़ारसी में हैं। इनकी हिंदी कविता के नमूने के आधार पर एकमात्र जनश्रुति है। आधुनिक काल में लेखबद्ध किए जाने के कारण खुसरो की हिंदी आधुनिक खड़ीबोली हो गई है। 'खालिक-बारी' नाम के अरबी-फ़ारसी हिंदी कोष में कुछ अंश हिंदी में हैं, किंतु यह ग्रंथ भी अपूर्ण है।

४. गोरखपंथ के संस्थापक गोरखनाथ के समय के संबंध में बहुत मतभेद है। इनका समय १०वीं शताब्दी ई० से १४वीं शताब्दी ई० के बीच में माना जाता है। इनके नाम से प्रसिद्ध कई ग्रंथ 'गोरखबानी' नाम के संग्रह में प्रकाशित हुए हैं। विस्तृत आलोचनात्मक अध्ययन के लिए देखिए, हजारीप्रसाद द्विवेदी कृत 'नाथ-संप्रदाय' का इतिहास।

५. विद्यापति (जन्म १३६२ ई०) का भाषा-पदसमूह अभी कुछ ही समय पूर्व संग्रह किया गया है। इन पदों में मिथिला में संग्रहीत पदों की भाषा मैथिली है तथा बंगाल में संग्रहीत पदसमूह की भाषा बंगला है। इनके किसी भी वर्तमान संग्रह की भाषा पन्द्रहवीं शताब्दी के प्रारंभ की नहीं मानी जा सकती। विद्यापति के 'कीर्तिलता' नाम के ग्रंथ की भाषा अपभ्रंश है। इनके अन्य ग्रंथ प्रायः संस्कृत में हैं।

६. कबीरदास (१४२३ ई०) तथा उनके गुरुभाई संतों की भाषा के संबंध में भी निश्चयात्मक रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। साधारणतया संतों की बाणी कुछ समय तक मौखिक रूप में चलती रही; अतः उनकी भाषा में नवीनता का प्रवेश होता रहना स्वाभाविक

नहीं है। बहुत दिनों तक मौखिक रूप से रहने के बाद लिखे जाने पर भाषा में परिवर्तन का हो जाना स्वाभाविक है, अतः हिंदी भाषा के इतिहास की दृष्टि से इन ग्रंथों के नमूने बहुत मान्य नहीं हो सकते। इस काल की भाषा के अध्ययन के लिए या तो पुराने लेखों से सहायता लेना उपयुक्त होगा या ऐसी हस्तलिखित प्रतियों से, जो १५०० ई० से पहिले की लिखी हों।

दक्षिण भारत में विकसित हिंदवी अथवा दकनी उर्दू साहित्य का प्रारम्भ १३२६ ई० में मोहम्मद तुगलक के दक्षिण आक्रमण के बाद हुआ। हिंदवी के प्रारंभिक कवि मुसलमान सूफी फ़कीर थे, जिन्होंने अपने धार्मिक विचारों के प्रचार की दृष्टि से ये रचनाएँ लिखी थीं। यह साहित्य अभी देवनागरी लिपि में प्रकाशित नहीं हुआ है, यद्यपि इसकी भाषा पुरानी खड़ीबोली है। इन लेखकों में सबसे प्रसिद्ध ख्वाजा बंदानवाज (१३२१-१४५२ ई०) थे। हिंदवी में प्रारंभिक साहित्यिक रचनाएँ बीजापुर तथा गोलकुंडा के शासकों के द्वारा उनकी संरक्षिता में १७वीं शताब्दी में लिखी गई।

ख—मध्यकाल (१५००—१८०० ई०)

१५०० ई० के बाद देश की परिस्थिति में एक बार फिर भारी परिवर्तन हुए। १५२६ ई० के लगभग शासन की बागडोर तुर्की सम्राटों के हाथ से निकल कर मुगल शासकों के हाथ में चली गई। बीच में कुछ दिनों तक सूरवंश के राजाओं ने भी राज्य किया। इस परिवर्तनकाल में राजपूत राजाओं ने गंगा की घाटी पर अधिकार जमाना चाहा, किन्तु वे इसमें सफल न हो सके। मुगल तथा सूरवंश के सम्राटों को सहानुभूति जनता की सभ्यता को समझने की ओर तुर्कों की अपेक्षा कुछ अधिक थी। देश में शांति रहने तथा राज्य की ओर से कम उपेक्षा होने के कारण इस काल में साहित्य-चर्चा भी विशेष हुई है। वास्तव में यह काल हिंदी साहित्य का स्वर्ण-युग कहा जा सकता है।

अवधी और ब्रजभाषा के दो मुख्य साहित्यिक रूपों का विकास सोलहवीं सदी में ही प्रारंभ हुआ। इन दोनों में ब्रजभाषा तो समस्त हिंदी प्रदेश की साहित्यिक भाषा हो गई, किंतु अवधी में लिखे गए 'रामचरितमानस' का हिंदी जनता में सबसे अधिक प्रचार होने पर भी साहित्य के क्षेत्र में अवधी भाषा का प्रचार नहीं हो सका। मध्यकाल में अवधी में

है। सभा की ओर से कबीर के ग्रंथों का जो संग्रह छपा है, उसकी प्रतिलिपि यद्यपि १५०४ ई० की लिखी हस्तलिखित प्रति के आधार पर तैयार की गई है; किंतु उसमें पंजाबीपन इतना अधिक है कि उसके काशी में रहने वाले कबीरदास की मूल वाणी होने में बहुत संदेह मालूम होता है।

लिखे गए ग्रंथों में दो मुख्य हैं—जायसी-कृत 'पद्मावत' (१५४० ई०) जो शेरशाह सूरी के शासनकाल में लिखा गया था और तुलसी-कृत 'रामचरितमानस' (१५७५ ई०) जो अकबर के शासनकाल में लिखा गया था। इन दोनों ग्रंथों की बहुत-सी प्राचीन हस्तलिखित प्रतियाँ मिलती हैं।

वल्लभाचार्य के प्रोत्साहन से सोलहवीं सदी के पूर्वार्द्ध में ब्रजभाषा में साहित्य-रचना प्रारंभ हुई। हिंदी साहित्य की इस शाखा [illegible] मध्यप्रदेश में था, अतः ब्रज-भाषा साहित्य को धर्म के साथ-साथ विदेशी तथा देशी राज्यों की संरक्षिता भी मिल सकी। सूरदास के ग्रंथ कदाचित् १५५० ई० तक रचे जा चुके थे। तुलसीदास ने भी 'विनयपत्रिका' तथा 'गीतावली' आदि कुछ काव्यों में ब्रजभाषा का प्रयोग किया है। अष्टछाप समुदाय के दूसरे महाकवि नंददास के ग्रंथ भी साहित्यिक ब्रजभाषा में हैं। सत्रहवीं तथा अठारहवीं शताब्दी में प्रायः समस्त हिंदी प्रदेश का साहित्य ब्रजभाषा में लिखा गया है। ब्रजभाषा का रूप दिन-दिन साहित्यिक, परिष्कृत तथा सुसंस्कृत होता चला गया है। बिहारी और सूरदास की ब्रजभाषा मे बहुत भेद है। बुंदेलखंड तथा राजस्थान के देशी राज्यों से संपर्क में आने के कारण इस काल के बहुत से कवियों की भाषा में जहाँ-तहाँ बुंदेली तथा राजस्थानी बोलियों का प्रभाव आ गया है। उदाहरण के लिए, केशवदास (१६०० ई०) की ब्रजभाषा में बुंदेली प्रयोग बहुत मिलते हैं।

प्राचीन तथा मध्यकाल के ग्रंथों में जहाँ-तहाँ खड़ीबोली के रूप भी बिखरे पड़े हैं। रासो, कबीर, भूषण आदि में बराबर खड़ीबोली के प्रयोग वर्तमान है। इससे तो यह स्पष्ट ही है कि खड़ीबोली का अस्तित्व प्रारंभ से ही था, यद्यपि इस बोली का प्रयोग हिंदू कवि और लेखक साहित्य में विशेष नहीं करते थे। यह मुसलमानी बोली समझी जाती थी, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया जा चुका है। दक्षिण में हिंदवी अथवा पुरानी खड़ीबोली का साहित्य में प्रयोग चौदहवीं शताब्दी से प्रारंभ हो गया था, किंतु उत्तर-भारत में मुसलमान शासकों की संरक्षिता में इसका साहित्य में प्रयोग अठारहवी सदी के प्रारंभ से विशेष हुआ। इससे पहले मुसलमान कवि भी यदि भाषा में कविता करते थे तो अवधी या ब्रजभाषा का व्यवहार करते थे। जायसी, रहीम आदि इसके स्पष्ट उदाहरण हैं। खड़ी-बोली उर्दू के प्रथम प्रसिद्ध कवि हैदराबाद दक्खिन के वली माने जाते हैं। इनका कविता-काल अठारहवीं सदी के पूर्वार्द्ध में पड़ता है। अठारहवीं और उन्नीसवीं सदी में बहुत से मुसलमान कवियों ने काव्य-रचना करके खड़ीबोली उर्दू को परिमार्जित साहित्यिक रूप दिया। इन कवियों में मीर, सौदा, इन्शा, ग़ालिब, जौक़ और दाग़ उल्लेखनीय हैं।

ग—आधुनिक काल (१८०० ई० के बाद)

अठारहवीं सदी के अन्त से ही परिवर्तन के लक्षण प्रारंभ हो गए थे। मुग़ल-साम्राज्य के निर्बल हो जाने के कारण अठारहवीं सदी के उत्तरार्द्ध में तीन बाहर की शक्तियों में हिंदी प्रदेश पर अधिकार करने की प्रतिद्वंद्विता हुई—ये थे मराठा, अफ़ग़ान और अंग्रेज़। १७६१ ई० में मध्यदेश की पश्चिमी सरहद पर पानीपत के तीसरे युद्ध में अफ़ग़ानों के हाथ से मराठों को ऐसा भारी धक्का पहुँचा कि वे फिर शक्तिसंचय नहीं कर सके। किंतु अफ़ग़ानों ने भी इस विजय से लाभ नहीं उठाया। तीन वर्ष बाद १७६४ ई० में हिंदी प्रदेश की पूर्वी सीमा पर बक्सर के निकट अंग्रेज़ों तथा अवध और दिल्ली के मुसलमान-शासकों के बीच युद्ध हुआ, जिसके फलस्वरूप अंग्रेज़ों के लिए गंगा की घाटी का पश्चिमी भाग खुल गया। १८०२ ई० के लगभग आगरा उपप्रांत अंग्रेज़ों के हाथ में चला गया तथा १८५६ ई० में अवध पर भी अंग्रेज़ों का पूर्ण अधिकार हो गया।

इन राजनीतिक परिवर्तनों के कारण उन्नीसवीं सदी के आरम्भ से ही मध्यदेश की भाषा हिंदी पर भारी प्रभाव पड़ना स्वाभाविक था। अठारहवीं सदी में ब्रजभाषा की शक्ति क्षीण हो चुकी थी, साथ ही मुसलमानों के बीच खड़ीबोली उर्दू जोर पकड़ चुकी थी। उन्नीसवीं सदी के प्रारंभ में अंग्रेजों ने भी हिंदुओं के लिए खड़ीबोली गद्य के संबंध में कुछ प्रयोग करवाए, जिनके फलस्वरूप फोर्टविलियम कालेज में लल्लूलाल ने 'प्रेमसागर' तथा सदल मिश्र ने 'नासिकेतोपाख्यान' की रचना की। इन प्रारंभिक खड़ीबोली के ग्रंथों पर ब्रजभाषा का प्रभाव रहना स्वाभाविक है। 'प्रेमसागर' में तो ब्रजभाषा के प्रयोग बहुत अधिक पाए जाते हैं। खड़ीबोली हिंदी का गद्य-साहित्य में प्रचार उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में हुआ और इसका श्रेय साहित्य के क्षेत्र में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र तथा धर्म के क्षेत्र में स्वामी दयानन्द सरस्वती को है। मुद्रणकला के साथ-साथ खड़ीबोली हिंदी का प्रचार बहुत तेजी से बढ़ा। उन्नीसवीं सदी तक पद्य में प्रायः ब्रजभाषा का प्रयोग होता रहा, किंतु बीसवीं सदी के आते-आते खड़ीबोली हिंदी संपूर्ण मध्यदेश की एकमात्र साहित्यिक भाषा हो गई है। ब्रजभाषा में कविता करने की शैली अभी तक पूर्णरूप से लुप्त नहीं हुई है, किन्तु इसके दिन इने-गिने हैं। यहाँ यह स्मरण दिलाना अनुपयुक्त न होगा कि बीसवीं सदी की साहित्यिक ब्रजभाषा का आधार मध्यकाल के उत्तरार्द्ध की साहित्यिक ब्रजभाषा है, न कि आजकल की ब्रज-प्रदेश की वास्तविक बोली। खड़ीबोली पद्य के प्रारंभ के कवियों की भाषा में भी लल्लूलाल आदि प्रथम गद्य-लेखकों के समान ब्रजभाषा की झलक पर्याप्त है। श्रीधर पाठक की खड़ीबोली की कविता की मिठास का कारण बहुत कुछ ब्रजभाषा के रूपों का व्यवहार है, यह परिवर्तन-काल शीघ्र ही दूर हो गया और अब तो खड़ीबोली कविता की भाषा से भी ब्रजभाषा की छाप बिलकुल हट गई है।

गत डेढ़-दो सौ वर्षों से साहित्यिक खड़ीबोली—आधुनिक हिंदी और उर्दू—मेरठ-बिजनौर की जनता की खड़ीबोली से स्वतन्त्र होकर अपने-अपने ढंग से विकास को प्राप्त कर रही है। स्वाभाविक बोली के प्रभाव से पृथक् हो जाने के कारण इसके व्याकरण का ढाँचा तथा शब्द-समूह निराला होता जाता है, तो भी अभी तक आधुनिक हिंदी-उर्दू के व्याकरण का स्वरूप मेरठ-बिजनौर की खड़ीबोली से बहुत अधिक भिन्न नहीं हो पाया है। भेद की अपेक्षा साम्य की मात्रा अधिक है।

साहित्य के क्षेत्र में खड़ीबोली हिंदी के व्यापक प्रभाव के रहते हुए भी हिंदी प्रदेश की अन्य उपभाषाएँ अपने-अपने प्रदेशों में आज भी पूर्णरूप से जीवितावस्था में है। मध्यदेश के गाँवों की समस्त जनता अब भी खड़ीबोली के अतिरिक्त ब्रज, अवधी, बुंदेली, भोजपुरी, छत्तीसगढ़ी आदि उपभाषाओं के आधुनिक रूपों का व्यवहार कर रही है। गाँव के अपढ़ लोग बोलचाल की आधुनिक साहित्यिक हिंदी को समझ बराबर लेते हैं, किंतु ठीक-ठीक बोल नहीं पाते। गाँव की उपभाषाओं में भी धीरे-धीरे परिवर्तन हो रहा है। जायसी की अवधी में पर्याप्त भेद हो गया है। इसी तरह सूरदास की ब्रजभाषा से आजकल की ब्रज की बोली कुछ भिन्न हो गई है। इन परिवर्तनों को प्रारंभ होते हुए सौ-सवा सौ वर्ष अवश्य बीत चुके हैं, इसीलिए लगभग १८०० ई० से हिंदी भाषा के इतिहास के तीसरे काल का प्रारंभ माना जा सकता है। यद्यपि अभी भेदों की मात्रा अधिक नहीं हो पाई है, किंतु संभावना यही है कि ये भेद बढ़ते ही जायेंगे और सौ-दो-सौ वर्ष के अन्दर ही ऐसी परिस्थिति आ सकती है, जब तुलसी, सूर आदि की भाषा को स्वाभाविक ढंग से समझ लेना अवध और ब्रज के लोगों के लिए भी कठिन हो जायेगा। इस प्रगति का प्रारंभ हो गया है।

ए—देवनागरी लिपि और अंक

यद्यपि हिंदी प्रदेश में उर्दू, रोमन, कैथी, मुड़िया, मैथिली आदि अनेक लिपियों का थोड़ा बहुत व्यवहार है, किंतु देवनागरी लिपि का स्थान इनमें सर्वोपरि है। लिखने के अतिरिक्त छपाई में तो प्रायः एकमात्र इसी का व्यवहार होता है। यदि देवनागरी लिपि की प्रतिद्वंद्विता किसी से है तो उर्दू लिपि से है। भारतवर्ष के अधिकांश पढ़े-लिखे मुसलमानों तथा पंजाब और आगरा-दिल्ली की तरफ हिंदुओं में उर्दू लिपि का व्यवहार पाया जाता है, किंतु देवनागरी लिपि का प्रचार समस्त हिंदी प्रदेश में तथा उसके बाहर महाराष्ट्र में है। ऐतिहासिक दृष्टि से देवनागरी का मूल संबंध भारत की प्राचीनतम राष्ट्रीय लिपि ब्राह्मी से है। ब्राह्मी और देवनागरी का संबंध समझाने के लिए

भारतीय लिपियों के संबंध में विशेषज्ञों[1] ने जो खोज की है, उसका सार नीचे दिया जाता है।

प्राचीन वैदिक तथा बौद्ध साहित्य के बाह्य-रूप उसमें पाये जाने वाले उल्लेखों से यह स्पष्ट है कि भारत में लेखन-कला का प्रचार चौथी शताब्दी पूर्व ईसा से बहुत पहले मौजूद था। ऐसी अवस्था में कुछ यूरोपीय विद्वानों का यह मत बहुत सारयुक्त नहीं मालूम होता कि भारतीय लोगों ने चौथी, आठवीं या दसवीं शताब्दी पूर्व ईसा किन्हीं विदेशियों से लिखने की कला सीखी। जो हो, भारतवर्ष में लिखने के प्रचार की प्राचीनता तथा उसका उद्गम हमारे प्रस्तुत विषय से विशेष संबंध नहीं रखता, अतः इसका विस्तृत विवेचन यहाँ अनावश्यक है।

प्राचीन काल में भारत में ब्राह्मी (पाली बंभी) और खरोष्ठी नाम की दो लिपियाँ प्रचलित थीं। इनमें से ब्राह्मी एक प्रकार से राष्ट्रीय लिपि थी, क्योंकि इसका प्रचार पश्चिमोत्तर प्रदेश को छोड़कर शेष समस्त भारत में था। देवनागरी आदि आधुनिक भारतीय लिपियों की तरह यह भी बाईं ओर से दाहिनी ओर को लिखी जाती थी। पश्चिमोत्तर प्रदेश में खरोष्ठी[2] लिपि का प्रचार था और यह आधुनिक उर्दू लिपि की तरह दाहिनी ओर से बाईं को लिखी जाती थी। यह निश्चित है कि खरोष्ठी लिपि आर्य लिपि नहीं है, बल्कि इसका संबंध विदेशी सेमिटिक अरमइक् लिपि से है। खरोष्ठी लिपि के संबंध में ओझा लिखते हैं कि "जैसे मुसलमानों के राज्य-समय में ईरान की फ़ारसी लिपि का हिंदुस्तान में प्रवेश हुआ और उसमें कुछ अक्षर और मिलाने से हिंदी भाषा के मामूली पढ़े-लिखे लोगों के लिए कामचलाऊ लिपि बनी, वैसे ही जब ईरानियों का अधिकार पंजाब के कुछ अंश पर हुआ, तब उनकी राजकीय लिपि अरमइक् का वहाँ प्रवेश हुआ; परंतु उसमें केवल ३२ अक्षर, जो आर्यभाषाओं के केवल १८ उच्चारणों को व्यक्त कर सकते थे, तथा स्वरों में ह्रस्व-दीर्घ का भेद और स्वरों की मात्राओं के न होने के कारण यहाँ के विद्वानों में से खरोष्ठी या किसी और नए अक्षरों तथा ह्रस्व-स्वर मात्राओं की योजना कर मामूली पढ़े हुए लोगों के लिए, जिनको शुद्धाशुद्ध की विशेष आवश्यकता नहीं रहती थी, कामचलाऊ लिपि बना दी।"[3] इस लिपि का प्रचार भारत के पश्चिमोत्तर प्रदेश के आस-पास तीसरी शताब्दी पूर्व-ईसा से तीसरी शताब्दी ईसवी तक रहा।

---

[1] ओझा, भा० प्रा० लि०, प्रथम संस्करण १९१८; बुल्हर, 'आन दि ओरिजिन आव दी इंडियन ब्राह्म अलफ़ाबेट', प्रथम संस्करण, १८९५, द्वितीय संस्करण, १८९८।

[2] खरोष्ठी का शब्दार्थ 'गधे के होठवाला' है।

[3] ओझा, भा० प्रा० लि०, पृ० १७।

तीसरी शताब्दी के बाद इस प्रदेश में भी ब्राह्मी के विकसित रूप व्यवहृत होने लगे। उर्दू लिपि का विकास खरोष्ठी से नहीं हुआ है। उर्दू और खरोष्ठी का मूल तो एक ही है, किंतु ऐतिहासिक दृष्टि से उर्दू लिपि मुसलमानों के भारत में आने पर उनकी फ़ारसी-अरबी लिपि के आधार पर कुछ अक्षरों को जोड़ कर बनाई गई थी।

मध्य तथा आधुनिक कालों की समस्त भारतीय लिपियों का उद्गम प्राचीन राष्ट्रीय लिपि ब्राह्मी से हुआ है, इस संबंध में कोई भी मतभेद नहीं है; किंतु स्वयं ब्राह्मी लिपि की उत्पत्ति के संबंध में दो मुख्य मत हैं। बूहलर तथा वेबर आदि विद्वानों का समूह ब्राह्मी का संबंध पश्चिमी एशिया की किसी न किसी विदेशी लिपि से जोड़ता है। इन विद्वानों में इस विषय के विशेषज्ञ बूहलर ने यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया है कि ब्राह्मी लिपि के २२ अक्षर उत्तरी सेमिटिक लिपियों के लिए किए गये हैं और बाकी अक्षर उन्हीं के आधार पर बनाए गए हैं। कनिंघम तथा ओझा आदि विद्वानों का दूसरा समूह ब्राह्मी की उत्पत्ति विदेशी लिपियों से नहीं मानता। ब्राह्मी की उत्पत्ति के संबंध में ओझा का कहना है कि "यह भारतवर्ष के आर्यों का अपनी खोज से उत्पन्न किया हुआ मौलिक आविष्कार है। इसकी प्राचीनता और सर्वांग-सुन्दरता से चाहे इसका कर्त्ता ब्रह्मा देवता माना जाकर इसका नाम ब्राह्मी पड़ा, चाहे साक्षर समाज ब्राह्मणों की लिपि होने से यह ब्राह्मी कहलाई हो, पर इसमें सन्देह नहीं कि इसका फ़िनीशियन से कुछ भी संबंध नहीं है।"[1] ब्राह्मी लिपि का उद्गम चाहे जो हो, किंतु इतना निश्चित है कि मौर्यकाल में इसका प्रचार समस्त भारत में था। ब्राह्मी लिपि में लिखे गए सबसे प्राचीन लेख पाँचवीं शताब्दी पूर्व-ईसा काल तक के पाए गए हैं; अशोक के प्रसिद्ध शिलालेखों तथा अन्य प्राचीन लेखों की लिपि ब्राह्मी ही है।

ब्राह्मी लिपि का प्रचार भारत में लगभग ३५० ईसवी तक रहा। इस समय तक उत्तर और दक्षिण की ब्राह्मी लिपि में पर्याप्त अंतर हो गया था। तामिल, तेलगू ग्रंथ आदि दक्षिण भारत की समस्त आधुनिक तथा मध्यकालीन लिपियों का संबंध ब्राह्मी की दक्षिण शैली से है। चौथी शताब्दी के लगभग उत्तर की प्रचलित शैली का कल्पित नाम गुप्तलिपि रक्खा गया है। गुप्त साम्राज्य के प्रभाव के कारण इसका प्रचार चौथी और पाँचवीं शताब्दी के समस्त उत्तर-भारत में था। इसके उदाहरण गुप्तकालीन शिलालेख तथा ताम्रपत्रादि में मिलते हैं। गुप्तों के समय में कई अक्षरों की आकृतियाँ नागरी से कुछ-कुछ मिलती हुई होने लगी। सिरों के चिह्न जो पहले बहुत छोटे थे, बढ़कर कुछ

---

[1] ओझा, भा० प्रा० लि०, पृ० २८।

लम्बे बनने लगे और स्वरों की मात्राओं के प्राचीन चिह्न लुप्त होकर नए रूपों में परिणत हो गए।"[1]

गुप्तलिपि के विकसित रूप का कल्पित नाम 'कुटिल लिपि' रक्खा गया है। इसका प्रचार छठीं से नवीं शताब्दी ई० तक उत्तर-भारत में रहा। 'कुटिलाक्षर' नाम का प्रयोग प्राचीन है। अक्षरों तथा स्वरों की कुटिल आकृतियों के कारण ही यह लिपि कुटिल कहलाई जाने लगी। इस काल के शिलालेख तथा दानपत्र आदि इसी लिपि में लिखे पाये जाते हैं। कुटिल लिपि से ही नागरी तथा काश्मीर की प्राचीन लिपि शारदा विकसित हुई। शारदा से वर्तमान काश्मीरी, टाकरी तथा गुरुमुखी लिपियाँ निकली हैं। प्राचीन नागरी की पूर्वी शाखा से दसवीं शताब्दी ईसवी के लगभग प्राचीन बंगला लिपि निकली, जिसके आधुनिक परिवर्तित रूप बंगला, मैथिली, उड़िया तथा नेपाली लिपियों के रूप में प्रचलित हैं। प्राचीन नागरी से ही गुजराती, कैथी तथा महाजनी आदि उत्तर-भारत की अन्य लिपियाँ भी संबद्ध हैं।

नागरी[2] लिपि का प्रयोग उत्तर-भारत में ६सवी शताब्दी के प्रारंभ से मिलता है। किंतु दक्षिण-भारत में कुछ लेख आठवीं शताब्दी तक के पाए जाते हैं। दक्षिण की नागरी लिपि 'नंदि नागरी' नाम से प्रसिद्ध है और अब तक दक्षिण में संस्कृत पुस्तकों के लिखने में उसका प्रचार है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, तथा मध्यप्रदेश में इस काल के लिखे प्रायः समस्त शिलालेख, ताम्रपत्र आदि में नागरी लिपि ही पाई जाती है। "ई० स० की १०वीं शताब्दी की उत्तरी भारतवर्ष की नागरी लिपि में कुटिल लिपि की नाई, अ, आ, घ, प, म, य, ष और स के सिर दो अंशों में विभक्त मिलते हैं, परंतु ११वी शताब्दी से ये दोनों अंश मिलकर सिर की एक लकीर बन जाती है और प्रत्येक अक्षर का सिर उतना लंबा रहता है जितनी कि अक्षर की चौड़ाई होती है। ११वीं शताब्दी की नागरी लिपि वर्तमान नागरी से मिलती-जुलती है और १२वीं शताब्दी से वर्तमान नागरी बन गई

---

[1] ओझा, भा० प्रा० लि०, पृ० ६०।

[2] 'नागरी' शब्द की उत्पत्ति के संबंध में बहुत मतभेद हैं। कुछ विद्वान् इसका संबंध 'नागर' ब्राह्मणों से लगाते हैं, अर्थात् नागर ब्राह्मणों में प्रचलित लिपि नागरी कहलाई। कुछ 'नगर' शब्द से संबंध जोड़कर इसका अर्थ नागरी अर्थात् नगरों में प्रचलित लिपि लगाते हैं। एक मत यह भी है कि तांत्रिक यंत्रों में कुछ चिह्न बनते थे जो 'देवनगर' कहलाते थे। इन अक्षरों से मिलते-जुलते होने के कारण यही नाम इस लिपि के साथ संबद्ध हो गया। तांत्रिक समय में 'नागर लिपि' नाम प्रचलित था (ओझा, 'प्राचीन लिपिमाला', पृ० १८)। इस लिपि के लिए देवनागरी या नागरी नाम पड़ने के कारण वास्तव में अनिश्चित हैं।

है।...ई० स० की १२वीं शताब्दी से लगातार अब तक नागरी लिपि बहुधा एक ही रूप में चली आती है।"[1] इस तरह आधुनिक देवनागरी लिपि दसवीं शताब्दी ईसवी की प्राचीन नागरी लिपि का ही विकसित रूप है।

जिस प्रकार वर्तमान देवनागरी लिपि ब्राह्मी लिपि का परिवर्तित रूप है, उसी प्रकार वर्तमान देवनागरी अंक प्राचीन ब्राह्मी अंकों के परिवर्तन से बने हैं। "लिपियों की तरह प्राचीन और अर्वाचीन अंकों में भी अंतर है। यह अंतर केवल उसकी आकृति में ही नहीं, किंतु अंकों को लिखने की रीति में भी है। वर्तमान समय में जैसे १ से ९ तक अंक और शून्य इन १० चिह्नों से अंकविद्या का संपूर्ण व्यवहार चलता है, वैसे ही प्राचीन काल में नहीं था। उस समय शून्य का व्यवहार ही न था और दहाइयों, सैकड़ा, हजार आदि के लिए भी अलग चिह्न थे।"[2] अंकों के संबंध में इन दो शैलियों को 'प्राचीन शैली' और 'नवीन शैली' कहते हैं।

भारतवर्ष में अंकों की यह प्राचीन शैली कब से प्रचलित हुई, इसका ठीक पता नहीं चलता। अशोक के लेखों में पहले-पहल कुछ अंकों के चिह्न मिलते हैं। प्राचीन शैली के अंकों की उत्पत्ति के संबंध में भिन्न-भिन्न विद्वानों ने अनेक कल्पनाएँ की हैं। इस संबंध में ओझा ने बूहलर का नीचे लिखा मत उद्धृत किया है, जो ध्यान देने योग्य है—"प्रिन्सेप का यह पुराना कथन कि अंक उनके सूचक शब्दों के प्रथम अक्षर हैं, छोड़ देना चाहिए। परन्तु अब तक इस प्रश्न का संतोषदायक समाधान नहीं हुआ। पंडित भगवानलाल ने आर्यभट्ट और मंत्रशास्त्र की अक्षरों द्वारा अंक सूचित करने की रीति को भी जाँचा, परन्तु उसमें सफलता न हुई अर्थात् अक्षरों के क्रम की कोई कुंजी न मिली और न मैं इस रहस्य की कोई कुंजी प्राप्त करने का दावा करता हूँ। मैं केवल यही बतलाऊँगा कि कोई इन अंकों में अनुनासिक, जिह्वामूलीय और उपध्मानीय का होना प्रकट करता है कि उन (अंकों) को ब्राह्मणों ने निर्माण किया था, न कि वाणिओं (महाजनों) ने और न बौद्धों ने जो प्राकृत को काम में लाते थे।"[3] कुछ विद्वानों के इस मत को कि भारतीय मूल अंक विदेशी अंकों से प्रभावित हैं, ओझा आदि विद्वानों का समूह नहीं मानता। ओझा के अनुसार "प्राचीन शैली के भारतीय अंक भारतीय आर्यों के स्वतंत्र निर्माण किए हुए है?"[4]

---

[1] ओझा, भा० प्रा० लि०, पृ० ६९-७०।
[2] वही, पृ० १०३।
[3] वही, पृ० ११०।
[4] वही, पृ० ११४।

नवीन शैली के अंक-क्रम का प्रचार पाँचवीं शताब्दी के लगभग से सर्वसाधारण में था, यद्यपि शिलालेख आदि में प्राचीन शैली का ही प्रायः उपयोग किया जाता था। नवीन शैली की उत्पत्ति के संबंध में ओझा का मत है कि "शून्य की योजना कर नव अंकों से गणित-शास्त्र को सरल करने वाले नवीन शैली के अंकों का प्रचार पहले-पहल किस विद्वान ने किया, इसका कुछ भी पता नहीं चलता। केवल यही पाया जाता है कि नवीन शैली के अंकों की सृष्टि भारतवर्ष में हुई, फिर यहाँ से अरबों ने यह क्रम सीखा और अरबों से उसका प्रवेश यूरोप में हुआ।"[१]

भाषा और लिपि दो भिन्न वस्तुएँ होते हुए भी व्यवहार में ये अभिन्न रहती हैं। इसी कारण संक्षेप में हिंदी भाषा देवनागरी लिपि और हिंदी अंकों के विकास का दिग्दर्शन यहाँ कर देना उचित समझा गया। लिपि तथा अंक के चिह्न के इतिहास के संबंध में विस्तृत सामग्री ओझा लिखित 'प्राचीन लिपिमाला' में संकलित है।

[१]ओझा, भा० प्रा० लि०, पृ० ११७।

इतिहास

अध्याय १

हिंदी ध्वनिसमूह

अ. हिंदी वर्णमाला का इतिहास

क. वैदिक तथा संस्कृत ध्वनिसमूह

१. हिंदी ध्वनिसमूह पर विचार करने के पूर्व हिंदी की पूर्ववर्ती आर्यभाषाओं के ध्वनिसमूह की अवस्था पर एक दृष्टि डाल लेना अनुचित न होगा। हिंदी ध्वनिसमूह के मूलाधार वास्तव में ये प्राचीन ध्वनिसमूह ही हैं।

भारतीय आर्य-भाषाओं के ध्वनिसमूह का प्राचीनतम रूप वैदिक ध्वनियों के रूप में मिलता है। वैदिक भाषा में ५२ मूल ध्वनियां हैं।[1] इनमें १३ स्वर तथा ३९ व्यंजन हैं। देवनागरी लिपि में ये ध्वनियाँ नीचे लिखे ढंग से प्रकट की जा सकती हैं:—

(१) नौ मूलस्वर[2] : अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ

(२) चार संयुक्त स्वर : ए (अइ) ओ (अउ) ऐ (आइ) औ (आउ)

---

[1] मैकडानेल वैदिक ग्रैमर, § ४।

[2] आधुनिक शास्त्रीय परिभाषा के अनुसार स्वर वे ध्वनियाँ कहलाती हैं जिनके उच्चारण में मुखद्वार कम-ज्यादा तो किया जाता है किंतु न तो कभी बिलकुल बंद किया जाता है और न इतना अधिक बंद कि निःश्वास रगड़ खा कर निकले। ऐसा न होने से ध्वनि व्यंजन कहलाती है।

(३) सत्ताईस स्पर्श[1] व्यंजन, जो स्थान-भेद के अनुसार प्रायः पांच वर्गों में रक्खे जाते हैं।

कंठ्य : क् ख् ग् घ् ङ्
तालव्य : च् छ् ज् झ् ञ्
मूर्द्धन्य : ट् ठ् ड् ढ् ण्
दंत्य : त् थ् द् ध् न्
ओष्ठ्य : प् फ् ब् भ् म्

(४) छ : अंतस्थ[2] : ई् (य्) र ल् ळ् ळ्ह उ् (व्)

(५) छ : अघोष[3] ऊष्म[4] : श ष् स्

---

[1]स्पर्श उन ध्वनियों को कहते हैं जिनके उच्चारण में मुख के अंदर या बाहर के दो उच्चारण-अवयव एक दूसरे को इतनी ज़ोर से स्पर्श करके सहसा खुलते हैं कि निःश्वास थोड़ी देर के लिए बिलकुल रुक कर फिर वेग के साथ सहसा बाहर निकलती है। पंचवर्ग इसके उदाहरण हैं। स्पर्श ध्वनियों को स्फोटक भी कहते हैं।

स्पर्श ध्वनियों में दो भेद हैं—अल्पप्राण और महाप्राण। अल्पप्राण ध्वनियों में ह्-कार की ध्वनि का मिश्रण नहीं होता। महाप्राण ध्वनियों में ह्-कार की ध्वनि मिश्रित होती है। वैदिक ध्वनिसमूह में पंचवर्गों के दूसरे, चौथे वर्ण तथा ऊष्म ध्वनियाँ महाप्राण हैं। शेष समस्त ध्वनियाँ अल्पप्राण हैं। यह स्मरण रखना आवश्यक है कि अघोष व्यंजनों के साथ अघोष ह् आता है तथा घोष व्यंजनों के साथ घोष ह् आता है।

[2]अंतस्थ वे ध्वनियाँ कहलाती हैं जिनके उच्चारण में मुख-विवर सकरा तो कर दिया जाता है किंतु न तो इतना अधिक कि स्पर्श अथवा संघर्षी ध्वनियाँ निकलें और न इतना कम कि ध्वनियाँ स्वर का रूप धारण कर लें। शब्दार्थ की दृष्टि से स्वर और व्यंजन के 'बीच की' ध्वनियाँ अंतस्थ कहलाती हैं। वैदिक अंतस्थों से आधुनिक परिभाषा के अनुसार य् व् अर्द्धस्वर, र् लुंठित तथा ल् ळ् ळ्ह पार्श्विक कहलाते हैं।

[3]अघोष ध्वनियों के उच्चारण में स्वरतंत्रियों की सहायता नहीं ली जाती। घोष वे ध्वनियाँ हैं जिनके उच्चारण में स्वरतंत्रियों की सहायता ली जाती है। स्पर्शव्यंजनों के पहले दूसरे वर्ण ह् को छोड़कर शेष ऊष्म ध्वनियाँ अघोष हैं तथा अन्य समस्त ध्वनियाँ घोष हैं।

[4]ऊष्म यहाँ उन ध्वनियों की संज्ञा है जिनमें मुख-विवर के खुले रहने पर भी निःश्वास इतनी ज़ोर से फेंकी जाय कि जिससे वायु का संघर्षण हो।

(विसर्जनीय या विसर्ग) :
(जिह्वामूलीय) ×
(उपध्मानीय) ×

(६) एक सघोष ऊष्म : ह़
(७) एक शुद्ध अनुस्वार :

२. वैदिक ध्वनियों का जो उच्चारण आजकल प्रचलित है, ठीक वैसा ही उच्चारण वैदिक काल में भी रहा हो, यह आवश्यक नहीं है। संभावना तो यह है कि उच्चारण में बहुत कुछ परिवर्तन होगा। प्राचीन शिक्षाग्रंथ, प्रातिशाख्य तथा अन्य ऐतिहासिक प्रमाणों और ध्वनिशास्त्र के सिद्धान्तों के आधार पर मूलवैदिक ध्वनियों की उच्चारण-संबंधी विशेषताओं का निर्द्धारण किया गया है। संक्षेप में ये विशेषतायें निम्नलिखित हैं :—

ऋक्प्रातिशाख्य में ऋ का उच्चारण वर्त्स्य माना गया है, साथ ही इसे मूर्द्धन्य स्वर भी कहा गया है। बाद को ऋ का उच्चारण कदाचित् जीभ को दो बार वर्त्स में छुआ कर होने लगा था। कुछ-कुछ ऐसा ही उच्चारण अब भी कहीं-कहीं प्रचलित है। वास्तव में ऋ के मूल उच्चारण के संबंध में बहुत मतभेद है। ॠ का दीर्घरूप ॠ है।

ऌ का प्रयोग बहुत ही कम मिलता है। वैदिक धातुओं में केवल क्लृप् में यह स्वर पाया जाता है। चैटर्जी के मतानुसार[1] ऌ का उच्चारण अंग्रेजी के *लिट्ल* (little) शब्द के दूसरे ल से मिलता-जुलता रहा होगा।

---

[1] चै० बे० लै० § १३०

भारतीय आर्यभाषा-काल के पूर्व ए ओ संधिस्वर (अ+इ; अ+उ) थे। संस्कृत-काल में इनका उच्चारण दीर्घमूल स्वरों के समान हो गया था, यद्यपि व्याकरण की दृष्टि से ये संधिस्वर ही माने जाते थे।

वैदिक काल में आते-आते ही *आइ आउ* का पूर्व स्वर ह्रस्व हो गया था। इन संयुक्त स्वरों का यह रूप, *अइ अउ*, संस्कृत में अब तक मौजूद है। देवनागरी लिपि में ये साधारणतया *ऐ औ* लिखे जाते हैं।

वैदिक काल में चवर्गीय ध्वनियाँ आजकल की तरह स्पर्श-संघर्षी न होकर केवल-मात्र स्पर्श थीं।

टवर्गीय ध्वनियों का स्थान आजकल की अपेक्षा कुछ ऊपर था।

प्रातिशाख्यों के अनुसार तवर्ग का स्थान दंत न होकर वर्त्स था। इँ उँ शुद्ध अर्द्धस्वर थे।

ल् ळ् ह् ध्वनियाँ कदाचित् उस बोली में वर्तमान थीं जिसके आधार पर ऋग्वेद की साहित्यिक भाषा बनी थी। दो स्वरों के बीच में आने वाले ड् ढ् से इनकी उत्पत्ति मानी जा सकती है।

अनुस्वार वास्तव में स्वर के बाद आने वाली शुद्ध नासिक्य ध्वनि थी किंतु प्रातिशाख्यों से पता चलता है कि अनुस्वार तभी अनुनासिक स्वर में परिवर्तित होने लगा था। अनुस्वार केवल *य् र् ल् व् श् ष् स् ह्* के पहले आता था। स्पर्श व्यंजनों के पहले यह वर्गीय अनुनासिक व्यंजन में परिवर्तित हो जाता था।

क् के पहले आने वाले विसर्ग का रूपांतर जिह्वामूलीय (×) कहलाता था। *ततः किं* में विसर्ग की ध्वनि कुछ-कुछ *ख्* के समान

सुनाई पड़ती है। इसे जिह्वामूलीय कहते थे। इसी प्रकार प् के पहले आने वाले विसर्ग का रूपांतर उपध्मानीय (×) कहलाता था। पुनः पुनः में प्रथम विसर्ग में कुछ-कुछ ऐसी आवाज निकाली जा सकती है, जैसी धीरे से चिराग बुझाते समय होठों से निकलती है। इसे उपध्मानीय कहते हैं।

शेष वैदिक ध्वनियों के उच्चारण इनके आधुनिक हिंदी उच्चारणों से विशेष भिन्न नहीं थे।

३. आधुनिक ध्वनिशास्त्र के दृष्टिकोण से ५२ वैदिक ध्वनियों का वर्गीकरण[1] निम्नलिखित ढंग से किया जा सकता है :—

स्वर[2]

	अग्र		पश्च
संवृत	इ ई		उ ऊ
अर्द्धसंवृत	ए		ओ
विवृत			अ आ
संयुक्त स्वर		अइ अउ	
विशेष स्वर		ऋ ॠ ऌ	
शुद्ध अनुस्वार		÷	

[1] चै० बे० लै०, § १२८

[2] स्वरों के वर्गीकरण के सिद्धांत के लिए देखिए § १०

व्यंजन

	द्व्योष्ठ्य	वर्त्स्य	मूर्द्धन्य	तालव्य	कंठ्य	स्वरयंत्र मूलीय
स्पर्श अल्पप्राण	प् ब्	त् द्	ट् ड्	च् ज्	क् ग्	
स्पर्श महाप्राण	फ् भ्	थ् ध्	ठ् ढ्	छ् झ्	ख् घ्	
अनुनासिक		न्	ण्	ञ्	ङ	
पार्श्विक[1] अल्पप्राण		ल्	ळ्			
पार्श्विक महाप्राण			ळ्ह्			
उत्क्षिप्त[2]		र				
संघर्षी[3]	ऍ (उप०)	स्	ष्	श्	ँ (जिह्वा)	ः ह
अर्द्धस्वर	उँ (व्)			इँ (य्)		

४. ळ् ळ्ह्, जिह्वामूलीय तथा उपध्मानीय को छोड़कर शेष समस्त वैदिक ध्वनियों का प्रयोग संस्कृत में होता रहा। कुछ ध्वनियों के उच्चारण में परिवर्तन हो गए थे। ऋ, ॠ, ऌ, का मूलस्वरों के

---

[1]पार्श्विक, उन ध्वनियों को कहते हैं जिनके उच्चारण में मुखबिवर को सामने से तो जीभ बंद कर दे किन्तु दोनों पार्श्वों से निःश्वास निकलती रहे।

[2]उत्क्षिप्त, उन ध्वनियों को कहते हैं जिनमें जीभ तालु के किसी भाग को वेग से मार कर हट आवे।

[3]संघर्षी, उन ध्वनियों को कहते हैं जिनके उच्चारण में मुखबिवर इतना अधिक सकरा कर दिया जाता है कि निःश्वास रगड़ खाकर निकलती है। संघर्षी ध्वनियाँ ही ऊष्म कहलाती थीं।

सदृश उच्चारण का अस्तित्व संदिग्ध है। ए ओ का उच्चारण संस्कृत में मूलस्वरों के सदृश था। आइ आउ निश्चित रूप से अइ अउ हो गये थे। पाणिनि के समय में उ दंत्योष्ठ्य व् तथा द्व्योष्ठ्य व् में परिवर्तित हो चुका था। तथा इ ने बाद को य तथा य् का रूप धारण कर लिया था। अनुस्वार पिछले स्वर से मिल कर अनुनासिक स्वर की तरह उच्चरित होने लगा था।

ख. पाली तथा प्राकृत ध्वनिसमूह

५. पाली में दस स्वर—अ आ इ ई उ ऊ ए ए ओ औ—पाए जाते हैं। ऋ ॠ ऌ ऐ औ का प्रयोग पाली भाषा में नहीं होता। ऋ ध्वनि अ इ उ आदि किसी अन्य स्वर में परिवर्तित हो जाती है। ऋ ॡ का प्रयोग संस्कृत में ही नहीं के बराबर हो गया था। ऐ औ के स्थान में ए ओ क्रम से हा जाते हैं। पाली में दो नए स्वर ए ओ—ह्रस्व ए ओ—पहले-पहल मिलते हैं।

व्यंजनों में पाली में श् ष् नहीं पाए जाते। श् ष् के स्थान पर भी स का ही व्यवहार मिलता है।

पाली में विसर्ग का प्रयाग भी नहीं पाया जाता। पद के अंत में आने वाला विसर्ग पूर्ववर्ती अ से मिल कर ओ में परिवर्तित हो जाता है, अन्यत्र उसका लोप हो जाता है।

शेष ध्वनियाँ पाली में संस्कृत के ही समान हैं।

६. प्राकृत भाषाओं में और पाली के ध्वनिसमूह में विशेष भेद नहीं है। मागधी को छोड़ कर अन्य प्राकृतों में य् और श का व्यवहार प्रचलित नही है। मागधी में स के स्थान पर भी श् ही मिलता है। ष् और विसर्ग का प्रयोग प्राकृतों में नहीं लौट सका। अशोक के लेखों में पश्चिमोत्तरी प्राकृत में ष अवश्य मिलता है।

ग. हिंदी ध्वनिसमूह

७. आधुनिक साहित्यिक हिंदी में अधिकांश ध्वनियाँ तो परंपरागत भारतीय आर्यभाषा के ध्वनिसमूह से आई हैं, कुछ ध्वनियाँ

आधुनिक काल में विकसित हुई हैं तथा कुछ ध्वनियाँ फ़ारसी, अरबी और अंग्रेजी के संपर्क से भी आ गई हैं। इस दृष्टि से साहित्यिक हिंदी में प्रचलित मूल ध्वनियाँ नीचे दी जाती हैं :—

(१) प्राचीन ध्वनियाँ :

अ आ इ ई उ ऊ ए ओ
क् ख् ग् घ् ङ्
च् छ् ज् झ्
ट् ठ् ड् ढ् ण्
त् थ् द् ध् न्
प् फ् ब् भ् म्
य् र् ल् व्
श् स् ह्

(२) नई विकसित ध्वनियाँ :

अए (ऐ) अओ (औ); ड़् ढ़् व् ह्न म्ह

(३) फ़ारसी-अरबी के तत्सम शब्दों में प्रयुक्त ध्वनियाँ:

क़् ख़् ग़् ज़् फ़्

(४) अंग्रेजी तत्सम शब्दों में प्रयुक्त ध्वनियाँ :

ऑ

फारसी-अरबी तथा अंग्रेजी तत्सम शब्दों में प्रयुक्त विशेष ध्वनियाँ नगरों में शिक्षितवर्ग ही बोलता है।

८. ऋ ष् ञ् वर्ण संस्कृत तत्सम शब्दों में लिखे तो जाते हैं किंतु हिंदीभाषाभाषी इनके मूलरूप का उच्चारण नहीं करते। सं० ऋ तत्सम शब्दों में भी उच्चारण में रि हो गई है, जैसे ऋण, कृपा, प्रकृति आदि शब्दों का वास्तविक उच्चारण हिंदी में रिण, क्रिपा तथा प्रकिति है। का उच्चारण हिंदी में श् के समान होता है। उच्चारण की दृष्टि से पोषक, कष्ट, कृषक आदि पोशक, कश्ट, क्रिशक हो गए हैं। ञ् संस्कृत शब्दों में भी स्वतंत्र रूप से नहीं आता है। शब्द के मध्य में आने वाले ञ् का उच्चारण साहित्यिक हिंदी में न् के समान होता है, जैसे चञ्चल, मञ्जन, काञ्चन,

वास्तव में *चन्चल, मन्जन, कान्चन,* बोले जाते हैं। इसीलिए इन तीन ध्वनियों का उल्लेख ऊपर की सूची में नहीं किया गया है। *ण्* का उच्चारण भी हिंदी में *न्* के समान होता है—जैसे *पण्डित, ठण्डा, ताण्डव* उच्चारण में *पन्डित, ठन्डा,* तान्डव हो जाते हैं। तत्सम शब्दों में प्रयुक्त सस्वर *ण्* का प्रयोग हिन्दी में होता है, जैसे *गणना, गणेश, कण* इत्यादि में; किंतु इसका शुद्ध उच्चारण पश्चिमी हिंदी क्षेत्र में ही मिलता है, पूर्वीय में वास्तव में यह ड़ँ के समान बोला जाता है।

हिंदी की बोलियों में कुछ विशेष ध्वनियाँ पाई जाती हैं जिनका व्यवहार आधुनिक साहित्यिक हिंदी में नहीं होता। ये ध्वनियाँ निम्नलिखित हैं :—

ॲ ए़ ओ ऍ ऑ; इ़ उ़ ए़; ञ्; ऱ ह ल्ह़

९. आधुनिक साहित्यिक हिंदी तथा बोलियों में व्यवहृत समस्त ध्वनियाँ आधुनिक शास्त्रीय वर्गीकरण के अनुसार नीचे दी जा रही हैं। केवल बोलियों में व्यवहृत ध्वनियाँ कोष्ठक में दी गई हैं :—

(१) मूलस्वर : *अ आ ऑ* [ऑ] [ऑ] [ओ] *ओ उ* [उ़]
ऊ ई इ [इ़] ए़[ऍ] [ए़] [ऍ] [ऍ़]
[ॲ]

मूलस्वरों के अनुनासिक तथा संयुक्त रूप भी पाए जाते हैं। इनका विवेचन आगे विस्तार से किया गया है।

(२) स्पर्श : क़् क् ख् ग़् घ्
ट़् ट् ड़् ढ़्
त् थ् द् ध्
प् फ़् ब् भ्

(३) स्पर्शसंघर्षी : च् छ् ज़् झ्

(४) अनुनासिक : ङ़् [ञ़्] ण़् न् न्ह म् म्ह़्

(५) पार्श्विक : ल् [ल्ह़]

(६) लुँठित[1] : र् [र् ह्]
(७) उत्क्षिप्त : ड़् ढ़्
(८) संघर्षी : ह् ख़् ग़् श् स् ज़् फ़् व्
(९) अर्द्धस्वर : य् व्

ऊपर दिए हुए क्रम के अनुसार प्रत्येक हिंदी ध्वनि[2] का विस्तृत वर्णन उदाहरण सहित आगे दिया गया है।

आ. हिंदी ध्वनियों का वर्णन

क. मूलस्वर

१०. जीभ के अगले या पिछले भाग के ऊपर उठने की दृष्टि से स्वरों के दो मुख्य भेद माने जाते हैं जिन्हें अगले या अग्रस्वर और


---

[1]लुंठित, उन ध्वनियों को कहते हैं जिनके उच्चारण में जीभ बेलन की तरह लपेट खाकर तालु को छुए। चटर्जी (बे० लै०, § १४०) तथा कादरी (हि० फो०, पृ० ६४) आधुनिक र् को उत्क्षिप्त मानते हैं किंतु सक्सेना ने (ए. अ. § १) इसे लुंठित माना है।

[2]यहाँ पर भाषा-ध्वनि (Speech sound) तथा ध्वनि-श्रेणी (Phoneme) का भेद समझ लेना आवश्यक है। प्रत्येक भाषा-ध्वनि का उच्चारण एक ही व्यक्ति भिन्न-भिन्न स्थलों पर कुछ थोड़े से परिवर्तन के साथ करता है, साथ ही भिन्न-भिन्न व्यक्ति प्रत्येक ध्वनि का उच्चारण कुछ पृथक् ढंग से करते हैं। उदाहरण के लिए अ का उच्चारण भिन्न-भिन्न स्थलों तथा भिन्न-भिन्न व्यक्तियों द्वारा बहुत प्रकार का हो सकता है। यह अवश्य है कि अ के ऐसे भिन्न-भिन्न रूपों में बहुत ही कम अंतर होता है। साधारणतया कान इस अंतर को नहीं पकड़ता। शास्त्रीय दृष्टि से अ के ये सब भिन्न रूप पृथक्-पृथक् भाषा-ध्वनियाँ हैं और सूक्ष्मदृष्टि से एक-दूसरे से उसी रूप में भिन्न हैं जिस रूप में अ और ए भिन्न हैं। किंतु व्यावहारिक दृष्टि से अ की इन सब मिलती-जुलती ध्वनियों को एक ही श्रेणी में रख लिया जाता है, अतः अ के ये सब मिलते-जुलते रूप अ ध्वनि-श्रेणी के अंतर्गत माने जाते हैं और व्यवहार में इन सब के लिए ही लिपि-चिह्न प्रयुक्त होता है।

हिंदी ध्वनियों का जो वर्णन इस पुस्तक में दिया गया है, वह वास्तव में ध्वनि-श्रेणियों का है। प्रत्येक ध्वनि-श्रेणी के अंतर्गत भाषा ध्वनियों के सूक्ष्म भेदों के अनुसार अनेक रूप पाए जाते हैं। इनका वर्णन ध्वनि-शास्त्र की दृष्टि से हिंदी ध्वनिसमूह के विस्तृत विवेचन


पिछले या पश्चस्वर कहते हैं। कुछ स्वर ऐसे भी हैं जिनके उच्चारण में जीभ का मध्य भाग ऊपर उठता है। ऐसे स्वर बिचले या मध्य-स्वर कहलाते हैं। प्रत्येक स्वर के उच्चारण में जीभ का अगला, बिचला या पिछला भाग भिन्न-भिन्न मात्रा में ऊपर उठता है। इस कारण मुख-द्वार के अधिक या कम खुलने की दृष्टि से स्वरों में चार भेद किए जाते हैं—(१) विवृत या खुले हुए, (२) अर्द्ध-विवृत या अधखुले, (३) अर्द्धसंवृत या अधसकरे और (४) संवृत या सकरे। इन दोनों प्रकार के भेदों को दृष्टि में रखते हुए आठ प्रधान स्वर माने गए हैं, जो भिन्न-भिन्न भाषाओं के स्वरों के अध्ययन के लिए बाटों का काम देते हैं। इन आठ प्रधान स्वरों के स्थान नीचे दिए हुए चित्र में दिखलाए गए हैं—



११. इन आठ प्रधान स्वरों के स्थान को ध्यान में रखते हुए हिंदी के मूल स्वरों के स्थानों को नीच के चित्र की सहायता से समझा जा सकता है। केवल बोलियों में पाए जाने वाले स्वर कोष्ठक में दिए गए हैं :—

के अंतर्गत ही आ सकता है। हिंदी ध्वनियों का इस तरह का विवेचन प्रस्तुत-पुस्तक के मुख्य विषय से सबध नही रखता।

[1] क़ादरी, हि. फो. पृ० ४८; सक, ए. अ., §९; सुनीतिकुमार चैटर्जी, 'ए स्केच आव् बेंगाली फॉनेटिक्स (१९२१)।



१२. (अ) यह अद्धविवृत मध्यस्वर है अर्थात् इसके उच्चारण में जीभ का मध्य भाग कुछ ऊपर उठता है और होठ कुछ खुल जाते हैं। अ का व्यवहार बहुत शब्दों में पाया जाता है। *अब, कमल, सरल,* शब्दों में अ क म स र में अ का उच्चारण होता है।

शब्दांश के मध्य या अंत में आने से अ की दो मुख्य भाषा-ध्वनियाँ पाई जाती हैं। शब्दांश के अंत में आने वाला अ कुछ दीर्घ होता है और कुछ अधिक खुला तथा पीछे की ओर हटा होता है। ये दो प्रकार के अ खुला अ तथा बंद अ कहला सकते हैं। ऊपर के उदाहरणों में अ, म, र के अ बंद अ हैं तथा क और स के अ खुले अ हैं।

हिंदी में शब्द या शब्दांश के अंत में आने वाले अ का उच्चारण नहीं होता है किंतु इस नियम के अपवाद भी मिलते हैं।[1] ऊपर के उदाहरणों में ब ल ल में उच्चारण की दृष्टि से अ नहीं है। वास्तव में इन शब्दों में ये तीनों व्यंजन अकार रहित हैं, अतः उच्चारण की दृष्टि से इन शब्दों का शुद्ध लिखित रूप *अब् कमल् सरल्* होगा।

१३. (आ) : उच्चारण में एक या अर्द्धमात्रा काल अधिक होने के अतिरिक्त *आ* और अ में स्थानभेद भी है। *आ* विवृत पश्च-

[1] गु. हि. व्या., § ३८

स्वर है और प्रधान स्वर *आ* से बहुत मिलता-जुलता है। इसके उच्चारण में जीभ के नीचे रहने पर भी उसका पिछला भाग कुछ अंदर की तरफ़ उठ जाता है। होठ बिलकुल गोल नहीं किए जाते, *अ* की अपेक्षा कुछ खुल अधिक अवश्य जाते हैं। यह स्वर ह्रस्व रूप में व्यवहृत नहीं होता।

उदा० *आदमी, काला, बादाम*।

१४. *ऑ* : अंग्रेज़ी के कुछ तत्सम शब्द के लिखने में *ऑ* चिह्न का व्यवहार हिंदी में होने लगा है। अंग्रेज़ी *ऑ* का स्थान *आ* से काफ़ी ऊँचा है। प्रधान स्वर *ओ* से *ऑ* का स्थान कुछ ही नीचा रह जाता है। अंग्रेज़ी में *ऑ* के अतिरिक्त उसका ह्रस्व रूप *ॅ* भी व्यवहृत होता है। हिंदी में दोनों के लिए दीर्घ रूप का ही व्यवहार लिखने और बोलने में साधारणतया किया जाता है।

उदा० *कॉङ्ग्रेस, कॉन्फ्रेन्स, लॉर्ड*।

१५. *ॲ* : यह अर्द्धविवृत ह्रस्व पश्चस्वर है। इसके उच्चारण में जीभ का पिछला भाग अर्द्धविवृत पश्च प्रधान स्वर के स्थान की अपेक्षा कुछ ऊपर की तरफ़ तथा अंदर की ओर दबा हुआ रहता है और होठ खुले गोल रहते हैं। इसका व्यवहार ब्रजभाषा में पाया जाता है।

उदा० *अवलोक हौं सोच विमोचन को* (कवितावली बाल०, १); *बरु मारिए मोहि बिना पग धोए हौं नाथ न नाव चढ़ाइहौं जू*। (कवितावली, अयोध्या०, ६)।

१६. *ऑ* : यह अर्द्धविवृत दीर्घ पश्चस्वर है और इसके उच्चारण में होठ कुछ अधिक खुले गोल रहते हैं। प्रधान स्वर *ओ* से इसका स्थान कुछ ऊँचा है। इसका व्यवहार भी ब्रजभाषा में मिलता है। देवनागरी लिपि में इस ध्वनि के लिए पृथक् चिह्न न होने के कारण *ओ* के स्थान पर *ओ* या *औ* लिख दिया जाता है किंतु वास्तव में यह ध्वनि इन दोनों से भिन्न है। ब्रजवासियों के

मुख से यह ध्वनि स्पष्ट रूप में सुनाई पड़ती है। ब्रजभाषा के *अकौं ऐसौं, गायौं, खायौं* आदि शब्दों में वास्तव में *औं* ध्वनि है।

तेज़ी से बोलने में हिंदी संयुक्त स्वर *औ* (*अओ*) का उच्चारण मूल स्वर *ओ* के समान हो जाता है। उदाहरण के लिए *औरत, मौन, सौ* आदि शब्दों के शीघ्र बोलने में *औ* ध्वनि *अ* के सदृश सुनाई पड़ने लगती है।

१७. *ओ* : यह अर्द्धसंवृत ह्रस्व पश्चस्वर है। इसके उच्चारण में होठ काफ़ी अधिक गोल किए जाते हैं। प्रधान स्वर की अपेक्षा इसका उच्चारण-स्थान अधिक नीचा तथा मध्य की ओर झुका है। इसका व्यवहार हिंदी की कुछ बोलियों में होता है। प्राचीन ब्रजभाषा काव्य में इस ध्वनि का व्यवहार स्वतंत्रतापूर्वक पाया जाता है।

उदा० *पुनि लेत सोई जेहि लागि अँ* (कवितावली, बाल०, ४) ; *ओहि केरि बिटिया* (अवधी बोली)।

१८. *ओ* : यह अर्द्धसंवृत दीर्घ पश्चस्वर है। इसके उच्चारण में होठ स्पष्ट रूप से गोल हो जाते हैं। प्रधान स्वर से इसका उच्चारण-स्थान कुछ ही नीचा है। हिंदी में यह मूलस्वर है, संयुक्त स्वर नहीं। संस्कृत की मूल ध्वनि के प्रभाव के कारण इसे संयुक्त स्वर मानने का भ्रम हिंदी में अब तक चला जा रहा है।

उदा० *ओस, बोतल, चाटो*।

१९. उ : यह संवृत ह्रस्व पश्चस्वर है। इसके उच्चारण में जीभ का पिछला भाग काफ़ी ऊपर उठता है किंतु ऊ के स्थान की अपेक्षा नीचे तथा मध्य की ओर झुका रहता है। साथ ही होठ बंद गोल किए जाते हैं।

उदा० *उस, मधुर, ऋतु*।

२०. उ̥ : हिंदी की कुछ बोलियों में फुसफुसाहट वाला उ भी पाया जाता है।

फुसफुसाहट वाले स्वर[1] तथा पूर्ण स्वर का स्थान एक ही होता है किंतु दोनों में अंतर है। पूर्ण स्वर के उच्चारण में दोनों स्वरतंत्रियाँ पूर्णरूप से तनी हुई बंद हो जाती हैं जिससे फेफड़ों से निकलती हुई हवा रगड़ खाकर निकलती है और घोष ध्वनियों का कारण होती है। फुसफुसाहट वाले स्वरों के उच्चारण में स्वर-तंत्रियों के दो तिहाई होठ बिल्कुल बंद रहते हैं किंतु तने नहीं रहते तथा एक तिहाई होठ खुले रहते हैं जिनसे थोड़ी मात्रा में हवा धीरे-धीरे निकल सकती है। यह स्मरण रखना चाहिए कि साधारण साँस लेने में स्वरतंत्रियों का मुँह बिल्कुल खुला रहता है तथा खाँसने के पहले या हम्ज़ा के उच्चारण में यह द्वार बिल्कुल बन्द हो कर सहसा खुलता रहता है। कानाफूसी में जो बात-चीत होती है वह फुसफुसाहट वाली ध्वनियों की सहायता से होती ही है।

ब्रज तथा अवधी[2] में शब्द के अंत में फुसफुसाहट वाला अर्थात् अघोष उ̥ आता है।

उदा० ब्र० *जात्उ̥*, ब्र० *आवत्उ̥*; अव० *ऊँट्उ̥*, अव० *भोरउ̥*

२१. ऊ : यह संवृत दीर्घ पश्चस्वर है। इसके उच्चारण में जीभ का पिछला भाग इतना ऊपर उठ जाता है कि कोमल तालु के बहुत निकट पहुँच जाता है। ऊ का उच्चारण-स्थान प्रधान स्वर ऊ से कुछ ही नीचा है। उ की अपेक्षा ऊ के उच्चारण में होठ अधिक जोर के साथ बंद गोल हो जाते हैं।

उदा० *ऊपर, मसूर, बालू।*

२२. ई : यह संवृत दीर्घ अग्र स्वर है। इसके उच्चारण में जीभ का अगला भाग इतना ऊपर उठ जाता है कि कठोर तालु के

---

[1] धा. फो. इं., § ५५ [2] सक., ए. अ., § ११७

बहुत निकट पहुँच जाता है। प्रधान स्वर ई की अपेक्षा हिंदी ई का उच्चारण-स्थान कुछ नीचा है। ई के उच्चारण में होठ फैले हुए रहते हैं।

उदा० *ईख, अमीर, आती।*

२३. इ : यह संवृत ह्रस्व अग्रस्वर है। इसका उच्चारण-स्थान ई की अपेक्षा कुछ अधिक नीचा तथा अंदर की ओर है। इसके उच्चारण में फैले हुए होठ ढीले रहते हैं।

उदा० *इस, मिलाप, आदि।*

२४. इ॰ : घोष इ का यह फुसफुसाहट वाला रूप है। उच्चारण-स्थान की दृष्टि से इन दोनों में काई भेद नहीं है किंतु इ॰ के उच्चारण में स्वरतंत्रियाँ घोष ध्वनि नहीं उत्पन्न करतीं बल्कि फुसफुसाहट वाली ध्वनि उत्पन्न करती हैं। यह स्वर ब्रज तथा अवधी[1] आदि बोलियों में कुछ शब्दों के अंत में पाया जाता है।

उदा० *आवत्इ॰, अव० गील्इ॰।*

२५. ए : यह अर्द्धसंवृत दीर्घ अग्रस्वर है। इसका उच्चारण-स्थान प्रधान स्वर ए से कुछ नीचा है। ए के उच्चारण में होठ ईं की अपेक्षा कुछ अधिक खुलते हैं।

उदा० *एक, अनेक चले।*

२६. ऍ : यह अर्द्धसंवृत ह्रस्व अग्रस्वर है। इसके उच्चारण में जीभ का अग्रभाग ए की अपेक्षा कुछ अधिक नीचा तथा बीच की ओर झुका हुआ रहता है। इसका व्यवहार साहित्यिक हिंदी में तो नहीं है किंतु हिंदी की बोलियों में इसका व्यवहार बराबर मिलता है।

उदा० *अवधेस के द्वारे सकारे गई* (कवितावली, बाल०, १); अव *ओंहि केर बैटवा।*

२७. ऍ : घोष ऍ का यह फुसफुसाहट वाला रूप है। इसका

---

[1] सक. ए. अ., § ११६

उच्चारण-स्थान ए के समान ही है, भेद केवल घोष ध्वनि और फुस-फुसाहट वाली ध्वनि का है। यह ध्वनि अवधी शब्दों[1] में मिलती है जैसे, *कहेसए* । ब्रजभाषा में कदाचित् यह ध्वनि नहीं है। साहित्यिक हिंदी में भी इसका प्रयोग नहीं पाया जाता।

२८. ऍ : यह अर्द्धविवृत दीर्घ अग्रस्वर है। इसका उच्चारण-स्थान प्रधान स्वर ऍ से कुछ ऊँचा है। यह स्वर ब्रज की बोली की विशेषताओं में से एक है। ब्रज में संयुक्त स्वर ऐ (*अए*) के स्थान पर यह मूल स्वर ही बोला जाता है।

उदा० *ऍसो, कसो।*

कादरी[2] हिंदुस्तानी संयुक्त स्वर ऐ को संयुक्त स्वर नहीं मानते हैं। उदाहरणार्थ, उन्होंने *ऐब, क़ैद,* जै में यही मूल स्वर माना है। चैटर्जी[3] ने बंगला ऐ को भी मूल स्वर ही माना है। वास्तव में हिंदी ऐ साधारणतया संयुक्त स्वर है किंतु जल्दी बोलने में कभी-कभी मूल ह्रस्व स्वर ऍ के समान इसका उच्चारण हो जाता है। बेली[4] ने पंजाबी भाषा में ऐ को मूल ह्रस्व स्वर माना है जैसे पं० *पैर, पैले* (हि० *पहले*) *शैर* (हि० शहर)।

२९. ऍ : यह अर्द्धविवृत ह्रस्व अग्रस्वर है। इसके उच्चारण में जीभ का अग्रभाग ऍ की अपेक्षा कुछ नीचा तथा अंदर की ओर झुका रहता है। इसका व्यवहार ब्रजभाषा काव्य में बराबर मिलता है जैसे, *सुत गोद कें भूपति लै निकसे* (कविता०, बाल०, १)। जैसे ऊपर बताया गया है, हिंदी संयुक्त स्वर ऐ शीघ्रता से बोलने में मूल ह्रस्वस्वर ऍ हो जाता है।

---

[1] सक., ए. अ., § ११८

[2] कादरी हि. फो., § पृ० ५१

[3] चै. बे. लै., § १४०

[4] बेली, पंजाबी फ़ोनेटिक रीडर, पृ० XIV

३०. *ॲ* : यह अर्द्धविवृत मध्य ह्रस्वार्द्ध स्वर है और हिंदी *अ* से मिलता-जुलता है। इसके उच्चारण में जीभ के मध्य का भाग *अ* की अपेक्षा कुछ अधिक ऊपर उठ जाता है। अंग्रेज़ी में इसे 'उदासीन स्वर' (neutral vowel) कहते हैं और ə से चिह्नित करते हैं। यह ध्वनि अवधी[1] बोली में पायी जाती है, जैसे *सोरंही, रामकं*। पंजाबी भाषा में यह ध्वनि बहुत शब्दों में सुनाई पड़ती है, जैसे पं० *रईस, वंचारा* (हि० बिचारा), *नौकर* (हि० *नौकर*)।

ख. अनुनासिक स्वर

३१. साहित्यिक हिंदी के प्रत्येक स्वर का अनुनासिक रूप भी पाया जाता है। फुसफुसाहट वाले स्वरों और उदासीन स्वर (*ॲ*) को छोड़ कर हिंदी बोलियों में आने वाले अन्य विशेष स्वरों के भी प्रायः अनुनासिक रूप होते हैं। मूलस्वरों के समान समस्त अनुनासिक स्वरों का व्यवहार शब्दों में प्रत्येक स्थान पर नहीं मिलता है।

वास्तव में अनुनासिक स्वर को निरनुनासिक स्वर से बिल्कुल भिन्न मानना चाहिए क्योंकि इस भेद के कारण शब्दभेद या अर्थभेद या दोनों ही भेद हो सकते हैं। अनुनासिक स्वरों के उच्चारण में स्थान वही रहता है किंतु साथ ही कोमल तालु और कौवा नीचे झुक आता है जिससे मुख द्वारा निकलने के अतिरिक्त हवा का कुछ भाग नासिका-विवर में गूँज कर निकलता है। इसी से स्वर में अनुनासिकता आ जाती है।

---

[1] सक., ए. अ., §९६

[2] बेली, पंजाबी फ़ोनेटिक रीडर, पृ० XIV

[3] देवनागरी लिपि में अनुनासिक स्वर को प्रकट करने के लिए स्वर के ऊपर कहीं बिंदी और कहीं अर्द्धचंद्र लगाया जाता है। इस पुस्तक में, उदाहरणों में अनुनासिक स्वर के ऊपर बराबर बिंदी का ही प्रयोग किया गया है।

हिंदी की बोलियों में बुंदेली में अनुनासिक स्वरों का प्रयोग अधिक होता है।

३२. नीचे अनुनासिक स्वर उदाहरण सहित दिए गए हैं—

साहित्यिक हिंदी में प्रयुक्त अनुनासिक स्वर

अं : *अंगरखा, हंसो, गंवार।*

आं : *आंसू, बाँस, सांचा।*

ओं : *सोंठ, जानवरों, कोसों।*

उं : *घुंघची, बुंदेली।*

ऊं : *ऊंघना, सूंघता, गेहूँ।*

इं : *बिंदिया, सिंघाड़ा, धनिया।*

ईं : *ईंगुर, सींचना, आईं।*

एं : *गेंद, बातें, में।*

केवल बोलियों में प्रयुक्त अनुनासिक स्वर

ओं	: ब्र०	लौं, सौं	(कविता०, उत्तर० ३५)।
ओं	: ब्र०	भौं, हौं	(कविता०, उत्तर० ४१, ५९)।
ओं	: अव०	गोंटिबा,[1]	(हि० गांठ में बांधूंगा)।
एं	: अव०[2]	एंडुआ,	(हि० सर पर मटकी या घड़े के नीचे रखने की रस्सी का गोल घेरा) घेंटआ (हि० गला)
ऍं	: ब्र०	तें, तैं	(कविता०, उत्तर०, ४४, १२९)।
ऍं	: ब्र०	त, म	(कविता०, उत्तर०, ९१, १२८)।

---

[1] सक., ए. अ., §१२१

[2] वही, ए. अ., §१२१

ग. संयुक्तस्वर

३३. हिंदी में केवल दो संयुक्त स्वरों को लिखने के लिए देवनागरी लिपि में पृथक् चिह्न हैं। ये ऐ (अए) और औ (अओ) हैं। इन्हीं चिह्नों का प्रयोग ब्रजभाषा मूलस्वर ऍ और ऑ के लिए तथा संस्कृत, हिंदी की कुछ बोलियों और कुछ साहित्यिक हिंदी के रूपों में पाए जाने वाले अइ और अउ संयुक्त स्वरों के लिए भी किया जाता है। इस पुस्तक में ऐ औ का प्रयोग क्रम से केवल अए अओ संयुक्त स्वरों के लिए किया गया है।

सिद्धान्त की दृष्टि से संयुक्तस्वर[1] के उच्चारण में मुख अवयव एक स्वर के उच्चारण-स्थान से दूसरे स्वर के उच्चारण-स्थान की ओर सीधे मार्ग से तेज़ी से बदलते हैं जिससे साँस के एक ही झोंक में, अवयवों में परिवर्तन होती हुई अवस्था में, ध्वनि का उच्चारण होता है। अतः संयुक्त स्वर को दो भिन्न स्वरों का संयुक्त रूप मानना ठीक नहीं है। संयुक्त स्वर एक अक्षर हो जाता है किंतु निकट आने वाले दो भिन्न स्वर वास्तव में दो अक्षर है। यदि ठीक उच्चारण किया जाय तो ऐ (अए) और अ--ए में प्रथम संयुक्त स्वर है और दूसरा दो स्वरों का समूह मात्र है।

सच्चे संयुक्त स्वर तथा निकट में आने वाले दो या अधिक स्वतंत्र मूल स्वरों में सिद्धान्त की दृष्टि से भेद चाहे किया जा सके किंतु व्यावहारिक दृष्टि से दोनों में भेद करना कठिन है। निकट आने वाले स्वर प्रचलित उच्चारण में संयुक्त स्वर हो जाते हैं। इसीलिए यहां संयुक्त स्वर और स्वरसमूह में भेद नहीं किया गया है--दोनों ही के लिए संयुक्त स्वर शब्द का प्रयोग किया गया है। प्रचलित लिपि चिह्न ए औ के अतिरिक्त अन्य संयुक्त स्वर के लिए मूल स्वरों का व्यवहार किया गया है।

[1] वा. फो. इं., § १६९

यदि दो ह्रस्व स्वरों के समूह को सच्चा संयुक्त स्वर माना जाय तो साहित्यिक हिंदी में ऐ (अए) और (अओ) ही संयुक्त स्वर माने जा सकते हैं।

३४. वास्तव में हिंदी तथा हिंदी की बोलियों में प्रयुक्त दो स्वरों के संयुक्त रूपों की संख्या बहुत अधिक है। नीचे हिंदी तथा हिंदी की बोलियों में व्यवहृत संयुक्त स्वर उदाहरण सहित दिए जा रहे हैं।

साहित्यिक हिंदी में प्रयुक्त दो स्वरों का संयोग

औ (अओ)	:	औरत, बौनी, सौ ।
अई	:	कई, गई, नई ।
ऐ (अए)	:	ऐसा, कैसा, वैर ।
अए	:	गए, नए, घए (चूल्हे में रोटी सेंकने की जगह)
आओ	:	आओ, खाओ, लाओ ।
आऊ	:	धराऊ, खाऊ, नाऊ ।
आई	:	आई, काई, नाई ।
आऐ	:	राऍं, गाएँ, जाऍं ।
ओई	:	खोई, लोई कोई ।
ओए	:	बोए, खोए, रोए ।
ओआ	:	सोआ, खोआ, चोआ ।
उआ	:	बुआ, चुआ, जुआ ।

---

[1]यहाँ पर यह स्मरण दिला देना अनुचित न होगा कि संयुक्त स्वरों के एक अंश में इ, ई, ए, या ए होने पर तालव्य अर्द्धस्वर य्, तथा उ, ऊ, ओ या ओ होने पर कंठ्योष्ठ्य अर्द्धस्वर व् लिखने की प्रथा रही है, जैसे आयी, आये, लिया, वियोग, बुवा, आवो, खोवा, केवड़ा आदि। उच्चारण की दृष्टि से य् या व् का आना संदिग्ध है, इसीलिए इस तरह के समस्त स्वरसमूहों को संयुक्त स्वर माना गया है।

उई : सुई, चुई, रुई ।
उए : चुए, कुए, मुए ।
इआ : लिआ, दिया, दुनिया ।
इओ : विओग, निओग ।
इए : दिए, लिए, पिए ।
एआ : खेआ, सेआ, टेआ ।
एइ : खेई, लेई, सेई ।

ऊपर के संयुक्त स्वरों के अतिरिक्त कुछ दो स्वरों के संयुक्त रूप विशेष रूप से हिंदी बोलियों में ही पाए जाते हैं। ये उदाहरण सहित[1] नीचे दिए जाते हैं।

अओ : ब्र० गओ (हि० गया), ब्र० लओ (हि० लिया)।
अउ : अव० तउ (हि० तब), अव० सउ (हि० सौ)।
अऊ : ब्र० तऊ (हि० तो भी), ब्र० गऊ (हि० गाय)।
अइ : ब्र० अइसी (हि० ऐसी), ब्र० जइसी (हि० जैसी)।
आऊ : ब्र० आऊ (हि० आओ), ब्र० मुटाऊ (हि० मुटाव)।
आओ : ब्र० नाओ (हि० नाव)।
आइ : ब्र० आइ (हि० आ), ब्र० जाइ (हि० जावे)।
ओउ : अव० धोउना।
ओइ : अव० होइहै (हि० होगा), ब्र० सोइ (हि० वह ही)।
ओअ : अव० धोअनू।
ओआ : अव० ढोंआ।

---

[1] अवधी के समस्त उदाहरण सक., ए. अ., § १२७ से लिए गए हैं।

आउ : अव० होउ (हि० होवे), ब्र० धोउन ।

ओओ : ब्र० धोओ (हि० धोया) ।

ओइ : अव० होइ (हि० होवे) ।

उअ : ब्र० सुअन (हि० तोतों), ब्र० चुअन (हि० चूने) ।

उइ : अव० दुइ (हि० दो) ।

ऊई : अव० रूई ।

इअ : ब्र० सिअत (हि० सीता) ।

इउ : अव० घिउ (हि० घी), ब्र० दिउली (हि० चने के दाने) ।

इई : अव० पिई (हि० पी) ।

एओ : ब्र० नेओला, ब्र० केओंड़ा, ब्र० बेओंपार (हि० व्यापार)

एउ : अव० देउ (हि० दो०—देना) ।

एओ : ब्र० देओ (हि० दो—देना), ब्र० सेओ ।

एइ : अव० देइ (हि० दे०), ब्र० लेइ (हि० ले) ।

एए : अव० खेए चलउ ।

३५. हिंदी तथा हिंदी की बोलियों में कुछ तीन-संयुक्त-स्वर भी मिलते हैं। ये उदाहरण सहित नीचे दिये जा रहे हैं।

साहित्यिक हिंदी में प्रयुक्त तीन संयुक्त स्वर

अइआ : तइआरी भइया, मइआ ।

अउआ : कउआ, ब० बुलउआ (हि० बुलावा) ।

आइए : आइए, गाइए, लाइए ।

इनके अतिरिक्त कुछ तीन-संयुक्त-स्वर विशेष रूप से बोलियों में पाए जाते हैं। ये उदाहरण सहित नीचे दिए जाते हैं :—

अउएँ : ब्र० गउएँ ।

अइओ : ब्र० अइओ (हि० आना), ब्र० जइओं (हि० जाना)।

आइउ : अव० आइउ (हि० तुम आई)।

अएउ : अव० खाएउ ।

आइओं : ब्र० आइओं (हि० आना), ब्र० जाइओं (हि० जाना)।

ओइआ : अव० लोइआ (हि० लोई—कम्मल)।

ओएउ : अव० धोएउ (हि० धोया)।

उइआ : ब्र० घुइआ ।

इअउ : अव० जिअउ (हि० जियो)।

इआई : ब्र० सिआई (हि० सिलाई), ब्र० पिआई । (हि० पिलाई)।

इआऊ : ब्र० पिआऊ ।

इएउ : अव० पिएउ (हि० पिया)।

एएउ : अव० खेएउ (हि० खेया)।

एइया : अव० नंएआ ।

घ. स्पर्श व्यंजन

३६. क़ : आधुनिक साहित्यिक हिंदी में इस ध्वनि का व्यवहार केवल फ़ारसी-अरबी के तत्सम शब्दों में किया जाता है। वास्तव में यह विदेशी ध्वनि है। प्राचीन साहित्य में तथा हिंदुस्तानी जनता में क़ के स्थान पर क या ख़ हो जाता है। क़ का उच्चारण जिह्वामूल को कौवे के निकट कोमल तालु के पिछले भाग से छुआ कर किया जाता है। यह अल्पप्राण, अघोष, जिह्वामूलीय, स्पर्श-व्यंजन है और इसका स्थान जीभ तथा तालु दोनों की दृष्टि से सब से पीछे है।

उदा० *क़ाबिल, मुक़ाम, ताक़*।

३७. क् : क् का उच्चारण जीभ के पिछले भाग को कोमल तालु से छुआ कर किया जाता है। यह अल्पप्राण, अघोष, स्पर्श-व्यंजन है। प्रा० भा० आ० काल में कवर्ग का उच्चारण कोमल तालु के स्थान की दृष्टि से आजकल की अपेक्षा कदाचित् कुछ अधिक पीछे से होता था, अतः क् उस समय क़् के कुछ अधिक निकट रहा होगा। इसीलिए कवर्ग का स्थान 'कंठ्य' माना जाता था। आजकल का स्थान कुछ आगे हट आया है।

उदा० *कमला, चकिया, एक* ।

३८. ख् : ख् और क् के उच्चारण-स्थान में कोई भेद नहीं है, किंतु यह महाप्राण, अघोष, स्पर्श व्यंजन है। ब्रजभाषा, अवधी आदि बोलियों में फ़ारसी-अरबी संघर्षी ख़ के स्थान पर बराबर स्पर्श ख् हो जाता है।

उदा० *खटोला, दुखड़ा, मुख* ।

३९. ग् : ग् का उच्चारण भी जीभ के पिछले भाग को कोमल तालु से छुआ कर होता है, किंतु यह अल्पप्राण, सघोष, स्पर्श व्यंजन है। हिंदी की बोलियों में फ़ारसी-अरबी ग़ के स्थान पर ग् हो जाता है किंतु साहित्यिक हिंदी में यह भेद कायम रक्खा जाता है।

उदा० *गमला, जगह, आग* ।

४०. घ् : घ् का स्थान पिछले कवर्गीय व्यंजनों के समान ही है किंतु यह महाप्राण, सघोष, स्पर्श व्यंजन है।

उदा० *घर, बघारना, बाघ* ।

४१. ट् : समस्त टवर्गीय ध्वनियों का उच्चारण जीभ की नोक को उलट कर उसके नीचे के हिस्से से कठोर तालु के मध्य भाग के निकट छुआ कर किया जाता है। प्राचीन परिभाषा के अनुसार ट् आदि मूर्द्धन्य व्यंजन कहलाते हैं। ट् अल्पप्राण, अघोष, स्पर्श-

व्यंजन है। उच्चारण की कठिनाई के कारण ही बच्चे टवर्गीय व्यंजनों का उच्चारण बहुत देर में कर पाते हैं।

मूर्द्धन्य व्यंजन ध्वनियाँ भारत-यूरोपीय काल की नहीं हैं बल्कि आर्यों के भारत में आने पर अनार्यों के संपर्क से इनका व्यवहार प्रा० भा० आ० में होने लगा था। मूर्द्धन्य ध्वनि वाले शब्दों की संख्या वेदों में अपेक्षित रूप से कम अवश्य है। हिंदी में ट् का व्यवहार काफ़ी होता है।

उदा० *टीला, काटना, सरपट* ।

अंग्रेज़ी की ट् , ड् ध्वनियाँ मूर्द्धन्य नहीं हैं बल्कि वर्त्स्य हैं अर्थात् ऊपर के मसूड़े पर बिना उलटे हुए जीभ की नोक छुआ कर इनका उच्चारण किया जाता है। हिंदी में वर्त्स्य ट् ड् (ट़् ड़्) न होने के कारण हिंदी बोलने वाले इन ध्वनियों का या तो मूर्द्धन्य (ट् ड्) या दंत्य (त् द्) कर देते हैं।

४२. ट् : स्थान की दृष्टि से ट् और ट् में भेद नहीं है किंतु ट् महाप्राण, अघोष, मूर्द्धन्य, स्पर्श व्यंजन है।

उदा० *ठठेरा, कठोर, काठ* ।

४३. ड् : ड् का उच्चारण भी जीभ की नोक को उलट कर कठोर तालु के मध्य भाग के निकट छुआ कर होता है किंतु यह अल्पप्राण, सघोष, मूर्द्धन्य, स्पर्श व्यंजन है।

उदा० *डमरू, मंडेरी, खंड* ।

४४. ढ् : ढ् महाप्राण, सघोष, मूर्द्धन्य, स्पर्श व्यंजन है। इसका प्रयोग हिंदी में शब्दों के आरंभ में ही पाया जाता है।

उदा० *ढकना, ढपली, ढंग* ।

४५. त् : त् का उच्चारण जीभ की नोक से दाँतों की ऊपर की पंक्ति को छूकर किया जाता है। यह अल्पप्राण, अघोष, स्पर्श-व्यंजन है।

उदा० *ताल, पत्ता, बात* ।

४६. थ् : त् और थ् के उच्चारण-स्थान में कोई भेद नहीं है किंतु थ् महाप्राण, अघोष, स्पर्श व्यंजन है।

उदा० *थोड़ा, सुथरा-साथ* ।

४७. द् : द् का उच्चारण भी जीभ की नोक से दाँतों की ऊपर की पंक्ति को छूकर किया जाता है किंतु द् अल्पप्राण, सघोष, स्पर्श-व्यंजन है।

उदा० *दानव, बदन, चाँद* ।

४८. ध् : ध् का उच्चारण भी अन्य तवर्गीय ध्वनियों के समान ही होता है किंतु यह महाप्राण, सघोष, स्पर्श व्यंजन है।

उदा० *धान, बधाई साध* ।

४९. प् : प् का उच्चारण दोनों होठों को छुआ कर होता है। ओष्ठ्य ध्वनियों के उच्चारण में जीभ से सहायता बिल्कुल नहीं ली जाती। प् अल्पप्राण, अघोष, स्पर्श व्यंजन है। अंत्य ओष्ठ्य ध्वनियों में स्फोट नहीं होता।

उदा० *पान, काँपना, आप* ।

५०. फ् : प् और फ् का उच्चारण-स्थान एक है किंतु यह महाप्राण, अघोष, स्पर्श व्यंजन है।

उदा० *फूल, बफारा* ।

५१. ब् : ब् का उच्चारण भी दोनों होठों को छुआ कर होता है, किंतु यह अल्पप्राण, सघोष, स्पर्श व्यंजन है।

उदा० *बुनना, साबुन, सब* ।

५२. भ् : भ् महाप्राण, सघोष, ओष्ठ्य, स्पर्श व्यंजन है।

उदा० *भलाई, सभा* ।

ङ. स्पर्शसंघर्षी[1]

५३. च् : च् का उच्चारण जीभ के अगले हिस्से को ऊपरी

---

[1] ध्वनि-संबंधी प्रयोग करने के बाद कुछ विद्वान् (दे. चै., बे, फो., §१६; कादरी, हि. फो., पृ० ८२; सक., ए. अ., ३०) इस परिणाम पर पहुँचे हैं कि भारतीय आधुनिक

मसूड़ों के निकट कठोर तालु से कुछ रगड़ के साथ छूकर किया जाता है। अतः यह स्पर्शसंघर्षी ध्वनि मानी जाती है। तालु के स्थान की दृष्टि से चवर्गीय व्यंजनों का स्थान टवर्गीय व्यंजनों की अपेक्षा आगे की ओर होने लगा है। प्राचीन काल में संभवतः पीछे की ओर होता था। तभी तो चवर्ग को टवर्ग के पहले रक्खा जाता था। च् अल्पप्राण, अघोष, स्पर्शसंघर्षी व्यंजन है।

उदा० *चन्दन, कचौड़ी, सच* ।

५४. छ् : च् और छ् स्थान एक ही है किंतु छ महाप्राण, अघोष, स्पर्श व्यंजन है।

उदा० *छीलना, कछुआ, कच्छ*।

५५. ज् : ज् का उच्चारण भी जीभ के अगले हिस्से को ऊपरी मसूड़ों के निकट कठोर तालु से कुछ रगड़ के साथ छूकर किया जाता है। किंतु ज् अल्पप्राण, सघोष, स्पर्शसंघर्षी व्यंजन है।

उदा० *जगह, गरजना, साज* ।

५६. झ् : झ् का स्थान भी अन्य चवर्गीय ध्वनियों के समान ही है; किंतु यह महाप्राण, सघोष, स्पर्शसंघर्षी व्यंजन है।

उदा० *झकोरा, उलझना, बांझ* ।

चवर्गीय ध्वनियाँ शुद्ध स्पर्श न होकर स्पर्शसंघर्षी व्यंजन है। मेरी समझ में इस संबंध में एक दो से अधिक हिंदी बोलने वालों पर प्रयोग करके देखने की आवश्यकता है, तभी ठीक निर्णय हो सकेगा। अब तक की खोज के आधार पर यहाँ चवर्गीय ध्वनियों को स्पर्श-संघर्षी मान लिया गया है। बेली ने पंजाबी च् ज् को स्पर्शसंघर्षी न मान कर स्पर्श व्यंजन माना है (बेली, पंजाबी फ़ोनेटिक रीडर, पृ० XI)। संभव है कि भारतीय चवर्गीय ध्वनियों को स्पर्शसंघर्षी समझने में कुछ प्रभाव अंग्रेज़ी च् ज् ध्वनियों का भी हो। अंग्रेज़ी च् ज् अवश्य स्पर्शसंघर्षी हैं।

च. अनुनासिक

५७. ङ् : ङ् का उच्चारण जीभ के पिछले भाग को कोमल तालु से छुआ कर होता है किंतु उसके उच्चारण में कोमल तालु कौवा सहित नीचे को झुक आता है। जिससे कुछ हवा हलक़ के अन्दर नाकों के छिद्रों में होकर निकलते हुए नासिका-विवर में गूँज पैदा कर देती है। कोमल तालु के नीचे झुक आने के कारण समस्त अनुनासिक व्यंजनों के उच्चारण में जीभ निरनुनासिक व्यंजनों की अपेक्षा तालु के कुछ अधिक पिछले भाग को छूती है। निरनुनासिक स्पर्श-व्यंजनों के उच्चारण में कौवा सहित कोमल तालु कुछ पीछे को हटा रहता है जिससे हलक़ के अन्दर नासिका के छिद्र बंद रहते हैं। ङ् सघोष, अल्पप्राण, कंठ्य, अनुनासिक ध्वनि है।

स्वर सहित ङ् हिंदी में नहीं पाया जाता। शब्दों के आदि या अंत में भी इसका व्यवहार नहीं होता। शब्दों के बीच में कवर्ग के पहले ही ङ् सुनाई पड़ता है। देवनागरी लिपि में ङ् तथा समस्त अन्य पंचम अनुनासिक व्यंजनों के लिए अब प्रायः अनुस्वार लिखा जाता है।

उदा० *अंक, कंघा, बंगू*।

५८. ञ् : ञ् सघोष, अल्पप्राण, तालव्य, अनुनासिक ध्वनि है। ञ् ध्वनि साहित्यिक हिंदी के शब्दों में नहीं पाई जाती। साहित्यिक हिंदी में चवर्गीय ध्वनियों के पहले आने वाले अनुनासिक व्यंजन का उच्चारण न् के समान होता है। सं० *चञ्चल, कञ्ज* आदि का उच्चारण हिंदी में चन्चल, कन्ज की तरह होता है। अवधी[1] में यह ध्वनि बतलायी जाती है किंतु जो उदाहरण दिए गए हैं (*तमंचा, पंजा, संझा*), उनमें इस ध्वनि का होना संदिग्ध है। ब्रज की बोली में *नाञ्* (हि० नहीं) *साञ् साञ्* (विशेष प्रकार की आवाज) आदि

---

[1] सक., ए. अ. § ६०

शब्दों में ञ् की सी ध्वनि सुनाई पड़ती है। यह ञ् भी अनुनासिक य् अर्थात् य से बहुत मिलता-जुलता है।

५९. *ण्* : *ण* अल्पप्राण, सघोष, मूर्द्धन्य, अनुनासिक व्यंजन है। अनुनासिक होने के कारण इसका उच्चारण निरनुनासिक मूर्द्धन्य व्यंजनों की अपेक्षा कठोर तालु पर कुछ अधिक पीछे की ओर उल्टी जीभ की नोक छुआ कर होता है। स्वर सहित यह ध्वनि हिंदी में केवल तत्सम संस्कृत शब्दों में मिलती है और उनमें भी शब्दों के आदि में नहीं पाई जाती।

उदा० *गुण, परिणाम, चरण* ।

हिंदी में व्यवहृत संस्कृत शब्दों में मूर्द्धन्य स्पर्श-व्यंजनों के पूर्व हलंत *ण्* का उच्चारण न् के समान हो गया है। जैसे *सं० पण्डित, कण्टक* आदि शब्दों का उच्चारण हिंदी में *पन्डित, कन्टक* की तरह होता है। अर्द्धस्वरों के पहले *ण* ध्वनि रहती है, जैसे *कण्व, पुण्य* आदि। हिंदी की बोलियों में *ण्* ध्वनि का व्यवहार बिल्कुल भी नहीं होता है। *ण्* के स्थान पर बराबर न् हो जाता है जैसे *चरन, गनेस, गुन*। वास्तव में हिंदी *ण्* का उच्चारण ङ् से बहुत मिलता-जुलता होता है।

६०. *न्* : *न्* अल्पप्राण, सघोष, वर्त्स्य, अनुनासिक व्यंजन है। इसके उच्चारण में जीभ की नोक दंत्य स्पर्श व्यंजनों के समान दाँतों की पंक्ति को न छूकर ऊपर के मसूड़ों को छूती है। अतः प्राचीन प्रथा के अनुसार न् को दंत्य मानना ठीक नहीं है। यह वास्तव में वर्त्स्य है।

उदा० *निमक, बन्दर, कान* ।

६१. *न्ह्* : *न्ह्* महाप्राण, सघोष, वर्त्स्य, अनुनासिक व्यंजन है। हिंदी में इसे मूलध्वनि नहीं माना जाता रहा है किंतु आधुनिक विद्वान्[1]

---

[1] क़ादरी. हि. फो., पृ० ८९; सक. ए. अ § ६२

इसे संयुक्त व्यंजन न मानकर ध्, ध्, भ् आदि की तरह मूल महाप्राण व्यंजन मानते हैं।

उदा० *उन्होंने, कन्हैया, जिन्होंने* ।

६२. म् : म् का उच्चारण भी ओष्ठ्य स्पर्श व्यंजनों के समान दोनों होठों को छुआ कर होता है किंतु इसके उच्चारण में अन्य अनुनासिक व्यंजनों के समान कुछ हवा हलक़ के नाम के छिद्रों में होकर नासिका-विवर में गूँज उत्पन्न करती हैं। म् अल्पप्राण, सघोष, ओष्ठ्य, अनुनासिक व्यंजन है।

उदा० *माता, कामना, आम* ।

६३. म्ह् : म्ह् महाप्राण, सघोष, ओष्ठ्य, अनुनासिक व्यंजन है। न्ह् के समान इसे भी आधुनिक विद्वान्[1] संयुक्त व्यंजन न मान कर मूल महाप्राण व्यंजन मानते है।

उदा० *तुम्हारा, कुम्हार, अव० अम्हा* (हि० ब्रह्मा)।

छ. पार्श्विक

६४. ल् : ल् के उच्चारण में जीभ की नोक ऊपर के मसूड़ों को अच्छी तरह छूती है किंतु साथ ही जीभ के दाहिने-बायें जगह छूट जाती है जिसके कारण हवा पार्श्वों से निकलती रहती है। इसलिए ल् ध्वनि देर तक कही जा सकती है। ल् पार्श्विक, अल्पप्राण, सघोष, वर्त्स्य ध्वनि है। ल् ध्वनि का उच्चारण र् के स्थान से ही होता है किंतु इसका उच्चारण र् की अपेक्षा सरल है इसलिए आरंभ में बच्चे र् की जगह ल् बोलते हैं।

उदा०*लाभ, खलना चाल* ।

६५. ल्ह् : यह ल् का महाप्राण रूप है। बोलियों में इसका

---

[1] क़ादरी हि फो., पृ० ८७; सक., ए. अ., § ६१

प्रयोग बराबर मिलता है। *न्ह्, म्ह्* की तरह इसे भी अन्य महाप्राण व्यंजनों के समान माना गया है।

उदा० ब्र० *सल्हा* (हि० सलाह), अव० *पल्हावब्* ब्र० *कालिह* (हि० कल)।

ज. लुंठित

६६. *र् : र्* के उच्चारण में जीभ की नोक दो-तीन बार वर्त्स्य या ऊपर के मसूड़े को शीघ्रता से छूती है। *र्* लुंठित, अल्पप्राण, वर्त्स्य, सघोष ध्वनि है। बच्चों को इस तरह जीभ में बहुत कठिनाई पड़ती है, इसीलिए बच्चे बहुत दिनों तक *र्* का उच्चारण नहीं कर पाते।

उदा० *राम, चरण, पार*।

६७. *र् ह्* : यह *र्* का महाप्राण रूप है। बोलियों में इसका प्रयोग बराबर होता है। यह ध्वनि शब्द के मध्य में ही मिलती है। *ल्ह्* आदि के समान *र् ह्* भी मूल ध्वनि[1] मानी जाती है।

उदा० ब्र० *कर्हानो* (हि० कराहना), अव० *अर् ही* (हि० अरहर)।

झ. उत्क्षिप्त

६८. *ड़् : ड्* का उच्चारण जीभ की नोक को उलट कर नीचे के हिस्से से कठोर तालु को झटके के साथ कुछ दूर तक छूकर किया जाता है। *ड़्* न तो *ड्* की तरह स्पर्श ध्वनि है और न *र्* की तरह लुंठित ध्वनि है। *ड़्* अल्पप्राण, सघोष, मूर्द्धन्य, उत्क्षिप्त ध्वनि है।

---

[1] क़ादरी. हि. फो., पृ० ९०, सक., ए. अ., ७५

[2] क़ादरी. हि. फो., पृ० ९२, सक., ए. अ., ७२

हिंदी में यह नवीन ध्वनियों में से एक है। ड़् शब्दों के मध्य या अंत में प्रायः दो स्वरों के बीच में ही आता है।

उदा० *पेड़, बड़ा, गड़बड़।*

६९. ढ़् : ड़् और ढ़् का उच्चारण-स्थान एक ही है किंतु ढ़् महाप्राण, सघोष, मूर्द्धन्य, उत्क्षिप्त ध्वनि है। ढ़् वास्तव में ड़् का रूपांतर है ढ़् का नहीं। यह ध्वनि भी हिंदी में नवीन है और शब्दों के मध्य या अंत में प्रायः दो स्वरों के बीच में पाई जाती है।

उदा० *बढ़िया, बूढ़ा, बढ़।*

ञ. संघर्षी

७०. ह् : विसर्ग या अघोष ह्-ह् के उच्चारण में जीभ और तालु अथवा होटों की सहायता बिल्कुल नहीं ली जाती। हवा को अंदर से ज़ोर से फेंक कर मुख-द्वार के खुले रहते हुए स्वर-यंत्र के मुख पर रगड़ उत्पन्न करके इस ध्वनि का उच्चारण किया जाता है। विसर्ग या ह् और अ के उच्चारण में मुख के समस्त अवयव समान रहते हैं, भेद केवल इतना होता है कि अ के उच्चारण में हवा ज़ोर से नहीं फेंकी जाती और विसर्ग के उच्चारण में हवा जोर से फेंकी जाती है। साथ ही विसर्ग अ के समान घोष ध्वनि नहीं है। विसर्ग वास्तव में अघोष ह्-ह् मात्र है, अतः इसे स्वरयंत्रमुखी, अघोष, संघर्षी ध्वनि कह सकते हैं।

हिंदी में विसर्ग का प्रयोग थोड़े से संस्कृत तत्सम शब्दों में होता है। हिंदी के शब्दों में *छः* शब्द तथा *छिः* आदि विस्मयादिबोधक शब्दों में भी इसका व्यवहार मिलता है। दुःख शब्द में विसर्ग (प्रा० भा० आ० का जिह्वामूलीय) लिखा तो जाता है, लेकिन इसका उच्चारण क् के समान होता है। ख् (क्+ह्) ठ् (ट्+ह्) आदि अघोष महाप्राण व्यंजनों में भी विसर्ग या ह् ही पाया जाता है।

उदा० *पुनः प्रायः, छः*।

७१. ह॑ : ह॒ और विसर्ग या ह॑ का उच्चारण-स्थान एक ही है, भेद केवल इतना ही है कि विसर्ग अघोष ध्वनि है और ह॒ सघोष ध्वनि है। शब्द के अंत में आने वाला ह॒[1] घोष रहता है, *यह, वह, आह*। शब्द के आदि में आने वाला ह॒ के घोष होने में मतभेद है।[2] घ॒ (ग॒+ह॒) ढ़॒ (ड़॒+ह॒) आदि घोष महाप्राण व्यंजनों में घोष ह॒ पाया जाता है। ह॒ स्वरयंत्रमुखी, सघोष, संघर्षी ध्वनि है।

उदा० *हाथी, कहता, साहूकार*।

७२. ख़॒ : ख़॒ का उच्चारण जिह्वामूल को कौवे के निकट कोमल तालु से लगा कर किया जाता है किंतु इसके उच्चारण में हलक़ का दरवाजा बिल्कुल बंद नहीं किया जाता, अतः हवा रगड़ खा कर निकलती रहती है। क॒ के समान स्पर्श ध्वनि न होकर ख़॒ जिह्वामूलीय, अघोष, संघर्षी ध्वनि है, अतः ख॒ आदि स्पर्श व्यंजनों के साथ इसे रखना ठीक नहीं है। ख़॒ ध्वनि हिंदी में फ़ारसी-अरबी तत्सम शब्दों में ही व्यवहृत होती है। यह भारतीय आर्यभाषा की ध्वनि नहीं है। कौवे के निकट से बोली जाने वाली प्राचीन ध्वनियाँ हिंदी में नहीं थीं, अतः हिंदी बोलियों में ख़॒ के स्थान पर प्रायः ख॒ का उच्चारण किया जाता है।

उदा०*ख़राब, बुख़ार, बलख़*।

७३. ग़॒ : ख़॒ और ग़॒ के उच्चारण-स्थान एक ही हैं। ग़॒ भी जिह्वामूलीय, संघर्षी ध्वनि है किंतु यह अघोष न होकर सघोष है। ग़॒ भी भारतीय आर्यभाषा की ध्वनि नहीं है और फ़ारसी-अरबी तत्सम शब्दों में ही पाई जाती है। उच्चारण की दृष्टि से ग़॒ को ग॒

---

[1] सक., ए. अ., § ८६

[2] सक., ए. अ., § ८५; क़ादरी, हि. फो., पृ० ९९

का रूपांतर समझना भूल है यद्यपि हिंदी बोलियों में ग़् के स्थान पर प्रायः ग़् का ही प्रयोग किया जाता है।

उदा० *ग़रीब, चोग़ा, दाग़*।

७४. श् : श् का उच्चारण जीभ की नोक को कठोर तालु को रगड़ के साथ छूकर किया जाता है। श् अघोष, संघर्षी, तालव्य-ध्वनि है। यह ध्वनि प्राचीन है और फ़ारसी-अरबी तथा अंग्रेजी आदि से आए हुए विदेशी शब्दों में भी मिलती है। हिंदी बोलियों में श् के स्थान पर प्रायः स् का उच्चारण होता है।

उदा० *शब्द, पश्, शायद, पश्मीना, शेयर* (Share)।

७५. स् : स् का उच्चारण जीभ की नोक से वर्त्स स्थान को रगड़ के साथ छूकर किया जाता है। स् वर्त्स्य, संघर्षी, अघोष ध्वनि है।

उदा० *सेना, कसना, पास*।

७६. ज़् : ज़् और स् का उच्चारण-स्थान एक ही है, अर्थात् ज़् भी वर्त्स्य, संघर्षी ध्वनि है किंतु यह स् की तरह अघोष न होकर सघोष है। अतः वास्तव में ज़् स्पर्श ज़् का रूपांतर न होकर स् का रूपांतर है। ज़् भी विदेशी ध्वनि है और फ़ारसी-अरबी तत्सम शब्दों में ही व्यवहृत होती है। हिंदी बोलियों में ज़् के स्थान पर ज् हो जाता है।

उदा० *ज़ालिम, गुज़र, बाज़*।

७७. फ़् : फ़् का उच्चारण नीचे के होठ को ऊपर के दाँतों की पंक्ति से लगा कर किया जाता है, साथ ही होठों और दाँतों के बीच से रगड़ के साथ हवा निकलती रहती है। फ़् दंतोष्ठ्य, संघर्षी, अघोष ध्वनि है। ध्वनि-शास्त्र की दृष्टि से फ़् को स्पर्श फ् का रूपांतर मानना उचित नहीं है। फ़् भी हिंदी में विदेशी ध्वनि है और फ़ारसी-अरबी के तत्सम शब्दों में ही व्यवहृत होती है। हिंदी बोलियों में इसका स्थान फ् ले लेता है क्योंकि यह हिंदी की प्राचीन ध्वनियों में फ् के निकटतम है।

उदा० *फ़ारसी, साफ़, बर्फ़* ।

७८. व् : व् का उच्चारण भी नीचे के होठ को ऊपर के दाँतों से लगा कर किया जाता है, साथ ही होठ और दाँतों के बीच से रगड़ खाकर कुछ हवा निकलती रहती है। व् दंत्योष्ठ्य, संघर्षी, सघोष ध्वनि है।[1] व् की अपेक्षा ब् ध्वनि सरल है। हिंदी की बोलियों में व् के स्थान पर प्रायः ब् का ही उच्चारण होता है। व् प्राचीन ध्वनि है। हिंदी में व्यवहृत विदेशी शब्दों में भी यह ध्वनि पाई जाती है।

उदा०*वन, चावल, यादव, वलवला* ।

ट. अर्द्धस्वर

७९. य् : य् का उच्चारण जीभ के अगले भाग को कठोर तालु की ओर ले जाकर किया जाता है किंतु जीभ न चवर्गीय ध्वनियों के समान तालु को अच्छी तरह छूती ही है और न इ आदि तालव्य स्वरों के समान दूर ही रहती है। अतः य् को अंतस्थ या अर्द्धस्वर अर्थात् व्यंजन और स्वर के बीच की ध्वनि माना जाता है। जीभ को इस तरह तालु के निकट रखना कठिन है, इसीलिए हिंदी बोलियों में प्रायः य् के स्थान पर शब्द के आरंभ में प्रायः ज् हो जाता है। य् तालव्य, सघोष, अर्द्धस्वर है। य् का उच्चारण ए अ से मिलता-जुलता होता है।

उदा०*यम, नियम, आय* ।

८०. व् : व् जब शब्द के मध्य में स्वर-हीन व्यंजन के बाद आता है तो इसका उच्चारण दंत्योष्ठ्य न होकर द्वयोष्ठ्य हो जाता

---

[1] क़ादरी ने (हि. फो., पृ० ९४) महाप्राण व् अर्थात् व्ह् का उल्लेख भी किया है। व् के बाद यदि स्वर+ह् हो तो तेज़ बोलने में स्वर के लुप्त हो जाने से व् का उच्चारण व्ह् के समान हो जाता है, जैसे वहाँ > व्हां + वही > व्ही। हिंदी में अभी महाप्राण व् का उच्चारण स्थायी रूप से नहीं होता है।

है। किंतु ब् के उच्चारण की तरह दोनों होठ बिल्कुल बंद नहीं किए जाते और न संघर्ष ही होता है। व् के उच्चारण में जीभ का पिछला भाग भी कोमल तालु की तरफ़ उठता है किंतु कोमल तालु को स्पर्श नहीं करता है। व् कंठ्योष्ठ्य, सघोष, अर्द्धस्वर है। हिंदी बोलियों,[1] में भी यह ध्वनि विशेष रूप से पाई जाती है। व् का उच्चारण ओअ से मिलता-जुलता होता है।

उदा० *क्वारा, स्वाद, स्वर।*

८१. ऊपर वर्णित समस्त ध्वनियों का वर्गीकरण कोष्ठक में विस्तार से किया गया है। आशा है, प्रत्येक हिंदी-ध्वनि के ठीक रूप को तथा ध्वनियों के आपस के भेद को समझने में यह वर्गीकरण विशेष रूप से सहायक होगा।

---

[1] सक., ए. अ., § ६९

*

अध्याय २

हिंदी ध्वनियों का इतिहास

८२. पिछले अध्याय में साहित्यिक हिंदी तथा हिंदी की बोलियों में पाई जाने वाली समस्त ध्वनियों का विस्तृत वर्णन किया जा चुका है। इस अध्याय में आधुनिक साहित्यिक हिंदी में प्रयुक्त ध्वनियों का इतिहास देने का यत्न किया जायगा। बोलियों में प्रयुक्त विशेष ध्वनियों के संबंध में ऐतिहासिक सामग्री की कमी के कारण बोली वाली ध्वनियों का इतिहास नहीं दिया जा सका है। फ़ारसी-अरबी तथा अंग्रेजी से आई हुई विशेष ध्वनियों का उल्लेख भी नहीं किया गया है, क्योंकि इसका इतिहास स्पष्ट ही है। हिंदी में आने पर विदेशी शब्दों तथा उनमें होने वाले ध्वनि-परिवर्तनों की विस्तृत समीक्षा अगले अध्याय में की गई है। इस अध्याय में प्राचीन भारतीय आर्य-ध्वनियों के उद्गम से आई हुई ध्वनियों पर ही विचार किया गया है।

ध्वनि-संबंधी परिवर्तनों को दिखाने के लिए तत्सम शब्दों से बिल्कुल भी सहायता नहीं मिलती है। आधुनिक साहित्यिक हिंदी में तत्सम शब्दों का प्रयोग बहुत बढ़ गया है। क्योंकि ध्वनियों के इतिहास का अध्ययन केवल तद्भव शब्दों में ही हो सकता है, अतः इस अध्याय के उदाहरण के अंशों में प्रायः ऐसे शब्द दिखलाई पड़ेंगे जिनका प्रयोग साहित्यिक हिंदी की अपेक्षा हिंदी की बोलियों में विशेष रूप से होता है। केवल बोलियों में प्रयुक्त शब्दों का निर्देश

कर दिया है। इस अध्याय का समस्त विवेचन हिंदी ध्वनिसमह के दृष्टिकोण से है, अतः उदाहरणों[1] में आधुनिक काल से पीछे की ओर जाने का यत्न किया गया है—पहले हिंदी का रूप दिया गया है और उसके सामने संस्कृत का तत्सम रूप दिया गया है। बहुत कम शब्दों के निश्चित प्राकृत रूप मिलने के कारण प्राकृत उदाहरण बिल्कुल ही छोड़ दिए गए हैं। इस कारण ध्वनि-परिवर्तन की मध्य अवस्था सामने नहीं आ पाती, किंतु इस कठिनाई को दूर करने का अभी कोई उपाय नहीं था। स्थानाभाव के कारण ध्वनि-परिवर्तनों पर विस्तार से विचार नहीं किया जा सकता है। तुलनात्मक ढंग से केवल संस्कृत और हिंदी रूप देकर ही संतोष करना पड़ा है। हिंदी ध्वनियों के इतिहास में संस्कृत से नियमित अथवा अपवाद-स्वरूप से आनेवाली ध्वनियों का भेद नहीं दिखलाया जा सका है। इन सब त्रुटियों के रहते हुए भी विषय का विवेचन मौलिक ढंग से किया गया है, और कदाचित् हिंदी में अपने ढंग का पहला है।

अ. स्वर-परिवर्तन संबंधी कुछ साधारण नियम

८३. संस्कृत शब्दों के प्राकृत रूपों में ध्वनि-संबंधी परिवर्तन बहुत हुए हैं, किंतु हिंदी तथा अन्य आधुनिक आर्यभाषाओं में आने पर इस तरह के परिवर्तन अपेक्षाकृत कम पाए जाते हैं। संस्कृत शब्दों के स्वर हिंदी में आने पर प्रायः ज्यों के त्यों रहते हैं, यद्यपि बहुत से उदाहरण ऐसे भी मिलते हैं जिनमें स्वर-परिवर्तन हो जाता है। वास्तव में हिंदी में आने पर संस्कृत के स्वरों में अनेक प्रकार के परिवर्तन पाए जाते हैं। स्वरों का एक-दूसरे में परिवर्तन हो जाना साधारण बात है। ये परिवर्तन एक ही स्वर के ह्रस्व और दीर्घ

[1] उदाहरण इकट्ठे करने में बी., क., ग्रै., तथा चै. बे. लै. से विशेष सहायता ली गई है।

रूपों में भी पाए जाते हैं तथा भिन्न स्थान वाले स्वरों में भी आपस में पाए जाते हैं। हिंदी के दृष्टिकोण से इन परिवर्तनों के पर्याप्त उदाहरण आगे दिए गए हैं।

८४. बीम्स[1] आदि विद्वानों ने भारतीय आर्यभाषाओं के स्वर-परिवर्तनों के संबंध में कुछ साधारण नियम दिए हैं किंतु ये व्यापक सिद्ध नियम नहीं समझे जा सकते। इनमें से उदाहरण-स्वरूप कुछ मुख्य नियम नीचे दिए जाते हैं :—

(१) संस्कृत शब्दों का अंतिम स्वर म० भा० आ० काल के अंत तक चला था, बल्कि कुछ-कुछ तो आधुनिक काल के आरंभ में भी पाया जाता था। म० भा० आ० काल के अंत में दीर्घ स्वर *आ, ई, ऊ,* धीरे-धीरे *-अ,-इ,-उ* में परिवर्तित हो गए थे और *-ऐ,-ओ* का परिवर्तन *-इ, उ* में हो गया था। इन दीर्घ तथा संयुक्त से ह्रस्व हुए स्वरों और मूल ह्रस्व स्वरों में कोई भेद नहीं रह सका। आ० भा आ० में शब्दों के अंत में ये ह्रस्व स्वर कुछ दिनों तक रहे किंतु धीरे-धीरे इनका भी लोप हो गया। अब हिंदी के तद्भव शब्द उच्चारण की दृष्टि से बहुत संख्या में व्यंजनांत हो गए है। लिखने में यह परिवर्तन अभी साधारणतया नहीं किया जाता है। हिंदी की कुछ बोलियों में अंत्य *-अ,-इ* आदि का उच्चारण कुछ-कुछ प्रचलित है।

(२) गुणवृद्धि परिवर्तन संस्कृत में पाए जाते हैं। प्राकृत में इन परिवर्तनों का अभाव है, अतः आ० भा० आ० में भी ये प्रायः नहीं पाए जाते। किंतु हिंदी में संधि के पूर्व के इ, उ ह्रस्व स्वर कभी-कभी

---

[1] बी., क. ग्रै., भा० १, अ० २
चै., बे. लै., § १४८

[2] ध्वनि-संबंधी प्रयोगों के बाद सक्सेना (ए. अ. § ११४) इस निश्चय पर पहुँचे हैं कि अवधी मे कुछ अंत्य स्वर केवल फुसफुसाहट वाले है।

दीर्घ में न बदल कर कदाचित् ए, ओ होकर अंत में गुण (ए, ओ) में बदल जाते हैं :—

कोढ़ <कुष्ठ
कोख <कुक्षि
बेल <बिल्व
सेम <शिम्बा

तत्सम शब्दों को छोड़कर हिंदी में तद्भव शब्दों में वृद्धि-स्वरों (ऐ, औ) का प्रयोग बहुत कम मिलता है। ए, औ प्रायः ए, ओ में परिवर्तन हो जाते हैं :—

केवट <कैवर्त्त
गेरू <गैरिक
गोर <गौर

(३) ऋ का उच्चारण कदाचित् संस्कृत में ही शुद्ध मूल स्वर के समान नहीं रह गया था। प्राकृत में तो ऋ मिलती ही नहीं, इसके स्थान में अ, इ, उ आदि कोई अन्य स्वर हो जाता है। कुछ प्राकृत शब्दों में रि या रु रूप भी मिलते हैं। हिंदी तत्सम शब्दों में ऋ का उच्चारण रि होता है। तद्भव शब्दों में ऋ किसी अन्य स्वर में परिवर्तित हो जाती है। इन परिवर्तनों के उदाहरण आगे दिए गए हैं। नीचे दिए हुए समस्त ध्वनि-परिवर्तन एक तरह से अपवाद-स्वरूप है। साधारण नियम यही है कि संस्कृत शब्दों के स्वर हिंदी में प्रायः ज्यों के त्यों रहते हैं।

आ. हिन्दी स्वरों का इतिहास

८५. हिंदी के एक-एक स्वर को लेकर नीचे यह दिखलाने का यत्न किया गया है कि यह किन-किन संस्कृत ध्वनियों का परिवर्तित रूप हो सकता है। उदाहरणों में पहिले हिंदी का शब्द दिया गया है

तथा उसके आगे उस शब्द का संस्कृत पूर्व-रूप दिया गया है। बहुत से हिंदी शब्द प्राकृत काल के बाद संस्कृत से सीधे लिए गए थे, अतः उनके वर्तमान रूप प्राकृत रूपों से विकसित नहीं हुए हैं। ऐसे शब्दों की ध्वनियों के अध्ययन में प्राकृत रूपों से विशेष सहायता नहीं मिल सकती। तो भी ध्वनियों के इतिहास के अध्ययन में प्राकृत रूप कुछ न कुछ साधारण सहायता अवश्य देते हैं। कुछ नहीं तो इतनी बात तो निश्चित हो ही जाती है कि अमुक हिंदी शब्द प्राचीन तद्भव है अर्थात् प्राकृत भाषाओं से होकर आया हुआ है, अथवा आधुनिक तद्भव है अर्थात् प्राकृत काल के बाद का आया हुआ है। क्योंकि प्राकृत साहित्य परिमित है अतः प्रत्येक हिंदी शब्द का प्राकृत रूप मिल सके यह आवश्यक नहीं है। अनुमान के आधार पर प्राकृत रूप गढ़े जा सकते हैं, किंतु ऐसे रूपों से ठीक निर्णय पर पहुँचना संभव नहीं है। इन्हीं कठिनाइयों के कारण, जैसा ऊपर निर्देश किया जा चुका है, इस अध्याय में प्राकृत शब्दों के देने का प्रयास ही नहीं किया गया है। प्रायः एक ही शब्द में अनेक ध्वनि-परिवर्तन हुए हैं अतः एक ही शब्द कभी-कभी कई स्थलों पर उदाहरण-स्वरूप मिलेगा। प्रत्येक स्थल पर उस शब्द में पाए जाने वाले निर्दिष्ट ध्वनि-परिवर्तन पर ही ध्यान देना उचित होगा।

क. मूलस्वर

८६. हि० अ[1] :

सं० अ :	*पहर*	*प्रहर*
	थन	*स्तन*
	थल	*स्थल*

[1]अंत्य का उच्चारण साहित्यिक हिंदी में प्रायः नहीं होता किंतु बोलियों में यह कुछ-कुछ अब भी चला जाता है। इन उदाहरणों में अंत्य का होना मान लिया गया है।

सं० आ :	अचरज	आश्चर्य
	महँगा	महार्घ
	मंजन	मार्जन
सं० इ :	बादल	वारिद
	भभूत	विभूति
सं० ई :		
	गाभिन	गर्भिणी
	गहरा	गंभीर
	पाकड़	पर्कटी
सं० उ :		
	कचरा	कचवर
	चोंच	चंचु
	बूंद	बिंदु
सं० ऋ :		
	मरा	मृत
	घर[1]	गृह

८७. हि० आ :
सं० आ :

आम	आम्र
आस	आशा
थान	स्थान

[1]टर्नर (दे. नेपाली डिक्शनरी, पृ० १५४) हि० घर की व्युत्पत्ति सं० गृह से न मान कर मा० यू० घ्वारो (अर्थ—अग्नि, गरमी, घर में अग्नि का स्थान) से मानते हैं। यह स्मरण रखना चाहिए कि यह संभावित रूप मात्र है।

सं० अ :

काम	कर्म
बकरा	बर्कर
महँगा	महार्घ

सं० ऋ :

सांकर	शृङ्खला
कान्ह	कृष्ण
नाच	नृत्य

८८. हि० ओ :

सं० ओ :

घोड़ा	घोटक
कोइल	कोकिल
होंठ	ओष्ठ

सं० अ :

चोंच	चंचु
नोन (बो०)	लवण
पोहे (बो०)	पशु

सं० उ :

पोखर	पुष्कर
कोख	कुक्षि
कोढ़	कुष्ठ

सं० ओ :

गोरा	गौर
मोती	मौक्तिक
झोली	झौलिक

८९. हि० उ :

सं० उ :

कुंजी	कुंचिका
उजला	उज्ज्वल

सं० अ :

उंगली	अंगुली
पुआल	पलाल
खुजली	खर्ज़ू

सं० ऊ :

महुआ	मधूक
सुई	सूचिका

सं० ऋ :

मुआ (ब्र०)	मृत
सुरत (ब्र०)	स्मृति

सं० व :

सुर	स्वर
तुरत	त्वरित

९०. हि० ऊ :

सं० ऊ :

ऊन	ऊर्ण
रूखा	रूक्षक

सं० अ :

मूछ	श्मश्रु

सं० इ :

बूंद	बिंदु
ऊख	इक्षु
बिच्छू	वृश्चिक

सं० उ :

मूसल	मुषल
बालू	बालुका

सं० ऋ :

बूढा	वृद्ध
रूख (ब०)	वृक्ष
पूछे	पृच्छति

९१. हि० ई :

सं० ई :

पानी	पानीय
सीस	शीर्ष
कीड़ा	कीट

सं० अ :

बहंगी	वाहांग
करसी	करीषिका
तीसी	अतसीका

सं० इ .

चीता	चित्रक
जीभ	जिह्वा
हाथी	हस्तिन्

सं० उ :

बाई	वायु
बिंदी	बिंदुका

सं० ऋ :

सींग	शृङ्ग
भतीजा	भ्रातृज-
जमाई	जामात्-

९२. हि० इ :

सं० इ .

किरन	किरण
बहिरा	बधिर
गाभिन	गर्भिणी

सं० अ :

पिंजड़ा	पंजर

गिनना	गणन
इमली	अम्लिका

सं० ई :

दिया	दीपक
दिवाली	दीपावली

सं० ऋ :

बिच्छू	वृश्चिक
मिट्टी	मृत्तिका
गिद्ध	गृद्ध

१३. हि० ए :

सं० ए :

एक	एक
जेठ	ज्येष्ठ
सेठ	श्रेष्ठिन्

सं० अ :

सेंध	संधि
कंकड़ा	कर्कट
छेरो	लगलिका

सं० इ :

बेल	बिल्व
बेंदी	बिंदु
सेम	शिंबा

सं० उ :

फेफड़ा	फुफ्फुस

सं० ऊ :

नेउर	नूपुर

सं० ऋ :

देखना	√दृश

सं० ए :

गेरू	गैरिक
केवट	कैवर्त
तेल	तैल

सं० ओ :

गेहूं	गोधूम

ख. अनुनासिक स्वर

९४. हिंदी में प्रायः प्रत्येक स्वर अननुनासिक और अनुनासिक दोनों रूपों में व्यवहृत होता है। अनुनासिक स्वर प्रायः उन शब्दों में पाए जाते हैं जिनके तत्सम रूपों में कोई अनुनासिक व्यंजन रहा हो और उसका लोप हो गया हो, जैसे :—

कांटा	कंटक
कांपना	कंपन
क्वांरा	कुमार
पैंतीस	पञ्चत्रिंशत्
चांद	चंद्र

भौंरा	भ्रमर
साईं	स्वामी
भुइं (बो०)	भूमि

९५. उच्चारण की दृष्टि से अनुनासिक व्यंजनों के निकटवर्ती स्वर अनुनासिक हो जाते हैं यद्यपि साधारणतया लिखने में यह परिवर्तन नहीं दिखलाया जाता,[1] जैसे :—

लिखित	उच्चरित रूप
आम	आंम
राम	रांम
हनुमान	हंनूमांन
कान	कांन
तुम	तुंम
महाराज	मंहांराज

९६. हिंदी में अनुनासिक स्वरों के कुछ उदाहरण ऐसे भी मिलते हैं जो अकारण ही अनुनासिक हो गए हैं, और जिनके तत्सम रूपों में कोई अनुनासिक ध्वनि नहीं पाई जाती। सुविधा के लिए इसे अकारण अनुनासिकता[2] कह सकते हैं, जैसे :—

---

[1] अवधी, ब्रजभाषा आदि के प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों मे बहुत से स्थलों पर उच्चारण के अनुसार कभी-कभी लिखने में भी इस तरह के परिवर्तन दिखलाए गए है। तुलसीकृत 'मानस' की कुछ हस्तलिखित प्रतियों में इस तरह के रूप पाए जाते है, जैसे, राम, कांन, जांमवंत, अतिबलवांना आदि।

[2] सिद्धेश्वर वर्मा, नेज़ेलाइज़ेशन इन हिंदी लिटरेरी वर्क्स, (जर्नल आव् दि डिपार्टमेंट आव् लेटर्स, कलकत्ता, भाग १८); चै., बे. लै., § १७८

आँसू	अश्रु
साँच (बो०)	सत्य
साँस	श्वास
भौ	भ्रू
जूं	यूक

ग. संयुक्त स्वर

९७. प्राचीन भारतीय आर्यभाषा में केवल ए, ओ, ऐ, औ यह चार संयुक्त स्वर माने जाते थे, और इनके संबंध में धारणा यह है कि इनके मूल रूप निम्नलिखित स्वरों के संयोग से बने थे :—

ए :	अ + इ
ओ :	अ + उ
ऐ :	आ + इ
औ :	आ + उ

जैसा ऊपर बताया जा चुका है (दे० § २) संस्कृत काल में ही ए, ओ का उच्चारण मूल दीर्घस्वरों के समान हो गया था, जो आज भी आधुनिक आर्यभाषाओं में प्रचलित है। अतः हिंदी ए, ओ का विवेचन मूल स्वरों के साथ किया गया है। प्राकृतों में ह्रस्व ए, ओ का व्यवहार भी मिलता है। आधुनिक साहित्यिक हिंदी में ये ध्वनियाँ भी अधिक शब्दों में नहीं पाई जातीं, यद्यपि हिंदी की कुछ बोलियों में इनका व्यवहार बराबर मिलता है। इनका इतिहास प्राकृत काल के पूर्व नहीं जा सकता।

वैदिक काल में ए, ओ का पूर्व स्वर दीर्घ था (आ+इ; आ+उ) किंतु भा० आ० भा० के मध्यकाल के पूर्व ही इस दीर्घ आ का उच्चारण ह्रस्व अ के समान होने लगा था। आजकल संस्कृत में ऐ, औ का उच्चारण अइ, अउ के समान ही होता है। हिंदी की कुछ बोलियों में ऐ, औ का यह उच्चारण अब भी प्रचलित है। आधुनिक

साहित्यिक हिंदी में ऐ, औ का उच्चारण अए, अओ हो गया है। प्राचीन अइ, अउ उच्चारण बहुत कम शब्दों में पाया जाता है। पाली प्राकृत में ऐ, औ संयुक्त स्वरों का बिल्कुल ही व्यवहार नहीं होता था।

यद्यपि पाली प्राकृत वर्णमालाओं में संयुक्त स्वर एक भी नहीं रह गया था, तो भी व्यंजनों के लोप के कारण उच्चारण की दृष्टि से प्राकृत शब्दों में निकट आने वाले स्वरों की संख्या बहुत अधिक बढ़ गई थी। उदाहरण के लिए जब सं० *जानाति, एति, हितं प्राकृतं, लता* तथा *शतं* का उच्चारण महाराष्ट्री प्राकृत में क्रम से *जाणइ, एइ, हिअं, पाउअं, लआ* तथा *सअं* हो गया था, तो अनेक स्वर-समूहों का उत्पन्न हो जाना स्वाभाविक है। इस दृष्टि से प्राकृत भाषाओं में स्वर-समूहों का व्यवहार वैदिक तथा संस्कृत भाषाओं की अपेक्षा कहीं अधिक था।

प्राकृत तथा अपभ्रंशों से विकसित होने के कारण हिंदी आदि आधुनिक आर्यभाषाओं में भी संयुक्त स्वरों का व्यवहार संस्कृत की अपेक्षा अधिक पाया जाता है। साहित्यिक हिंदी तथा हिंदी की बोलियों में व्यवहृत संयुक्त स्वरों की सूची उदाहरण सहित पिछले अध्याय में दी जा चुकी है। हिंदी संयुक्त स्वरों का इतिहास प्रायः अपभ्रंश तथा प्राकृत भाषाओं तक ही जाता है। मूलस्वरों के समान इनका इतिहास साधारणतया प्रा० भा० आ० तक नहीं पहुँचता। अपभ्रंश तथा प्राकृत के संयुक्त स्वरों का पूर्ण विवेचन सुलभ न होने के कारण हिंदी संयुक्त स्वरों का इतिहास भी अभी ठीक-ठीक नहीं दिया जा सकता। ऐसी स्थिति में पिछले अध्याय में समस्त

---

[1] हा., हि. ग्रै., § ६८-९८

बंगाली संयुक्त स्वरों के लिए दे०, चै., बे. लै., § २०४-२३१

संयुक्त स्वरों तथा स्वर समूहों की सूची देकर ही संतोष करना पड़ा है।

यदि दो ह्रस्व स्वरों के समूह को सच्चा संयुक्त स्वर माना जाय तो साहित्यिक हिंदी में ऐ (अए) औ (अओ) ही संयुक्त स्वर रह जाते हैं। इनका इतिहास नीचे दिया जाता है।

९८. हि० ऐ (अए) :

सं० ऐ (अई) :

बैर	वैर
बैराग	वैराग्य
चैत	चैत्र

सं० अ :

पैंसठ	पंचषष्ठि
रैन	रजनी

सं० अय :

नैन	(बो०)	नयन
समै	(बो०)	समय
निहचै	(बो०)	निश्चय

नोट[1]—ऐसा, कैसा आदि शब्दों में प्रा० एरिसो (सं० ईदृश) प्रा० केरिसो (सं० कीदृश) आदि के र् के लोप होने से इ के संयोग से ए का ऐ हो गया है।

९९. हि० औ (अओ)

---

[1]बी., क. ग्रै., § ३५, ४२

सं० अव :

लौंग	लवंग
ब्यौसाय	व्यवसाय

नोट[1]—(१) शब्द के मध्य में आने वाले प या म के व में परिवर्तित हो जाने से भी कभी-कभी औ की उत्पत्ति हो जाती है, जैसे :—

सौत	सपत्नी
कौड़ी	कपर्द
बौना	वामन
चौंरी	चामर

(२) प्राकृत में मध्य त् के लोप हो जाने से अ और उ के संयोग से भी कुछ शब्दों में औ आया है, जैसे :—

चौथा	चतुर्थ
चौदह	चतुर्दश

इ. स्वर-संबंधी विशेष परिवर्तन

१००. ऊपर दिए हुए स्वरों के इतिहास के अतिरिक्त स्वरों के संबंध में कुछ अन्य विशेष परिवर्तन भी ध्यान देने योग्य हैं। इनमें स्वरों का लोप, आगम तथा विपर्यय मुख्य हैं।

क. स्वर-लोप

बहुत से ऐसे हिंदी शब्दों के उदाहरण मिलते हैं, जिनके संस्कृत रूपों में आदि, मध्य या अंत्य स्वर वर्तमान था, किंतु बाद को उसका

---

[1] बी., क. ग्रै., § ४२, ३६

लोप हो गया। इस संबंध में बीम्स[1] ने कुछ रोचक उदाहरण संगृहीत किए हैं जिनमे से थोड़े नीचे दिए जाते हैं :—

आदिस्वर-लोप

अ : *भीतर*	*अभ्यंतरे*
भीजना	*अभि-√अज*
भी	*अपि*
रहटा	*अरघट्ट*
तीसी	*अतिसी*
उ : *बैठना*	*उपविष्ट*

मध्यस्वर-लोप

मध्यस्वर का पूर्ण लोप बहुत कम पाया जाता है। स्वर-परिवर्तन साधारण बात है, और इसके उदाहरण ऊपर दिए जा चुके हैं। शब्दांश के अंत में आने वाले ह्रस्व **अ** का हिंदी में प्रायः लोप हो जाता है। लिखने में यह परिवर्तन भी नहीं दिखाया जाता है। जैसे :—

लिखित रूप	उच्चरित रूप
इमली	*इम्ली*
बोलना	*बोल्ना*
चलना	*चल्ना*
गरदन	*गर्दन*
कमरा	*कम्रा*
तरबूज़	*तर्बूज़*

[1] बीं., क. ग्रै., ४६

दिखलाया	*दिखलाया*
समझना	*समझ्ना*
बलहीन	*बल्हीन*

अंत्यस्वर-लोप

अ: ऊपर बतलाया जा चुका है कि आधुनिक साहित्यिक हिंदी में अंत्य **अ** का लोप अत्यंत साधारण परिवर्तन है। इस कारण अधिकांश अकारान्त शब्द व्यंजनांत हो गए हैं। लिखने में यह परिवर्तन अभी नहीं दिखाया जाता है, जैसे :—

लिखित रूप	उच्चरित रूप
चल	*चल्*
घर	*घर्*
सब	*सब्*
परिवर्तन	*परिवर्तन्*
साधारण	*साधारण*
केवल	*केवल्*
तत्सम	*तत्सम्*

इस नियम के कई अपवाद[1] भी हैं। अंत्य **अ** के पहले यदि संयुक्त व्यंजन हो तो **अ** का उच्चारण होता है, जैसे *क़र्तव्य, आरंभ, दीर्घ, आर्य, संबंध* आदि। यदि अंत्य **अ** के पहले इ, ई, वा ऊ के आगे आने वाला य हो तो भी अंत्य **अ** का उच्चारण होता है, जैसे— *प्रिय, सीय, राजसूय* इत्यादि।

शब्दांश अथवा शब्द के अंत में आने वाले **अ** का लोप आधुनिक है। हिंदी की बोलियों में अभी यह ढंग प्रचलित नहीं हुआ है। पुराने

---

[1] गु, हि. व्या., § ३८

हिंदी काव्य-ग्रंथों में भी अंत्य अ का उच्चारण किया जाता है।

अन्य अंत्य स्वरों के लोप के उदाहरण भी बराबर पाए जाते हैं, जैसे :—

आ :

नींद्	निद्रा
दूब्	दूर्वा
बात्	वार्ता
दाख्	द्राक्षा
परख्	परीक्षा
जीभ	जिह्वा

इ :

पाकड़	पर्कटि
बिपत (बो०)	विपत्ति
आग्	अग्नि

ई :

गाभिन्	गर्भिणी
बहिन्	भगिनी

उ :

बाँह	बाहु

ए : संस्कृत सप्तमी के रूपों से विकसित हिंदी शब्दों में ए के लोप के उदाहरण मिलते हैं, जैसे :—

पास	पार्श्वे
निकट	निकटे
संग	संगे

ख. स्वरागम

१०१ हिंदी के कुछ शब्दों में नए स्वरों का आगम हो जाता है, चाहे तत्सम रूप में उस जगह पर कोई भी स्वर न हो।

आदि-स्वरागम

तत्सम शब्द में आरंभ में ही स् के साथ संयुक्त व्यंजन होने से उच्चारण की सुविधा के लिए आदि में कोई स्वर बढ़ा लिया जाता है। साहित्यिक हिंदी में इस तरह के उदाहरण बहुत कम मिलते हैं, किंतु बोलियों में आदि-स्वरागम साधारण बात है, जैसे :—

इ :	इस्त्री	स्त्री
अ :	अस्नान	स्नान
	अस्तुति	स्तुति

मध्य-स्वरागम

शब्द के मध्य में भी स्वरागम प्रायः तब पाया जाता है जब उच्चारण की सुविधा के लिए संयुक्त व्यंजनों को तोड़ने की आवश्यकता होती है। यह प्रवृत्ति भी बोलियों में विशेष पाई जाती है, जैसे :—

अ :	किशन्	कृष्ण
	गरब्	गर्व
	चंदरमा	चंद्रमा
	जनम्	जन्म्
इ :	तिरिया	स्त्री
	गिरहन्	ग्रहण
	गिलानि	ग्लानि
उ :	सुमरन्	स्मरण

ग. स्वर-विपर्यय

१०२. कभी-कभी ऐसा पाया जाता है कि स्वर का स्थान बद्‌ल जाता है, या दो स्वरों में कदाचित् उच्चारण की सुविधा के लिए स्थान-परिवर्तन हो जाता है, जैसे :—

लूका	*उल्का*
रेंडी	*एरंड*
उंगली	*अंगुली*
इगली	*अम्लिका*
बंद	*विंदु*
ऊख	*इक्षु*
मूछ	*श्मश्र*

कुछ उदाहरण ऐसे भी मिलते हैं जिनमें एक स्वर दूसरे को प्रभावित कर उसे या तो परिवर्तित कर देता है या दोनों मिलकर तीसरा रूप धारण कर लेते हैं :—

सेंध	*सन्धि*
पोहे (बो०)	*पशु*

ई. व्यंजन-परिवर्तन-संबंधी कुछ साधारण नियम

१०३. बीम्स[1] के आधार पर व्यंजन-परिवर्तनों के संबंध में कुछ साधारण नियम संक्षेप में नीचे दिए जाते हैं :—

---

[1] बी., क., ग्रै., भा० १, अ० ३, ४

क. असंयुक्त व्यंजन

आदि-व्यंजन

आदि असंयुक्त व्यंजन में प्रायः कोई भी परिवर्तन नहीं होता। यह प्रवृत्ति प्रायः समस्त भारत-यूरोपीय कुल की भाषाओं में किसी न किसी रूप में पाई जाती है। हिंदी में इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं :—

कोइल	*कोकिल*
नंगा	*नग्न*
रोना	*रोदन*
हाथ	*हस्त*

शब्द के अंदर होने वाले परिवर्तनों का प्रभाव कभी-कभी आदि-व्यंजन पर आकर पड़ जाता है, ऐसी अवस्था में आदि-व्यंजन में भी परिवर्तन हो जाता है। नीचे के उदाहरणों में ह् या ऊष्म ध्वनियों के प्रभाव के कारण आदि-व्यंजन अल्पप्राण से महाप्राण हो गया है :—

भाप	*वाष्प*
घर	*गृह*
धी (बो०)	*दुहितृ*

कुछ उदाहरण ऐसे मिलते हैं जिनमें संस्कृत दंत्य-व्यंजन हिंदी मूर्द्धन्य में परिवर्तित हो जाता है :—

डसना	*√दंश्*
डाह	*√दह*
डोला	*√दुल्*

मध्य-व्यंजन

शब्दों के मध्य में आने वाले व्यंजनों में सबसे अधिक परिवर्तन होते हैं, यद्यपि ऐसे भी अनेक उदाहरण मिलते हैं जिनमें या तो

व्यंजन में कोई परिवर्तन नहीं होता या उसका लोप हो जाता है। इस संबंध में कुछ प्रवृत्तियाँ अत्यंत रोचक हैं :—

(१) अघोष अल्पप्राण स्पर्श व्यंजन के अपने वर्ग के सघोष अल्पप्राण व्यंजन में परिवर्तित हो जाने के बहुत उदाहरण मिलते हैं—

साग	*शाक*
कुंज	*कुंचिक*
कीड़ा	*कीट—*
सवा	*सपादिक*

(२) प् के संबंध में ऐसे उदाहरण अधिक मिलते हैं जिनमें प् केवल ब में परिवर्तित होकर नहीं रुक जाता बल्कि स्पर्श ब् अथवा व् अंतस्थ व् में परिवर्तित होकर अंत में उ का रूप धारण कर लेता है। यह मूलस्वर उ अपने गुणरूप ओ अथवा वृद्धिरूप औ में परिवर्तित हो जाता है—

सोना	*स्वपनं*
बोना	*वपनं*
कौड़ी	*कपर्द*
सौत	*सपत्नी*

इसी ढंग का परिवर्तन म् के संबंध में मिलता है—

गौना	*गमनं*
बौना	*वामन*
चौरी	*चामर*

(३) महाप्राण स्पर्श व्यंजनों के संबंध में एक परिवर्तन बहुत साधारण है। ऐसे व्यंजनों में एक अंश वर्गीय-स्पर्श का रहता है तथा दूसरा अंश हकार का। अकसर यह देखा जाता है कि महाप्राण का वर्गीय-अंश लुप्त हो जाता है और केवल हकार शेष रह जाता है—

मेह	मेघ
कहना	कथन
बहरा	बधिर
अहीर	आभीर

छ, झ, ठ, ढ् तथा फ़ के संबंध में यह परिवर्तन कम मिलता है।

(४) साधारणतया ऊष्म ध्वनियों में यह परिवर्तन नहीं होता किंतु कुछ ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं जिनमें संस्कृत ऊष्म भी ह में परिवर्तित हो जाते हैं। यह प्रवृत्ति हिंदी की अपेक्षा सिंधी और पंजाबी में विशेष पाई जाती है—

बारह	द्वादश
केहरी	केसरी
इकहत्तर	एकसप्तति

(५) मध्य म् का एक विशेष परिवर्तन अत्यंत रोचक है। म् ओष्ठ्य अनुनासिक है, अतः कभी-कभी यह देखा जाता है कि इसके ये दोनों अंश पृथक् हो जाते हैं। अनुनासिक अंश पिछले स्वर को अनुनासिक कर देता है और ओष्ठ्य अंश का व् हो जाता है—

आंवला	आमलक
गांव	ग्राम
सांवला	श्यामल
कुंवर	कुमार

(६) मध्य ण प्रायः न् में परिवर्तित हो जाता है—

घिन	घृणा
गिनना	गणन

सुनना	*श्रवण*
पन्डित	*पण्डित*

(७) मध्य व्यंजन का लोप होना प्राकृत में साधारण नियम था, हिंदी में भी इसके पर्याप्त उदाहरण मिलते हैं—

कोइल	*कोकिल*
सुनार	*स्वर्णकार*
नेवला	*नकुल*

इन परिवर्तनों के संबंध में बीम्स[1] ने कुछ कारण दिए हैं जो रोचक हैं, किंतु ये निश्चित नियम नहीं माने जा सकते।

अंत्य-व्यंजन

साधारणतया हिंदी में व्यंजनांत शब्दों की संख्या बहुत कम है। यह बतलाया जा चुका है कि आधुनिक काल में अंत्य *अ* के उच्चारण का लोप हो जाने के कारण हिंदी के बहुत से शब्द व्यंजनांत हो गए हैं। आधुनिक परिवर्तन होने के कारण इसका अंत्य-व्यंजन पर अभी विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है।

कुछ परिवर्तन बोलियों में विशेष रूप से पाए जाते हैं। इनमें से मुख्य-मुख्य नीचे दिए जाते हैं :—

य् > ज्	*जोत*	*योत्र*
	काज	*कार्य*
	जमुना	*यमुना*
ल् > र	*केरा*	*केला*
	महिरारू	*महिला*

[1] बी., क. ग्रै., §५४, ५५

		थरिया	*स्थाली*
व्	> *ब*	*सब*	*सर्व*
		बिरिया	*वेला*
श	> *स*	*बस*	*वश*
		सरीर	*शरीर*
ष	> *ख्*	*भाखा*	*भाषा*
		हरख	*हर्ष*
		मेख (मीनमेख)	*मेष (मीनमेष)*

र्, ह और *स्* में परिवर्त्तन बहुत कम होते हैं।

ख. संयुक्त व्यंजन

१०४. संस्कृत शब्दों में आदि अथवा मध्य में आने वाले संयुक्त व्यंजनों में हिंदी में प्रायः एक ही व्यंजन रह जाता है। प्राकृत भाषाओं में प्रायः एक व्यंजन दूसरे का रूप ग्रहण कर लेता था। इस संबंध में मुख्य-मुख्य प्रवृत्तियाँ नीचे दी जाती हैं :—

---

[1]बीम्स ने (क. ग्रै., भा० १, अ० ४) संयुक्त व्यंजनों में ध्वनि-परिवर्तन के इतिहास की दृष्टि से व्यंजनों के दो विभाग किए हैं—१. बली व्यंजन अर्थात् पंचवर्गों के प्रथम चार स्पर्श व्यंजन और २. बलहीन व्यंजन अर्थात् पाँच स्पर्श अनुनासिक, अंतस्थ और ऊष्म। इस दृष्टि से संयुक्त व्यंजनों के तीन भेद हो सकते हैं—१. बली संयुक्त व्यंजन, जैसे प्त्, ग्ध्, ब्ज्। २. बलहीन संयुक्त व्यंजन, जैसे श्र् र्य्, ल्व्। ३. मिश्र संयुक्त व्यंजन, जैसे त्न, ध्य्, द्य्। इन तीनों प्रकार के संयुक्त व्यंजनों के ध्वनि-परिवर्तन संबंधी नियम बीम्स ने नीचे लिख दिये हैं और ये साधारणतया ठीक उतरते हैं :—

१. बली संयुक्त व्यंजन में हिंदी में पहले व्यंजन का प्रायः लोप हो जाता है और पूर्व स्वर दीर्घ कर दिया जाता है।

(१) स्पर्श + स्पर्श : ऐसी परिस्थिति में हिंदी में प्रायः पहले व्यंजन का लोप हो जाता है, साथ ही संयुक्त व्यंजन का पूर्वस्वर दीर्घ हो जाता है--

मूंग	मुद्ग
दूध	दुग्ध
सात	सप्त

रूप-परिवर्तन के भी कुछ उदाहरण हिंदी में मिल जाते हैं—

सत्तर	सप्तति
सत्तरह	सप्तदश

(२) स्पर्श + अनुनासिक : ऐसी परिस्थिति में यदि स्पर्श पहले आवे तो अनुनासिक व्यंजन का प्रायः लोप हो जाता है--

आग	अग्नि
तीखा	तीक्ष्ण

ज्ञ् (ज्+ञ्) के संयुक्त रूप में कई प्रकार के परिवर्तन पाए जाते हैं--

आग्या	आज्ञा
जनेऊ	यज्ञोपवीत
जग्य, जाग (बो०)	यज्ञ
रानी	राज्ञी

---

२. बलहीन संयुक्त व्यंजनों में प्रायः अधिक निर्बल व्यंजन का लोप हो जाता है, जैसे—स्पर्श-अनुनासिक और अंतस्थ में अंतस्थ अधिक निर्बल ठहरता है।

३. मिश्र व्यंजनों में प्रायः बलहीन व्यंजन का लोप हो जाता है।

ऊपर दिए हुए उदाहरणों को, इस दृष्टि से भिन्न-भिन्न वर्गों में विभक्त करके, परीक्षा करना रोचक होगा।

यदि अनुनासिक व्यंजन पहले हो तो उसका लोप तो हो जाता है किंतु पूर्वस्वर अनुनासिक हो जाता है--

जांघ	*जङ्घा*
कांटा	*कण्टक*
चांद	*चन्द्र*
कांपना	*कंपन*

(३) स्पर्श + अंतस्थ (य्, र्, ल्, व्) : ऐसी परिस्थिति में स्पर्श चाहे पहले हो या बाद को, अंतस्थ का प्रायः लोप हो जाता है--

य :	*जोग (बो०)*	*योग्य*
	चूना	*च्यु*
र् :	*बाघ*	*व्याघ्र*
	पनाली	*प्रणाली*
	दुबला	*दुर्बल*
व :	*पका*	*पक्व*
	तुरत	*त्वरित*

दंत्य स्पर्श व्यंजनों का संयोग जब किसी अंतस्थ से होता है तो एक असाधारण परिवर्तन मिलता है। अंतस्थ लुप्त होने के साथ स्पर्श व्यंजनों को अपने स्थान के स्पर्श व्यंजन में परिवर्त्तित कर देता है अर्थात् दंत्य स्पर्श य् के संयोग से तालव्य स्पर्श (चवर्ग), र् के संयोग से मूर्द्धन्य स्पर्श (टवर्ग), तथा व के संयोग से ओष्ठ्य स्पर्श (पवर्ग) में परिवर्तित हो जाता है--

य् :	*सच*	*सत्य*
	नाच	*नृत्य*

आज	अद्य
बांझ	वन्ध्या
सांझ (बो०)	सन्ध्या
बटेर	वर्तिक
र् : काटना	कर्तन
कौड़ी	कपर्द
गाड़ी	गंत्री
ब् : बुढ़ापा	वृद्धत्व
बारह	द्वादश

(४) स्पर्श+ऊष्म (श्, ष्, स्, ह्) : ऐसी परिस्थिति में, स्पर्श चाहे पहले हो या बाद को, ऊष्म का प्रायः लोप हो जाता है, साथ ही यदि स्पर्श व्यंजन अल्पप्राण हो तो महाप्राण हो जाता है—

श् : पछांव (बो०)	पश्चिम
प् : आँख	अक्षि
खेत	क्षेत्र
काठ	काष्ठ
पीठ	पृष्ठ
स् : थन	स्तन
हाथ	हस्त
ह : जीभ	जिह्वा
गुझिया	गुह्य

(५) अनुनासिक+अनुनासिक : ऐसी परिस्थिति बहुत कम पाई जाती है। न् और म् का संयोग कभी-कभी मिलता है। किंतु ऐसी हालत में दोनों अनुनासिक रह जाते हैं—

जनम (बो०) जन्म

(६) अनुनासिक+अंतस्थ : ऐसी परिस्थिति में अंतस्थ का लोप हो जाता है--

अरना	(भैंसा)	अरण्य
सूना		शून्य
ऊन		ऊर्ण
कान		कर्ण
काम		कर्म

(७) अनुनासिक+ऊष्म : ऐसी परिस्थिति में कई प्रकार के परिवर्तन पाए जाते हैं। कभी अनुनासिक का लोप हो जाता है, कभी ऊष्म का, कभी दोनों किसी न किसी रूप में ठहर जाते हैं, तथा कभी-कभी ऊष्म ह् में परिवर्त्तित हो जाता है--

रास	रश्मि
मसान	स्मशान
सनेह, नेह	स्नेह
नहान	स्नान
कान्ह	कृष्ण

(८) अंतस्थ+अंतस्थ : ऐसी परिस्थिति के लिए भी कोई निश्चित नियम नहीं है। कभी एक अंतस्थ का लोप हो जाता है और कभी दोनों अंतस्थ किसी न किसी रूप में रह जाते हैं--

मोल	मूल्य
सब	सर्व
चोरी	चौर्य

सूरज (बो०)	*सूर्य*
परब (बो०)	*पर्व*
बरत (बो०)	*व्रत*

(९) अंतस्थ + ऊष्म : ऐसी परिस्थिति के लिए भी कोई निश्चित नियम नहीं है। कभी अंतस्थ रह जाता है, कभी ऊष्म, और कभी दोनों रह जाते हैं--

पास	*पार्श्व*
साला	*श्याला*
ससुर	*श्वशुर*
आसरा	*आश्रय*

उ. हिंदी व्यंजनों का इतिहास

अब हिंदी के एक-एक व्यंजन को लेकर यह दिखलाने का यत्न किया जायगा कि यह प्रायः किन-किन संस्कृत ध्वनियों का परिवर्तित रूप हो सकता है।

क. स्पर्श व्यंजन

१. **कंठ्य** [क्, ख्, ग्, घ्]

१०५. हि० क्.

---

[1]इस अंश के क्रम तथा उदाहरणों में चै. बे. लै., § २५०-३०५ से विशेष सहायता ली गई है। गुजराती के संबंध में इस प्रकार के शास्त्रीय विवेचन के लिए दे. टर्नर, गुजराती फ़ोनोलॉजी ज. रा. ए. सो., १९२१. पृ० ३२९, ५०५

सं० च् कपूर	कपूर
काम	कम
सं० क्क : चिकना	चिक्कण
कूकुर (बो०)	कुक्कुर
सं० क्य् : मानिक	माणिक्य
स० क् : कास	काश
चाक	चक्र
स० क्त : पका	पक्व
स०ङ्क् : आक	अंक
स० र्क : शकर	शर्करा
पाकड़	पर्कटी
सं० स्क : कधा	स्कंध

क् ध्वनि कुछ देशी शब्दों[1] में भी मिलती है जैसे झक्की, हांकना आदि।

बैठक, झलक आदि शब्दों में प्रत्यय के रूप में आने वाली क् ध्वनि की व्युत्पत्ति के लिए अध्याय ५ देखिए।

उच्चारण में शब्द के मध्य तथा अंत में आने वाले ख् का उच्चारण कभी-कभी क के समान हो जाता है, जैसे भूख, झखना आदि उच्चारण में प्रायः भूक, झकना हो जाते हैं। इस तरह के परिवर्तन पर साधारणतया ध्यान नहीं दिया जाता।

विदेशी भाषाओं की क् ध्वनि हिंदी विदेशी शब्दों में बराबर पाई जाती है, जैसे अं० कोट, सिकत्तर, फ़ा० कारगुज़ार, अ० मकान।

---

[1] चै., बे. लै., भाग १, पृ० ४५७

फ़ारसी, अरबी क़् ध्वनि पुरानी हिंदी तथा आधुनिक बोलियों में बराबर क् में परिवर्तित हो जाती है, जैसे क़ुलफ़ी (फ़ा०) क़ीमत (अ०), नुक़सान (अ०), संदूक़ (अ०)।

१०६. हि० ख्ँ:

सं० क्ष् :	खीर	क्षीर
	खत्री	क्षत्रिय
	आँख	अक्षि
	लाख	लक्ष
सं० क्ष्ण् :	तीखा	तीक्ष्ण
सं० ख् :	खाट	खट्वा
	खजूर	खर्जूर
	मूरख (बो०)	मूर्ख
सं० ख्	दुख	दुःख
सं० ख्य् :	बखानना	व्याख्यान
सं० ष्क् :	पोखर	पुष्कर
	सूखा	शुष्क

हिंदी बोलियों में सं० ष् के स्थान पर ख् बोला जाता है—

दोख	दोष
बरखा	बर्षा
मीनमेख	मीनमेष

लिखने में ख और र व के रूपों मे संदेह होने के कारण पुरानी हस्तलिखित पोथियों में ख के लिए ष लिखने लगे थे, जैसे षबरि, मुष

आदि। हिंदी की दृष्टि से ष् चिह्न मूर्द्धन्य ष् के लिए अनावश्यक समझा गया, क्योंकि इसका शुद्ध उच्चारण लोग भूल गए थे और उच्चारण की दृष्टि से हिंदी-भाषा-भाषी ष् और श् को समान ही समझते थे। इस तरह जब ष् चिह्न ख् तथा ष् दोनों के लिए प्रयुक्त होने लगा तो संस्कृत ष् का उच्चारण भी भ्रमवश ख् के समान किया जाने लगा।

हिंदी बोलियों में फ़ा० अ० ख़् का उच्चारण ख् के समान होता है—

खोजा	फ़ा० ख़्वाजह
चरखा	फ़ा० चर्ख़
बखत	अ० वक़्त

अंतिम उदाहरण में अ० क़् के लिए साहित्यिक हिंदी में भी प्रायः ख् या ख हो जाता है।

१०७. हिं० ग् :

सं० क् : गेंद	कंदुक (गेन्दुक)
ग्यारह	एकादश
मगर	मकर
पगार	प्रकार
भगत (बो०)	भक़्त
साग	शाक
सं० ग्र् : गाँठ	ग्रन्थि
गेरू	गेरिक
गोरा	गौर
सं० ग्न् : आग	अग्नि
लगन	लग्न

	नंगा	नग्न+क :
सं० ग्य् :	जोग (बो०)	योग, योग्य
सं० ग्र् :	गाँव	ग्राम
	आगे	अग्र
	अगहन्	अग्रहायण
सं० ङ्ग् :	लौंग	लवङ्ग
	भांग	भङ्ग
	सींग	शृङ्ग
सं० द्ग् :	मूँग	मुद्ग
	मुगरी	मुद्गर
सं० ल्ग् :	फागुन	फाल्गुन
	बाग	वल्गा

विदेशी ग़ ध्वनि हिंदी बोलियों में ग हो जाती है—

गरीब	ग़रीब
बाग	बाग़

१०८: हि० घ्

सं० घ् :	घड़ा	घट
	घाम	घर्म
सं० घ्र् :	बाघ	व्याघ्र

२. मूर्द्धन्य[1] [ट् ठ् ड् ढ्]

१०९. हिं० ट :

सं० ट् : टकसाल	टङ्कशाला
सं० ट्ट् : लंगोट	लिंगपट्ट
हाट	हट्ट
सं० ण्ट् : काँटा	कण्टक
बाँटना	√वण्ट्
सं० त्र् : टूटना	√त्रुट्
सं० र्त् , काटना	कर्तनं
कटारी	कर्तरिका
केवट	कैवर्त
सं० ष्ट् : ईंट	इष्टकः
सं० ष्ट्र् : ऊँट	उष्ट्र
सं० ष्ठ् : कोट (क़िला)	कोष्ठ
छटा	षष्ठकः
कटहल	काष्ठफल

---

[1]हिंदी मूर्द्धन्य स्पर्श व्यंजनों का उच्चारण प्रा० भा० आ० की इन ध्वनियों की अपेक्षा बहुत आगे को हट आया है।

मूर्द्धन्य ध्वनियाँ भारतीय आर्य ध्वनियाँ हैं, या किसी अनार्यभाषा के प्रभाव से मूल आर्यभाषा में आ गईं, यह प्रश्न हमारे क्षेत्र के बाहर है। भारतीय आर्यभाषाओं मे ये आदि-काल से मौजूद रही हैं। इस विषय पर वे., फ़ै., वे. ले., § २६६; बी. क. ई., § ५९

११० हि०. ठ् :

सं० ण्ठ् :	सोंठ	शुण्ठि
सं० न्थ् :	गाँठ	ग्रन्थि
सं० र्थ् :	अहुठ (२½) (बो०)	अर्द्ध चतुर्थ
सं० ष्ट :	मीठा	मिष्ठ
	मूठ	मुष्टि
	ढीठ	धृष्ट
	डीठि (बो०)	दृष्टि
	लाठी	यष्टि
	साठ	षष्टि
सं० ष्ठ् :	कोठा	कोष्ठकः
	जेठ	ज्येष्ठ
	निठुर	निष्ठुर
सं० स्थ् :	पठाना (बो०)	प्रस्थापयति

१११. हिं० ड् :

सं० ड् :	डाइन	डाकिनी
सं० ण्ड् :	भंडार	भाण्डागार
सं० ड् :	डोली	दोलिका
	डोरा	दोरक
	डाँड	दण्ड
	डीवट	दीपवर्तिका

११०. हिं० ट्ठ :

सं० धृ	: ढीठ	धृष्ठ

३. दंत्य (त्, थ्, द्, ध्,)

११३. हिं० त् :

सं० क्त्	: सत्तू	सक्तु
	भात	भक्त
	मोती	मौक्तिक
	राते (बो०)	रक्त
सं० त्	: तेल	तैल
	तांत	तन्तु
सं० त्त्	: माता (मद-)	मत्त
	भीत	भित्ति
	पीतल	पित्तल
	उतरना	उत्तरति
सं० त्र्	: तीन	त्रीणि
	तोड़ी (रागिनी)	त्रोटिका
	तोड़ना	√त्रुट्
	खेत	क्षेत्र
	चीता	चित्रक
	छाता	छत्र

सं० त्व् :	तू	त्वया
	तुरंत	त्वरित, त्वरंत
सं० न्त् :	दाँत	दन्त
	संताल (जाति)	सामन्तपाल
सं० न्त्र् :	आँत	अन्त्र
सं० प्त् :	नाती	नप्तृ
	विनती	विज्ञप्ति
	सतरह	सप्तदश
	तत्ता (बो०)	तप्त
सं० र्त् :	कातिक	कार्तिक
	बत्ती	वर्तिका

११४ हि० थ् :

सं० त्थ् :	कैथ	कपित्थ
	कुलथी (दाल)	कुलत्थ
सं० र्थ् :	साथ	सार्थ
	चौथा	चतुर्थ
सं० स्त् :	माथा	मस्तक
	हाथ	हस्त
	पाथर (बो०)	प्रस्तर

११५. हि० द :

सं० द् :	दाँत	दंत

	दूध	दुग्ध
	दाहिना	दक्षिण
सं० द्र् :	नींद	निद्रा
	भादौं	भाद्रपद
	हल्दी	हरिद्रा
सं० द्व् :	दो	द्वौ
	दूना	द्विगुण
	दीप (जै०, जम्बू दीप)	द्वीप
सं० न्द् :	सेंदुर	सिन्दूर
	ननद	ननान्दृ
सं० न्द्र् :	चाँद	चन्द्र
सं० र्द् :	चौदह	चतुर्दश

११६. हिं० ध् :

सं० ग्ध् :	दूध	दुग्ध
सं० द्ध् :	ऊधौ	उद्धव
	उधार	उद्धार
सं० द्ध्र् :	गीध (बो०)	गृद्ध
सं० ध् :	धान	धान्य
	धुआँ	धूम
	धरना	धरति
सं० न्ध् :	अँधेरा	अन्धकार
	आँधी	अन्धिका

बाँधना	√बन्ध्
सं० द्ध् : आधा	अर्द्ध
गधा (बो०)	गर्दभ

४. ओष्ठ्य [प्, फ्, ब्, भ्]

११७. हिं० प :

सं० त्प् : उपज--	उत्पद्य--
सं० त्म् : अपना	आत्मनः
सं० प् : पान	पर्ण
पौन	पादोन
पीपल	पिप्पल
सं० प्य् : रुपया	रूप्यकः
सं० प्र् : पिया (बो०)	प्रिय
पावस	प्रावृष्
पहर	प्रहर
सं० म्प् : काँपना	√कम्प
सं० र्प् : कपड़ा	कर्पट
कपास	कर्पास
साँप	सर्प
सं० ष्प् : भाप	वाष्प
सं० स्प् : परस	स्पर्श

११८. हि० फ् :

सं० फ्	: फलारी (मिठाई)	फलाहार
	फूल	फुल्ल
सं० स्फ्	: फोड़ा	स्फोटक
	फटकरी	स्फटकारिका
	फुर्ती	स्फूर्ति

११९. हि० ब् :

सं० ड्व्	: छबीस	षड्विंश
सं० द्व्	: बारह	द्वादश
	बाईस	द्वाविंशति
सं० प्	: बैठना	√उपविष्ट्
सं० ब्	: बाँझ	बन्ध्या
	बाँह	बाहु
	बकरा	बर्कर
	बाँधना	√बन्ध्
सं० ब्र्	: बाम्हन (बो०)	ब्राह्मण
सं० म्ब्	: नीबू	निम्बुक
सं० म्र्	: ताँबा	ताम्र
	अँबिया (बो०)	आम्र
सं० र्ब्	: दुबला	दुर्बल
सं० र्व्	: चबाना	चर्वण

	सब	सर्व
सं० व्	बाँका	वक्र
	बावला	वातुला
	बहू	वधू
	बूँद	बिंदु
सं० व्य्	: बखानना (बो०)	व्याख्यान
	बाघ	व्याघ्र

१२०. हिं० भ् :

सं० ब्	: भूख	बुभुक्षा
	भाप	वाष्प
सं० भं	: भात	भक्त
	भीख	भिक्षा
सं भ्य्	: भीतर	अभ्यन्तर
	भीजना	√अभ्यंज्
सं० भ्र्	: भौंरा	भ्रमर
	भाई	भ्रातृ
	भावज	भ्रातृजाया
सं० र्भ्	: गाभिन	गर्भिणी
सं० व्	: भेष	वेष
सं० ह् व्	: जीभ	जिह्वा

ख. स्पर्श-संघर्षी [च्, छ्, ज्, झ्]

१२१. प्रा० भा० आ० में च्, छ्, ज्, झ्, तालव्य स्पर्श व्यंजन[1] थे। उन दिनों च् की ध्वनि कुछ-कुछ क्य के सदृश रही होगी। म० भा० आ० के प्रारंभिक काल में ही ये तालव्य स्पर्श ध्वनियाँ स्पर्श-संघर्षी हो गई थीं। यह परिवर्तन कदाचित् मगध आदि पूर्वी देशों की भाषाओं से प्रारंभ हुआ था। मध्यदेश और पश्चिमी आर्यावर्त की भाषाओं में कुछ दिनों तक स्पर्श उच्चारण चलता रहा। म० भा० आ० के अंतिम समय तक प्रायः समस्त भारतीय आर्यभाषाओं मे इन स्पर्श ध्वनियों का स्पर्श-संघर्षी उच्चारण फैल गया। आ० भा० आ० में अब चवर्गीय ध्वनियाँ स्पर्श न होकर स्पर्श-संघर्षी हो गई हैं। आसामी, मराठी, गुजराती आदि कुछ आधुनिक बोलियों में तो इनका झुकाव दंत्य ध्वनियों की ओर हो गया है। हिंदी स्पर्श-संघर्षी ध्वनियों का इतिहास नीचे दिया जाता है।

१२२. हिं० च्:

सं० च् :	चाँद	चंद्र
	चाक	चक्र
	काँच	काच
सं० ञ्च् :	पाँच	पञ्च
	आँचल	अञ्चल
सं० त्य् :	नाच	नृत्य
	मीचु (बो०)	मृत्यु
	साँच (बो०)	सत्य
सं० र्च् :	कूची	कूचिका

[1] चै., बे. लै., § १३२, § २५५

१२३. हिं० छ् :

सं० क्ष् :	छुरा	क्षुरकः
	छत्री (बो०)	क्षत्रिय
	रीछ	ऋक्ष
	छिन (बो०)	क्षण
सं० च्छ् :	पूछना	√पृच्छ्
सं० छ् :	छाता	छत्र
	छेरी (बो०)	छगल
	छाँह (बो०)	छाया
सं० श् :	छिलका	शल्कल
	छकड़ा	शकटकः
सं० श्च् :	बीछ्	वृश्चिक
सं० ष् :	छः	षट्

१२४. हिं० ज् :

सं० ज् :	जागता	जागर्ति
	भावज	भ्रातृजाया
	बिजना (बो०)	व्यजन
	जनम (बो०)	जन्म
सं० ज्ज् :	काजल	कज्जल
	लाज	लज्जा
सं० ज्य :	जेठ	ज्येष्ठ

	राजा	राज्य
	बनजारा	वाणिज्य+कार
सं० ज्व् :	उजला	उज्वल
सं० ज्ज् :	मूंज	मुञ्ज
	पिंजड़ा	पञ्जर
सं० द्य् :	अनाज	अन्नाद्य
	जुआ	द्यूत
	आज	अद्य
	बिजली	विद्युत्-
सं० य् :	जौ, जवा	यवकः
	जाना	√या
	जांता	यंत्र
सं० य्य् :	सेज	शय्या
सं० र्ज् :	खजूर	खर्जूर
	भोजपत्र	भूर्जपत्रं
	माँजना	मार्जनं
सं० र्य :	आजी	आर्यिका
	काज (बो०)	कार्य

१२५. हि० झ् :

सं० ध्य् :	ओझा	उपाध्याय
	समझना	संबुध्यति
	बूझना	बुध्य

जूझना (बो०)	युध्यति
सं० न्ध्य : साँझ (बो०)	सन्ध्या
बाँझ	बन्ध्या

ग. अनुनासिक [ङ्, ञ्, ण्, न्, न्ह्, म्, म्ह्]

१२६. संस्कृत में ङ् ध्वनि कंठ्य व्यंजनों के पहले केवल मात्र शब्द के मध्य में आती थी। हिंदी में भी इसका यही प्रयोग मिलता है, किंतु केवल ह्रस्व स्वर के बाद।

हि० ङ<सं ङ

अङ्गुल	अङ्गुलि
कङ्गाल	कङ्काल
जङ्गल	जङ्गल

कुछ देशी शब्दों में भी यह ध्वनि पाई जाती है, जैसे बङ्गू, चङ्गा।

विदेशी शब्दों में भी ऊपर दी हुई परिस्थिति में ङ ध्वनि पाई जाती है, जैसे ज ग, तङ्ग।

१२७. संस्कृत में ञ् ध्वनि केवल मात्र शब्द के मध्य में तालव्य व्यंजनों के पहले आती थी। तालव्य व्यंजनों के उच्चारण में स्थान-परिवर्तन होने के कारण हिंदी में ऐसे स्थलों पर अब ञ् के स्थान पर न् का उच्चारण होने लगा है। लिखने में अभी यह परिवर्तन नहीं दिखाया जाता।

लिखित रूप	उच्चरित रूप
चञ्चल	चन्चल
पञ्जा	पन्जा
कञ्ज	कन्ज

१३१. हि० म् :

सं० म् :	मेह	मेघ
	मूंग	मुद्ग
	माथा	मस्तक
सं० म्ब् :	नीम	निम्ब
	जामुन	जम्बु
	कदम (बो०)	कदम्ब
सं० म्र् :	आम	आम्र
सं० श्म् :	मसान (बो०)	श्मशान

१३२. हि० म्ह् :

सं० भ्म् :	कुम्हार	कुम्भकार
सं० ष्म :	तुम्हें	यूष्मे
सं० ह्म् :	ब्रह्मा (बो०)	ब्रह्मा

घ. पार्श्विक [ल्]

१३३. हि० ल :

सं० ड् :	सोलह	षोडश
सं० त् :	अलसी	अतीसी
सं० द्र् :	भला	भद्र
सं० य् :	लाठी	यष्टिका

सं० र् :	चालीस	चत्वारिंशत्
	हलदी	हरिद्रा
सं० र्य् :	पलग	पर्यङ्क
सं० ल् :	लाख	लक्ष
	लगन	लग्न
	आंवला	आमलक
	काजल	कज्जल
सं० ल्य् :	कल	कल्य
	मोल	मूल्य
सं० ल्व् :	बेल	बिल्व

कुछ विदेशी शब्दों के न् का उच्चारण हिंदी बोलियों में ल् के समान होता है, जैसे लोट<अं० नोट, लंबर < अं० नम्बर।

ड. लुंठित[1] [र्]

१३४. हि० र :

---

[1]र और ल् के प्रयोग की दृष्टि से प्रा० तथा म० भा० आ० भाषाओं में तीन विभाग मिलते है— १. पश्चिमी, जिसमें र् का प्रयोग विशेष है; २. मध्यवर्ती, जिसमें र् और ल् दोनों का व्यवहार मिलता है; और ३. पूर्वी, जिसमें ल् का व्यवहार विशेष है। यह विशेषता कुछ-कुछ आ० भा० आ० में पाई जाती है। हिंदी मध्यवर्ती भाषा है; अतः इसमें र् और ल् दोनों का व्यवहार मिलता है। इस सबध में विस्तृत विवेचन के लिए दे. चै., बें. लै., § ३२, § २९१

सं० त् :	सत्तर	सप्तति
सं० द् :	बारह	द्वादश
	ग्यारह	एकादश
सं० र :	रात	रात्रि
	रानी	राज्ञी
	और	अपर
	गहिरा	गभीर
सं० ल् :	पखारना (बो०)	प्रक्षालन
	बेर	वेला

च. उत्क्षिप्त [ड़् ढ़्]'

१३५. वैदिक भाषा में दो स्वरों के बीच में आने वाले ड् ढ् का उच्चारण ळ् ळ्ह् होता था। पाली में भी यह विशेषता पाई जाती है किंतु संस्कृत में यह परिवर्तन नहीं होता था। म० भा० आ० में किसी समय स्वर के बीच में आने वाला ड् ढ् का उच्चारण कदाचित् ड़् ढ़ के समान होने लगा था।

धीरे-धीरे कुछ अन्य मूर्द्धन्य ध्वनियाँ भी ड़् ढ़् में परिवर्तित हो गईं। ड़् ढ़् सदा शब्द के मध्य में दो स्वरों के बीच में आते हैं। आजकल अनेक आ० भा० आ० भाषाओं में ये ध्वनियाँ पाई जाती हैं। हिंदी ड़् ढ़् का इतिहास नीचे दिया जाता है--

१३६. हि० ड़् :

सं० ट् :	बाड़ी	बाटिका
	कड़ाही	कटाह
	घोड़ा	घोटक

'चै., बें. लै., § १२३, § २७०

	बड़	वट
	खड़िया	खटिका
सं० ड्य् :	जाड़ा	जाड्य
सं० ण्ड् :	खांड़	खाण्ड
	पांड़े	पण्डित
	मांड़	मण्ड
	सूड़	सुण्ड
सं० र्द :	कौड़ी	कपर्द

१३७. हि० ढ़ :

सं० ट् :	मढ़ी	मठिका
	पीढ़ा	पीठिका
	पढ़ना	पठति
सं० द्ध :	बूढ़ा	वृद्ध
सं० ध्य् :	कुढ़ना	क्रुध्यति
सं० र्द्ध :	साढ़े	सार्द्ध
	बढ़ई	वर्द्धकिन
सं० र्ध् :	बढ़ना	वर्धते

छ. संघर्षी [ह॑, ह॒, श, स, ष]

१३८. विसर्ग अथवा अघोष ह॑ केवल थोड़े से तत्सम शब्दों में आता है।

हि० : :

सं० : :	प्रायः	प्रायः
	पुनः	पुनः
सं० जिह्वामूलीय :	अंतःकरण	अंतःकरण

शब्द के अंत में आने वाले घोष ह का उच्चारण हिंदी में प्रायः अघोष ह के समान हो जाता है किंतु लिखने में यह परिवर्तन नहीं दिखाया जाता।

लिखित रूप	उच्चरित रूप
वह	वः या वह॒
कह	कः या कह॒
स्नेह	स्नेः या स्नेह॒
मुह	मुः या मुह॒

यह भी स्मरण दिला देना अनुचित न होगा कि घोष महाप्राण स्पर्श व्यंजनों में घोष ह॒ आता है और अघोष महाप्राण स्पर्श व्यंजनों में अघोष ह॑ आता है किंतु देवनागरी लिपि में यह भेद नहीं दिखलाया जाता।

१३०. घोष ह शब्द के मध्य या आदि में आता है। अंत्य घोष ह॒ उच्चारण में अब अघोष हो गया है।

हि० ह॒ :		
सं० ख् :	मुँह	मुख
	अहेरी	आखेटिक
	नह (बो०)	नख

सं० घ्	: रहटा	अरघट्ट
सं० थ्	: कहना	कथन
सं० ध्	: साहु	साधु
	बहू	वधू
	दही	दधि
सं० भ्	: गहिरा	गभीर
	सुहाग	सौभाग्य
	हो	√भू
सं० श्	: बारह	द्वादश
	सोलह	षोडश
सं० ष्	: पुहुप (बो०)	पुष्प
सं० ह	: बांह	बाहु
	हाथी	हस्तिन्
	हीरा	हीरक

१४०. हिन्दी बोलियों में साधारणतया केवल दंत्य स् का प्रयोग विशेष पाया जाता है और श के स्थान पर भी स् कर लिया जाता है, किन्तु साहित्यिक हिन्दी में तत्सम शब्दों में तालव्य श् का व्यवहार बराबर होता है। उच्चारण की दृष्टि से सं० मूर्द्धन्य ष् हिन्दी में तालव्य श् में परिवर्तित हो गया है, किन्तु तत्सम शब्दों के लिखने में श् और ष् का भेद अभी बराबर दिखलाया जाता

---

[1]बंगाली आदि पूर्वी आ० भा० आ० भाषाओं में तथा पहाड़ी भाषाओं में स् के स्थान पर भी श् का ही व्यवहार विशेष होता है। हिंदी से प्रभावित हो जाने के कारण बिहारी में स् का प्राधान्य है। श् और स् का यह भौगोलिक भेद बहुत प्राचीन है

है। उच्चारण की दृष्टि से हिन्दी में मूर्द्धन्य ष् अब नहीं है।

१४१. हि० श :

सं० श्	: पशु	पशु
	विश्व	विश्व
स० ष्	: शेश	शेष
	कशाय	कषाय

१४२ हि० स् :

सं० श्	: संख	शंख
	सलाई	शलाकिया
	सास	श्वश्रू
सं० ष्	: सिरस	शिरीष
	कसेला	कषाय
	असाढ़	आषाढ़
सं० स्	: सूत	सूत्र
	सुहाग	सौभाग्य
	सोना	स्वर्ण

१४३. ब् केवल तत्सम शब्दों में रह गया है। हिन्दी बोलियों में व के स्थान पर बराबर ब् हो जाता है।

हि० व् :

सं० व्	: वेला	वेला
	वाम	वाम
	कवि	कवि

सूचना—अन्य संघर्षी फ़्, ज़्, ख़्, ग़् ध्वनियाँ केवल विदेशी शब्दों में पाई जाती हैं। इनका विवेचन अगले अध्याय में किया गया है।

ज. अर्द्धस्वर (य व्)

१४४. प्रा० भा० आ० काल में य् व् शुद्ध अर्द्धस्वर इ उ थे। संस्कृत में उ दंत्योष्ठ्य संघर्षी व् में परिवर्तित हो गया था। साथ ही ओष्ठ्य व् रूपांतर भी बहुत प्राचीन समय से मिलता है। इ भी म० भा० आ० में ही य् के सदृश हो गई थी। संस्कृत के य् और व् हिंदी में शब्द के आदि में प्रायः ज् और ब् हो गए तथा शब्द के मध्य में इनका लोप हो जाता था। बाद को दो स्वरों के बीच में श्रुति के रूप में य् और व का फिर विकास हुआ, जैसे सं० *एकादश* > प्रा० *एआरह* > हि० ग्यारह।

१४५. हिंदी में य् का उच्चारण बहुत स्पष्ट नहीं होता। उच्चारण की दृष्टि से संयुक्त स्वर *इअ* या *एअ* और अर्द्धस्वर य् बहुत मिलते-जुलते हैं। *अ* तथा *इ* ई या *ए* के बीच में आने पर य ध्वनि बिल्कुल ही स्पष्ट हो जाती है, जैसे *गये, गयी* आदि में। किंतु *गया, आया* में य् श्रुति स्पष्ट सुनाई पड़ती है। विदेशी शब्दों के अतिरिक्त य् ध्वनि तत्सम शब्दों में विशेष पाई जाती है।

तत्सम	तद्भव
यज्ञ	*जाग*
योधा	*जोधा*
वीर्य	*बीज*
कार्य	*काज*
यमुना	*जमुना*

१४६. व़् अर्द्धस्वर शब्द के मध्य में प्रयुक्त होता है। लिखने में व् और व़् में कोई भेद नहीं किया जाता है। व़् का व् के सदृश उच्चारण बहुत प्राचीन है।

	व़् :	
सं० व् :	स्वामी	स्वामी
	ज्वर	ज्वर
सं० म् :	क्वांरा	कुमार
	आंवला (बो०)	आमलक
	चंवर (बो०)	चमर

ऊ. व्यंजन-संबंधी कुछ विशेष परिवर्तन

क. अनुरूपत

१४७. हिंदी शब्दों में कुछ उदाहरण मिलते हैं जिनमें भिन्न-स्थानीय संयुक्त व्यंजनों में से एक-दूसरे का रूप धारण कर लेता है, या उसी स्थान के व्यंजन में परिवर्तित हो जाता है—

शक्कर	शर्करा
छत्तीस	षट्त्रिंशत्
बत्ती	वर्तिका

कुछ बोलियों में, विशेषतया कन्नौजी में, र् का निकट के व्यंजन में परिवर्तित हो जाना साधारण नियम है—

कनौ०	हि०
उद्द	उर्द
ह्दी	हलदी
मिच्चैं	मिरचें

बोलने में अनुरूपता के बहुत उदाहरण मिलते हैं, किंतु इन्हें लिखने में नहीं दिखाया जाता है—

लिखित रूप	उच्चरित रूप
डाकघर	डाग्घर
एक गाँड़ी	एग्गाड़ी
आध सेर	आस्सेर

ख. व्यंजन-विपर्यय

१४८. व्यंजन-विपर्यय के अनेक उदाहरण प्राचीन तथा आधुनिक शब्दों में बराबर मिलते हैं। विदेशी शब्दों में भी अकसर व्यंजनों के स्थान में परिवर्तन हो जाता है। नीचे कुछ रोचक उदाहरण दिए जा रहे हैं—

बिलारी	विडाल
हलुक (बो०)	लघु-क
घर	गृह
पहिरना	√परि+धा
गड़ुर (बो०)	गरुड
नखलऊ (बो०)	लखनऊ
नुस्कान (बो०)	नुक़सान

अध्याय ३

विदेशी शब्दों में ध्वनि-परिवर्तन

अ. फ़ारसी-अरबी

१४९. विदेशी शब्दों के संबंध में भूमिका में साधारण विवेचन हो चुका है। यहाँ इन विदेशी शब्दों के हिंदी में आने पर ध्वनि-परिवर्तन के संबंध में विचार किया जायगा। हिंदी में सब से अधिक विदेशी शब्द फ़ारसी-अरबी के हैं। प्रायः यह भुला दिया जाता है कि इन विदेशी भाषाओं में फ़ारसी आर्यभाषा है जिसके प्राचीनतम रूप—अवस्ता की भाषा—का ऋग्वेद की भाषा से बहुत निकट का संबंध है, और अरबी भिन्न कुल की भाषा है जिसका आर्यभाषाओं से अब तक किसी प्रकार का भी संबंध स्थापित नहीं हो सका है। अरबी और फ़ारसी शब्दों में होने वाले ध्वनि-परिवर्तन को समझने के लिए अरबी और फ़ारसी की ध्वनियों के संबंध में ठीक ज्ञान प्राप्त कर लेना आवश्यक है, अतः इन भाषाओं की ध्वनियों का संक्षिप्त विवेचन नीचे दिया जाता है।

क. अरबी-ध्वनिसमूह

१५०. अरबी ध्वनिसमूह[1] में ३२ व्यंजन, ९ मूलस्वर तथा ४ संयुक्त स्वर हैं। आधुनिक शास्त्रीय दृष्टि से ये नीचे वर्गीकृत[2] हैं—

---

[1] गेर्डनर, फ़ोनेटिक्स आव् ऐरेबिक।

[2] चै., बें., लें, ३०८

व्यंजन	द्व्योष्ठ्य	दंत्योष्ठ्य	दंतमध्यस्थानीय	वर्त्स्य या दंत्य		तालु तथा वर्त्स्य स्थानीय	तालव्य	कंठ्य	अलिजिह्व	उपालिजिह्व	स्वरयंत्रमुखी
				साधारण	कंठस्थान युक्त						
स्पर्श	ब्			त् द्	त़् द़्		ज्	क् ग्	क़्		ʔ
अनुनासिक	म्			न्							
पार्श्विक					ल़् ऌ़्	ल्					
कंपनयुक्त						र्					
संघर्षी		फ़्	थ् द्	स् ज़्	स़् ज़़्	श् झ़्			ख़् ग़्	ह़् ʕ	ह़
अर्द्धस्वर	व़्						य्				
स्वर	इन नौ मूल स्वरों के अतिरिक्त अइ, अउ, अोइ, और अोउ ये चार मुख्य संयुक्त स्वर माने जाते हैं।						ई ऊ ए ओ —अ— ऍ ऑ अ अ 7				

सूचना—अघोष ध्वनियों के नीचे लकीर खिची है, शेष ध्वनियाँ घोष हैं।

अरबी ध्वनिसमूह में कुछ ध्वनियाँ असाधारण हैं। त़्, द़्, ल़्, झ़्, स़् ज़् कंठस्थान युक्त वर्त्स्य ध्वनियाँ हैं। इनके उच्चारण में जीभ की नोक वर्त्स स्थान को छूती है और साथ ही जीभ का पिछला भाग

कोमल तालु की ओर उठता है। इस तरह जीभ बीच में नीची और आगे पीछे ऊँची हो जाती है। ल् ध्वनि अरबी में केवल अल्लाह शब्द के उच्चारण में प्रयुक्त होती है। ये समस्त ध्वनियाँ एक तरह से द्विस्थानीय हैं।

ह् का उच्चारण कौवे के पीछे हलक की नली की पिछली दीवार से जिह्वामूल के नीचे उपालिजिह्वा को छुवा कर किया जाता है। इसके उच्चारण में एक विशेष प्रकार की जोरदार फुसफुसाहट की आवाज़ होती है। ह् उपालिजिह्वा अघोष संघर्षी ध्वनि है, और ९ अर्थात् ऐन (अ) उपालिजिह्वा घोष संघर्षी ध्वनि है।

९ अर्थात् हम्ज़ा-अलिफ़ के उच्चारण में स्वरयंत्र-मुख बिल्कुल बंद होकर सहसा खुलता है। इसका उच्चारण हलके खाँसने की ध्वनि से मिलता-जुलता समझना चाहिए। ९ स्वरयंत्रमुखी अघोष स्पर्श ध्वनि है। ह स्वरयंत्रमुखी घोष संघर्षी ध्वनि है।

१५१. अरबी लिपि में केवल व्यंजनों के लिए लिपि-चिह्न है, स्वरों के लिए पृथक् चिह्न नहीं हैं। दीर्घ स्वरों में से तीन तथा दो संयुक्त स्वरों के लिए व्यंजन चिह्नों में से ही तीन प्रयुक्त होते हैं—'हम्ज़ा' (ء) के बिना 'अलिफ़' (ا) आ के लिए 'इये' (ی) ई, अइ के लिए तथा 'वाओ' (و) ऊ, अउ के लिए। शेष स्वरों को लिपि द्वारा प्रकट करने का कोई साधन मूल अरबी में नहीं है। ३२ व्यंजन ध्वनियों को प्रकट करने के लिए भी केवल २८ चिह्न हैं, अतः नीचे लिखी सात ध्वनियाँ केवल तीन चिह्नों से प्रकट की जाती हैं—'ज़ोय' (ظ) ज़् ज़् के लिए 'लाम' (ل) ल् ल् के लिए और 'जीम' (ج) ज़् ज् और ग् के लिए प्रयुक्त होती है।

ख. फ़ारसी-ध्वनिसमूह

१५२. अरबी से प्रभावित होने के पूर्व छठी सदी ईसवी तक फ़ारसी भाषा पहलवी लिपि में लिखी जाती थी। नीचे मध्यकालीन

फ़ारसी (पहलवी) की २४ व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण[1] दिया जा रहा है—

व्यंजन

	योष्ठ्य	दंत्योष्ठ्य	दंत्य	तालव्य वर्त्स्य	कंठ्य	जिह्वा मूलीय	स्वरयंत्र-मुखी
स्पर्श	प् ब्		त् द्		क् ग्		
स्पसंघर्षी				च् ज्			
अनुनासिक	म्		न्				
पार्श्विक				ल्			
कंपन-युक्त				र्			
संघर्षी		फ़् व्	स ज़् द	श् झ्		ख़् ग़्	ह्
अर्द्धस्वर	व्			य्			

अरबी के समान पहलवी में भी स्वरों के लिए पृथक् चिह्न नहीं थे। उच्चारण की दृष्टि से पहलवी में व्यवहृत स्वरों को नीचे लिखे ढंग से वर्गीकृत किया जा सकता है—

स्वर

	अग्र	पश्च
संवृत	ई इ	ऊ उ
अर्द्धसंवृत	ए ऐ	ओ औ

[1] चै., बें. लें., § ३०७

विवृत	अ	आ
संयुक्त स्वर	अइ	अउ

१५३. सातवी सदी ईसवी में जब अरबों नें ईरान को पराजित कर ईरानी धर्म और सभ्यता के स्थान पर अपने इस्लाम धर्म और अरबी सभ्यता को स्थानापन्न किया तो बहुत बड़ी संख्या में अरबी शब्दसमूह को लेने के साथ-साथ फ़ारसी भाषा अरबी लिपि में लिखी जाने लगी। फ़ारसी के लिए व्यवहृत होने पर अरबी वर्णो के उच्चारण तथा संख्या दोनों में परिवर्तन करना पड़ा। अरबी वर्णों की संख्या फ़ारसी में ३२ कर दी गई। इसका तात्पर्य यह है कि पहलवी में पाए जाने वाले २४ वर्णों में आठ नए अरबी वर्ण जोड़ दिए गए, यद्यपि फ़ारसी में आने पर इन मूल अरबी वर्णों के उच्चारण भिन्न अवश्य हो गए। अरबी के ये आठ विशेष वर्ण निम्नलिखित हैं--

वर्ण का उर्दू नाम		अरबी उच्चारण	फ़ारसी उच्चारण
से	(ث)	थ्	स्
हे	(ح)	ह़्	ह़्
स्वाद्	(ص)	स़्	स्
ज्वाद्	(ض)	द़	ज़्
तोय	(ط)	त़्	त्
ज़ोय	(ظ)	ज़़्	ज़्
ऐन्	(ع)	ʔ	अ
क़ाफ़	(ق)	क़़्	क़्

अरबी ध्वनियों का उच्चारण फ़ारसी ध्वनियों के सदृश कर लेने के कारण इस नई फ़ारसी-अरबी वर्णमाला में कई-कई वर्णों के उच्चारण में सादृश्य हो गया। यह नीचे दिखलाया जा रहा है--

वर्ण का उर्दू नाम		अरबी उच्चारण	फ़ारसी उच्चारण
सीन	(س)	स्	स्
स्वाद्	(ص)	स़्	
से	(ث)	थ्	

ज़े	(ژ)	ज़	ज्
ज़ोय	(ظ)	ज़	
ज़्वाद	(ض)	द़	ह
हे	(ح)	ह़	
हे	(ه)	ह़	
ते	(ث)	त	त्
तोय	(ط)	त़	

अलिफ-हम्ज़ा में हम्ज़ा का उच्चारण फ़ारसी में नहीं होता था।

साथ ही फ़ारसी में चार नई ध्वनियाँ थीं, जो अरबी में मौजूद नहीं थीं। इनके लिए अरबी चिह्नों को कुछ परिवर्तित करके नए चिह्न गढ़े गए। ये चार ध्वनियाँ और चिह्न निम्नलिखित हैं—

ध्वनियाँ	नए	चिह्न
प्	(ﭖ)	(पे)
च्	(ﭺ)	(चे)
झ्	(ژ)	(झे)
ग	(ﮒ)	(गाफ़)

इन परिवर्तनों को करने के बाद अरबी वर्णमाला के फ़ारसी रूपांतर में वर्णों की संख्या ३२ (२४+८) हो गई। अरबी के समान ये भी सब व्यंजन ही रहे। यह स्मरण रखना चाहिए कि हिंदुस्तान में फ़ारसी भाषा तथा शब्द-समूह लगभग १००० से १६०० ईसवी के बीच में आया था अतः हिंदुस्तान की फ़ारसी भाषा तथा शब्द-समूह में कुछ पुरानापन है, जो फ़ारस की आधुनिक फ़ारसी में नहीं पाया जाता। आधुनिक फ़ारसी और मध्यकालीन फ़ारसी के ध्वनिसमूह में विशेष अंतर नहीं है।

ग. उर्दू वर्णमाला

१५४. १२०० ई० के बाद जब मुसलमान विजेताओं के साथ-साथ अरबी और फ़ारसी भाषा तथा अरबी-फ़ारसी लिपि का प्रचार हिंदुस्तान में हुआ तब हिंदुस्तानी भाषाओं के शब्दों को लिखने के लिए अरबी-फ़ारसी लिपि में फिर कुछ परिवर्तन करने पड़े। कुछ विशेष हिंदुस्तानी ध्वनियों को प्रकट करने के लिए तीन नए चिह्न बना कर बढ़ाए गए। ये चिह्न और ध्वनियाँ नीचे दी हैं—

नई ध्वनियाँ	नए चिह्न
ट	(ټ) (टे)
ड	(ڈ) (डाल्)
ड़	(ڑ) (ड़े)

इस तरह मूल अरबी लिपि के वर्तमान हिंदुस्तानी रूप में, जो साधारणतया उर्दू लिपि के नाम से पुकारी जाती है, वर्णों की संख्या ३५ (३२+३) है।

स्वरों का बोध कराने के लिए व्यंजनों के साथ नीचे लिखे चिह्नों तथा व्यंजनों का व्यवहार किया जाता है—

स्वर	चिह्नों के नाम	चिह्न	उदाहरण
अ	ज़बर	ـَ	سَت (सत)
इ	ज़ेर्	ـِ	سِت (सित)
उ	पेश्	ـُ	سُت (सुत)
आ	अलिफ़+हम्ज़ा	ا	سات (सात)
ई	ज़ेर+इये	ـِي	سیت (सीत)
ए	इये	ي	سیت (सेत)
ऐ	ज़बर+इये	ـَي	سَیت (सैत)
ऊ	पेश+वाओ	ـُو	سُرت (सूत)

ओ	वाओ	،	سوت	(सोत)
औ	ज़बर+वाओ	ؤ	سوت	(सौत)

नित्य-प्रति के लिखने में ज़ेर, ज़बर, पेश् प्रायः नहीं लगाए जाते, अतः तीन ह्रस्व स्वरों का भेद दिखलाया ही नहीं जाता तथा शेष सात दीर्घ स्वरों में आ के लिए 'अलिफ़' (ا), ई, ए, ऐ के लिए 'इये' (ی) तथा ऊ, ओ, औ के लिए 'वाओ' (و), का व्यवहार किया जाता है। मुड़िया के समान उर्दू लिपि के पढ़ने में सबसे अधिक कठिनाई इसी कारण पड़ती है। साथ ही इन उर्दू मात्राओं के न लगाने से मुड़िया की तरह उर्दू लिपि भी देवनागरी की अपेक्षा कुछ अधिक तेजी से लिखी जा सकती है।[1]

---

[1] अरबी-फारसी लिपि में तीन चिह्न बढ़ा लेने के बाद भी उर्दू लिपि समस्त हिंदी ध्वनियों को प्रकट करने में असमर्थ रही, अत. संयुक्त चिह्नों से काम लिया जाने लगा। उदाहरण के लिए हिंदी की समस्त महाप्राण ध्वनियाँ रोमन अनुलिपि के समान अल्पप्राण चिह्नों में ह (ہ) लगाकर प्रकट की जाती है। ङ ञ और ण् अनुनासिक व्यंजनों को प्रकट करने के लिए भी कोई चिह्न नही हैं। स्वरों के लिए भी विशेष चिह्नों का प्रयोग साधारणतया नही किया जाता।

हिंदी वर्णमाला की उर्दू अनुलिपि निम्नलिखित है—

अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ए	ऐ	ओ	औ
ا	ا	ِ	ی	و	ُو	ی	ی	و	و
			क्	ख्	ग्	घ्	ङ		
			ک	کھ	گ	گھ	×		
			च्	छ्	ज्	झ्	ञ्		
			چ	چھ	ج	جھ	×		
			ट्	ठ्	ड्	ढ्	ण्		
			ٹ	ٹھ	ڈ	ڈھ	×		
			त्	थ्	द्	ध्	न्		
			ت	تھ	د	دھ	ن		

१५५. नीचे के कोष्ठक में अरबी, फ़ारसी तथा उर्दू वर्णमालाएँ तुलनात्मक ढंग से दी गई हैं। साथ में देवनागरी के आधार पर बनाए गए लिपि-चिह्न तथा उर्दू वर्णमाला की देवनागरी अनुलिपि भी दी गई है—

अरबी		फ़ारसी		उर्दू		
अरबी ध्वनि लिपि-देवनागरी		फ़ारसी ध्वनि लिपि-देवनागरी		उर्दू देवनागरी ध्वनि लिपि-अनु-देवनागरी		
चिह्न	में	चिह्न	में	चिह्न	लिपि	में
ا	१	ا	अ	ا	अ	अ
ب	ब़	ب	ब़	ب	ब़	ब़
×	×	پ	प़*	پ	प़	प़
ت	त़	ت	त़	ت	त़	त़
×	×	×	×	ٹ§	ट़	ट़
ث	थ़	ث	सं	ث	स़	स़
ج	च़	ج	ज़	ج	ज़	ज़
×	×	چ	च़*	چ	च़	च़
		ح	ह़	ح	ह़	ह़
		خ	ख़	خ	ख़	ख़
		د	द़	د	द़	द़
		ذ	ज़	ذ	ज़	ज़
		ر	ऱ	ر	ऱ	ऱ
		ز	ज़	ز	ज़	ज़
		ژ	झ़	ژ	झ़	झ़
		س	स़	س	स़	स़
		ش	श़	ش	श़	श़
		ڑ	ड़	ڑ	ड़	ड़
		ڑھ	ढ़	ڑھ	ढ़	ढ़
		ف	फ़	ف	फ़	फ़
		ق	क़	ق	क़	क़
		ک	क़	ک	क़	क़
		گ	ग़	گ	ग़	ग़
		ل	ल़	ل	ल़	ल़
		م	म़	م	म़	म़
		ن	ऩ	ن	ऩ	ऩ
		ں	ँ	ں	ँ	ँ
		و	व़	و	व़	व़
		ہ	ह़	ہ	ह़	ह़
		ھ	ह़	ھ	ह़	ह़
		ء	ऽ	ء	ऽ	ऽ
		ی	य़	ی	य़	य़
		ے	ै	ے	ै	ै
		◌ٰ	◌ा	◌ٰ	◌ा	◌ा
		◌ِ	◌ि	◌ِ	◌ि	◌ि
		◌ُ	◌ु	◌ُ	◌ु	◌ु

ट	ह॰	ट	ह॰†	ट	ह॰	ह॰
ठ	ख़्	ठ	ख़्	ठ	ख़॰	ख़्
ड	द्	ड	द्	ड	द्	द्
×	×	×	×	ड§	ड़्	ड़्
ढ	द	ढ	ज़् (द्)	ढ	ज़्	ज़्
ण	र्	ण	र्	ण	र्	र्
×	×	×	×	ढ§	ढ़	ढ़
त	ज़्	त	ज़्	त	ज़्	ज़्
×	×	त	फ़्*	त	फ़्	फ़्
थ	स्	थ	स्	थ	स्	स्
द	श्	द	श्	द	श्	श्
ध	स॰	ध	स्†	ध	स॰	स्
न	द॰	न	ज़्†	न	ज॰	ज़्
प	त॰	प	त़्†	प	त॰	त़्
फ	ज॰	फ	ज़्†	फ	ज॰	ज़्
ब	?	ब	अ†	ब	अ़्	अ
भ	ग॰	भ	ग़्	भ	ग़्	ग़्
म	फ़्	म	फ़्	म	फ़्	फ़्
य	क॰	य	क़्†	य	क़्	क़्
र	क्	र	क्	र	क	क्
×	×	ल	ग्*	ल	ग्	ग्
व	ल	व	ल्	व	ल्	ल

۴	म्	۴	म्	۴	म्	म्
۷	न्	۷	न्	۷	न्	न्
،	व्	،	व्	،	व्	व्
۸	ह्	۸	ह्	۸	ह्	ह्
ی	य्	ی	य्	ی	य्	य्
२८		३२		३५		

सूचना—†ये चिह्न उन आठ वर्णों पर लगाए गए हैं, जो अरबी के विशेष वर्ण होने के कारण फ़ारसी के मूल २४ पहलवी वर्ण-समूह में जोड़े गए थे जिससे फ़ारसी में व्यवहृत अरबी शब्द सुविधा से लिखे जा सकें। इनको छोड़कर शेष २४ वर्ण फ़ारसी के अपने हैं। इन नए आठ वर्णों का प्रयोग केवल अरबी शब्दों में मिलता है।

*ये चिह्न फ़ारसी के उन चार विशेष वर्णों पर लगाए गए हैं जिसके लिए अरबी में ध्वनि-चिह्न मौजूद नहीं थे, न ये ध्वनियाँ ही अरबी में थीं। अतः फ़ारसी भाषा लिखने को प्रयुक्त होने पर मूल अरबी लिपि में इनके लिए चार नए चिह्न गढ़े गए थे।

§ये चिह्न उन तीन वर्णों पर लगाए गए हैं, जो हिंदुस्तानी भाषाओं की आवश्यकता के कारण अरबी-फ़ारसी लिपि में बढ़ाए गए थे।

फ़ारसी वर्णमाला के समान ही उर्दू वर्णमाला में भी अरबी के तत्सम शब्दों में अरबी वर्ण लिखे तो जाते हैं किंतु उनका उच्चारण हिंदुस्तानी मुसलमान भी साधारणतया अपनी ध्वनियों की तरह करते हैं। अतः लिखने में भिन्न चिह्नों का प्रयोग करने पर भी उच्चारण की दृष्टि से स़् (س) स़ (ص) स् (س) का उच्चारण स् (س), त़ (ط) त् (ت) का उच्चारण त (ت), ह़ (ح) ह् (ہ) का उच्चारण ह् (ہ) और ज़़ (ظ) ज़ (ض) ज़ (ظ) ज़ (ز) का उच्चारण ज़ (ز) के समान होता

है। ऽ (ऽ) का उच्चारण भी ʼ (ʼ) से भिन्न साधारणतया नहीं किया जाता।

घ. फ़ारसी शब्दों में ध्वनिपरिवर्तन

१५६. ऊपर के विवेचन से यह कदाचित् स्पष्ट हो गया होगा कि हिंदी में अरबी तथा तुर्की शब्द भी फ़ारसी भाषा के द्वारा आए हैं, अतः ऐसे शब्दों के साथ मूल अरबी या तुर्की ध्वनियाँ नहीं आ सकी हैं। फ़ारसी में आने पर अरबी और तुर्की शब्दों की ध्वनियों में जो परिवर्तन हो चुके हैं उन्हीं परिवर्तित रूपों में ये शब्द साधारणतया हिंदी में पहुँचे हैं। व्यावहारिक दृष्टि से हिंदी के लिए ये शब्द अरबी या तुर्की भाषा के न होकर फ़ारसी भाषा के ही हैं।

फ़ारसी और हिंदी की अधिकांश ध्वनियों में समानता है, किंतु फ़ारसी में कुछ ऐसी ध्वनियाँ हैं, जो हिंदी में नहीं हैं। ये ध्वनियाँ फ़ारसी-अरबी तत्सम शब्दों में सुनाई पड़ती हैं और इनके लिए देवनागरी में निम्नलिखित परिवर्तित लिपि-चिह्नों का प्रयोग होता आया है—क़् ख़् ग़् ज़् फ़्। इनमें ऩ् भी शामिल किया जा सकता है। श् ध्वनि संस्कृत में पहले ही से मौजूद थी। फ़ारसी श् तथा संस्कृत श् में थोड़ा ही भेद है। साहित्यिक हिन्दी में फ़ारसी-अरबी शब्दों की इन विशेष ध्वनियों का उच्चारण तथा लिखने में बराबर प्रयोग किया जाता है।

फ़ारसी तत्सम शब्दों से पूर्ण उर्दू भाषा के बोले जाने वाले या लिखे जाने वाले रूप से अधिक परिचित होने के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली प्रांत के रहने वाले हिंदी लेखक इन विदेशी ध्वनियों का व्यवहार बातचीत तथा लिखने, दोनों में ही शुद्ध रीति से कर सकते हैं, और बराबर करते हैं। किंतु पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान तथा कमायूँ-गढ़वाल के प्रदेशों में रहने वाले हिंदी बोलने वालों तथा हिंदी लेखकों को दिल्ली,

आगरा तथा लखनऊ के उर्दू केंद्रों से दूर रहने के कारण इन विदेशी ध्वनियों के व्यवहार में कठिनाई पड़ती है और ये लोग इन ध्वनियों का व्यवहार प्रायः शुद्ध नहीं कर पाते। इसी कारण कभी-कभी इन विदेशी ध्वनियों तथा उनके लिए प्रयुक्त विशेष लिपि-चिह्नों के व्यवहार को साहित्यिक हिंदी से हटा देने का प्रस्ताव उठा करता है।

हिंदी के केन्द्र उत्तर प्रदेश की विशेष परिस्थिति के कारण यहाँ के शिष्ट लोगों में *ज़रा* को *जरा*, *ग़रीब* को *गरीब*, *ख़राब* को *खराब* बोलना या लिखना ग्राम्य-दोष समझा जाता है और कदाचित् भविष्य में भी अभी कुछ दिनों तक समझा जायगा। इसका मुख्य कारण उत्तर प्रदेश में उर्दू भाषा तथा मुसलमानी संस्कृति का प्रभाव ही है। इन दोनों प्रभावों के निकट भविष्य में पूर्णतया लुप्त होने की संभावना नहीं दिखलाई पड़ती। ऐसी परिस्थिति में इन विशेष ध्वनियों वाले फ़ारसी शब्दों को साहित्यिक हिंदी में निकटतम तत्सम रूपों में ही लिखना तथा बोलना अभी उचित प्रतीत होता है। उपर्युक्त प्रभावों से दूर होने के कारण बंगाली, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं में फ़ारसी शब्दों की विशेष ध्वनियों के संबंध में इस तरह की कठिनाई नहीं उठती। इन भाषाओं के साहित्यिक रूपों में भी, हिंदी की ग्रामीण बोलियों के समान ऐसी विशेष विदेशी ध्वनियों के स्थान पर भारतीय निकटवर्ती ध्वनियों का व्यवहार पढ़े-लिखे लोगों के बीच में पूर्ण स्वतंत्रता से होता आया है। परिस्थिति की विभिन्नता के कारण साहित्यिक हिंदी को इस बात में बंगाली आदि की नक़ल करनी चाहिए।

ऊपर बतलाया जा चुका है कि लिखने में भेद करने पर भी बोलने में साधारणतया फ़ारसी में ही कई-कई ध्वनियों में साम्य हो गया था। उर्दू में भी इन विशेष वर्ण-समूहों में उच्चारण की दृष्टि से भेद नहीं किया जाता, अतः हिंदी में इन भिन्न वर्णों के लिए इकहरे वर्णों अर्थात् *स, ज़, त, अ* तथा *ह़* का व्यवहार करना युक्ति-

संगत ही है। साहित्यिक हिंदी में शिष्ट भाषा में ध्वनि-सम्बन्धी इन मुख्य परिवर्तनों को करने के बाद फ़ारसी-अरबी शब्दों का न्यूनाधिक व्यवहार बराबर पाया जाता है।

१५७. फ़ारसी-अरबी शब्दों के हिंदी में प्रयुक्त होने पर मुख्य-मुख्य परिवर्तनों का उल्लेख संक्षेप में नीचे किया जाता है—

स्वर

(१) फ़ारसी इ ई उ ऊ ए ओ ध्वनियाँ फ़ारसी और हिंदी में समान हैं, अतः इनमें साधारणतया कोई परिवर्तन नहीं होता—[1]

	हि०	फ़ा०
इ :	इनाम	इनाम्
ई :	ईमान	ईमान्
उ :	फ़ुरसत	फ़ुर्सत्
ऊ :	क़ानून	क़ानून्
ए :	तेज़	तेज़्
ओ :	ज़ोर	ज़ोर

(२) फ़ारसी अ अग्र विवृत स्वर था, हिंदी में यह अर्द्धविवृत मध्य स्वर अ हो जाता है—

हि०	फ़ा०
क़दम	क़ॅदॅम्
मसला	मॅसॅलॅह्

(३) फ़ारसी में ओ ध्वनियाँ हैं अवश्य किंतु उच्चारण में इनका झुकाव बराबर इ उ की तरफ़ रहता है। हिंदी में इनके स्थान पर बराबर इ उ ही मिलता है।

---

[1] चै., बे., लै.. ३१२-३५३

सकसेना, पर्शियन लोनवर्ड इन दि रामायन आव् तुलसीदास, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी स्टडीज, भाग १, पृ० ६३

(४) फ़ारसी संयुक्त स्वर अइ अउ हिंदी में क्रम से ऐ (अए) औ (अओ) हो जाते हैं—

फ़ा०	हि०	फ़ा०
अइ :	मैदान	मअ़इदान्
अउ :	मौसम	मअ़उसम्

(५) स्वरलोप तथा स्वर-परिवर्तन के उदाहरण भी बराबर पाए जाते हैं—

हि०	फ़ा०
मसला	मसेलह्
ज़ाती	ज़ियादती
मामला	मुआमलह्
माफ़िक	मुवाफ़िक़्

(६) स्वरागम के उदाहरण भी बराबर मिलते हैं—

हि०	फ़ा०
निरख़	निख़्
शामियाना	शामानह्
हुकुम	हुक्म्

व्यंजन

(७) अरबी ह और ह़ फ़ारसी में ह में परिवर्त्तित हो गए थे। हिंदी में फ़ारसी ह के स्थान पर प्रायः ह् हो जाता है—

हि०	फ़ा०
हवा	हवा
हुनर	हुनर्
मुहर्रम	मुहर्रम्

संयुक्त व्यंजनों के आने पर ह का या तो लोप हो जाता है या बीच में स्वर डाल दिया जाता है—

हि०	फ़ा०
मुहर	मुहर्
फ़ेरिस्त	फ़िहरिस्त्

फ़ारसी शब्दों का 'हा-इ-मुख़्तफ़ी' अर्थात् उच्चरित न होने वाला अंत्य ह, पूर्व अ के साथ मिलकर हिंदी में आ में परिवर्तित हो जाता है--

हि०	फ़ा०
कनारा	किनारह,
ख़ज़ाना	ख़ज़ानह,

(८) अरबी ९(ع) फ़ारसी में १ से मिलती-जुलती ध्वनि में परिवर्तित हो गया था। हिंदी में १ का लोप हो जाता है या इसके स्थान पर प्रायः आ हो जाता है--

हि०	फ़ा०
जमा	ज़म्१
ताबीज़	त१वीद
अजब	१अजेब्
अरब	१अजेब्

(९) फ़ारसी क् ग्; च् ज्; त् द्; प् ब्; ङ् न् म्; र ल्; स् य् हिंदी ध्वनियों के ही समान होने के कारण इनमें साधारणतया परिवर्तन नहीं किए जाते--

हि०	फ़ा०
किताब	किताब्
गरम	गर्म्
चाकर	चाकर्
जमा	जम्१

तख़्ता	तख़्ताह्
दाग़	दाग़्
पीर	पीर्
बस्ता	बस्ताह्
फ़िरंगी	फ़िरंङ्गी
निमाज़	नमाज़्
मीनार	मीनार्
रास	रास्
लाल	लाल
सिपाही	सिपाही
याद	याद्

ऊपर के नियम के सम्बन्ध में कुछ अपवाद भी बराबर पाए जात हैं।

(१०) फ़ारसी द् हिंदी में ज् या द् में परिवर्तित हो जाता है--

हि०	फ़ा०
काग़ज़, कागद (बो०)	क़ाग़ज़
ख़िदमत, खिजमत (बो०)	ख़िद्मत्

(११) फ़ारसी के अंत्य न् के स्थान पर हिंदी में पिछला स्वर अनुनासिक कर दिया जाता है—

हि०	फ़ा०
ख़ाँ	ख़ान्
मियाँ	मियान्

(१२) व्यंजनों के सम्बन्ध में कुछ अन्य असाधारण परिवर्तनों के उदाहरण रोचक होंगे—

विपर्यय

हि०	फ़ा०
फ़लीता	फ़ॅतीलॅह्
लहमा	लम्हा
मुचलका	मुॅकॅल्चॅह्

लोप

हि०	फ़ा०
मज़दूर	मुज़ॅदूर्
मसीत (बो०)	मॅस्जिद
ज़िद	ज़िद्द्

(१३) हिंदी बोलियों में साधारणतया क् ख् ग् ज़् फ़् श् और व् के स्थान पर क्रम मे क् ख् ग् ज् फ् स् और ब् हो जाते हैं। उर्दू प्रभाव से दूर रहने वाले हिंदी लेखक या बोलने वाले साहित्यिक हिंदी में भी प्रयोग करते समय फ़ारसी-अरबी शब्दों में इस तरह के परिवर्तन कर देते हैं—

हि०	फ़ा०
कीमत	क़ीमॅत्
खबर	ख़ॅबर्
गरीब	ग़ॅरीब्
जालिम	ज़ालिम्
रजाई	रॅज़ाई
फारसी	फ़ारसी
निसान	निशान्
विकालत	वॅकालॅत्

(१४) हिंदी बोलियों में कुछ असाधारण ध्वनि-परिवर्तन भी पाये जाते हैं—

फ़ा० क़ > हि० ग़ : हि० *तगादा* फ़ा० *तक़ादह*

हि० *नगद* फ़ा० *नक़्द*

आ. अंग्रेजी

१५८. लगभग १६०० ईसवी से भारत में यूरोपीय लोगों का आना-जाना प्रारम्भ हुआ था और तभी से कुछ यूरोपीय शब्दों का व्यवहार भारत में होने लगा था। किंतु अंग्रेज़ी राज्य की स्थापना हिंदी प्रदेश में लगभग १८०० ईसवी से हुई थी, और तब से अंग्रेज़ी-सभ्यता और भाषा तथा ईसाई धर्म की गहरी छाप हिंदी-भाषियों पर पड़नी प्रारम्भ हुई। दक्षिण भारत तथा समुद्र के किनारे के प्रदेशों की तरह हिंदी प्रदेश फ्रांसीसी, पुर्तगाली आदि जातियों के विशेष संपर्क में कभी नहीं आया। हिंदी में थोड़े से फ्रांसीसी तथा पुर्तगाली आदि भाषाओं के शब्द[1] आ गए हैं, किन्तु इनकी संख्या अत्यन्त परिमित है। हिंदी की अपेक्षा बंगाली[2] आदि में इनकी संख्या कहीं अधिक है। यूरोपीय भाषाओं में से अंग्रेज़ी भाषा के शब्द हिंदी में अधिक संख्या में आए हैं, और यह स्वाभाविक ही है।

क. अंग्रेजीध्वनि-समूह

१५९. अंग्रेजी में होने वाले ध्वनि-परिवर्तनों को समझने के लिए यह आवश्यक है कि संक्षेप में अंग्रेजी ध्वनियों को समझ लिया जाय। अंग्रेजी ध्वनियों का वर्गीकरण[3] निम्नलिखित ढंग से किया जा सकता है—

---

[1] दे., भूमिका, 'विदेशी भाषाओं के शब्द'।


[2] बंगाली में व्यवहृत पुर्तगाली शब्दों के संबंध में दे., चै., बे., लै., अ० ७

[3] बा., फो., इं., § ९२, § ९६, § २१४

व्यंजन

	ओष्ठ्य		दंत्य		तालव्य			स्वरयंत्र मुखी
	द्व्योष्ठ्य	दंत्योष्ठ्य	दंत्य	वर्त्स्य	तालव्य-वर्त्स्य	तालव्य	कंठ्य	
स्पर्श	प् ब्			ट् ड् ९ १			क् ग्	
स्पर्शसंघर्षी					च् ज् ९ १			
अनुनासिक	म्			न्			ङ्	
पार्श्विक				ल्			ल्ल्	
लुंठित				र्				
संघर्षी		फ् व्	थ् द्	स् ज्	श् झ्			ह्
अर्द्धस्वर	व्					य्	(व्)	

मूलस्वर



संयुक्तस्वर

एइ[11] ओउ[12] अइ[13] अउ[14] ओइ[15] इअ[16] एँअ[17] ओंअ[18] उअ[19]

सूचना—अंग्रेज़ी स्पर्श प् ब्, क् ग् के उच्चारण में स्वराघात-युक्त शब्दांश में कुछ हकार की ध्वनि आ जाती है,[1] किन्तु हकार का अंश इतना कम होता है कि लिखने में नहीं दिखाया जाता और इस कारण ये अल्पप्राण स्पर्श व्यंजन हिंदी के महाप्राण स्पर्श व्यंजनों (फ् भ् ख् घ्) के समान नहीं हो जाते।

वाक्य में ज़ोर देने के लिए तथा कुछ अन्य स्थलों पर भी अंग्रेज़ी के कुछ शब्दों में स्वरयंत्रमुखी स्पर्श[2] (अलिफ़-हम्ज़ा की ध्वनि सुनाई पड़ती है किन्तु इसकी गणना साधारणतया अंग्रेज़ी मूल-ध्वनियों में नहीं की जाती।

ख. अंग्रेज़ी शब्दों में ध्वनि-परिवर्तन

मूलस्वर

१६०. अंग्रेज़ी और हिंदी की अधिकाँश ध्वनियाँ समान हैं, किन्तु अंग्रेज़ी में कुछ नवीन ध्वनियाँ भी हैं। अंग्रेज़ी शब्दों के उच्चारण में इन नवीन ध्वनियों के सम्बन्ध में हिंदी-भाषियों को कठिनाई पड़ती है।

अंग्रेज़ी मूलस्वरों में ई (*सी* : see), इ (*सिट्* : sit) आ, (*काम्* : calm), उ (*पुट्* : put), ऊ (*सून्* : soon) तथा अ (*बट* : but) हिंदी मूलस्वरों से विशेष भिन्न नहीं हैं, अतः इन अंग्रेज़ी स्वरों का उच्चारण हिंदी भाषी शुद्ध कर लेते हैं। शेष छः मूलस्वर हिंदी में नहीं पाए जाते, अतः इनका स्थान कोई न कोई हिंदी स्वर ले लेता है।

ऍ : यह अर्द्धविवृत ह्रस्व अग्रस्वर है किन्तु इसका उच्चारण प्रधान स्वर ए की अपेक्षा काफी ऊपर की तरफ़ होता है। हिंदी में इस अंग्रेज़ी स्वर के स्थान पर इ या ए हो जाता है।

---

[1] बा.. फो.. इं., § २१८

[2] बा., फो., इं., § २२७ (सी.)

हि०	अं०
कालिज, कालेज	कॉलेज् (college)
बिच, बेंच	बन्च् (bench)

ए : यह भी अर्द्धविवृत ह्रस्व अग्रस्वर है, किंतु इसका उच्चारण प्रधान स्वर एँ से बहुत नीचे की तरफ़ और प्रधान स्वर अ के निकट होता है। हिंदी में यह प्रायः ऐ (अए) में परिवर्तित हो जाता है—

हि०	अं०	
मैन	मॅन्	(man)
गैस	गॅ	(gas)

ॲ : यह अर्द्धविवृत ह्रस्व पश्चस्वर है किंतु इसका स्थान प्रधान स्वर आ की अपेक्षा कुछ ही ऊपर की तरफ़ है। हिंदी में यह प्रायः आ में परिवर्तित हो जाता है—

हि०	अं०
चाक	चॅक् (chalk)
आफिस	ऑफ़िस् (office)

ऑ : यह अर्द्धविवृत दीर्घ पश्चस्वर है किंतु इसका उच्चारण स्थान प्रधान स्वर ओं की अपेक्षा नीचे की तरफ़ होता है। हिंदी में इसके स्थान में भी प्रायः आ हो जाता है। अब कुछ दिनों से ॲ, तथा आ दोनों के लिए ऑ लिखने का रिवाज हो रहा है—

हि०	अं०
ला, लॉ	लॉ (law)
बाट, बॉट	बॉट (bought)

ऐ : यह अर्द्धविवृत दीर्घ मध्यस्वर है किंतु इसका स्थान कुछ ऊपर की तरफ़ हटा है। हिंदी में इसके स्थान पर प्रायः अ हो जाता है।

हि०	अं०
बर्ड	बंड् (bird)
लर्न	लंन् (learn)

अं : यह अर्द्धविवृत ह्रस्व मध्यस्वर है। हिंदी में इसके स्थान पर प्रायः अ हो जाता है—

अलोन	अंलोउन् (alone)
बटर	बटं (butter)

संयुक्त स्वर

१६१. अंग्रेज़ी के ढंग के संयुक्त स्वरों का व्यवहार हिंदी में नहीं है अतः इनके स्थान पर प्रायः दीर्घ मूल स्वर या हिंदी के संयुक्त स्वर हो जाते हैं। कुछ में असाधारण संयुक्त ध्वनियों का प्रयोग भी करना पड़ता है।

हि०	अं०		
अं० एइ > हि० ए	: मेल	मेंइल	(mail)
	जेल	ज़ेंइल्	(jail)
अं० ओउ > हि० ओ, अ	: बोट	बोउट्	(boat)
	कोट	कोउट्	(coat)
	रपट, रिपोट, रिपोउट्		(report)
अं अइ > हि० ऐ (अए) आइ, ए	: टैम, टाइम, टेम, टेंइम्		(time)
	टाइप, टैप, टेंइप		(type)
अं० अउ > हि० औ (अओ) आऊ	: टौन, टाउन, टेंउन्		(town)
	कौन्सिल, काउन्सिल, कॅउन्सिल		(council)

अं० ऑइ > हि० वाय, वाय ऐ (अए) :	ब्वाय	बॉइ	(boy)
	न्वाइज़्	नॉइज़्	(noise)
	ऐन्टमेन्ट	ऑइन्ट्मेन्ट्	(ointment)
अं० इअं > हि० इआ, इअ, ए :	इन्डिआ	इन्डिअं	(India)
	बिअर	बिअं	(beer)
	एरन्	इअं-रिङ	(earring)
अं० एअं > हि० एअ, ए :	शेअर, शेर	शेअं	(share)
	चेअर, चेर	चेंअं	(chair)
अं० ओंअं > हि० ओ :	मोर	मोंअं	(more)
	बोर्ड	बोंअंड्	(board)
अं० उअं > हि० यो :	प्योर	पुअं	(pure)
	यार	युअं	(your)

१६२. हिंदी में व्यवहृत अंग्रेजी शब्दों में स्वरागम के बहुत उदाहरण मिलते है। स्वरलोप के उदाहरण बहुत कम पाये जाते हैं। स्वरागम के उदाहरण शब्द के आदि में संयुक्त व्यंजन के पूर्व में मिलते हैं या संयुक्त व्यंजन के टूटने पर मध्य में मिलते हैं, जैसे *इस्टाम* (stamp) *इस्कूल* (school) *फ़ारम* (form), *बुरुश* (brush) *बिरांडी* (brandy)

व्यंजन

१६३. अंग्रेज़ी व्यंजनों में से कुछ हिंदी में नहीं पाए जाते अतः ये हिंदी की निकटतम ध्वनियों में परिवर्तित हो जाते हैं। ऐसी असाधारण ध्वनियों का विवेचन हिंदी में पाए जाने वाले परिवर्तनों सहित नीचे दिया जा रहा है—

ट्, ड्: अंग्रेज़ी ट्, ड् न तो हिंदी के ट्, ड् के समान मूर्द्धन्य हैं और न त्, द् के समान दंत्य हैं। ये वास्तव में वर्त्स्य हैं अर्थात् जीभ की नोंक को दाँतों के ऊपर मसूढ़ों पर लगा कर इनका उच्चारण किया जाता है। वर्त्स्य ट्, ड् के अभाव के कारण हिंदी में ये ध्वनियाँ क्रम से ट् या त् और ड् या द् में परिवर्तित हो जाती हैं—

अं० ट्>हि० ट् :	*रपट*	(report)
	बालस्टर	(barrister)
अं० ट्>हि० त् :	*अगस्त*	(August)
	सिकत्तर	(secretary)
अं० ड्>हि० ड् :	*डिस्क*	(desk)
	डबल मार्च	(double march)
अं० ड्>हि० द् :	*दिसंबर*	(December)
	अर्दली	(orderly)

च्, ज्: अंग्रेज़ी च्, ज् का उच्चारण हिंदी की तालव्य स्पर्श-संघर्षी च्, ज ध्वनियों से भिन्न है। अंग्रेज़ी ध्वनियों का उच्चारण कुछ-कुछ च्, श्, ड्, झ् की तरह होता है। हिंदी में इनके स्थान पर क्रम से च्, ज् हो जाता है—

अं० च्>हि० च : *चेअर* (chair), *चैन* (chain)
अं० ज्>हि० ज् : *जज* (judge), *जेल* (jail)

च्, ज् के अतिरिक्त अंग्रेज़ी में कुछ अन्य स्पर्श-संघर्षी ध्वनियाँ भी पाई जाती हैं, किंतु इनका व्यवहार च्, ज् की अपेक्षा कम मिलता है। ये ध्वनियाँ मूल व्यंजनों की अपेक्षा संयुक्त व्यंजनों के अधिक समान मालूम पड़ती हैं अतः असाधारणतया इन्हें अंग्रेज़ी

---

[1] बा., फो., इं., § २३१

मूल व्यंजन-ध्वनियों में नहीं सम्मिलित किया जाता। ये अन्य स्पर्श-संघर्षी ध्वनियाँ उदाहरण सहित नीचे दी जाती हैं—

ट्थ्	:	एइट्थ्	(eighth)
ड्थ्	:	विड्थ्	(width)
ट्स्	:	ईट्स्	(eats)
ड्ज्	:	बेड्ज्	(beds)

ट्र और ड्र को भी कभी-कभी इसी श्रेणी में रख लिया जाता है, जैसे ट्री (tree) ड्रॅ् (draw)

अंग्रेज़ी अनुनासिक व्यंजन म् न्, ङ का उच्चारण हिंदी के इन अनुनासिक व्यंजनों के समान होता है अतः अंग्रेज़ी विदेशी शब्दों में इनके आने पर हिंदी में साधारणतया किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता।

ल् : स्वर के पहले अंग्रेज़ी ल् का उच्चारण हिंदी ल् के समान ही होता है। इसे 'स्पष्ट ल्' कह सकते हैं। किंतु व्यंजन के पहले या शब्द के अंत में ल् का उच्चारण भिन्न ढंग से होता है, जिसमें जीभ की नोक से वर्त्स्य स्थान को छूने के साथ-साथ जीभ के पिछले हिस्से को कोमल तालु की ओर ऊपर उठा देते हैं, जिससे जीभ मध्यभाग में कुछ झुक जाती है। इसे 'अस्पष्ट ल्'[1] कहते हैं। देवनागरी में इसे ल॰ से प्रकट किया गया है। हिंदी में अंग्रेज़ी की इन दोनों ल् ध्वनियों में भेद नहीं किया जाता और ल॰ का उच्चारण भी ल के समान ही किया जाता है, जैसे बोतल (bottle), पेट्रोल (petrol)।

ल् के समान अंग्रेज़ी में र् के भी दो रूप पाए जाते हैं—एक लुंठित और दूसरा संघर्षी। संघर्षी र्[2] को देवनागरी में ऱ् से प्रकट

---

[1] बा., फो., इं., § २४०

[2] बा., फो., इं., § २४८

कर सकते हैं। संघर्षी र् प्रायः शब्द के आरंभ में पाया जाता है। यह भेद इतना सूक्ष्म है कि इस पर यहाँ अधिक ध्यान देने की आवश्यकता नहीं प्रतीत होती।

संघर्षी ध्वनियों में थ् द हिंदी के लिए नई ध्वनियाँ हैं। थ् द् दंत्य संघर्षी हैं। हिंदी में ये थ् द् अर्थात् दंत्य स्पर्श-ध्वनियों में परिवर्तित हो जाते हैं, जैसे थर्ड (third) थर्मामेटर (thermometre)। कुछ शब्दों में अंग्रेज़ी थ् हि० ट् या ठ् में भी परिवर्तित हो जाता है, जैसे ठेठर (theatre), लंकलाट (longcloth)।

अंग्रेज़ी संघर्षी ध्वनियों में से फ़् व् ज़् और श् से हिंदी भाषा-भाषी संस्कृत या फ़ारसी प्रभाव के कारण परिचित थे अतः पढ़े-लिखे लोग इनका उच्चारण शुद्ध कर लेते हैं। गाँव के लोग बोली में इन ध्वनियों को क्रम से फ् ब् ज् और स् में परिवर्तित कर देते हैं, जैसे फुटबाल (football), बोट (vote), सिलिङ (shilling) अंग्रेज़ी ह् का उच्चारण हिंदी ह् के समान है।

ॠ् का प्रयोग हिंदी में प्रचलित बहुत कम अंग्रेज़ी शब्दों में पाया जाता है। यह साधारणतया ज़् में परिवर्तित कर दिया जाता है जैसे प्लेज़र (pleasure)।

अंग्रेज़ी ओष्ठ्य अर्द्धस्वर व् के स्थान पर हिंदी में प्रायः दंत्योष्ठ्य संघर्षी व् या ओष्ठ्य स्पर्श ब् हो जाता है, जैसे बास्कट (waistcoat) वेटिङ रूम (waiting room)

अंग्रेज़ी और हिंदी य् के उच्चारण में कोई भेद नहीं है।

१६४. अंग्रेज़ी में नई ध्वनियाँ होने के कारण ऊपर दिए हुए अनिवार्य परिवर्तनों के अतिरिक्त अंग्रेज़ी विदेशी शब्दों में कुछ असाधारण ध्वनि-परिवर्तन भी पाए जाते हैं। ये उदाहरण सहित नीचे दिए जाते हैं—

(१) अनुरूपता : *कलट्टर* (collector)

(२) विपर्यय : *सिगल* (signal), *डिकस* (desk)

(३) व्यंजन-लोप : *बास्कट* (waistcoat)

(४) व्यंजनागम : *मोटर* (*मोउट्* motor)

(५) वर्ग की घोष ध्वनि का अघोष तथा अघोष ध्वनि का घोष में परिवर्तित होना : *काग* (cork), *डिगरी* (decree) *लाट* (lord)

(६) न् का ल् में परिवर्तन : *लंबर* (number), *लमलेट* (lemonade)।

अध्याय ४

स्वराघात

१६५. स्वराघात दो प्रकार का होता है। एक स्वराघात तो वह है जिसमें आवाज का सुर ऊँचा या नीचा किया जाता है। इसको *गीतात्मक स्वराघात* कहते हैं। यह स्वराघात उसी प्रकार का है जैसा हम गाने में पाते हैं और इसका सम्बन्ध स्वरतंत्रियों के ढीला करने या तानने से है। दूसरे ढंग का स्वराघात वह है जिसमें आवाज ऊँची-नीची नहीं की जाती बल्कि साँस को धक्के के साथ छोड़ कर ज़ोर दिया जाता है। इसे *बलात्मक स्वराघात* कहते हैं। इसका सम्बन्ध नादतंत्रियों से न होकर फेफड़े से हवा फेकने के ढंग पर होता है। यह स्मरण रखना चाहिए कि बलात्मक स्वराघात और दीर्घस्वर तथा कभी-कभी गीतात्मक स्वराघात के भी एक ही ध्वनि में पाए जाने के कारण इन सब में भेद करने में कठिनाई हो जाती है।

अ. भारतीय आर्यभाषाओं के स्वराघात का इतिहास

क. वैदिक स्वराघात

१६६. स्वराघात की दृष्टि से प्रा० भा० आ० भाषा की विशेषता यह है कि वह गीतात्मक स्वराघात-प्रधान भाषा है। वैदिक साहित्य में प्रत्येक शब्द के ऊपर-नीचे जो चिह्न रहते हैं वे इसी स्वराघात के सूचक हैं। गीतात्मक स्वराघात में तीन भेद हैं, जिन्हें पारिभाषिक शब्दों में उदात्त अर्थात् ऊँचा सुर, अनुदात्त अर्थात् नीचा सुर और स्वरित अर्थात् बीच का सुर कहते हैं।

वैदिक साहित्य में गीतात्मक स्वराघात प्रकट करने के चार भिन्न ढंग प्रचलित हैं। सामवेद को छोड़ कर ऋग्वेदादि अन्य तीनों वेदों की प्रचलित संहिताओं में उदात्त-स्वर पर कोई चिह्न नहीं लगाया जाता। कदाचित् इसका कारण यह है कि प्रातिशाख्यों के अनुसार स्वरित का पूर्व भाग उदात्त से भी ऊंचा बोला जाता था, अतः सुर की दृष्टि से उदात्त और स्वरित में वास्तव में स्थान-परिवर्तन हो गया था। स्वरित-स्वर के ऊपर खड़ी लकीर और अनुदात्त-स्वर के नीचे बेड़ी लकीर लगाई जाती है। जैसे *अग्निना* शब्द में *अ* अनुदात्त, *ग्नि* उदात्त और *ना* स्वरित है। पाद के आरंभ में आने वाले समस्त उदात्त चिह्न-हीन छोड़ दिए जाते हैं तथा प्रत्येक अनुदात्त चिह्नित रहता है, किन्तु स्वरित के बाद आने वाले अनुदात्तों में केवल अंतिम अनुदात्त को चिह्नित किया जाता है। जैसे *इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतुद्रि* में *म* उदात्त है, किन्तु *गङ्गे यमुने सरस्वति* के समस्त स्वर अनुदात्त हैं, *शु* फिर उदात्त और *द्रि* अनुदात्त है। स्वराघात के चिह्नों की दृष्टि से प्रत्येक पाद पूर्ण माना जाता है। पद पाठ में प्रत्येक शब्द पृथक् तथा पूर्ण माना जाता है।

ऋग्वेद की मैत्रायणी और काठक संहिताओं में स्वरित स्वर के ऊपर खड़ी लकीर न करके उदात्त स्वर के ऊपर खड़ी लकीर की जाती है। जैसे इन संहिताओं में *अग्निना* में *ग्नि* उदात्त और *ना* स्वरित है। अनुदात्त का चिह्न ऋग्वेदादि संहिताओं के समान ही है, किन्तु स्वरित का चिह्न दोनों संहिताओं में कुछ भिन्न ढंग से लगाया जाता है। सामवेद में उदात्त, स्वरित और अनुदात्त स्वरों के ऊपर क्रम से १, २, ३ के अंक बनाए जाते हैं, जैसे $\overset{3}{\text{अ}}\overset{2}{\text{ग्नि}}\overset{1}{\text{ना}}$। शतपथ ब्राह्मण में केवल उदात्त चिह्नित किया जाता है, और इसके लिए स्वर के नीचे अनुदात्त वाली आड़ी लकीर का व्यवहार होता है, जैसे *अग्निना*। साधारणतया प्रत्येक वैदिक शब्द में गीतात्मक स्वराघात पाया जाता है, और इसमें उदात्त सुर प्रधान है।

इस बात के चिह्न मिलते हैं कि प्रा० भा० आ० काल में गीतात्मक स्वराघात के साथ कदाचित् बलात्मक स्वराघात भी वर्तमान था, यद्यपि यह प्रधान नहीं था अतः चिह्नित भी नहीं किया जाता था।

ख. प्राकृत तथा आधुनिक काल में स्वराघात

१६७. कुछ यूरोपीय विद्वानों की धारणा है कि म० भा० आ० के आदिकाल में ही भारतीय आर्यभाषाओं में बलात्मक स्वराघात पूर्ण रूप से विकसित हो गया था, और गीतात्मक स्वराघात की प्रधानता नष्ट हो गई थी। यह बलात्मक स्वराघात शब्दांत के पूर्व प्रथम दीर्घस्वर पर प्रायः रहता था।[1] संस्कृत श्लोकों के पढ़ने में अब तक इस ढंग का स्वराघात चला जा रहा है।

म० भा० आ० काल में स्वराघात की दृष्टि से प्राकृतों के दो विभाग किए जाते हैं। एक तो वे जो किसी न किसी रूप में वैदिक गीतात्मक स्वराघात को अपनाए रहीं। इस श्रेणी में महाराष्ट्री, अर्द्धमागधी, जैन-मागधी, काव्य की अपभ्रंश तथा काव्य की जैन-शौरसेनी रक्खी जाती है। इससे भिन्न शौरसेनी, मागधी तथा ढक्की (पंजाबी) प्राकृतों में संस्कृत के बलात्मक स्वराघात का विकसित रूप वर्तमान था, ऐसा माना जाता है। प्रोफेसर टर्नर आ० भा० आ० भाषाओं में भी म० भा० आ० काल के इस दोहरे स्वराघात के चिह्न पाते हैं, और वे मराठी को पहली श्रेणी में तथा गुजराती को दूसरी श्रेणी में रखते हैं। ग्रियर्सन आदि विद्वानों का एक मंडल म० भा० आ० तथा आ० भा० आ० भाषाओं में केवल बलात्मक स्वराघात के चिह्न पाता है, तथा प्रोफेसर ब्लाक को इन दोनों कालों में बलात्मक स्वराघात के भी पाए जाने के बारे में संदेह है। प्रा० भा० आ० काल के बाद लिखने में स्वराघात चिह्नित करने का रिवाज उठ गया था, इसलिए बाद के कालों के स्वराघात की स्थिति

---

[1] इस अंश की सामग्री का मुख्य आधार चै. बे., लै., § १४२ है।

के सम्बन्ध में कोई भी मत विशेषतया अनुमान के आधार पर ही बनाया जा सकता है, अतः इस विषय पर मतभेद और सन्देह का होना स्वाभाविक है।

आ. हिंदी में स्वराघात

१६८. वैदिक भाषा के समान हिंदी में गीतात्मक स्वराघात शब्दों में नहीं पाया जाता। वाक्यों में इसका थोड़ा-बहुत प्रयोग अवश्य होता है,[1] जैसे 'प्रश्नवाचक वाक्य *क्या तुम घर जाओगे ?* में *जाओगे* का उच्चारण कुछ ऊँचे सुर से होता है।

हिंदी शब्दों में बलात्मक स्वराघात अवश्य पाया जाता है, किंतु वह अंग्रेज़ी के इस प्रकार के स्वराघात के सदृश प्रत्येक शब्द में निश्चित नहीं है। इसके अतिरिक्त हिंदी में प्रायः दीर्घ स्वर पर स्वराघात होने के कारण दोनों में भेद करना साधारणतया कठिन हो जाता है। आधुनिक हिंदी शब्दों में स्वरलोप तथा ह्रस्व और दीर्घ स्वरों का भेद दिखलाना बहुत आवश्यक है। स्वराघात का भेद उतना स्पष्ट नहीं है।

हिंदी स्वराघात के संबंध में गुरु के हिंदी व्याकरण[1] में कुछ नियम दिए हैं जिनका सार नीचे दिया जाता है। नीचे दिए हुए समस्त उदाहरणों में साधारणतया उपांत्य स्वर पर स्वराघात पाया जाता है, अतः ये समस्त नियम इस एक नियम के अन्तर्गत आ सकते हैं।

(१) यदि शब्द या शब्दांश के अन्त में रहने वाले *अ* का लोप हो कर शब्द या शब्दांश उच्चारण की दृष्टि से व्यंजनांत हो जाता है तो उपांत्य स्वर पर जोर पड़ता है जैसे *संब, आदमी, कंमल*।

(२) संयुक्त व्यंजन के पूर्ववर्ती स्वर पर ज़ोर पड़ता है, जैसे *चंन्दा, लंज्जा, विंद्या*।

---

[1] गु., हि., व्या., § ५६

(३) विसर्ग-युक्त स्वर का उच्चारण कुछ ज़ोर से होता है, जैसे *प्रायः*, *अन्तःकरण*।

(४) प्रेरणार्थक धातुओं में *आ* पर स्वराघात होता है, जैसे *करा'या*, *बुला'ना*, *चुरा'ना*।

(५) यदि शब्द के एक ही रूप के कई अर्थ निकलते हैं तो इन अर्थों का अन्तर केवल स्वराघात से जाना जाता है, जैसे *की* (सम्बन्धकारक चिह्न) और *की* (क्रिया) में दूसरी *की* का उच्चारण अधिक ज़ोर देकर किया जाता है।

१६९ हिंदी के कुछ मात्रिक और वर्णिक छन्दों का मूलाधार स्वरों की संख्या या मात्राकालीन होकर वास्तव में बलात्मक स्वराघात ही है। यदि स्वरों के मात्राकाल के अनुसार ये मात्रिक तथा वर्णिक छंद चलते होते तो ह्रस्व स्वर सदा एक मात्रा तथा दीर्घ स्वर सदा दो मात्राकाल का माना जाता, किंतु हिंदी के इन छन्दों में बराबर ऐसे उदाहरण मिलते हैं जिनमें स्वरों की मात्राओं में उच्चारण की दृष्टि से परिवर्तन कर लिया जाता है।

उदाहरण के लिए सवैया छन्द में गणों का क्रम तथा वर्ण-संख्या बँधी हुई है। प्रत्येक पाद की वर्ण-संख्या में तो कोई गड़बड़ी नहीं होती किंतु गणों के अन्दर वास्तव में स्वर की ह्रस्व-दीर्घ मात्राओं का ध्यान नहीं रक्खा जाता, *अवधेस के द्वारे सकारे गई सुत गोद कै भूपति लै निकसे* इस पाद में *के रे रे के* मात्रा के हिसाब से दीर्घ हैं किन्तु छन्द की दृष्टि से इन्हें ह्रस्व मानना पड़ता है। वास्तव में इस सवैया के अन्दर संस्कृत के समान गण का क्रम न होकर प्रत्येक दो वर्ण के बाद बलात्मक स्वराघात है। स्वराघात की दृष्टि से इस पंक्ति को हम यों लिख सकते हैं—*अवधे'स के द्वारे सकारे गई' सुत गो'द कै भूपति लै' निकसे'*। इस कारण जिन वर्णों पर बलात्मक

स्वराघात नहीं है वे चाहे ह्रस्व हों या दीर्घ किन्तु वे स्वराघात हीन होने के कारण ह्रस्व के निकट हो जाते हैं। स्वराघात वाले स्वर अवश्य दीर्घ होने चाहिए।

कवित्त या घनाक्षरी छंद में भी वर्णों की निर्धारित संख्या के अतिरिक्त पाद के अन्दर बलात्मक स्वराघात का क्रम रहता है।

१७०. अवधी[1] के स्वराघात का अध्ययन सकसेना ने किया है। अवधी में भी बलात्मक स्वराघात पाया जाता है। इस संबंध में सकसेना के अध्ययन का सार नीचे दिया जाता है।

एकाक्षरी शब्दों में स्वराघात केवल तब पाया जाता है जब उनका व्यवहार वाक्य में हो। दो अक्षर, तीन अक्षर तथा अधिक अक्षर वाले शब्दों में अन्त के दो अक्षरों में से उस पर स्वराघात होता है जो दीर्घ हो या स्थान के कारण दीर्घ माना जाय, यदि दोनों दीर्घ या ह्रस्व हों तो स्वराघात उपांत्य अक्षर पर होता है। इनके कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं--

दो अक्षर वाले शब्द :

पि-यो॑न्, प-ची॑स्, घो-इस, बे-हिनइ, गो-रा।

तीन अक्षर वाले शब्द :

भो-प-इ, अ-ढाई, सो-चो-इसइ।

चार अक्षर वाले शब्द :

क-रि-हो-उ, क-रे-ह-रो॑।

---

[1] सका. ए. अ. भा. १. अ. ५

अध्याय ५

रचनात्मक उपसर्ग तथा प्रत्यय

१७१. संस्कृत संज्ञा प्रायः तीन अंशों से मिल कर बनती है—धातु, प्रत्यय तथा कारक-चिह्न[1]। धातु और प्रत्यय से मिल कर मूल शब्द बनता है और फिर उसमें आवश्यकतानुसार कारक-चिह्न लगाए जाते हैं। आधुनिक आर्यभाषाओं की संज्ञाओं में संस्कृत कारक-चिह्न प्रायः लुप्त हो गए हैं। आधुनिक भाषाओं में कारक-रचना का सिद्धांत ही भिन्न हो गया है। इसका विवेचन अगले अध्याय में किया जायगा। इस अध्याय में हिंदी रचनात्मक उपसर्ग तथा प्रत्ययों के सम्बन्ध में विचार करना है।

संस्कृत के बहुत से प्रत्यय तथा उपसर्ग आधुनिक भाषाओं में आते-आते नष्टप्राय हो गए हैं, किंतु अब भी कुछ ऐसे हैं, जो थोड़े या अधिक परिवर्तनों के साथ आधुनिक भाषाओं में प्रयुक्त होते हैं। कुछ काल से हिंदी में संस्कृत तत्सम शब्दों का प्रयोग विशेष बढ़ गया है, अतः इन शब्दों के साथ बहुत से प्रत्यय तथा उपसर्ग का तत्सम रूपों में फिर से व्यवहार होने लगा है। नीचे तत्सम, तद्भव और विदेशी प्रत्यय तथा उपसर्गों का पृथक्-पृथक् विवेचन किया गया है।

---

[1]बी., क. ग्रै., भा. २, पृ. १

अ. उपसर्ग

क. तत्सम उपसर्ग तथा अव्ययादि

१७२. ऊपर बतलाया जा चुका है कि तत्सम शब्दों के साथ बहुत से संस्कृत उपसर्गों का व्यवहार साहित्यिक हिंदी में होने लगा है। इन्हें अभी हिंदी के उपसर्ग नहीं माना जा सकता क्योंकि ये अभी हिंदी भाषा की ऐसी संपत्ति नहीं हो पाए हैं कि जो तद्भव, विदेशी, या देशी शब्दों में स्वतन्त्रतापूर्वक लगाए जा सकें। पं० कामता-प्रसाद गुरु ने हिंदी व्याकरण में ऐसे तत्सम उपसर्गों तथा उपसर्गों के समान व्यवहृत संस्कृत विशेषण तथा अव्ययों की एक पूर्ण सूची दी है। उपसर्गों के इतिहास की दृष्टि से इन तत्सम उपसर्गों में कोई विशेषता नहीं दिखलाई जा सकती, अतः अनावश्यक समझ कर इन्हें यहाँ नहीं दिया गया है।

ख. तद्भव उपसर्ग

१७३. प्रचलित तद्भव उपसर्ग व्युत्पत्ति सहित नीचे दिए जा रहे हैं—

अ<सं० **अ** : यह संस्कृत उपसर्ग है किन्तु तद्भव शब्दों में भी इसका स्वतन्त्रतापूवक प्रयोग होता है, जैसे, *अथाह, अजान*। संस्कृत में स्वर से प्रारंभ होने वाले शब्दों के पूर्व **अ** के स्थान पर **अन्** हो जाता है जैसे **अनेक**।

---

[1]उपसर्ग उस अक्षर या अक्षर-समूह को कहते हैं, जो शब्दरचना के निमित्त शब्द के पहले लगाया जाता है, जैसे 'रूप' शब्द में 'अनु' उपसर्ग लगाकर 'अनुरूप' शब्द की रचना हो जाती है।

[2]गु., हि. व्या. § ४३४, § ४३५ (क)

[3]गु., हि. व्या., § ४३५ (क)

हिंदी में व्यंजन से प्रारम्भ होने वाले शब्दों के पूर्व भी अ के स्थान पर अन् मिलता है जैसे,

अनमोल, अनगिनती।

अध	<	सं० अर्द्ध	:	आधा	अधबिच,	अधकचरा
उन	<	सं० ऊन	:	एक कम,	ऊन्नीस,	उन्तीस
औ	<	सं० अव	:	हीन,	औघट	औगुन
दु	<	सं० दुर्	:	बुरा,	दुबला,	दुकाल
दु	<	सं० द्वौ	:	दो,	दुधारा,	दुमुहाँ
नि	<	सं० निर्	:	रहित,	निकम्मा,	निडर
बिन	<	सं० बिना	:	अभाव,	बिनब्याहा,	बिनबोया
भर	<	स० √भृ	:	पूरा,	भरपेट,	भरसक

ग. विदेशी उपसर्ग

(१) फ़ारसी-अरबी

१७४. फ़ारसी-अरबी उपसर्गों की भी एक पूर्ण सूची गुरु के हिंदी व्याकरण[1] में दी हुई है। उसी के अनुसार नीचे मुख्य-मुख्य उपसर्ग दिए जा रहे हैं।

कम	:	थोड़ा,	कमज़ोर,	कम उम्र
			कम समझ,	कम दाम
ख़ुश	:	अच्छा,	ख़ुशबू,	ख़ुश दिल
ग़ैर	:	भिन्न,	ग़ैरमुल्क,	ग़ैरहाज़िर
दर	:	में,	दरअसल,	दरहक़ीक़त

---

१. हि व्या., § ४३५ (क)

ना	:	अभाव	, नापसंद	, नालायक़
ब	:	अनुसार	, बदस्तूर	, बदौलत
बद	:	बुरा	, बदमाश	, बदनाम
बिला	:	बिना	, बिलाक़ुसूर	, बिलाशक
बे	:	बिना	, बेईमान	, बेरहम
ला	:	बिना	, लाचार	, लावारिस
सर	:	मुख्य	, सरकार	, सरदार, सरपंच
हम	:	साथ	, हमदर्दी	, हमउम्र
हर	:	प्रत्येक	, हररोज़	, हर चीज
			हरघड़ी	, हर काम

(२) अंग्रेज़ी

१७५. कुछ अंग्रेज़ी शब्द भी हिंदी में उपसर्ग के समान व्यवहृत होते हैं। इनके कुछ उदाहरण नीचे दिए जा रहे हैं:—

सब	:	अं० सब	: सब ओवरसियर,	सब रजिस्ट्रार
हेड	:	अं० हेड	: हेड पंडित,	हेडमास्टर

आ. प्रत्यय[1]

क. तत्सम प्रत्यय

१७६. तत्सम उपसर्गों के समान तत्सम प्रत्यय भी तत्सम शब्दों के साथ बहुत बड़ी संख्या में हिंदी में आ गए हैं। प्रत्ययों के

---

[1] प्रत्यय उस अक्षर या अक्षर-समूह को कहते है जो शब्द रचना के निमित्त शब्द के आगे लगाया जाता है, जैसे 'बूढ़ा' शब्द में 'पा' प्रत्यय लगाकर बुढ़ापा शब्द बन जाता है।

इतिहास की दृष्टि से इनको यहाँ देना व्यर्थ समझा गया। इनमें से जिनका प्रयोग तद्भव तथा विदेशी शब्दों के साथ होने लगा है उन्हें तद्भव प्रत्ययों की सूची में शामिल कर लिया गया है। तत्सम कृदंत और तद्धित प्रत्ययों तथा प्रत्ययों के समान व्यवहृत संस्कृत शब्दों की पूर्ण सूचियाँ पं० कामताप्रसाद गुरु के हिंदी व्याकरण में दी हुई हैं।[1]

ख. तद्भव तथा देशी प्रत्यय

१७७. हिंदी में व्यवहृत तद्भव तथा देशी प्रत्ययों पर नीचे विचार किया गया है। तद्भव प्रत्ययों में यथासंभव संस्कृत तत्सम रूप देने का यत्न किया गया है। देशी तथा कुछ अन्य प्रत्ययों का इतिहास नहीं दिया जा सका है। देशी माने जाने वाले प्रत्ययों में कुछ ऐसे हो सकते हैं, जो खोज के बाद तद्भव साबित हों।

१७८. *अ* (कृ० भाववाचक संज्ञा, विशेषण, पूर्वकालिक कृ० अव्यय) यह प्रत्यय संस्कृत पु० *अः*, स्त्री० *आ* तथा नपुं० *अम्* की प्रतिनिधि है।[2]

बोल	:	*बोलना*
चाल	:	*चलना*
मेल	:	*मिलना*
देख	:	*देखना*

संस्कृत में धातुओं के उपरान्त जो प्रत्यय लगाए जाते हैं उन्हें 'कृत' कहते हैं। ऐसे प्रत्ययों के लगाने से जो शब्द बनते हैं उन्हें 'कृदंत' कहते हैं। धातुओं को छोड़ कर अन्य शब्दों के आगे प्रत्यय लगाकर जो शब्द बनते हैं उन्हें 'तद्धित' कहते हैं। हिंदी के लिए इस भेद को अनावश्यक समझ कर प्रत्ययों के इस वर्गीकरण का यहाँ अनुसरण नहीं किया गया है।

[1] गु., हि. व्या., § ४३५ (क), ४३५ (ख)

[2] चै., बे., लै., § ३९५

१७९. अक्कड़ (कृ० कर्तृवाचक)[1]

यह देशी प्रत्यय मालूम होता है।

पिअक्कड़	:	*पीना*
भुलक्कड़	:	*भूलना*

१८०. अन्त (कृ०, भाववाचक)

इसका सम्बन्ध सं० वर्तमान-कालिक कृदंत प्रत्यय अंत (शतृ) से मालूम होता है यद्यपि आधुनिक प्रयोग कुछ भिन्न हो गया है।

रटन्त	:	*रटना*
गढ़न्त	:	*गढ़ना*

१८१. आ (कृ०, भूतकालिक कृ०, भाववाचक संज्ञा, करण-वाचक संज्ञा)[1],

इसका सम्बन्ध निरर्थक प्रत्यय आ के साथ सं०—त (क)—इत > प्रा०—अ,-इअ से जोड़ा जाता है।[2]

मरा	:	*मरना*
घेरा	:	*घेरना*
पोता	:	*पोतना*

१८२. आ (त० विशेषण, स्थूलता-वाचक संज्ञा)[1]

मैला	:	*मैल*
लकड़ा	:	*लकड़ी*

१८३. आइंद (त० भाववाचक संज्ञा)[2] < +गम्ध

---

[1]गु., हि., व्या., ४३५ (ख)
[2]चै., बे., लै., § ३९५

कपड़ाइंद	:	*कपड़ा*
सड़ाइंद	:	*सड़ा*

१८४. *आई* (कृ० भाववाचक संज्ञा)[1]

हार्नली[2] इस प्रत्यय का सम्बन्ध सं० त० स्त्री० *ता*> प्रा० *दा* या *आ* से मानते हैं। निरर्थक *क* जोड़ने से सं० *तिका*, प्रा० *दिया* या *इआ*, हि० *आई* हो गया, जैसे सं० *मिष्टता* या *मिष्टतिका**, प्रा० *मिठ्ठइया*, हि० *मिठाई* हो गया।

चैटर्जी[3] और हार्नली में मतभेद है। चैटर्जी के अनुसार यह प्रत्यय म० भा० आ० काल का है और इसका सम्बन्ध धातु के प्रेरणार्थक रूप से बनी हुई स्त्रीलिंग क्रियार्थक संज्ञाओं से है, जैसे सं० *याचायिका** रूप से हि० *जँचाई* रूप बन सकता है।

लड़ाई	:	*लड़ना*
खुदाई	:	*खुदना*

१८५. *आऊ, ऊ* (कृ० कर्तृवाचक संज्ञा)

हार्नली[4] के अनुसार यह प्रत्यय सं० कृ० *तृ* अथवा निरर्थक *क* सहित *तृक* से निकला है। प्रा० में *ऋ* का *उ* में परिवर्तन हो जाने के कारण इस प्रत्यय का प्राकृत रूप *ऊ* या *उओ* हो गया था जैसे सं० *खादिता* (मूलरूप *खादितृ*), प्रा० *खाइऊ* या *खाइउओ*, हि० *खाऊ*। चैटर्जी[5] सं० *उ-क* में इसकी व्युत्पत्ति को मानना ठीक समझते हैं।

---

[1] गु., हि., व्या., § ४३५ (ख)
[2] हा., ई., हि., ग्रै., § २२३
[3] च, बे., लै., § ४०२
[4] हा., ई., हि., ग्रै., § ३३३
[5] चै., बे., लै., § ४२८

खाऊ	:	*खाना*
उड़ाऊ	:	*उड़ाना*

यह प्रत्यय योग्यता के अर्थ में तथा तद्धित गुणवाचक शब्द बनाने के लिए भी प्रयुक्त होता है।[1]

१८६. *आक, आका* (कर्तृवाचक संज्ञा)

हार्नली के अनुसार इसका सम्बन्ध सं० कृ० *अक* या *आपक* से है, जैसे सं० *उड्डापक*, प्रा० *उड्डावके* या *उड्डाअके* हि० *उड़ाका*।

राक	:	*पैरना*
लड़ाका	:	*लड़ना*

अनुकरण-वाचक शब्दों में *आका* लगा कर भाववाचक संज्ञाएँ (त०) बनती हैं, जैसे *धड़ाका* : *धड़*, *सड़ाका* : *सड़*।[2]

१८७. *आका, आटा* (त० भाववाचक संज्ञा)[3]

अनुकरण-वाचक शब्दों में प्रायः ये प्रत्यय लगते हैं।

धड़ाका	:	*धड़*
सड़ाका	:	*सड़*
सन्नाटा	:	*सन*

१८८. *आन* (कृ० त०, भाववाचक संज्ञा)

चैटर्जी[4] के अनुसार इसका संबंध सं० *आप्—अन—आप्—अन—क* से है।

---

[1] चै., बे., लै., § ४२८
[2] गु., हि., व्या., § ४३५ (ख)
[3] गु., हि., व्या., § ४३५ (ख)
[4] चै., बे., लै., § ४०८

उठान	:	*उठना*
लम्बान	:	*लम्बा*

१८९. *आना* (त० स्थानवाचक संज्ञा)

राजपूताना	:	*राजपूत*
सिरहाना	:	*सिर*

१९०. *आनी* (त० स्त्रीलिंग संज्ञा)

यह संज्ञा तत्सम *आनी* से प्रभावित प्रत्यय है, जैसे सं० इन्द्र>इन्द्राणी।

गुरआनी	:	*गुरु*
पंडितानी	:	*पंडित*

१९१. *आप, आपा* (कृ० भाववाचक संज्ञा)[1]

मिलाप	:	*मिलना*
पुजापा	:	*पूजना*

१९२. *आयत, आइत* (त० भाववाचक संज्ञा)

इनका संबंध सं० *वत्, मत्* से जोड़ा जाता है।[2] प्राकृत में ये *वंत, मंत्* हो गए थे और इन रूपों के साथ-साथ *इंत* या *इत्त* रूप भी मिलता है। मूल शब्द के *अ* सहित इनका रूप *अवंत, अमंत* या *अअंत, अयंत* या *अइंत* या *इंत* हो सकता है।

बहुताइत	:	*बहुत*
पंचायत	:	*पंच*

---

[1] चै., बे., लै., § ४८

[2] हो., ई., हि., ग्रै., § २४०
बी., क., ग्रै., भा. २, § २०

१९३. *आर, आरी* (त० कर्तृवाचक संज्ञा)

ये प्रत्यय संस्कृत *कार, कारिक* के वर्तमान रूप हैं।[1]

सं० *कुम्भकार* > प्रा० *कुम्हआरो* > हि० *कुम्हार*

सं० *पूजाकारिक* > प्रा० *पूजआलिए* > हि० *पुजारी*

१९४. *आरा, आरी* (*आर* के पर्यायवाची)

हार्नली[2] इनकी व्युत्पत्ति संबंधकारक के प्रत्ययों से जोड़ते हैं, सं० *कृतं* > प्रा० *केरं* > हि० *का, आरा*।

पुजारी	:	*पूजा*
भिखारी	:	*भीख*
घसिआरा	:	*घास*

१९५. *आड़ी खिलाड़ी* : *खेल*

१९६. *आल, आला* (त० संज्ञा)[3]

यह सं० *आलय* का वर्तमान रूप है, जैसे सं० *श्वशुरालय* > हि० *ससुराल*, सं० *शिवालय* > हि० *शिवाला*

ससुराल	:	*ससुर*
शिवाला	:	*शिव*

---

[1] चै., बे., लै., § ४१२
हा., ई., हि., ग्रै., § २७७
बी., क., ग्रै., भा० २, § २५
[2] हा., ई., हि., ग्रै., § २७४
[3] हा., ई., हि., ग्रै., § २४४-२४८
चै., बे., लै., § ४१६-४१७

१९७. *आली* (समूहवाचक)

कुछ शब्दों में इसका संबंध सं० *अवली* से जुड़ता है, सं० *दीपावली* > हि० *दिवाली*।

दिवाली	:	*दिया*

१९८. *आलू* : *आलु* (त०)

इसका संबंध सं० *आलु* से माना जाता है।

झगड़ालू	:	*झगड़ा*
कृपालु	:	*कृपा*

१९९. *आव*, (कृ० त०, भाववाचक संज्ञा)

हार्नली[1] इसका संबंध सं० *त्व, त्वन* > प्रा० *त्तं त्तणं* > या *अअं अअणं* > अप० *अउ अअणु* से जोड़ते हैं। *अअउ* से *आउ* या *आव* हो जाना सम्भव है। जैसे सं० *ऊचकत्वं* > प्रा० *उच्चअत्तं* या *उच्चअअं* > अप० *उच्चअउ* > हि० *उंचाव*। चैटर्जी[2] हार्नली का मत मानने को उद्यत नहीं हैं। बीम्स[3] के अनुसार इसका संबंध सं० *अतु* या *आतु* से है।

बचाव	:	*बचना*
पड़ाव	:	*पड़ना*

हि० *आवा* और *आवट* या *आवत* (कृ०) प्रत्यय व्युत्पत्ति की दृष्टि से *आव* के ही रूपान्तर माने जाते हैं।

---

[1] हा., ई., हि., ग्रै., § २२७

[2] चै., बे., लै., § ४०५

[3] बी., क., ग्रै., भा० २, § १६

भुलावा	:	*भुलाना*
सजावट	:	*सजाना*
कहावत	:	*कहना*

आवना (कृ० विशेषण) की व्युत्पत्ति भी *आव* के ही समान हो सकती है।

डरावना	:	*डराना*
सुहावना	:	*सुहाना*

२००. *आस, आसा* (कृ० त०, भाववाचक संज्ञा)

हार्नली[1] इन प्रत्ययों को संस्कृत सं० *वाञ्छा* (इच्छा) का संक्षिप्त तथा परिवर्तित रूप मानते हैं, जैसे सं० *निद्रावाञ्छा* > प्रा० *निद्दवंछा* > हि० *निंदासा*; किंतु यह व्युत्पत्ति अत्यंत संदिग्ध है। हि० *पियासा* का संबंध सं० *पिपासा* से है।

रुआसा	:	*रोना*
निंदास	:	*नींद*

२०१. *आहट* (कृ० त०, भाववाचक संज्ञा)

हार्नली[2] के अनुसार इसका संबंध सं० *वृत्ति, वृत्त* या *वार्त* संज्ञाओं से है। प्रा० में ये *वट्टी, वट्ट* या *वत्ता* हो जाते हैं। बीम्स[3] के अनुसार यह सं० *अतु* या *आतु* से निकला है।

कड़ुवाहट	:	*कड़ुवा*
चिकनाहट	:	*चिकना*

---

[1] हा., ई., हि., ग्रै., § २८३
[2] हा., ई., हि., ग्रै., § २८८
[3] बी., क., ग्रै., भा० २, § १६

२०२. इन या आइन (स्त्रीलिंग)

व्युत्पत्ति की दृष्टि से ये *आनी* के समान हैं।

मुंशियाइन	:	*मुंशी*
बरेटिन	:	*बरेठा*

२०३. इयल (कृ०, कर्तृवाचक)

अड़ियल	:	*अड़ना*
मरियल	:	*मरना*

२०४. इया (त० कर्तृवाचक)

इसकी व्युत्पत्ति सं० इय, ईय या इक से हो सकती है।[1]

पर्वतिया	:	*पर्वत*
कनौजिया	:	*कनौज*

२०५. ई (त०, संज्ञा, विशेषण)

प्राचीन कई प्रत्ययों ने हिंदी में ई का रूप धारण कर लिया है।[2]

(१) सं० इन् > हि० ई, जैसे सं० *मालिन* > हि० *माली*।

(२) सं० ईय > हि० ई, जैसे सं० *देशीय* > हि० *देशी*।[3]

(३) सं० इक > हि० ई, जैसे सं० *तैलिक* > हि० *तेली*।

---

[1] बी., क., ग्रै., भा० २, § १८
चै., बे., लै., § ४२१
[2] चै., बे., लै., § ४१८
[3] बी., क., ग्रै., भा० २, § १८

स्त्रीलिंग-वाचक हि० ई की व्युत्पत्ति सं० इका से मानी जाती है।[1]

घोड़ी	:	घोड़ा
पगली	:	पागल

ई (कृ०) कुछ क्रियार्थक संज्ञाओं में भी पाईजाती है। इस रूप में यह संस्कृत तत्सम प्रत्यय है।[2]

हँसी	:	हँसना
घुड़की	:	घुड़कना

२०६. ईला (त० विशेषण)

हार्नली[3] के मतानुसार इसका संबंध प्रा० इल्ल से है। प्राकृत से ही कदाचित् यह प्रत्यय इल रूप में संस्कृत के कुछ शब्दों में पहुँच गया, जैसे सं० ग्रंथी<ग्रंथिल।

पथरीला	:	पत्थर
रंगीला	:	रंग
गँठीला	:	गाँठ

२०७. एर, एरा (कृ० कर्तृवाचक, त० भाववाचक)

हार्नली[4] के अनुसार उनका संबंध सं० दृश (सदृश) से माना जाता है। प्राकृत में इस प्रकार के प्रत्यय बराबर पाए जाते हैं।

---

[1] चै., बे., लै., § ४१९
[2] चै., बे., लै., § ४२०
[3] हा., ई., हि., ग्रै., § २४२
बी., क., ग्रै., मा० २, § १८
चै., बे., ल., § ४२५, ४२६
[4] हा; ई., हि., ग्रै., § २१५, २१७, २१८

अंधेर अंधेरा	:	अंध
बसेरा	:	बसना
ममेरा	:	मामा

हि० एड़ी जैसे भँगेड़ी, एली जैसे हथेली, गल जैसे फुलेल, एला जैसे अधेला, ऐल जैसे खपड़ैल आदि समस्त प्रत्यय व्युत्पत्ति की दृष्टि से एर, एरा के सदृश माने जाते हैं।

२०८. ऐत (कृ० कर्तृवाचक)

व्युत्पत्ति के लिए दे० आयत।

डकैत	:	डाका
लड़ैत	:	लड़ना

२०९. ओड़, औड़ा

हँसोड़	:	हँसना
हथौड़ा	:	हाथ

२१०. ओला

खटोला	:	खाट

२११. औता, औटा, ओती, ओटी, औती, औटी (कृ० त० संज्ञा)

व्युत्पत्ति के लिए दे० आयत।

चुकौता, चुकौती	:	चुकाना
कजरौटा	:	काजर
बपौती	:	बाप
कसौटी	:	कसना

२१२. *औना, औनी, आवना, आवनी* (कृ०)

हार्नली[1] के अनुसार इन सब का संबंध सं० *अनीय*> प्रा० *अणीअ, अणिअ, अणअ* से है।

खिलौना	:	*खेलना*
मिचौनी	:	*मिचाना*
पहरावनी	:	*पहराना*
डरावना	:	*डराना*

२१३. *औवल* (कृ० भाववाचक)

बुझौवल	:	*बूझना*
मिचौवल	:	*मीचना*

२१४. *क, अक* (कृ० त०)

चैटर्जी[2] के अनुसार यह सं० *अत्* *अंत* वाले क्रिया के रूपों में *कृत* लगा कर बना था। प्रा० में इसका रूप *अक्क* मिलता है, जैसे हि० *चमक*< प्रा० *चमक्क*<सं० *चमत्कृत*। अतः इसकी उत्पत्ति सं० *कृत्* से मानी जा सकती है। सं० प्रत्यय *अ–क* का प्रभाव भी कुछ शब्दों पर हो सकता है। हार्नली के मतानुसार *अक्, आक* इ० का संबंध *अक* से है।

फाटक	:	*फाड़ना*
बैठक	:	*बैठना*
धमक	:	*धम*

---

[1]हा., ई., हि., ग्रै., § ३२१

[2]च., बे., लै., § ४३०, ४३१
बी., क., ग्रै., भा० २, § ९
हा., ई., हि., ग्रै., § ३३८

२१५. का (कृ० त०)

हार्नली[1] के मतानुसार इसका संबंध भी संबंधकारक के प्रत्ययों से है (दे० हा०, ई० हि० ग्रै०, § ३७७)

मैका	:	*मा*
लड़का	:	*लाड़*

२१६. *गी* (कृ०) >*फ़ा–गी*

देनगी	:	*देना*
बानगी	:	*बान*

यह प्रत्यय वास्तव में विदेशी प्रत्ययों के अन्तर्गत जाना चाहिए।

२१७. *ड़ा डी*[2] (त०)

टुकड़ा	:	*टूक*
मुखड़ा	:	*मुख*

२१८. *जा* (त०)

सं० जात का वर्तमान रूप बहुत से हिंदी शब्दों में मिलता है।

भतीजा	:	*भाई*
भानजा	:	*बहिन*

२१९. *टा, टी*[3] (त०)

इनका संबंध सं० √वृत् > प्रा० वट्ट से है। दे० आहट।

कलूटा	:	*काला*
बहूटी	:	*बहू*

---

[1] हा, ई, हि, ग्र., § २८०

[2] बी, क, ग्रै, भा० २, § २४

[3] चै., बे. लै., § ४३६

२२०. *ड़ा ड़ी* (त०)

इनका संबंध (१) सं० *वाट* (जैसे *अखाड़ा*) (२) सं० ट>प्रा० ड़ (जैसे *पाँखुडी*) से माना जाता है।[1]

२२१. *त ता* (कृ० त०)

(१) भाववाचक संज्ञाओं में पाए जाने वाले *त्* प्रत्यय का संबंध सं० त्व> प्रा० त्त से माना जाता है।[2] हिंदी में इस प्रत्यय से बने हुए रूप स्त्रीलिंग हो जाते हैं, इस कारण यह व्युत्पत्ति संदिग्ध है।

बचत	:	*बचना*
खपत	:	*खपना*
रंगत	:	*रंग*

(२) कुछ हिंदी संज्ञाओं में *त* सं० पुत्र, पुत्रिक, या पुत्रिका का अवशिष्ट रूप है।[3]

जिठौत	:	*जेठ*
बहिनौत	:	*बहिन*

(३) वर्तमान-कालिक कृदंत *ता* का संबंध सं० *अत्*> प्रा० *अंत* से माना जाता है।[4]

जीता	:	*जीना*
खाता	:	*खाना*

---

[1] च., बे., लै., § ४४०, ४४१
[2] चै., बे., लै., § ४४२
[3] चै., बे., लै., § ४४४
[4] हा., ई., हि., ग्रै., § ३०१

२२०. *न, ना, नी* (कृ० त०)

हार्नली[1] इन सब प्रत्ययों का संबंध सं० *अनीय* > प्रा० *अणीअ* या *अणअ* से जोड़ते हैं। स्त्रीलिंग द्योतक बहुत सी संज्ञाओं में सं० *इन्* का प्रभाव भी है।[2]

रहन	:	*रहना*
घिनौना	:	*घिन*
होनी	:	*होना*
चाँदनी	:	*चाँद*

२२३. *पा, पन* (त० भाववाचक संज्ञा)

इन प्रत्ययों का सम्बन्ध सं० *त्व, त्वन्* > प्रा० *प्पं प्पणं* से जोड़ा जाता है, जैसे सं० *बुद्धत्वं* > प्रा० *वुड्ढप्पं* > हि० *बुढ़ापा*।[3]

बुढ़ापा	:	*बूढ़ा*
मुटापा	:	*मोटा*
लड़कपन	:	*लड़का*
कालापन	:	*काला*

---

[1] चे., चै., लै., § ३२१

[2] चै., बे., लै., § ४४५

[3] हा., ई, हि, ग्रै., § २३१
बी., क., ग्रै., भा० २, § १७
चै., बे., लै., § ४४६

२२४. ब (त०)

अब	:	यह
जब	:	जो

२२५. री (त०)

कोठरी	:	कोठा
मोटरी	:	मोट

२२६. रू (त०)

चैटर्जी[1] के अनुसार इसका संबंध सं० रूप > प्रा० रूव से है।

गोरू (गोरूप)	:	गो
पखेरू (पक्षरूप)	:	पंखी
मिहरारू (महिलारूप)		

२२७. ला, ला, ली (त०)

चैटर्जी[2] इन प्रत्ययों का संबंध सं० ल से जोड़ते हैं। बीम्स[3] के अनुसार इस प्रकार के अधिकांश प्रत्ययों का सम्बन्ध सं० इल > प्रा० इल्ल से है।

घायल	:	घात
गंठीला	:	गांठ
सहेली	:	सखी
टिकली	:	टीका

[1] चै., बे., लै., § ४४८
[2] चै., बे., लै., § ४४९
[3] बी., क., ग्रै., भा० २, § १८

२२८. वान् (त०)

इस प्रत्यय का संबंध स्पष्ट ही सं० मतुप् से है जिसके मान्, वान् आदि रूप होते हैं।[1]

गुणवान	:	गुण
धनवान	:	धन

२२९. वां (त०)

हार्नली[2] के अनुसार इसका संबंध सं० म स्वार्थे क सहित मक से है, जैसे सं० पञ्चमः या पञ्चमकः >प्रा० पंचमओ या पंचवँओ > हि० पांचवां।

पांचवां	:	पांच
सातवां	:	सात

२३०. वाल, वाला (त०)

हार्नली[3] के अनुसार इसकी व्युत्पत्ति सं० पाल से है।

ग्वाला >सं० गोपाल	:	गो
गाड़ीवाला	:	गाड़ी
कोतवाल (कोटपालक)		
प्रयागवाल	:	प्रयाग

---

[1] बी., क., ग्रै., भा० २ § २०
हा., ई., हि., ग्रै., § २३६
[2] हा., ई., हि., ग्रै., § २६६
[3] हा., ई., हि., ग्रै., § २९६

२३१. *वैया* (कृ० कर्तृवाचक)

इस प्रत्यय का मूल रूप हार्नली[1] के अनुसार सं० *तव्य+इ* > प्रा० *एअव्वं* या *इअव्वं* है।

खवैया	:	*खाना*
गवैया	:	*गाना*

२३२. *सा* (त०)

इसका संबंध हार्नली[2] सं० *सदृशकः* > प्रा० *सइअए,* सइआ** से जोड़ते हैं। चैटर्जी इस मत से सहमत नहीं हैं और इसका संबंध सं० *श* (जैसे सं० *कपि-श, कर्क-श*) से लगाते हैं। बीम्स[3] का मत इन दोनों से भिन्न है।[4]

हाथीसा	:	*हाथी*
वैसा	:	*वह*

२३३. *सरा*[5]

इसकी व्युत्पत्ति सं० *√सृ>सृतः* स मानी जाती है जैसे सं० *द्विस्सृतः*> प्रा० *दूसलिए* > हि० *दूसरा*।

तीसरा	:	*तीन*
दूसरा	:	*दो*

---

[1] हा., ई., हि., ग्रै., § ३१४
[2] हा., ई., हि., ग्रै., § २९२
[3] चै., बे., लै., § ४५०
[4] बी., क., ग्रै., भा० २, § १७
[5] हा., ई., हि., ग्रै., § २७१
चै., बे., लै., § ४५२

२३४. *हरा*[1]

इस प्रत्यय का संबंध सं० *हार* (भाग) से माना गया है।

दुहरा	:	*दो*
इकहरा	:	*एक*

खंडहर, पीहर आदि शब्दों में *हर* सं० *गृह* का परिवर्तित रूप है।

२३५. *हार, हारा*

हार्नली[2] ने इनका संबंध सं० *अनीय* से जोड़ा है, किन्तु यह व्युत्पत्ति बिल्कुल भी संतोषजनक नहीं है।

होनहार	:	*होना*
पढ़नेहारा	:	*पढ़ना*
लकड़हारा	:	*लकड़ी*

२३६. *हा* (कृ० कर्तृवाचक, त० गुणवाचक)

कटहा	:	*काटना*
मरखहा	:	*मारना*
पनिहा	:	*पानी*
हलवाहा	:	*हल*

ग. विदेशी प्रत्यय

फ़ारसी-अरबी

२३७. गुरु[3] के हिंदी व्याकरण में हिंदी में प्रचलित फ़ारसी-अरबी शब्दों में पाए जाने वाले प्रत्ययों की सूची दी है। इनमें से कुछ वे

---

[1] चै., बे., लै., § ४५४

[2] हा., ई., हि., ग्र., § ३२१

[3] ग, हि., व्या. § ४३६-४४२ (ख)

प्रत्यय नीचे दिए जाते हैं जिनका प्रयोग हिंदी शब्दों में भी होने लगा है। कुछ प्रत्यय चैटर्जी[1] के ग्रंथ से भी लिए हैं।

ई (त० भाववाचक संज्ञा)

खुशी	:	खुश
नवाबी	:	नवाब
दोस्ती	:	दोस्त

कार (त० कर्तृवाचक)

पेशकार	:	पेश
जानकार	:	जान

दान, दानी (त० पात्रवाचक)

इत्रदान	:	इत्र
चायदान	:	चाय
गोंददान	:	गोंद

बान, वान (त० कर्तृवाचक)

बाग़वान	:	बाग़
गाड़ीवान	:	गाड़ी

आना

घराना	:	घर
साहिबाना	:	साहिब

ख़ाना

छापाख़ाना	:	छापा
गाड़ीखाना	:	गाड़ी

---

[1]चै., बे., लै., § ४६८

ख़ोर	घूसख़ोर	:	घूस
	चुग़लख़ोर	:	चुगली
गीरी	फ़ा० गीर	या	गरी
	कारीगरी	:	कार
	बाबूगीरी	:	बाबू
ची	फ़ा० चह् का रूपांतर		
	देगची	:	देग़चा
	चमची	:	चमचा
	बगीची	:	बग़ीचा
बाज़, बाज़ी			
	रंडीबाज़ी	:	रंडी
	कबूतरबाज़ी	:	कबूतर

अध्याय ६

संज्ञा

अ. मूलरूप तथा विकृत रूप

२३८. हिंदी में कारकों की संख्या उतनी ही है जितनी संस्कृत में, किंतु प्रत्येक कारक में भिन्न-भिन्न संयोगात्मक रूप नहीं होते। संस्कृत में आठ विभक्तियों और प्रत्येक विभक्ति में तीन वचनों के रूपों को मिला कर प्रत्येक संज्ञा में चौबीस रूपांतर हो जाते हैं। फिर भिन्न-भिन्न अंतवाली संज्ञाओं के रूप पृथक्-पृथक् होते हैं। लिंगभेद से भी रूपों में भेद हो जाता है। इस तरह किसी एक संज्ञा के चौबीस रूप जान लेने से भिन्न, अंत अथवा लिंग वाली संज्ञा के रूपांतर बना लेना साधारणतया संभव नहीं होता।

हिंदी में द्विवचन तो होता ही नहीं है। भिन्न-भिन्न कारकों के एकवचन तथा बहुवचन में भी संज्ञा में चार से अधिक रूप नहीं पाए जाते। प्रथमा बहुवचन तथा समस्त अन्य कारकों के एकवचन तथा बहुवचन के रूपों में अंत, वचन तथा लिंगभेद के अनुसार कुछ भेद पाए जाते हैं। इन्हीं रूपों में भिन्न-भिन्न कारक चिह्न लगा कर, तथा कुछ प्रयोगों में बिना लगाए भी भिन्न-भिन्न विभक्तियों के रूप बना लिए जाते हैं। उदाहरण के लिए, *राम* शब्द के संस्कृत तथा हिंदी के रूप नीचे दिए जाते हैं—

संस्कृत

	एक	द्वि०	बहु०
कर्ता	रामः	रामौ	रामाः
कर्म	रामम्	रामौ	रामान्
करण	रामेण	रामाभ्याम्	रामैः
संप्रदान	रामाय	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
अपादान	रामात्	,,	,,
संबंध	रामस्य	रामयोः	रामाणाम्
अधिकरण	रामे	,,	रामेषु
संबोधन (हे)	राम	रामौ	रामाः

हिंदी

	एक०	बहु०
कर्ता	राम	राम
कर्म	,, को	रामों को
करण	,, से	,, से
संप्रदान	,, को	,, को
अपादान	,, से	,, से
सम्बन्ध	,, का के, की	,, का, के, की
अधिकरण	,, में	,, में
सबोधन (हे)	,, राम	(हे रामो)

ऊपर के उदाहरणों से यह स्पष्ट हो गया होगा कि हिंदी के रूपों का संबंध संस्कृत के रूपों से बिल्कुल भी नहीं है। ब्रजभाषा आदि हिंदी की बोलियों में कुछ संयोगात्मक रूप अवश्य मिलते हैं, जैसे कर्म में ब्र० घरै (हि० घर को), संप्रदान ब्र० रामै (हि० राम को)

किंतु खड़ी बोली हिंदी की संज्ञाओं में ऐसे रूपों का व्यवहार नहीं पाया जाता।

२३९. कारक-चिह्न लगाने के पूर्व हिंदी संज्ञा के मूलरूप में जब परिवर्तन किया जाता है तो ऐसे रूपों को संज्ञा का विकृत रूप कहते हैं। हिंदी में संज्ञा के चार रूपों—दो मूल और दो विकृत—के उदाहरण भी प्रत्येक संज्ञा में भिन्न नहीं पाए जाते। भिन्न-भिन्न अंत वाली संज्ञाओं में मिलाकर ये चारों रूप अवश्य मिल जाते हैं नीचे के उदाहरणों से यह बात स्पष्ट हो जावेगी।

		एक०	बहु०
(१) मूलरूप	(कर्ता)	*घोड़ा*	*घोड़े*
(२) विकृतरूप	(अन्य कारक)	*घोड़े*	*घोड़ों*
(१) मूलरूप	(कर्ता)	*लड़की*	*लड़की, लड़कियाँ*
(२) विकृतरूप	(अन्य कारक)	*लड़की*	*लड़कियों*
(१) मूलरूप	(कर्ता)	*घर*	*घर*
(२) विकृतरूप	(अन्य कारक)	*घर*	*घरों*
(१) मूलरूप	(कर्ता)	*किताब*	*किताब*
(२) विकृतरूप	(अन्य कारक)	*किताब*	*किताबों*

बहुवचन के भिन्न रूपों की व्युत्पत्ति के संबंध में वचन के शीर्षक में विचार किया गया है। कुछ आकारान्त शब्दों के एकवचन में भी कर्त्ता को छोड़कर अन्य कारकों में एकारान्त विकृत रूप पाया जाता है (कर्त्ता एक० *घोड़ा*, अन्य कारक एक० *घोड़े*)[1]। इस विकृत रूप की व्युत्पत्ति के संबंध में प्रायः समस्त विद्वानों का एक मत है। यह रूप संस्कृत एकवचन की भिन्न-भिन्न विभक्तियों के रूपों का अवशेष मात्र माना जाता है।

---

[1]इसके अपवादों के लिए दे., गु., हि., व्या., § ३१०

हिंदी संज्ञाओं के मूल तथा विकृत रूपों में होने वाले समस्त संभावित परिवर्तन नीचे दिखलाए गए हैं।

	पुंलिंग		स्त्रीलिंग	
	एक०	बहु०	एक०	बहु०
	आकारान्त कुछ			
मूलरूप	-आ	-एं	×	-एं
विकृतरूप	-ए	-ओं	×	-ओं
	अन्य			
मूलरूप	×	×	×	(-ए,-आं)
विकृतरूप	×	-ओं	×	-ओं

सूचना—(१) ईकारांत तथा ऊकारांत शब्दों में ओं लगाने के पूर्व ईकार तथा ऊकारके स्थान में इकार तथा उकार हो जाता है।

(२) स्त्रीलिंग के अन्य रूपों में इकारांत अथवा ईकारांत तथा ऊकारांत संज्ञाओं के मूलरूप बहुवचन में इआं, इएं तथा उएं रूप भी होते हैं।

आ. लिंग

२४०. प्रकृति में जड़ और चेतन, दो प्रकार के पदार्थ पाये जाते हैं। चेतन पदार्थों में पुरुष और स्त्री का भेद होता है। कभी-कभी चेतन पदार्थ को लिंगभेद की दृष्टि के बिना भी सोचा जा सकता है।[1] इस प्रकार प्रकृति में लिंग की दृष्टि से चेतन पदार्थों के तीन भेद हो

[1] बी., क., ग्रै., भा० २, § २९

सकते हैं—(१) पुरुष, (२) स्त्री तथा (३) लिंग की भावना के बिना चेतन पदार्थ। व्याकरण में स्वाभाविक रीति से इनके लिए क्रम से (१) पुल्लिंग, (२) स्त्रीलिंग तथा (३) नपुंसक लिंग शब्दों का प्रयोग करते हैं। अचेतन पदार्थों को प्रायः नपुंसक लिंग के अन्तर्गत रख लिया जाता है। इस क्रम से मिलता-जुलता लिंगभेद संस्कृत और अंग्रेज़ी में, तथा मराठी, गुजराती आदि के कुछ रूपों में है, यद्यपि कभी-कभी कुछ जड़-पदार्थों को चेतन मान कर, इनमें भी चेतन पदार्थों के पुल्लिंग-स्त्रीलिंग भेद का आरोप कर लिया जाता है।

भिन्न-भिन्न लिंग वाले पदार्थों के लिए पृथक् शब्द रहने पर भी लिंग के कारण कभी-कभी संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, या क्रिया के रूपों में परिवर्तन करना व्याकरण-संबंधी लिंगभेद का शुद्ध क्षेत्र है। प्राकृतिक लिंगभेद तो प्रत्येक भाषा में समान-रूप से वर्तमान है, किंतु व्याकरण-संबंधी लिंगों की संख्या तथा मात्रा भिन्न-भिन्न भाषाओं में पृथक्-पृथक् है। उदाहरण के लिए संस्कृत में विशेषण, कृदंत तथा अन्य पुरुषवाची सर्वनाम के रूप पुल्लिंग-स्त्रीलिंग तथा नपुंसक लिंग में भिन्न होते हैं। अंग्रेज़ी में केवल अन्य पुरुष सर्वनाम के रूपों में भेद किया जाता है। लिंगों की संख्या के संबंध में भारतीय आर्यभाषाओं में ही कई भेद मिलते हैं। प्राचीन भारतीय आर्यभाषाओं में संस्कृत और प्राकृत में तथा आधुनिक भाषाओं में मराठी, गुजराती और सिंहाली में तीन लिंग होते हैं। हिंदी, पंजाबी, राजस्थानी तथा सिंधी में दो लिंग होते हैं। बंगाली, उड़िया, असामी तथा बिहारी में व्याकरण-संबंधी लिंगभेद बहुत ही कम किया जाता है। भारत की पूर्वी भाषाओं में लिंगभेद के शिथिल होने का कारण प्रायः निकटवर्ती तिब्बत और बर्मा प्रदेशों की अनार्यभाषाओं का प्रभाव माना जाता है। इन भाषाओं में व्याकरण-संबंधी लिंगभेद नहीं पाया जाता। चैटर्जी की धारणा है कि कोल-भाषाओं के प्रभाव

के कारण बंगाली आदि पूर्वी भाषाओं से लिंगभेद उठ गया। उनके मत के अनुसार पूर्वी भाषाओं में लिंगभेद-संबंधी शिथिलता का कारण इन भाषाओं का स्वाभाविक विकास भी हो सकता है। बिना वाह्य प्रभाव के ऐसा होना संभव है। मराठी, गुजराती आदि दक्षिण-पश्चिमी आर्यभाषाओं में प्राचीन तीनों लिंगों का भेद बना रहना निकटस्थ द्राविड़ भाषाओं के कारण माना जाता है। इन द्राविड़ भाषाओं में भी लिंगों की संख्या तीन है। मध्यवर्ती भारतीय आर्यभाषाएँ लिंगों की संख्या की दृष्टि से भी मध्यस्थ हैं।

२४१. हिंदी में व्याकरण-संबंधी लिंगभेद सबसे अधिक दुरूह है। जैसा ऊपर संकेत किया जा चुका है, हिंदी की एक विशेषता तो यह है कि उसमें केवल दो लिंग—पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग—होते हैं। हिंदी व्याकरण में नपुंसक लिंग नहीं है, अतः प्रत्येक अचेतन पदार्थ के नाम को पुल्लिंग या स्त्रीलिंग के अंतर्गत रखना पड़ता है और तत्संबंधी समस्त रूप-परिवर्तन इन शब्दों में भी करने पड़ते हैं। इस संबंध में निश्चित नियम बनाना दुस्तर है।[1] साधारणतया हिंदीभाषा-भाषी अभ्यास से ही अचेतन पदार्थों में प्रचलित लिंग-विशेष के शुद्ध रूपों का व्यवहार करने लगते हैं। विदेशियों को हिंदी में शुद्ध लिंग का प्रयोग करने में विशेष कठिनाई इसी कारण पड़ती है।

हिंदी में लिंग-संबंधी दूसरी विशेषता यह है कि इसकी क्रियाओं में भी लिंग के कारण विकार होता है। लिंग भेद के कारण प्रत्येक हिंदी क्रिया के दो रूप होते हैं—पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग—जैसे *आदमी जाता है, जहाज जाता है* किंतु *स्त्री जाती है, रेल जाती है*।[2] लिंग के संबंध में यह बारीकी अन्य आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं में से भी बहुत कम में है। भारत की पूर्वी भाषाओं में क्रिया में लिंग-

---

[1] चै., बे., लै., § ४८३

[2] इस संबंध में कुछ विस्तृत नियमों के लिए दे., गु., हि., व्या.' § २५९-२६६

भेद न होने के कारण बंगाली, बिहारी तथा संयुक्त प्रांत की गोरखपुर और बनारस कमिश्नरी तक के लोग हिंदी बोलते समय क्रिया में अशुद्ध लिंग का प्रयोग अक्सर करते हैं। "लोमड़ी बोला कि ऐ हाथी तुम कहाँ जाती हो" इस प्रकार के नमूने हिंदी से कम परिचय रखने वाले बंगालियों के मुँह से अक्सर सुनाई पड़ते हैं। हिंदी क्रिया में कृदंत रूपों का व्यवहार बहुत अधिक है। संस्कृत कृदंत रूपों में लिंगभेद मौजूद था, यद्यपि संस्कृत-क्रिया में लिंगभेद नहीं किया जाता था। क्योंकि हिंदी कृदंत रूप संस्कृत कृदंतों से संबद्ध हैं, अतः यह लिंगभेद हिंदी कृदंतों में तो आ ही गया, साथ ही कृदंत से बनी हुई क्रियाओं में भी पहुँच गया है। इस संबंध में उदाहरण सहित विस्तृत विवेचन 'क्रिया' शीर्षक अध्याय में किया गया है।

हिंदी आकारांत विशेषणों में लिंगभेद के कारण भिन्न रूप होते हैं। अन्य विशेषणों में इस प्रकार का भेद बहुत कम पाया जाता है। लिंग के कारण विशेषणों में होने वाले परिवर्तनों का रूप निश्चित-सा है। इनमें सब से अधिक प्रचलित परिवर्तन नीचे लिखे ढंग से प्रकट किया जा सकता है:—

	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
एक०	—*आ*	—*ई*
बहु०	—*ए*	—*ई*; *ई*

हिंदी विशेषणों के *ई* लगाकर बने हुए स्त्रीलिंग रूपों की व्युत्पत्ति सं० तद्धित प्रत्यय *इका* > प्रा० *इआ* से अथवा इसके प्रभाव से मानी जाती है।[1]

हिंदी सर्वनामों तथा प्रायः क्रिया विशेषणों[2] में लिंगभेद के कारण परिवर्तन नहीं होते) मैं, तुम, वह आदि सर्वनाम स्त्री-पुरुष द्योतक संज्ञाओं के लिए समान-रूप से प्रयुक्त होते हैं।

---

[1] हा., ई., ग्रा., § ३८५

[2] इस संबंध में अपवादों के लिए दे., गु., हि., व्या., § ४२३

२४२. हिंदी संज्ञाओं के लिंगभेद की व्युत्पत्ति के संबंध में बीम्स[1] ने नीचे लिखा नियम दिया है। 'तत्सम तथा तद्भव संज्ञाओं में प्रायः वही लिंग हिंदी में भी माना जाता है जो संस्कृत में उनका लिंग रहा हो। संस्कृत नपुंसक लिंग शब्द हिंदी में प्रायः पुल्लिंग हो जाते हैं।' इस नियम के सैकड़ों अपवाद भी हैं। इस संबंध में बीम्स[2] ने कुछ विस्तृत नियम दिए हैं जिनका सार नीचे दिया जाता है।

हिंदी की पुल्लिंग आकारांत संज्ञाओं की व्युत्पत्ति नीचे लिखे रूपों से हो सकती है—

(१) संस्कृत की—अन् अंतवाली संज्ञाओं से जिनके प्रथमा में आकारांत रूप होते हैं, *जैसे राजा*।

(२) संस्कृत की—तृ अंतवाली संज्ञाओं से जैसे *कर्ता, दाता*।

(३) कुछ विदेशी शब्दों से, जो प्रायः फारसी, अरबी या तुर्की से आए हैं, जैसे *दरिया, दरोगा*।

साधारणतया ईकारांत शब्द स्त्रीलिंग होते हैं किंतु कुछ शब्द पुल्लिंग भी पाए जाते हैं। ये निम्नलिखित श्रेणियों में विभक्त किए जा सकते हैं—

(१) संस्कृत—इन् अंतवाले शब्द जैसे सं० *हस्तिन्* हि० *हाथी*, सं० *स्वामिन्* > हि० *स्वामी*।

(२) संस्कृत के—तृ अंतवाले पुल्लिंग शब्द, जैसे सं० *भ्रातृ*- हि० *भाई*, सं० *नप्तृ* > हि० *नाती*।

(३) संस्कृत के इकारांत पुल्लिंग या नपुंसक लिंग शब्द, जैसे सं० *दधि* (नपुं०) > हि० *दही*, सं० *भगिनीपति* (पुं०) > हि० *बहिनोई*।

(४) संस्कृत के *इक, इय* और *ईय* अंत वाले पुल्लिंग या

---

[1] बी., क., ग्रै., भा० २, § ३०

[2] बी., क., ग्रै., भा० २, § ३२-३३

नपुंसक लिंग शब्द, जैसे सं० *पानीयं* > हि० *पानी*; सं० *ताम्बूलिक* > हि० *तमोली*, सं० *क्षत्रिय* हि० *खत्री*।

(५) संस्कृत के वे पुंलिंग या नपुंसक लिंग शब्द जिनके उपांत्य में इकार या ईकार हो, अंत्य ध्वनि के लोप से ये शब्द हिंदी में ईकारांत हो जाते हैं, जैसे सं० *जीव* > हि० *जी*।

पुंलिंग उकारांत शब्द प्रायः संस्कृत ऊकारांत शब्दों से संबद्ध हैं तथा पुंलिंग व्यंजनांत शब्द प्रायः संस्कृत के अंत्य ह्रस्व स्वर के लोप से हिंदी में आ गए हैं।

हिंदी में कुछ आकारांत स्त्रीलिंग शब्द हैं। ये व्युत्पत्ति की दृष्टि से नीचे लिखी श्रेणियों में रक्खे जा सकते हैं—

(१) संस्कृत के आकारांत स्त्रीलिंग शब्द, जैसे *कथा, यात्रा*।

(२) संदिग्ध व्युत्पत्ति वाले शब्द, जैसे *डिबिया, चिड़िया*।

ऊपर दिए हुए पुंलिंग ईकारांत शब्दों को छोड़कर शेष ईकारांत शब्द स्त्रीलिंग होते हैं।

संस्कृत के ऊकारांत स्त्रीलिंग शब्द हिंदी में भी स्त्रीलिंग में ही प्रयुक्त होते हैं, जैसे सं० *वधू* > हि० *बहू*।

जाति तथा व्यापार आदि से संबंध रखने वाले शब्दों में पुंलिंग रूपों से स्त्रीलिंग रूप बना लिए जाते हैं।[1] पुंलिंग आकारांत शब्द स्त्रीलिंग में ईकारांत हो जाते हैं, जैसे पु० *लड़का* स्त्री० *लड़की*, पु० *घोड़ा* स्त्री० *घोड़ी*। विशेषणों में भी यही प्रत्यय लगता है और इसकी व्युत्पत्ति ऊपर दी जा चुकी है। बहुत से शब्दों में *इन, इनी* या *आनी* लगा कर पुंलिंग रूपों से स्त्रीलिंग रूप बनाए जाते हैं, जैसे पु० *धोबी* स्त्री० *धोबिन*, पु० *हाथी* स्त्री० *हथिनी*, पु० *पंडित* स्त्री० *पंडितानी*। व्युत्पत्ति की दृष्टि से ये प्रत्यय सं० *इन* (पु०) *इनी* (स्त्री०)

---

[1] बी., क., ग्रै., भा० २, § २३५

से संबद्ध हैं, किंतु हिंदी में ये स्त्रीलिंग के अर्थ में ही व्यवहृत होते हैं। संस्कृत में जिन शब्दों में ये नहीं भी लगते हैं, हिंदी में उनमें भी लगा दिए जाते हैं। विदेशी शब्दों तक में इनको लगा कर स्त्री-लिंग रूप बना लेते हैं जैसे पु० *मुग़ल* स्त्री० *मुग़लानी*, पु० *मेहतर* स्त्री० *मेहतरानी*।

कुछ शब्द ऐसे भी हैं जिनके लिंग में परिवर्तन हो गया है—संस्कृत में इनका जो लिंग था हिंदी में उससे भिन्न लिंग में ये शब्द व्यवहृत होते हैं, जैसे

सं०		हि०	
देह	(पु०)	*देह*	(स्त्री०)
बाहु	(पु०)	*बांह*	(स्त्री०)
अक्षि	(न०)	*आंख*	(स्त्री०)
विष	(न०)	*विष*	(पु०)

इ. वचन

२४३. प्रा० भा० आ० में तीन वचन थे—एकवचन, द्विवचन तथा बहुवचन। म० भा० आ० काल के प्रारंभ में ही द्विवचन समाप्त हो गया था। आ० भा० आ० में एकवचन और बहुवचन ये दो ही वचन रह गए हैं और प्रवृत्ति केवल एकवचन रखने की ओर मालूम पड़ती है।

हिंदी में बहुवचन के रूप बहुत सरल ढंग से बनते हैं।

(१) पुंलिंग व्यंजनांत तथा कुछ स्वरांत संज्ञाओं में प्रथमा एकवचन तथा बहुवचन के रूप समान होते हैं, जैसे

एक०	बहु०
घर	*घर*
बर्तन	*बर्तन*
आदमी	*आदमी*

[1]बी. क., ग्रै., भा० २, § ३६

(२) स्त्रीलिंग आकारांत तथा व्यंजनांत संज्ञाओं में प्रथमा बहुवचन में—एं लगता है, जैसे—

एक०	बहु०
रात	*रातें*
औरत	*औरतें*
कथा	*कथाए*

(३) पुलिंग आकारांत शब्दों में प्रथमा बहुवचन में *आ* के स्थान में—ए कर दिया जाता है, जैसे—

एक०	बहु०
लड़का	*लड़के*
साला	*साले*

(४) स्त्रीलिंग ईकारांत शब्दों में प्रथमा बहुवचन में या तो सिर्फ़ अनुस्वार जोड़ दिया जाता है या ई के स्थान में-*इयां* कर दिया जाता है, जैसे—

एक०	बहु०
लड़की	*लड़की या लड़कियाँ*
पोथी	*पोथी या पोथियाँ*

(५) अन्य समस्त विभक्तियों के बहुवचन में समान रूप से *ओं* लगता है, जैसे *घरों, रातों, लड़कों, पोथियों* इत्यादि। ईकारांत शब्दों में ई ह्रस्व हो जाती है और *ओं* के स्थान पर—*यों* हो जाता है।

हिंदी बहुवचन के चिह्नों में प्रथमा बहु०—ए के स्थान पर संस्कृत में पुलिंग बहुवचन में—*आ* पाया जाता है। संभव है इस परिवर्तन में, संस्कृत के कुछ सर्वनाम रूपों के बहुवचन के चिह्न-ए का भी प्रभाव रहा हो, जैसे सं० प्रथमा बहु० *सर्वे*।

बी., क. ग्रै., भा. २, § ४५

हिंदी प्रथमा बहु०—*एं,—इयां,—ई* का संबंध संस्कृत नपुंसक लिंग प्रथमा बहुवचन के—*आनि* से जोड़ा जाता है।

सं०—*आनि* > *आइं* > *एं* > *एं; इआं; ई*

अन्य विभक्तियों के बहुवचन के चिह्न—*ओं* या —*यों* का संबंध संस्कृत षष्ठी बहुवचन—*आनां* से है।

ई. कारक-चिह्न

२४४. संज्ञा के विकृत रूप में कारक-चिह्न लगाकर हिंदी विभक्तियों के रूप बनाए जाते हैं। प्राचीन तथा मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं के संयोगात्मक रूपों के धीरे-धीरे घिस जाने पर मध्यकाल के अंत में संज्ञा का प्रायः मूलरूप भिन्न-भिन्न विभक्तियों में प्रयुक्त होने लगा था। ऐसी स्थिति में अर्थ समझने में कठिनाई पड़ती थी, इसलिए भिन्न-भिन्न कारकों के अर्थों को स्पष्ट करने के लिए ऊपर से पृथक् शब्द इन मूलरूपों के साथ जोड़े जाने लगे। हिंदी के वर्तमान कारक-चिह्न मध्यकाल के अंत में लगाए जाने वाले इन्हीं सहकारी शब्दों के अवशेष मात्र हैं। घिसते-घिसते ये प्रायः इतने छोटे हो गए हैं कि इनके मूलरूपों को पहचानना प्रायः दुस्तर हो गया है। इसके अतिरिक्त भाषा के साधारण शब्द-समूह में इनका पृथक् अस्तित्व नहीं रह गया है। इसी कारण इन्हें संज्ञा के मूलरूपों के साथ लिखने की प्रवृत्ति हो रही है।

भिन्न-भिन्न कारकों में प्रयुक्त चिह्न नीचे दिए जाते हैं, साथ ही इनकी व्युत्पत्ति पर भी विचार किया गया है।

कर्त्ता या करण कारक

२४५. हिंदी में कर्त्ता के रूपों में कोई भी कारक-चिह्न प्रयुक्त नहीं होता। संस्कृत तथा प्राकृत में भी अधिकांश संज्ञाओं में प्रथमा के रूपों में परिवर्तन नहीं होता है।

सप्रत्यय कर्त्ता कारक का चिह्न *ने* पश्चिमी हिंदी की विशेषता है। 'बोलना, भूलना, बकना, लाना, समझना, जानना आदि सकर्मक क्रियाओं को छोड़ शेष सकर्मक क्रियाओं के और नहाना, छींकना, खाँसना आदि अकर्मक क्रियाओं के भूतकालिक कृदंत से बने कालों के साथ सप्रत्यय कर्त्ता कारक आता है'।[1]

ने कारक-चिह्न की व्युत्पत्ति के संबंध में बहुत मतभेद है। बीम्स[2] इसका विचार करण कारक के अंतर्गत करते हैं और इसे कर्मणि तथा भावे प्रयोग का अर्थ देने वाला बताते हैं। बीम्स का कहना है कि गुजराती जैसी प्राचीन भाषा तक में करण तथा संप्रदान कारकों का एक-दूसरे के लिए प्रयोग होता रहा है। नेपाली में भी संप्रदान तथा करण के कारक-चिह्न बहुत मिलते-जुलते हैं। नेपाल में संप्रदान में *लाई* तथा करण में *ले* का प्रयोग होता है। पुरानी हिंदी के कर्म कारक के चिह्न *नै* तथा आधुनिक हिंदी के कारक-चिह्न *ने* में भी साम्य है। *ने* गुजराती में भी कर्म-संप्रदान के लिए प्रयुक्त होता है। मराठी में *ने* करण का चिह्न है। बीम्स इस सबसे यह निष्कर्ष निकालते हैं कि वास्तव में संप्रदान तथा करण के चिह्न व्युत्पत्ति की दृष्टि से समान थे। इस तरह से उनके मतानुसार *ने* का संबंध *लागि, लागि* जैसे शब्दों से है।

टर्नर तथा कुछ अन्य विद्वानों का मत है कि *ने* का संबंध संस्कृत की अकारांत संज्ञाओं के करण कारक के चिह्न *-एन* से है। इस संबंध में आपत्ति यह की जाती है कि संस्कृत का यह चिह्न प्राकृत के अंतिम रूपों तथा चंद के ग्रंथ में भी कुछ स्थलों पर मिलता है। आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं में मराठी में यह *एं* तथा गुजराती में *ए* के रूप में वर्तमान है। इस तरह *एन* के *न* का धीरे-धीरे लोप होता

---

[1] गु., हि., व्या. § ५१५

[2] बी., क., ग्रै., भा० २ § ५७

गया है, फिर एन का न होना कैसे संभव है। यदि एन के स्थान पर संस्कृत में नेन कोई चिह्न होता तो उसे नें होना संभव था किंतु ऐसा कोई भी चिह्न संस्कृत या प्राकृत में नहीं मिलता।

इस व्युत्पत्ति के विरोध में बीम्स का यह तर्क भी विचार करने के योग्य है कि यदि ने प्राचीन करण कारक के चिह्न का रूपांतर होता तो पुरानी हिंदी में इसके प्रयोग का बाहुल्य होना चाहिए था। वास्तव में बात उलटी है। पुरानी हिंदी में ने का प्रयोग बहुत कम मिलता है। आधुनिक हिंदी में आकर ही इसका प्रचार अधिक हुआ। संस्कृत के करण कारक का कोई भी चिह्न हिंदी में नहीं रह गया था। ऐसी परिस्थिति में बीम्स के मतानुसार १६वीं-१७वीं शताब्दी के लगभग संप्रदान-कारक के लिए प्रयुक्त ने का प्रयोग (जैसे मैंने दे दे) करण कारक की कुछ क्रियाओं के साथ भी होने लगा होगा। हार्नली[1] का कहना है कि संप्रदान के लिए ब्रज० में कौं को और मारवाड़ी में नैं ने का प्रयोग होता था। संभव है ने या नें को संप्रदान के लिए अनावश्यक समझ कर इसे सप्रत्यय कर्ता या करण कारक के लिए ले लिया गया हो। प्राचीन संयोगात्मक कारकों के अवशेष यदि आधुनिक भाषाओं में कहीं रह गए हों तो संयोगात्मक रूपों में ही रह गए हैं। ने हिंदी में पृथक् कारक चिह्न है। बीम्स के मतानुसार इस बात से भी पुष्टि होती है कि ने संस्कृत—एन का रूपांतर नहीं है।

ब्लाक ने ग्रियर्सन का मत उद्धृत करते हुए कहा है कि ने का संबंध सं०—तन—से होना संभव है। वास्तव में ने की व्युत्पत्ति संदिग्ध है। निश्चयपूर्वक इस संबंध में कुछ नहीं कहा जा सकता।

कर्म तथा संप्रदान

२४६. हिंदी तथा हिंदी की बोलियों में कर्म और संप्रदान के

---

[1] हा., ई., हि., ग्रै., § ३७१

लिए प्रायः एक ही प्रकार के कारक-चिह्न प्रयुक्त होते हैं। खड़ी-बोली में *को* दोनों विभक्तियों में आता है। संप्रदान में *के लिये* रूप विशेष आता है।

ट्रंप[1] के मतानुसार *को* की उत्पत्ति सं० *कृतं* से हुई है जो प्राकृत में *किओ* > *किओ* होकर *को* रूप धारण कर सकता है। प्राकृत में वास्तव में *कतं* और *कदं* रूप मिलते हैं। इस संबंध में सबसे बड़ी कठिनाई हिंदी के प्राचीन रूप *कहु* के संबंध में है। ट्रंप का अनुमान है कि *कृत* की जब *ऋ* का लोप हुआ होगा तब *त* महाप्राण हो गया होगा। किंतु यह विचार-शैली बहुत मान्य नहीं दिखलाई पड़ती।

हार्नली और बीम्स[2] *को* का संबंध सं० *कक्ष* से जोड़ते हैं। चैटर्जी[3] आदि अन्य आधुनिक विद्वान् भी इस व्युत्पत्ति को ठीक समझते हैं, यद्यपि *कृतं* वाली व्युत्पत्ति को भी असंभव नहीं मानते। *कक्षं* > *कक्खं* > *कांखं काहं* > *कहुं कह* > *कौं* > *को* ये परिवर्तन की संभव सीढ़ियाँ हैं। अर्थ की दृष्टि से भी *कक्ष* 'बगल में' *को* 'निकट, ओर' से अधिक साम्य रखता है। हिंदी बोलियों में *को* से मिलते-जुलते रूपों की व्युत्पत्ति भी *कक्ष* से ही मानी जाती है।

२४७. हिंदी के *लिये* के *के* का संबंध प्रायः सं० *कृते* से जोड़ा जाता है। सत्यजीवन वर्मा[4] *के* को संबंध कारक के प्राचीन चिह्न *केरक* का रूपांतर मानते हैं। इनके मत में *को* भी *केहि* का रूपांतर

---

[1] ट्रंप, सिंधी ग्रैमर, पृ० ११५

[2] बी., क., ग्रै., भा० २, § ५६
हा., ई., हि., ग्रै., § ३७५

[3] चै., बे., लै., § ५९५

[4] सत्यजीवन वर्मा : 'हिंदी के कारक चिह्न' शीर्षक लेख, ना. प्र. प भाग ५, अंक ४।

है जिसमें के अंश केरक का विकसित रूप है और हि अंश अपभ्रंश की सप्तमी विभक्ति का चिह्न है। किंतु को तथा के की व्युत्पत्ति के संबंध में यह मत अन्य विद्वानों द्वारा ग्रहण नहीं किया जा सका है। प्रथम मत ही सर्वमान्य है।

के लिये के लिये अंश का संबंध *लग्ने* से माना जाता है। हार्नली[1] के अनुसार *लिये* की उत्पत्ति सं० *लब्धे* 'लाभार्थ' से हुई है; किंतु यह मत सर्वमान्य नहीं है। संभव है कि इसका संबंध प्रा० √*ले* से हो। हिंदी बोलियों के *लगे, लागि* आदि रूपों की व्युत्पति भी *लिये* के ही समान मानी जाती है। सं० *लग्ने* > प्रा० *लग्गे, लग्गि* > हि० बो० *लागि, लगे* ये संभव परिवर्तन हैं।

२४८. हिंदी बोलियों में प्रयुक्त चतुर्थी के अन्य मुख्य शब्दों की व्युत्पत्ति हार्नली के मतानुसार संक्षेप में नीचे दी जाती है।

हि० बो० *टाईं*	<अप० प्रा० *ठाणि, ठाणे*	<सं० *स्थाने;*
हि० बो० *पाहिं*	<अप० प्रा० *पक्खे*, पाहे**	<सं० *पक्षे;*
हि० बो० *कने*	<अप० *कणे*	<सं० *कर्णे;*
हि० बो० *काज*	<प्रा० *कज्जे*	<सं० *कार्ये;*
हि० बो० *तांई, तईं*	<अप० *तरिए, तइए*	<सं० *तरिते;*
हि० बो० *बाटे*	<प्रा० *बट्ट, वत्त*	<सं० *वार्त्ते;*
हि० बो० *बरे*		<सं० *बरे।*

उपकरण तथा अपादान

२४९. करण के चिह्न *ने* पर विचार किया जा चुका है। उपकरण के लिए हिंदी *में से* (अव० *से, सन;* ब्रज० *सों; सूं;* बुंदेली *सै*) का प्रयोग होता है। यही चिह्न तथा कुछ अन्य विशेष चिह्न अपादान के लिए भी प्रयुक्त होते हैं।

---

[1] हा, ई, हि., ग्रै., § ३७५

बीम्स के मतानुसार[1] *से* का वास्तविक अर्थ 'साथ' है, 'अलग होना' ही है, जैसे *राम से कहता है, चाकू से क़लम बनाओ*। अतः व्युत्पत्ति की दृष्टि से बीम्स *से* का संबंध संस्कृत अव्यय *सम* से जोड़ते हैं। हार्नली[2] *से* का संबंध प्रा० *संतो, सुंतो* तथा सं० √*अस्* से लगाते हैं। आजकल प्रायः बीम्स का मत ही मान्य समझा जाता है।

२५०. केलाग के अनुसार ब्रज *तें* या *ते* का संबंध सं० प्रत्यय——तः से है, जो अपादान के अर्थ में संस्कृत संज्ञाओं में प्रयुक्त होता था, जैसे सं० *पितृतः* ब्रज *पिता तें*।

संबंध

२५१. संबंध के रूपों का संबंध क्रिया से न हो कर संज्ञा से होता है। इसका स्पष्ट प्रमाण यह है कि हिंदी में संबंध-सूचक कारक-चिह्नों में आगे आने वाली संज्ञा के अनुसार लिंगभेद होता है, जैसे *लड़के का लोटा; लड़के की गेंद*।

हिंदी पुल्लिंग एकवचन में *का* (ब्रज० *को* या *कौ*; अव० *कर, केर*), बहुवचन में *के*, तथा स्त्रीलिंग में *की* का व्यवहार होता है।

इन रूपों की व्युत्पत्ति के संबंध में बीम्स[3] तथा हार्नली[4] एक मत हैं। इनकी धारणा है कि ये समस्त रूप सं० *कृतः* तथा प्रा० *केरो* या *केरक* से संबद्ध हैं। हार्नली के अनुसार क्रमिक विकास नीचे लिखे ढंग से हुआ होगा। सं० *कृतः* > प्रा० *करितो, करिओ, केरको* > पुरानी हिं० *केरओ, केरो*; हिं० *केर, का*।

---

[1] बी., क., ग्रै., भा० २, § ५८

[2] हा., ई., हि., ग्रै., § ३७६

[3] बी., क., ग्रै., भा० २, § ५९

[4] हा., ई., हि., ग्रै. § ३७७

पिशेल तथा कुछ अन्य संस्कृत विद्वानों की धारणा थी कि हि० के.र.रं० *कार्य* से निकला है। केलाग[1] के अनुसार हि० *कौ* या *का* का सीधा संबंध सं० *कुतः* के प्राकृत रूप *किंदः* या *कदः* से हो सकता है। चैटर्जी[2] *का* का संबंध प्रा०—*क* से करते हैं क्योंकि उनके मतानुसार सं० *कुतः* के प्राकृत रूप *कअ* में आधुनिक काल तक आते-आते *क* बना रहना संभव नहीं प्रतीत होता। साधारणतया बीम्स तथा हार्नली की व्युत्पत्ति अधिक मान्य मालूम होती है। *के कीं* आदि रूप वचन तथा लिंग की दृष्टि से *का* के रूपांतर मात्र हैं।

अधिकरण

२५२. अधिकरण के लिए हिंदी में *में* (ब्रज० *मैं*) और *पर* (ब्रज० *पै*) का प्रयोग सब से अधिक होता है। अधिकरण के लिए कुछ संयोगात्मक प्रयोग हिंदी बोलियों में पाए जाते हैं।

में की व्युत्पत्ति के संबंध में मतभेद नहीं है। *में* का संबंध सं० *मध्ये* > अप० प्रा० *मज्झे, मज्झि, मज्झहिं* > पुरानी हि० *माँहि, महि* से जोड़ा जाता है।[3]

हिंदी *पर* का संबंध सं० *उपरि* से स्पष्ट ही है। हार्नली[4] सं० *परे* 'दूर' प्रा० *परि* से इसकी व्युत्पत्ति का अनुमान करते हैं।

कारक चिह्नों के समान प्रयुक्त अन्य शब्द

२५३. ऊपर दिए हुए कारक-चिह्नों के अतिरिक्त हिंदी में कुछ

---

[1] के., हि., ग्रै., § १५९

[2] चै., बे, ल., § ५०३

[3] बी., क., ग्रै., भा० २, § ६०

[4] हा. ई., हि., ग्रै., § ३७८

संबंधसूचक अव्यय कारकों के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। गुरु[1] के आधार पर इसमें से अधिक प्रचलित शब्द व्युत्पत्ति सहित नीचे दिए जाते हैं। ये शब्द संबंध-कारक के रूपों में लगाए जाते हैं।

कर्म : *प्रति* (सं०), *तई*;
करण : *द्वारा* (सं०), *ज़रिये* (अर०), *कारण* (सं०), *मारे* (सं० *मारितेन*);
संप्रदान : *हेतु* (सं०), *निमित्त* (सं०) *अर्थ* (सं०), *वास्ते* (अर०);
अपादान : *अपेक्षा* (सं०), *बनिस्बत* (फा०), *सामने* (सं० *सम्मुख*),
: *आगे* (सं० *अग्र*), *साथ* (सं० *सार्थ*);
अधिकरण : *मध्य* (सं०), *बीच* (सं० *विच्*), *भीतर* (सं० *अभ्यंतरे*),
: *अंदर* (फा०), *ऊपर* (सं० *उपरि*), *नीचे* (सं० *नीचैः*),
: *पास* (सं० *पार्श्व*)।

२५४. हिंदी में कभी-कभी फ़ारसी-अरबी के कुछ कारक आ जाते हैं, जैसे *अज़* (*अज़ख़ुद*), *दर* (*दरहक़ीक़त*)[2]। इनका प्रयोग बहुत ही कम पाया जाता है।

---

[1] गु., हि., व्या., § ३१५
[2] गु., हि., व्या., § ३१६

अध्याय ७

संख्यावाचक विशेषण

अ. पूर्ण संख्यावाचक

२५५. संख्यावाचक विशेषणों में होने वाले ध्वनि-परिवर्तन का इतिहास विचित्र है। 'हिंदी ध्वनियों का इतिहास' शीर्षक अध्याय में इन पर कुछ विचार हो चुका है। यहाँ पर एक जगह क्रमबद्ध रूप से एक बार इन सब पर दृष्टि डाल देना अनुचित न होगा। ये विशेषण अन्य हिंदी शब्दों के समान प्रायः प्राकृतों में होकर संस्कृत से आए हुए नहीं मालूम पड़ते, बल्कि ऐसा मालूम होता है कि समस्त आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के विशेषण पाली अथवा मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं के सदृश किसी अन्य सर्व-प्रचलित भाषा से संबंध रखते हैं। केवल किन्हीं-किन्हीं रूपों में प्रादेशिक प्राकृत या अपभ्रंश की छाप है (जैसे, गुजराती बे, मराठी दोन बंगाली दुइ)[1]। हिंदी संख्यावाचक विशेषणों का सब से प्राचीन ऐतिहासिक विवेचन बीम्स[2] के ग्रंथ में है। चैटर्जी[3] ने इस विषय पर कुछ नई सामग्री तथा अनेक उदाहरण दिए हैं। इन दोनों विवेचनों के आधार पर हिंदी के संख्यावाचक विशेषणों तथा

---

[1] चै., बे., लै., § ५११

[2] बी., क, ग्रै, भा, २, § २६२

[3] चै., बे., ल., भा० २, अ० ३

उनमें होने वाले मुख्य-मुख्य परिवर्तनों पर नीचे विचार किया गया है।

२५६. हि० *एक* < प्रा० *एक्क* < सं० *एक*। एक वाली संख्याओं में हि० *एक* के कई रूप मिलते हैं। *ग्यारह* में *ग्या* अंश प्रा० *एगा*-रूप से प्रभावित हुआ है अर्थात् क् का घोष रूप हो जाता है। सं० *एकादश* में *आ द्वादश* के प्रभाव के कारण माना जाता है। यह *आ* प्रा० तथा हिंदी दोनों में चला आया है। संयुक्त संख्याओं में *ए*-का *इ* रूप हो जाता है, जैसे *इक्कीस, इकतीस, इकतालीस* आदि। यह स्पष्ट ही है कि इन शब्दों में गुण की ध्वनि (ए) मूलध्वनि *इ* तथा मूलस्वर (इ) गुण की ध्वनि के बिकार के कारण हुआ है।

२५७. हि० *दो*< प्रा० *दो*< सं० *द्वौ*। सं० *द्वौ* का *व* अंश प्रा० तथा गुज० के *बे* में मिलता है। हिंदी में भी इसका अस्तित्व संयुक्त संख्याओं में है, जैसे *बारह, बाइस, बत्तीस, बेयालीस* इत्यादि। समासों में *दो* के स्थान पर *दु, दू* तथा *दो* रूप मिलता है, जैसे *दुपट्टा, दुमहला, दुमहाँ, दुधारी, दूसरा, दूना, दोहरा, दोनों*।

२५८. हि० *तीन* < प्रा० *तिण्णि* < सं० *त्रीणि*। संयुक्त संख्याओं में *ते तें, ति या तिर* रूप मिलते हैं जिन पर सं० *त्रय* का प्रभाव स्पष्ट है, जैसे *तेरह, तेंतीस, तितालीस, तिरपन*। ये रूप *तिपाई, तिहाई, तेहरा, तिपुरी* आदि शब्दों में भी मिलते हैं।

२५९. हि० *चार* < प्रा० *चत्तारि* < सं० *चत्वारि* संयुक्त संख्याओं तथा समासों में सं० मूल रूप *चतुर्* तथा प्रा० *चउरी* का प्रभाव मालूम होता है, अतः हिंदी में *चौ चौं* तथा *चौर* रूप मिलते हैं जैसे, *चौदह, चौंतीस, चौरासी*। समासों में *चौ* रूप अधिक पाया जाता है, जैसे *चौमासा, चौपाई, चौपाये, चौपड़, चौपाल, चौधरी चौखट, चौराहा*। नए समाचारों में *चार* का भी प्रयोग होता है, जैसे *चारपाई, चारखाना*

२६०. हिं० *पाँच* < प्रा० *पंच* < सं० *पच*। कुछ संयुक्त संख्याओं के प्रा० रूप *पण* तथा *पन* (जैसे *१५ पण्णरह, ३५ पंचतीस*) का प्रभाव हिंदी की भी संयुक्त संख्याओं में मिलता है, जैसे *पंद्रह, पैंतीस, पैंतालीस तिरपन*। *इक्यावन, चौअन*, आदि संख्याओं में *पन* के स्थान में *वन* या *अन* हो जाता है। अन्य संयुक्त-संख्याओं तथा समासों में *पाच* का *पच्* रूप हो जाता है, जैसे *पचीस, पचपन, पचासी, पचगुना, पचमेल, पचलड़ी*। प्रा० *पंच* रूप हि० *पंचायत, पंचमी, पंचवटी, पंचांग पंचामृत, पंचपात्र* आदि प्रचलित तत्सम शब्दों में अब भी मिलता है। कभी-कभी इसका रूप *पँच* भी हो जाता है, *जैसे पँचमेल, पँचमुखी*।

२६१. हि० *छः* < प्रा० *छ* < सं० *षट्* (*षष्*)। हिंदी और प्राकृत रूप एक हैं यह तो स्पष्ट ही है, किंतु प्राकृत का रूप संस्कृत रूप से कैसे हो गया यह स्पष्ट नहीं होता। हि० *सोलह* तथा *साठ* आदि संख्याओं में सं० *ष* के अधिक निकट की ध्वनि पाई जाती है। अन्य संयुक्त संख्याओं में छ् या छ् या रूप बराबर मिलता है, जैसे *छब्बीस, छत्तीस, छ्यासठ, छ्यानवे*। चैटर्जी[1] के मत से *छः* का संबंध प्रा० भा० आ० के एक कल्पित रूप *क्षष** या *क्षक** से है। जो हो, प्राकृत काल के पहले इसका संबंध ठीक नहीं जुड़ता।

२६२. हि० *सात* < प्रा० *सत्त* < सं० *सप्त*। यह संबंध स्पष्ट है। कुछ संयुक्त संख्याओं में प्रा० *सत्त* या *सत* रूप अब भी चला जाता है, जैसे *सत्तरह, सत्ताईस, सत्तासी, सत्तानवे*। इसके अतिरिक्त *सैं* रूप भी मिलता है, जैसे *सैंतीस सैंतालीस*। इनमें अनुनासिकता *पैंतीस, पैंतालीस* आदि के अनुकरण से हो सकती है। *सरसठ*, या *सड़सठ* में *सर* या *सड़* रूप असाधारण है। यह बादवाली संख्या *अड़सठ* से प्रभावित हो सकती है।

---

[1] चै., बे., लै., § ५१७

२६३. हि० *आठ*<प्रा० *अट्ठ*<सं० *अष्ट*। संयुक्त संख्याओं में *अट्ठ, अठा, अठ* आदि रूप मिलते हैं, जैसे *अट्ठाईस, अठारह, अठहत्तर। अडतीस, अडतालीस,* और *अड़सठ* में *अठ* का *अड़* हो जाता है। इस परिवर्तन का कारण स्पष्ट नहीं।

२६४. हि० *नौ*< प्रा० *नअ*< सं० *नव*। संयुक्त संख्याएं प्रायः *नौ* लगाकर नहीं बनाइ जातीं, बल्कि दहाई की संख्या में सं० *ऊन* (एक कम) > प्रा० *ऊण*> हि० *उन* लगा कर बनती हैं, जैसे *उन्नीस, उन्तालीस, उनासी* आदि। केवल *नवासी* और *निन्यानबे* में *नौ* लगाया जाता है। इन संख्याओं में संस्कृत में भी ऐसा ही होता है जैसे, सं० *नवाशीति, नवनवति। निनानबे* में *निना* अंश की व्युत्पत्ति स्पष्ट नहीं है।

२६५. हि० *दस*< प्रा० *दस*< सं० *दश*। *ग्यारह* आदि संयुक्त संख्याओं में प्रा० के *दह, रह, लह, रह, लह* आदि समस्त रूप वर्तमान हैं, जैसे *चौदह, अठारह, सोलह। दहाई* शब्द में भी *दह* वर्तमान हैं। प्रा० में द के र का कारण स्पष्ट नहीं है। हिंदी में र का ल या स का ह हो जाना साधारण परिवर्तन है।

दहाई की संख्याओं के नाम प्रायः प्राकृत में हो कर संस्कृत से आए हैं।

२६६. हि० *बीस*<प्रा० *बीसइ*< सं० *विंशति*। हिंदी का *कौड़ी* शब्द व्युत्पत्ति की दृष्टि से कोल शब्द माना जाता है। कोल भाषाओं में बीसी से गिनती होती है। *चौबीस* और *छब्बीस* को छोड़ कर *इक्कीस* आदि संयुक्त संख्याओं में *बीस* का *ईस* रह जाता है, जैसे *बाईस, तेईस, पचीस* आदि।

२६७. हि० *तीस*< प्रा० *तीसा*<स० *त्रिंशत्*। संयुक्त संख्याओं में भी *तीस* रूप रहता है, जैसे *इकतीस, बत्तीस, तेंतीस* आदि।

२६८. हि० *चालीस*<प्रा० *चत्तालीसा*<सं० *चत्वारिंशत्*। संयुक्त संख्याओं में प्रा० *चत्तालीसा* के च का लाप हो जाने से *चालीस* का

तालीस और *त* के लुप्त हो जाने से *यालीस* या *आलीस* रूपांतर मिलते हैं, जैसे *उनतालीस, इकतालीस, ब्यालीस, चवालीस* आदि।

२६९. हि० *पचास*< प्रा० *पंचासा*< सं० *पंचासत्*। संयुक्त संख्याओं में *पचास* के स्थान में *पन* तथा *वन*, व *अन* रूप मिलते हैं। इनका संबंध प्रा० के *पचास* प्रचलित रूप *पण्णासा, पन्ना* आदि से होता है, जैसे हि० *बावन*< प्रा० *बावण्णं, तिरपन, चौअन*। *उनचास* में *पचास* का रूपांतर वर्तमान है।

२७०. हि० *साठ*< प्रा० *सट्ठि*< सं० *षष्टि*। संयुक्त संख्याओं में *सठ* रूप मिलता है, जैसे *उनसठ, इकसठ, बासठ* आदि।

२७१. हि० *सत्तर*< प्रा० *सत्तरि*< सं० *सप्तति*। पाली में ही अंतिम *त* ध्वनि *र* में परिवर्तित हो गई थी (प्रा० *सत्तति, सत्तरि*) किंतु इसका कारण स्पष्ट नहीं है। चटर्जी[1] का मत है कि प्राचीन रूप *सत्तति*, में *ति* आप ही *टि* हो गया और *टि, डि* हो कर *रि* हो गया। किंतु यह कारण बहुत संतोषप्रद नहीं मालूम होता। जो हो, हि० *सत्तर* में *र* प्राकृत से आया है। संयुक्त संख्याओं में *सत्तर* के *स* का *ह* हो जाता है, जैसे *उनहत्तर, इकहत्तर, बहत्तर* आदि। *सतत्तर* में *ह* का लोप हो गया है, तथा *अठत्तर* में *ह, ट* को महाप्राण कर के उसमें मिल जाता है।

२७२. हि० *अस्सी*< प्रा० *असीइ*< सं० *अशीति*। संयुक्त संख्याओं में *आसी* या *यासी* रूप मिलता है, जैसे *उनासी, इक्यासी, ब्यासी* आदि। *अस्सी* में *स* का दोहरा हो जाना संभवतः पंजाबी से प्रभावित है।

२७३. हि० *नब्बे*< प्रा० *नव्वए*< सं० *नवति*। संयुक्त संख्याओं में *नवे* रूप मिलता है, जैसे *इक्यानवे, ब्यानवे, तिरानवे*

---

[1] च., बे., लै., § ५२८

चौरानवे आदि। *इक्यासी* आदि रूपों के प्रभाव के कारण कदाचित् *इक्यानवे* आदि में भी *आ* आ गया है।

२७४. हि० *सौ* (१००) < प्रा० *सअ, सय* < सं० *शत*। संयुक्त संख्याओं में *सै* रूप भी मिलता है, जैसे *सैकड़ा, एक सै एक, चार सै*।

२७५. हि० *हज़ार* (१०००) फ़ारसी का तत्सम शब्द है। सं० *सहस्र* के स्थान पर सं० *दशशत* का प्रचार मध्ययुग में हो गया था। कदाचित् इसी कारण से फ़ारसी का एक शब्द *हज़ार* मुसल्मान काल से समस्त उत्तर भारत में प्रचलित हो गया।

२७६. हि० *लाख* (१००,०००) सं० *लक्ष* से निकला है। समासों में *लख* रूप हो जाता है, जैसे *लखपती*।

२७७. हि० *करोड़* (१०,०००,०००) की व्युत्पत्ति स्पष्ट नहीं है। सं० *कोटि* से मिलता-जुलता यह शब्द कभी गढ़ लिया गया हो तो असंभव नहीं।

२७८. हि० *अरब* (१०००,०००,०००) सं० *अर्बुद* से संबंध रखता है। हि० *खरब*, सं० *खर्ब* (१००,०००,०००,०००) का रूपांतर है। अरब और खरब का प्रयोग साधारणतया असंख्यता का बोध कराने के लिए किया जाता है।

आ. अपूर्ण संख्यावाचक

२७९. अपूर्ण संख्यावाचक विशेषणों से पूर्ण संख्या के किसी भाग का बोध होता है। हिंदी तथा प्राचीन रूपों का संबंध नीचे दिखलाया गया है।

¼ : हि० *पाव; पउआ* < प्रा० *पाव-, पाअ-*, < सं० *पाद, पादक*। संयुक्त रूपों में सं० *पादिका* से आया हुआ *पई* रूप भी मिलता है, जैसे *अधपई*।

हि० *चौथाई* सं० *चतुर्थिक* से संबद्ध है।

⅓ : हि० *तिहाई* का संबंध सं० *त्रिभागिक* से संभव है।

½ : हि० *आधा* < सं० *अर्द्ध*।

संयुक्त रूपों में *अध* रूप हो जाता है, जैसे *अधेला, अधसेरा, अधबर* ।

१½ : हि० *डेढ़* < प्रा० *दिअड्ढ* < सं० *द्वयर्द्ध* ।

२½ : हि० *ढाई, अढ़ाई* < प्रा० *अड्ढतीय* < सं० *अर्द्ध-तृतीय*; हि० *ढ़ाई* भी सं० *अर्द्ध-तृतीय* से संबद्ध है। *अ* का लोप बलाघात के फलस्वरूप हुआ है।

३½ : हि० *अहुठ* (साढ़े तीन) का प्रयोग प्रचलित नहीं है। यह शब्द सं० *अर्द्ध-चतुर्थ* से संबद्ध है। प्रा० में *अड्ढ-चतुट्ठ** < *अड्ढ-अउट्ठ** < *अड्ढउट्ठ** आदि रूप संभव हैं। सं० में फिर से यह शब्द *अध्युष्ठ* के रूप में आ गया है।

+¼ : हि० *सवा* < प्रा० *सवाअ-* < सं० *सपाद*। *सवा* के बहुत रूपांतर हो जाते हैं, जैसे *सवाया, सवाई, सवाये* ।

+½ : हि० *साढ़े* < प्रा *सड्ढ* < सं० *सार्द्ध* ।
साढ़े विकृत रूप मालूम होता है।

−¼ : हि० *पौन* < सं० *पादोन*। केवल *पौन* शब्द ¾ के लिए प्रयुक्त होता है। अन्य संख्याओं में लगा देने से वह संख्या ½ से घट जाती है, जैसे *पौने आठ*=७¾ ।

इ. क्रम संख्यावाचक

२८०. इनका संबंध संस्कृत के प्रचलित क्रमवाचक रूपों से सीधा नहीं है। संस्कृत के आधार पर नए ढंग से ये बाद को बने हैं।

हि० *पहला* < प्रा० *पढिल्ल**, *पथिल्ल** < सं० *प्र-थ +इल** ।
संस्कृत *प्रथम* से आधुनिक *पहला* शब्द की उत्पत्ति संभव नहीं है।
बीम्स[1] के मत में हि० *पहला* सं० *प्रथर** से निकला है।
हि० *दूसरा, तीसरा* ।

---

[1] बी. क., ग्र., भा०, २, § २७

सं० *द्वितीय, तृतीय*, से हिंदी *दूजा, तीजा* तो निकल सकते हैं, किंतु *दूसरा, तीसरा* नहीं निकल सकते। बीम्स[1] इनका संबंध सं० *द्वि+सृत, त्रिः+सृतः* से जोड़ते हैं।

हि० *चौथा* < प्रा० *चउत्थ* < सं० *चतुर्थ*।। तिथि तथा लगान के लिए *चौथा* रूप प्रयुक्त होता है।

चार की संख्या तक क्रमवाचक विशेषणों की उत्पत्ति भिन्न-भिन्न ढंगों से हुई है। इसके आगे *-वाँ* लगा कर समस्त रूप बनाए जाते हैं, जैसे *पाँचवाँ, सातवाँ, बीसवाँ* इत्यादि। ये रूप सं०—*तम* से निकले माने जाते हैं।[2] हि० *छठा* प्रा० में भी *छठ्ठा* था। यह सं० *षष्ठ* का रूपांतर है।

ई. आवृति संख्यावाचक

२८१. हि० आवृत्ति संख्यावाचक विशेषण *दुगना, तिगना, चौगुना*, सं० *गुण* लगा कर बने हैं।

उ. समुदाय संख्यावाचक

२८२. हि० में कुछ समुदायवाचक विशेषण प्रचलित हैं किंतु ये प्रायः अन्य भाषाओं के हैं। कौड़ियाँ गिनने में चार के लिए *गंडा* शब्द आता है। बीस की संख्या के लिए *कोड़ी* शब्द का जिक्र किया जा चुका है। बारह के लिए आधुनिक समय में अंग्रेजी *दर्जन* प्रचलित हो गया है। अंग्रेजी का *ग्रोस* शब्द बारह दर्जन के लिए कुछ प्रचलित हो चला है।

परिशिष्ट

पूर्ण संख्यावाचक

२८३. हिंदी पूर्ण संख्यावाचक विशेषण तथा उनके संस्कृत

---

[1] बी., क., ग्रै., भा० २, § २७

[2] बी., क., ग्रै., भा० २, § २७

तथा प्राप्त प्राकृत रूप तुलना के लिए नीचे दिए जाते हैं। प्राकृत रूपों के इकट्ठा करने में हार्नली के व्याकरण[1] से विशेष सहायता मिली है।

	हिंदी	प्राकृत	संस्कृत
(१)	एक	एक्क, एक्को, एगो, एओ	एक
(२)	दो	दो, दुए, दुये, दोन्नि, बे	द्वौ (√द्वि)
(३)	तीन	तिण्णि, तओ	त्रीणि (√त्रि)
(४)	चार	चत्तारि, चत्तारो, चउरो	चत्वारि (√चतुर्)
(५)	पांच	पञ्च	पंच (पंचन्)
(६)	छः	छ	षट् (षष्)
(७)	सात	सत्त	सप्त (√सप्तन्)
(८)	आठ	अट्ठ	अष्ट, अष्टौ
(९)	नौ	णअ, नव, नअ	नव
(१०)	दस	दस, दह, डह, रह	दश
(११)	ग्यारह	एआरह	एकादश
(१२)	बारह	बारह	द्वादश
(१३)	तेरह	तेरह	त्रयोदश
(१४)	चौदह	चउद्दह	चतुर्दश
(१५)	पंद्रह	पण्णरह, पण्णरहो, पण्णारहो	पंचदश
(१६)	सोलह	सोलह	षोडश
(१७)	सत्रह	सत्तरह	सप्तदश

[1] हा., ई.. हि. ग्रै. § ३५७

	हिंदी	प्राकृत	संस्कृत
(१८)	अठारह	अट्ठरह, अट्ठारह	अष्टादश
(१९)	उन्नीस	उनवीसइ, उनवीसा, एकूनवीसा	ऊनविंशति
(२०)	बीस	वीसा, वीसइ	विंशति
(२१)	इक्कीस	एक्क वीसा	एकविंशति
(२२)	बाईस	वावीसं, वावीसा	द्वाविंशति
(२३)	तेईस	तेवीसं, तेवीसा	त्रयोविंशति
(२४)	चौबीस	चउव्वीसं	चतुर्विंशति
(२५)	पचीस	पंचवीसं, * पंचवीसं*	पंचविंशति
(२६)	छब्बीस	छब्बीसं	षड्विंशति
(२७)	सत्ताईस	सत्तावीसा	सप्तविंशति
(२८)	अट्ठाईस	अट्ठावीसा	अष्टाविंशति
(२९)	उन्तीस	अणवीसा, एकूणवीसा	ऊनत्रिंशति
(३०)	तीस	तीसा, तीसआ	त्रिंशत्
(३१)	इकतीस		एकत्रिंशत्
(३२)	बत्तीस	वत्तीसा	द्वात्रिंशत्
(३३)	तेंतीस	तेंत्तीसा	त्रयस्त्रिंशत्
(३४)	चौंतीस		चतुस्त्रिंशत्
(३५)	पैंतीस	पन्नतीस, पणतीसं	पंचत्रिंशत्
(३६)	छत्तीस		षट्त्रिंशत्
(३७)	सैंतीस	सत्ततीसं	सप्तत्रिंशत्
(३८)	अड़तीस	अट्ठतीसा	अष्टात्रिंशत्

	हिंदी	प्राकृत	संस्कृत
(३९)	उन्तालीस		ऊनचत्वारिंशत्
(४०)	चालीस	चत्तालीस	चत्वारिंशत्
(४१)	इकतालीस	एक्कचत्तालीसा	एकचत्वारिंशत्
(४२)	ब्यालीस	वायालीसं	द्वि ,,
(४३)	तिंतालीस	तेआलीसा	त्रि ,,
(४४)	चवालीस	चोवालीसा	चतुश् ,,
(४५)	पैंतालीस	पन्नचत्तालीसा	पंच ,,
(४६)	छियालीस	*छअत्तालीसा	षट ,,
(४७)	सैंतालीस	*सत्तअत्तालीसं	सप्त ,,
(४८)	अड़तालीस	अडयाले, अट्ठअत्तालीसं	अष्ट ,,
(४९)	उन्चास	ऊणवंचासा, ऊणपंचासा	ऊनपंचाशत्
(५०)	पचास	पण्णासा, पंचासा*, पन्ना	पंचाशत्
(५१)	इक्यावन		एकपंचाशत्
(५२)	बावन	वावण्णं	द्वा ,,
(५३)	तिरपन	त्रिप्पण्ण*, तेवण्ण	त्रि ,,
(५४)	चौअन	चउप्पण्ण*	चतुः ,,
(५५)	पचपन	पंचावण्ण	पंच ,,
(५६)	छप्पन	छप्पण्ण*	षट् ,,
(५७)	सत्तावन	सत्तावण्णं*	सप्त ,,
(५८)	अट्ठावन	अट्ठवण्णं*	अष्ट ,,
(५९)	उनसठ		ऊनषष्टि

हिंदी	प्राकृत	संस्कृत
(६०) साठ	सट्ठि, सठ्ठी	षष्टि
(६१) इकसट		एकषष्टि
(६२) बासठ		द्वा ,,
(६३) तिरसठ		त्रि ,,
(६४) चौसठ		चतुः ,,
(६५) पैंसठ		पंच ,,
(६६) छियासठ		षट् ,,
(६७) सड़सठ	सत्तसट्ठी	सप्त ,,
(६८) अड़सठ	अट्ठसट्ठी	अष्ट ,,
(६९) उनहत्तर		ऊनसप्तति
(७०) सत्तर	सत्तरि	सप्तति
(७१) इकहत्तर		एकसप्तति
(७२) बहत्तर		द्वि ,,
(७३) तिहत्तर		त्रि ,,
(७४) चौहत्तर		चतुस् ,,
(७५) पचहत्तर		पञ्च ,,
(७६) छिहत्तर		षट् ,,
(७७) सतत्तर		सप्त ,,
(७८) अठत्तर		अष्ट ,,
(७९) उनासी		एकोनाशीति
(८०) अस्सी	असीइ	अशीति

हिंदी	प्राकृत	संस्कृत
(८१) इक्यासी		एकाशीति
(८२) बयासी		द्व्यशीति
(८३) तिरासी		त्र्यशीति
(८४) चौरासी		चतुरशीति
(८५) पचासी		पञ्चाशीति
(८६) छियासी		षडशीति
(८७) सतासी		सप्ताशीति
(८८) अठासी		अष्टाशीति
(८९) नवासी		नवाशीति
(९०) नब्बे	नउए, नव्वए*	नवति
(९१) इक्यानवे		एकनवति
(९२) बानबे		द्वि ,,
(९३) तिरानवे		त्रि ,,
(९४) चौरानवे		चतुर् ,,
(९५) पंचानवे		पञ्च ,,
(९६) छियानवे		षण्णवति
(९७) सत्तानवे	सत्तानउए	सप्तनवति
(९८) अट्ठानवे		अष्टानवति
(९९) निन्यानवे		नवनवति
(१००) सौ	सत, सय, सअ, सअं	शत

हिंदी	प्राकृत	संस्कृत
१०५ एक सौ पाँच	पंचोत्तरसउ	पञ्चोतरशत
२०० दो सौ		द्विशत
१,००० हज़ार (दस सौ)		सहस्र
१००,००० लाख (सौ हजार)		लक्ष
१००,००,००० करोड़ (सौ लाख)		कोटि
१००,००,००,००० अरब (सौ करोड़)		अर्बुद
१००,००,००,००,००० खरब (सौ अरब)		खर्व

अध्याय ८

सर्वनाम

२८४. हिंदी सर्वनामों के नीचे लिखे आठ मुख्य भेद हैं—

अ—पुरुषवाचक	(*मैं, तू*)
आ—निश्चयवाचक	(*यह, वह*)
इ—संबंधवाचक	(*जो*)
ई—नित्यवाचक	(*सो*)
उ—प्रश्नवाचक	(*कौन, क्या*)
ऊ—अनिश्चयवाचक	(*कोई, कुछ*)
ए—निजवाचक	(*अपना*)
ऐ—आदरवाचक	(*आप*)

नीचे इन पर तथा विशेषण के समान प्रयुक्त सर्वनामों पर व्युत्पत्ति की दृष्टि से विचार किया गया है। हिंदी सर्वनामों में प्रायः संज्ञाओं के समान ही कारक-चिह्न लगते हैं, अतः सर्वनामों की कारक-रचना पर विचार करना व्यर्थ होगा।

अ. पुरुषवाचक (*मैं, तू*)

क. उत्तमपुरुष (*मैं*)

२८५. उत्तमपुरुष *मैं* के नीचे लिखे मुख्य रूपांतर होते हैं—

	एक०	बहु०
मूलरूप	*मैं*	*हम*
विकृत रूप	मुझ (संप्र० मुझे)	*हम* (संप्र० *हमें*)
संबंध कारक	मेरा	*हमारा*

हि० *मैं* का संबंध संस्कृत तृतीया के रूप *मया* से माना जाता है—सं० *मया* > प्रा० *मइ; मए*, अप० *मइं, मई* > हि० *मैं*। सं० *अहं* से इसका संबंध कुछ भी नहीं है।[1] चैटर्जी के अनुसार *मैं* का अनुनासिक अंश सं० तृतीया—*एन* के प्रभाव के कारण हो सकता है।[2]

२८६. हि० *मुझ* का संबंध षष्ठी कारक के प्राकृत रूप *मह* के अतिरिक्त एक अन्य रूप *मज्झ* > प्रा० *मह्यं*, सं० *मह्यं*, से किया जाता है।[3] *मुझ* या *मझ* का प्रयोग पुरानी हिंदी में षष्ठी के अर्थ में भी होता था। उ का आगम हि० *तुझ* के प्रभाव के कारण हो सकता है। चतुर्थी में *मुझको* के अतिरिक्त *मुझे* रूप भी प्रयुक्त होता है। यह *ए* विकृत रूप का चिह्न है जो *मुझ* में ऊपर से लगा है।

२८७. हि० *हम* का संबंध प्रा० *अम्हे* या *म्हे* से है जिनके *म* और *ह* में स्थान-परिवर्तन हो गया है। इन प्राकृत रूपों की व्युत्पत्ति *अस्मे* से मानी जाती है। यह वैदिक भाषा में वास्तव में मिलता है। कुछ कारकों में संस्कृत में भी इसके रूपांतर पाए जाते हैं, जैसे *अस्मान्, अस्माभिः*। संस्कृत प्रथम पुरुष बहुवचन *वयं* से हि० *हम* का किसी तरह भी संबंध नहीं हो सकता। हि० *हमें* का संबंध प्रा० अप० *अम्हइं* से किया जाता है।[4]

---

[1] बी., क., ग्रै., भा० २, § ६३

[2] चै., बे., लै., § ५३९

[3] बी., क., ग्रै., भा० २, § ६३

[4] बी., क., ग्रै., भा० २, § ६४

२८८. ब्रज आदि पुरानी हिंदी के *हौं* का संबंध सं० *अहं* या *अहकं** से है। शौरसेनी में इसका रूप *अहमं* तथा *अहअं* और अपभ्रंश में *हमुं* तथा *हउं* मिलता है। अप० *हमं* से ब्रज० *हउं* या *हौं* रूप होना संभव है।

संबंध को छोड़ कर अन्य कारकों में ब्रजभाषा में एकवचन में *मो* विकृत रूप मिलता है। बीम्स के मतानुसार इसका संबंध सं० षष्ठी के *मम* रूप से है।[1] प्रा० में षष्ठी में *मम, मह, मझ* तथा *मे* रूप मिलते हैं। इनके अतिरिक्त *मह* रूप भी पाया गया है। अप० में यही *महुं* हो जाता है। *महुं* से *मौं* तथा *मों* हो सकना असंभव नहीं है।

ख. मध्यम पुरुष (तू)

२८९. मध्यम पुरुष सर्वनाम के मुख्य रूपांतर निम्नलिखित हैं—

	एक०	बहु०
मूलरूप	*तू*	*तुम*
विकृत रूप	*तुझ* (संप्र० *तुझे*)	*तुम* (संप्र० *तुम्हें*)
संबंध कारक	*तेरा*	*तुम्हारा*

हि० *तू* का संबंध सं० *त्वया* > प्रा० *तुम, तुअं* > अप० > *तुहं* से है।

ब्रज आदि पुरानी हिंदी का *तैं* रूप हिंदी *मैं* की तरह सं० *त्वया* > प्रा० *तइ, तए* > अप० *तइं* से संबंध रखता है।

२९०. हि० *तुझ* का संबंध प्राकृत के षष्ठी के *तुह* के रूपांतर *तुज्झ* तथा सं० *तुभ्यं* से माना जाता है। प्रा० के पूर्व संस्कृत में इस तरह के रूप नहीं मिलते। हि० *तुझे* में *ए* विकृत रूप का चिह्न है।

---

[1] बी., क., ग्रै., भा० २, § ६३

ब्रज० *तो* अप० *तुह* > सं० *तुस्म** से निकला माना जाता है।

२९१. हि० *तुम* का संबंध प्रा० *तुम्हें, तुम्ह* > सं० *तुष्मे** से माना जाता है। हि० *तुम्हें* का संबंध प्रा० अप० *तुम्हइं* से है।

२९२. षष्ठी के *मेरा, हमारा, तेरा, तुम्हारा* रूप विशेषण के समान प्रयुक्त होते हैं, अतः साथ में आनेवाली संज्ञा के अनुरूप इनके लिंग तथा वचन में भेद होता है। *र* लगा कर बने हुए षष्ठी के इन सब रूपों का संबंध *करक, करौ, केरा, करा* आदि प्राकृत प्रत्ययों के प्रभाव से माना जाता है। उदाहरण के लिए प्रा० *मह केरो* या *मह करो* रूप से हि० *म्हारो, मारो, मेरा* आदि समस्त रूप निकल सकते हैं—

अम्ह करको > *अम्ह अरओ* > *अम्हारो* > *हमारो* > *हमारा* ;
तुम्ह करओ > *तुम्ह अरओ* > *तुम्हारो* > *तुम्हारो* > *तुम्हारा* ।

आ. निश्चयवाचक (*यह, वह*)

क. निकटवर्ती (*यह*)

२९३. संस्कृत के अन्य पुरुष के रूप हिंदी में इस अर्थ में प्रचलित नहीं हैं। हिंदी में अन्यपुरुष का काम निश्चयवाचक सर्वनामों से लिया जाता है। हिंदी में निकटवर्ती निश्चयवाचक सर्वनाम *यह* के मुख्य रूप निम्नलिखित हैं—

यह (*ह* : *य*)

	एक०	बहु०
मूल रूप	*यह*	*ये*
विकृत रूप	*इस* (संप्र० *इसे*)	*इन* (संप्र० *इन्हें*)

हि० *यह, ये* की व्युत्पत्ति सं० *एषः, एते, एतानि* आदि रूपों से स्पष्ट ही है। हार्नली[1] भी इनका संबंध *एष* से जोड़ते हैं।

---

[1] हा., ई., हि., ग्रै., § ४३८

चैटर्जी के मतानुसार निकटवर्ती निश्चयवाचक समस्त रूपों का संबंध सं० मूल शब्द एत-(एष; एषा, एतद्) से है।[1]

हि० इस स्पष्ट रूप से प्रा० एअस्स< सं० अस्य से संबद्ध मालूम होता है। चैटर्जी इसका संबंध सं० एतस्य से जोड़ते हैं। हि० इन रूप प्रा० एदिणा, एइणा,< सं० एतेन से संबद्ध नहीं हो सकता। इन के -न में संबंधकारक बहुबचन के चिह्न का प्रभाव मालूम होता है।

इसे और इन्हें मूल रूपों के विकृत रूप हैं।

ख. दूरवर्ती (वह)

२९४. हिंदी दूरवर्ती निश्चयवाचक सर्वनाम वह के मुख्य रूपांतर निम्नलिखित हैं—

वह (उ : व)

	एक०	बहु०
मूल रूप	वह	वे
विकृत रूप	उस (संप्र० उसे)	उन (संप्र० उन्हें)

सं० तद् (सः, सा, तत्) के रूपों से हिंदी के इस सर्वनाम का संबंध नहीं है। चैटर्जी[2] के अनुसार हि० वह सं० के कल्पित रूप अव*> प्रा० ओ* से संबंध रखता है। ईरानी में अव और ओ रूप पाए जाते हैं। दरद भाषाओं में भी ये वर्तमान हैं। यदि यह व्युत्पत्ति ठीक है तो हि० उस का संबंध प्रा० अउस्स*< सं० अवस्य* से जोड़ा जा सकता है। इसी प्रकार वे और उन के संबंध में कल्पनाएँ की जा सकती हैं। उसे और उन्हें विकृत रूप माने जा सकते हैं। वास्तव में इस सर्वनाम की व्युत्पत्ति अनिश्चित है।

---

[1] चै., बे., लै., § ५६६

[2] चै., बे., लै., § ५७२

इ. संबंधवाचक (जो)

२९५. हिंदी संबंधवाचक सर्वनामों के रूपांतर निम्नलिखित हैं—

		एक०	बहु०
मूल रूप	:	*जो*	*जो*
विकृत रूप	:	*जिस* (संप्र० *जिसे*)	*जिन* (संप्र० *जिन्हें*)

हि० *जो* का संबंध संस्कृत *यः* से है। हि० *जिस*>*यस्य*> प्रा० *जिस्स, जस्स* से संबद्ध है। हि० *जिन* सं० षष्ठी बहुवचन *यानां** से निकला माना जाता है। यद्यपि साहित्यिक संस्कृत में *येषां* रूप प्रचलित है। *जिसे* और *जिन्हें* इस ढंग के अन्य प्रचलित रूपों के समान ही बने हैं।

ई. नित्यसंबंधी (सो)

२९६. हिंदी नित्यसंबंधी सर्वनाम सो का व्यवहार साहित्यिक हिंदी में कम होता है। इसके स्थान पर प्रायः दूरवर्ती निश्चयवाचक सर्वनाम व्यवहृत होने लगा है। हि० *सो* के निम्नलिखित रूपांतर संभव हैं—

		एक०	बहु०
मूल रूप	:	*सो*	*सो*
विकृत रूप	:	*तिस* (संप्र० *तिसे*)	*तिन* (संप्र० *तिन्हें*)

व्युत्पत्ति की दृष्टि से हिंदी *सो* का संबंध सं० *सः*>प्रा० *सो* से है। पुरानी हिंदी तथा बोलियों में *सो* का प्रयोग अन्यपुरुष के अर्थ में बराबर मिलता है। हि० *तिस* का संबंध प्रा० *तस्स*< सं० *तस्य* से है। हि० *तिन* की उत्पत्ति प्रा० *तेएं*< सं० *तानां** (*तेषां*) से मानी जाती है।

उ. प्रश्नवाचक (कौन, क्या)

२९७. हिंदी प्रश्नवाचक सर्वनाम *कौन* के मुख्य रूप निम्नलिखित हैं—

		एक०	बहु०
मूल रूप	:	*कौन*	*कौन*
विकृत रूप	:	*किस* (संप्र० *किसे*)	*किन* (संप्र० *किन्हें*)

हि० *कौन* की व्युत्पत्ति प्रा० *कवण, कवण, कोउण* < सं० *कः पुनः* से मानी जाती है। हिंदी की बोलियों में *कौन* के स्थान पर *को* के रूप भी मिलते हैं जिनका संबंध सं० *कः* के से सीधा है। हि० *किस* का संबंध प्रा० *कस्स* < सं० *कस्य* से स्पष्ट है। हि० *किन* की उत्पत्ति प्रा० *केण* सं० *कानां** (*केषां*) कल्पित रूप से मानी जाती है। *किसे, किन्हें* रूप अन्य प्रचलित रूपों के समान बने प्रतीत होते हैं।

हि० नपुंसकलिंग *क्या* की व्युत्पत्ति अनिश्चित है। सं० *कि* से इसका संबंध संभव नहीं है।

ऊ. अनिश्चयवाचक (*कोई, कुछ*)

२९८. हिंदी अनिश्चयवाचक सर्वनाम *कोई* के मुख्य रूप निम्नलिखित हैं—

		एक०	बहु०
मूल रूप	:	*कोई*	*कोई*
विकृत रूप	:	*किसी*	*किन्हीं*

हि० *कोई* की व्युत्पत्ति प्रा० *कोवि* < सं० *कोऽपि* से मालूम पड़ती है। हि० *किसी* का संबंध सं० *कस्यापि* से हो सकता है। हि० *किन्हीं* रूप की व्युत्पत्ति अनिश्चित है।

हि० नपुंसक लिंग *कुछ* का संबंध सं० *कश्चित्* रूप से जोड़ा जाता है। प्रा० में *कच्छु** संभावित रूप माना जाता है।

ए. निजवाचक (*आप*)

२९९. हि० निजवाचक सर्वनाम *आप*, प्रा० *अप्पा, आपा* सं० *आत्मन्* से निकला है। हि० *अपना* वास्तव में *आप* का संबंध-कारक

रूप है किंतु हिंदी में निजवाचक होकर स्वतंत्र शब्द हो गया है। इस रूप का संबंध प्रा० *अप्पाणो* > *अप०* *अप्पाणु* जैसे रूपों से माना जाता है। सं० *आत्मा* से संबद्ध प्रा० *अत्ता, अत्ताणो* रूप आधुनिक भाषाओं में नहीं आ सके हैं। हि० *आपस* का संबंध प्रा० *आपस्स** < सं० *आत्मस्य** संभावित रूपों से जोड़ा जाता है।

ऐ. आदरवाचक

३००. व्युत्पत्ति की दृष्टि से आदरवाचक *आप* और निजवाचक *आप* एक ही शब्द हैं। शिष्ट हिंदी में मध्यम पुरुष *तू* या *तुम* के स्थान पर प्रायः सदा ही *आप* व्यवहृत होता है।

ओ. विशेषण के समान प्रयुक्त सर्वनाम

३०१. विशेषण के समान प्रयुक्त सर्वनामों के मुख्य रूप निम्नलिखित हैं —

परिमाणवाचक	गुणवाचक
इतना	*ऐसा*
उतना	*वैसा*
तितना	*तैसा*
जितना	*जैसा*
कितना	*कैसा*

व्युत्पत्ति की दृष्टि से परिमाणवाचक रूपों का संबंध सं० *इयत्, कियत्* > प्रा० *एत्तिया, केत्तिय* आदि से है।[1] *-ना* को बीम्स ने लघुतासूचक अर्थ का द्योतक माना है।

गुणवाचक रूपों का संबंध सं० *यादृश, तादृश्* आदि रूपों से जोड़ा जाता है, जैसे सं० *कीदृश्* > प्रा० *केरिसा* > हि० *कैसा*।

---

[1] गु., हि, व्या., § १४१

[2] हा., ई., हि., ग्रै., § २९६

[3] बी., क., ग्रै., भा० २, § ७४

अध्याय ९

क्रिया

अ. संस्कृत, पाली, प्राकृत तथा हिंदी क्रिया

३०२. एक-दो कालों के रूपों को छोड़कर संस्कृत-क्रिया पूर्णतया संयोगात्मक थी। छः प्रयोगों, दस कालों तथा तीन पुरुष और तीन वचनों को ले कर प्रत्येक संस्कृत धातु के ५४० (६×१०×३×३) भिन्न रूप होते हैं। फिर संस्कृत की समस्त धातुओं के रूप समान नहीं बनते। इस दृष्टि से संस्कृत की २००० धातुएँ दस श्रेणियों में विभक्त हैं, जिन्हें गण कहते हैं। एक गण की धातुओं के रूप दूसरे गण की धातुओं से भिन्न होते हैं। इस तरह संस्कृत क्रिया का ढंग बहुत पेचीदा है।

यह अवस्था बहुत दिन नहीं रह सकती थी। म० भा० आ० काल में आते-आते क्रिया की बनावट सरल होने लगी। यद्यपि मा० भा० आ० में क्रिया संयोगात्मक ही रही किंतु पाली क्रिया में उतने रूप नहीं मिलते जितने संस्कृत में पाए जाते हैं। दस गणों में से पाँच (१, ४, ६, ७, १०) के रूप पाली में इतने मिलते-जुलते होने लगे कि इन्हें साधारणतया एक ही गण माना जा सकता है। शेष गणों के रूपों पर भी भ्वादिगण (१) का प्रभाव अधिक पाया जाता है। संस्कृत की धातुएँ भ्वादिगण में सब से अधिक संख्या में पाई जाती हैं। संभवतः भ्वादिगण का अन्य गणों के रूपों पर अधिक प्रभाव का

---

[1]बी., क. ग्रै., भा. ३, अ. १

यही कारण रहा हो। इसके अतिरिक्त तीन वचनों में से द्विवचन पाली से लुप्त हो गया, और छः प्रयोगों में से आत्मनेपद और परस्मैपद में अन्तिम का प्रभाव विशेष हो जाने से वास्तव में पाँच ही प्रयोग पाली में रह गए। संस्कृत के लुट् और लृङ् के निकल जाने से पाली के लकारों की संख्या भी दस से आठ रह गई। इस तरह किसी एक धातु के पाली में साधारणतया २४० (५×८×२×३) ही रूप हो सकते हैं।

प्राकृतों की क्रिया सरलता में एक कदम और आगे बढ़ गई। महाराष्ट्री में गणों का प्रायः अभाव है, समस्त क्रियायें साधारणतया प्रथम भ्वादिगण के समान रूप चलाती हैं। छः प्रयोगों में से केवल तीन—कर्तृवाचक, कर्मवाच्य तथा प्रेरणार्थक—रह गए। द्विवचन तो लौट कर आया ही नहीं। कालों में केवल चार—वर्तमान, आज्ञा, भविष्य तथा कुछ विधि के चिह्न रह गए। कालों के कम हो जाने से कृदंत के रूपों का व्यवहार अधिक होने लगा जिसका प्रभाव आ० आ० भा० की क्रिया के इतिहास पर विशेष पड़ा। अब तक भी क्रिया के अधिकांश रूप संयोगात्मक ही थे यद्यपि इस संबंध में कुछ गड़बड़ी हो गई थी।

प्रा० तथा म० आ० भा० की क्रिया के विकास के संबंध में संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि यद्यपि संस्कृत, पाली तथा प्राकृत तीनों में क्रिया संयोगात्मक ही रही किंतु रूपों की संख्या में क्रमशः कमी होती गई। जब प्रत्येक प्रयोग, काल तथा वचन आदि के अर्थों को व्यक्त करने के लिए धातु के पृथक्-पृथक् रूप नहीं रह गए तब वियोगात्मक ढंग से नए रूपों का बनाया जाना स्वाभाविक था। यह अवस्था हमें आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं में आकर मिलती है।

अन्य आ० भा० आ० भाषाओं की क्रियाओं की तरह ही हिंदी क्रिया के रूपांतरों का ढंग भी अत्यंत सरल है। पाँच धातुओं को

छोड़ कर शेष हिंदी धातुओं में संस्कृत के गणों के समान किसी प्रकार का भी श्रेणी-विभाग नहीं है। प्रयोगों के भावों को प्रकट करने का ढंग भी हिंदी का अपना नया है। इसकी सहायता से हिंदी में प्रयोग के भाव स्पष्ट रूप से किंतु सरलतापूर्वक प्रकट हो जाते हैं। ये रूप संयोगात्मक हैं। कालों की संख्या पंद्रह के लगभग है किंतु ये प्रायः कृदंत अथवा कृदंत और सहायक क्रिया के संयोग से बनते हैं। संस्कृत-कालों से विकसित काल हिंदी में दो तीन ही हैं। म०भा० आ० भाषाओं के समान हिंदी में एकवचन और बहुवचन ये दो ही वचन हैं जिनके तीन पुरुषों में तीन-तीन रूप होते हैं। सबसे बड़ी विशेषता यह है कि हिंदी क्रिया के रूपों की बनावट बहुत बड़ी संख्या में वियोगात्मक हो गई है। शुद्ध संयोगात्मक रूप बहुत कम मिलते हैं। कुछ में दोनों प्रकार के रूपों का मिश्रण है। इस संबंध में विस्तारपूर्वक आगे विचार किया जायगा।

आ. धातु

३०३. धातु क्रिया के उस अंश को कहते हैं जो उसके समस्त रूपांतरों में पाया जाता हो, जैसे *चलना, चला, चलेगा, चलता* आदि समस्त रूपों में चल् अंश समान रूप से मिलता है, अतः चल् धातु मानी जायगी। धातु की धारणा वैयाकरणों के मस्तिष्क की उपज है। यह भाषा का स्वाभाविक अंग नहीं है। क्रिया के—*ना* से युक्त साधारण रूप से—*ना* हटा देने पर हिंदी धातु निकल आती है, जैसे *खाना, देखना, चलना* आदि में *खा, देख, चल* धातु हैं।

वैयाकरणों के अनुसार संस्कृत धातुओं की संख्या लगभग २००० मानी जाती है। इनमें से केवल ८०० का प्रयोग वास्तव में प्राचीन साहित्य में मिलता है। इन ८०० में २०० के लगभग तो केवल वेदों और ब्राह्मण-ग्रंथों में प्रयुक्त हुई हैं, ५०० वैदिक और संस्कृत दोनों साहित्यों में मिलती हैं और १०० से कुछ अधिक केवल

---

[1] 'चै., बे. लै.' § ६१४

संस्कृत में मिलती हैं। म० भा० आ० में आते-आते इन ८०० धातुओं की संख्या और रूपों में परिवर्तन हुआ। जैसा ऊपर कहा जा चुका है, वैदिक काल की लगभग २०० धातुयें संस्कृत-काल में ही लुप्त हो चुकी थीं। आगे चल कर संस्कृत में प्रयुक्त धातुओं में से भी बहुतों का प्रचार नहीं रहा। प्राचीन धातुओं के आधार पर कुछ नई धातुयें भी बन गई तथा कुछ बिल्कुल नई धातुयें तत्कालीन प्रचलित भाषाओं से भी आ गई। प्राकृत धातुओं की ठीक-ठीक गणना अभी कदाचित् नहीं हो पाई है।

हार्नली[1] के अनुसार हिंदी धातुओं की संख्या लगभग ५०० है। ऐतिहासिक दृष्टि से हिंदी धातुयें दो मुख्य श्रेणियों में विभक्त की जाती हैं—मूल धातु और यौगिक धातु। हिंदी मूल धातु वे हैं जो संस्कृत से हिंदी में आई हैं। हार्नली के अनुसार इनकी संख्या ३९३ है। मूल धातुओं में भी कई वर्ग किए जा सकते हैं। कुछ मूल धातुयें संस्कृत धातुओं से बिल्कुल मिलती-जुलती हैं (हि० *खा* < सं० *खाद्*) कुछ में संस्कृत के किसी विशेष गण के रूप का प्रभाव पाया जाता है या गण-परिवर्तन हो जाता है (हि० *नाच* < सं० *नृत्-य*) और कुछ में वाच्य का परिवर्तन मिलता है (हि० *बेच* < सं० *विक्रि-य*)। इस दृष्टि से हार्नली ने मूल धातुओं को सात वर्गों में रक्खा है। चैटर्जी[2] मूल धातुओं को निम्नलिखित चार मुख्य वर्गों में रखते हैं—

(१) वे मूल धातुयें जो प्रा० भा० आ० से आई हैं (तद्भव)।

(२) वे मूल धातुयें जो प्रा० भा० आ० की धातुओं के प्रेरणार्थक रूपों से आई हैं (तद्भव)।

(३) वे मूल धातुयें जो आधुनिक काल में संस्कृत से ले ली गई हैं (तत्सम या अर्थ-तत्सम)।

---

[1] हार्नली, 'हिंदी रूट्स', जर्नल आव् दि एशियाटिक सोसायटी आव् बेंगाल, १८८०, भाग १

[2] चै., बे., लै., § ६१५

(४) वे मूल धातुयें जिनकी व्युत्पत्ति संदिग्ध है। ये सब देशी हों, यह आवश्यक नहीं है।

हिंदी यौगिक धातुयें वे कहलाती हैं जो संस्कृत धातुओं से तो नहीं आई हैं किंतु जिनका संबंध या तो संस्कृत रूपों से है और या वे आधुनिक काल में गढ़ी गई हैं। ये तीन वर्गों में विभक्त की जा सकती हैं—

(१) नाम धातु (हि० जम< सं० जन्म)।

(२) संयुक्त धातु (हि० चुक< सं० च्युत्+क)।

(३) अनुकरणमूलक, अथवा एक ही धातु को दोहरा कर बनाई हुई धातुयें (हि० फूकना, फड़फड़ाना)।

हार्नली के अनुसार हिंदी यौगिक धातुओं की संख्या १८९ है। मूल और यौगिक धातुओं के अतिरिक्त कुछ विदेशी भाषाओं की धातुयें तथा शब्द हिंदी में धातुओं के समान प्रयुक्त होने लगे हैं।

इ. सहायक क्रिया[1]

३०४. हिंदी की काल-रचना में कृदन्त रूपों तथा सहायक क्रियाओं से विशेष सहायता ली जाती है, इसलिए काल-रचना पर विचार करने के पूर्व इन पर विचार कर लेना अधिक युक्तिसंगत होगा। हिंदी काल-रचना में *होना* सहायक क्रिया का व्यवहार होता है। इसके रूप भिन्न-भिन्न अर्थों और कालों में पृथक् होते हैं। *होना* के मुख्य रूप नीचे दिये जाते हैं—

वर्तमान निश्चयार्थ

१	हूँ	हैं
२	है	हो
३	है	हैं

[1] बी., क., ग्रै., भा० ३, अ० ४

भूत निश्चयार्थ

१	था	थे
२	था	थे
३	था	थे

भविष्य निश्चयार्थ

१	होऊंगा	होवेंगे
२	होगा	होगे
३	होगा	होंगे

वर्तमान आज्ञा

१	होऊं	हों
२	हो	होओ
३	हो	होवें

भूत संभावनार्थ

१	होता	होते
२	होता	होते
३	होता	होते

भविष्य आज्ञा के अर्थ में मध्यम पुरुष बहुवचन में होना रूप प्रयुक्त होता है। स्त्रीलिंग में इनमें से अनेक रूपों में परिवर्तन होते हैं।

ये सब रूप हिंदी में *होना* क्रिया के रूपांतर माने जाते हैं किंतु व्युत्पत्ति की दृष्टि से इनका संबंध संस्कृत की एक से अधिक क्रियाओं से है।

३०५. हूँ आदि वर्तमान निश्चयार्थ के रूपों का संबंध सं० √*अस्* से माना जाता है, जैसे हि० हूं (बो० *हौं*) < प्रा० *अम्हि*, *अस्मि* < सं० *अस्मि*; हि० है (बो० *अ*) < प्रा० *अत्थि* < सं० < *अस्ति*। इस क्रिया से बने हुए हिंदी बोलियों के अनेक रूपों में तथा कुछ अन्य

प्रा० भा० आ० भाषाओं के रूपों में भी √अस् का अ-वर्तमान है। खड़ी बोली हिंदी में यह लुप्त हो गया है।

३०६. *था* आदि भूत निश्चयार्थ के रूपों का संबंध सं० √*स्था* से माना जाता है। जैसे—

हि० *था* < प्रा० *थाइ, ठाइ* < सं० *स्थित*।

३०७. हि० √*होना* के शेष समस्त रूपों का संबंध सं० √*भू* से माना जाता है। जैसे—

हि० *होता* < प्रा० *होन्तो* —< सं० *भवन्*।

हि० *हुआ* (बो० *हुयां, भयो*) < प्रा० *भविओ* < सं० *भवति*।

३०८. पूर्वी हिंदी की कुछ बोलियो में पाए जाने वाले *बाटै* आदि रूपों का बंध सं० √*वृत्* से जोड़ा जाता है, जैसे हि० *बाटै* < प्रा० *वट्टइ* सं० *वर्तते*।

हि० *रहना* की व्युत्पत्ति संदिग्ध है। चैटर्जी[1] ने इस संबंध में विस्तार के साथ विचार किया है किंतु किसी अंतिम निर्णय पर नहीं पहुँच सके हैं। टर्नर[2] इसका संबंध सं० *रहित*, आदि शब्दों की √*रह्* धातु से जोड़ते हैं।

पहाड़ी, बंगाली, गुजराती, राजस्थानी तथा पुरानी अवधी आदि में पाई जाने वाली छ से युक्त सहायक क्रिया की व्युत्पत्ति प्रा० भा० आ० की कल्पित धातु √*अच्छ्** से मानी जाती थी।[3] टर्नर[4] अन्य मतों का खंडन कर के सं० *आ*×√*क्षे* से इसका उद्गम समझते हैं। हिंदी में इसके रूपों का व्यवहार नहीं होता है।

---

[1]चै., वे. लै., § ७६८

[2]टर्नर, नेपाली डिक्शनरी, पृ० ५३१ रहनु।

[3]चै., वे. लै., § ७६६

[4]टर्नर, नेपाली डिक्शनरी, पृ० १९१ छनु।

ई. कृदंत

३०९. हिंदी काल-रचना में वर्तमानकालिक कृदंत तथा भूतकालिक कृदंत के रूपों का व्यवहार स्वतन्त्रता-पूर्वक होता है।

वर्तमानकालिक कृदंत धातु के अंत में—ता लगाने से बनता है। इसकी व्युत्पत्ति संस्कृत वर्तमानकालिक कृदंत के-अंत (शतृ प्रत्ययांत) वाले रूपों से मानी जाती है। जैसे[1]—

हि० *पचता* < प्रा० *पचतो* < सं० *पचन्*

हि० *पचती* < प्रा० *पचंती* < सं० *पचन्ती*

३१०. *भूतकालिक कृदंत* धातु के अंत में—आ लगाने से बनता है। इसकी व्युत्पत्ति संस्कृत के भूतकालिक कर्मवाचक कृदंत के *त, इत* (क्त प्रत्यांत) वाले रूपों से मानी जाती है। जैसे—

हि० *चला* (बो० *चल्यो*) < प्रा० *चलिओ* < सं० *चलितः*

हि० *करा* < प्रा० *करिओ* < सं० *कृतः*

भोजपुरी आदि बिहारी बोलियों में भूतकालिक कृदंत में -ल अंत वाले रूप भी पाए जाते हैं। इनका संबंध म० भा० आ० के—*इल्ल* तथा प्रा० भा० आ० के—*ल* प्रत्यय से जोड़ा जाता है। इस संबंध में चैटर्जी ने विस्तार के साथ विचार किया है।

३११. हिंदी में पाए जाने वाले अन्य कृदंत रूपों की व्युत्पत्ति भी यहाँ ही दे देना उपयुक्त होगा।

पूर्वकालिक कृदंत अविकृत धातु के रूप में रहता है या धातु के अंत में *कर, के, कर के* लगा कर बनता है।

संस्कृत में यह कृदंत *त्वा* और *-य* लगाकर बनता है। क्रिया के पहले उपसर्ग आने पर ही संस्कृत में *य* लगता था किन्तु प्राकृत में

---

[1] च. बे. लै. § ६८१ ६८८

यह भेद भुला दिया गया और उपसर्ग न रहने पर भी सं० -य से संबंध रखने वाले रूपों का व्यवहार प्रचलित हो गया। इस तरह धातु रूप में पाए जाने वाले हिंदी पूर्वकालिक कृदंत का संबंध सं० -य अंत वाले रूप से है, चाहे संस्कृत में इन विशेष शब्दों में -त्वा ही लगाया जाता हो। जैसे--

हि० सुन (ब्र० सुनि) < प्रा० सुणिअः सं० श्रुत्वा

हि० सींच (ब्र० सींचि) < प्रा० सीचिअः सं० सिक्त्वा

हिंदी की बोलियों में इस प्रकार के इकारांत संयोगात्मक पूर्वकालिक कृदंत रूपों का प्रयोग बराबर पाया जाता है। व्यवहार में आते-आते इस प्रकार का भी लोप हो गया और खड़ी बोली में *वह बात सुन सीधा घर गया* इस तरह के वाक्य बराबर व्यवहृत होते हैं। अंत्य -इ के लुप्त हो जाने से क्रिया के धातुवाले रूप और इस कृदंत के रूप में कुछ भी भेद नहीं रह गया, अतः ऊपर से *कर, के, कर के* आदि शब्द जोड़े जाने लगे हैं। जैसे, *वह बात सुन कर घर गया*। हि० *कर* की व्युत्पत्ति प्रा० *करिअ* से तथा हि० *के* की व्युत्पत्ति प्रा० *कइव* से है।

३१२. *क्रियार्थक संज्ञा* धातु के अंत में -ना जोड़ने से बनती है। बीम्स के अनुसार -ना का संबंध संस्कृत भविष्य कृदंत *आनीय* (ल्युट्) से है। जैसे, हि० *करना* < प्रा० *करणअं, करणीअं* सं० *करणीय*।

बोलियों में एक रूप -*अन* मिलता है, जैसे *देखन* (देखना), *चलन* (चलना)। इस -*अन* का संबंध संस्कृत क्रियार्थक संज्ञा *अनं* जैसे सं० (*करणं, चलनं*) से लगाया जाता है।[1] चैटर्जी के मत से हि० -ना भी इसी संस्कृत प्रत्यय से संबद्ध है। क्रियार्थक संज्ञा का व्यवहार हिंदी में भविष्य आज्ञा के लिए भी होता है। जैसे *तुम कल घर जरूर जाना*।

---

[1] चै., बे. लै., § ७४३

ब्रजभाषा तथा बंगाली, उड़िया, गुजराती आदि कुछ अन्य आधुनिक आर्यभाषाओं में -ब-लगाकर क्रियार्थक संज्ञा बनती है। इसका संबंध संस्कृत कर्मवाच्य भविष्य कृदंत प्रत्यय-*तव्य* से माना जाता है जैसे, हिं० बो० *करब* < प्रा० *करेअव्व, करिअव्वं* < सं० *कर्तव्यम्*। हिंदी की कुछ बोलियों में भविष्य काल में भी इस -ब अंत वाले रूप का व्यवहार पाया जाता है।

३१३. *कर्तृवाचक संज्ञा* क्रियार्थक संज्ञा के विकृत रूप में *वाला, हारा* आदि शब्द लगाकर बनाई जाती है, जैसे *मरने वाला, जाने वाला* आदि। हि० *वाला* का संबंध सं० *पालक* से जोड़ा जाता है तथा हि० *हारा* की व्युत्पत्ति कुछ लोग सं० *धारक* तथा अन्य सं० *कारक* से मानते हैं।

बोलियों में -*अइया* लगाकर भी कर्तृवाचक संज्ञा बनती है, जैसे *पढ़ैया, चढ़ैया* आदि। इसका संबंध सं० कर्तृवाचक संज्ञा के प्रत्यय-*तृ*-+*क* से माना जाता है जैसे, हि० *पढ़ैया* < सं० *पटतृकः*।[1]

३१४. *तात्कालिक कृदन्त* रूप वर्तमानकालिक कृदंत के विकृत रूप में *ही* लगाकर बनता है, जैसे, *आते ही, खाते ही,* आदि। *अपूर्ण क्रिया द्योतक कृदन्त,* वर्तमानकालिक कृदंत का विकृत रूप मात्र है जैसे *उसे काम करते देर हो गई*। *पूर्ण क्रिया द्योतक कृदन्त* भूतकालिक कृदंत का विकृत रूप है, जैसे *उसे गये बहुत दिन हो गये*।

उ. कालरचना

३१५. मुख्य काल तीन हैं—वर्तमान, भूत, भविष्य। निश्चयार्थ, आज्ञार्थ तथा संभावनार्थ इन तीन मुख्य अर्थों तथा व्यापार की सामान्यता, पूर्णता तथा अपूर्णता को ध्यान में रखते हुए समस्त

---

[1] सक, ए. अ., § २८९

हिंदी कालों की संख्या १६ हो जाती है। क्रिया की रचना की दृष्टि से इनका संक्षिप्त वर्गीकरण नीचे दिया जाता है।

क्ष. साधारण अथवा मूलकाल

	उदाहरण
(१) भूत निश्चयार्थ	*वह चला*
(२) भविष्य ,,	*वह चलेगा*
(३) वर्तमान संभावनार्थ	*अगर वह चले*
(४) भूत ,,	*अगर वह चलता*
(५) वर्तमान आज्ञार्थ	*वह चले*
(६) भविष्य आज्ञार्थ	*तुम चलना*

त्र. संयुक्त काल

वर्तमानकालिक कृदंत+सहायक क्रिया

(७) वर्तमान अपूर्ण निश्चयार्थ	*वह चलता है*
(८) भूत ,, ,,	*वह चलता था*
(९) भविष्य ,, ,,	*वह चलता होगा*
(१०) वर्तमान ,, संभावनार्थ	*अगर वह चलता हो*
(११) भूत ,, ,,	*अगर वह चलता होता*

भूतकालिक कृदंत+सहायक क्रिया

(१२) वर्तमान पूर्ण निश्चयार्थ	*वह चला है*
(१३) भूत ,, ,,	*वह चला था*
(१४) भविष्य ,, ,,	*वह चला होगा*
(१५) वर्तमान ,, ,,	*अगर वह चला हो*
(१६) भूत ,, ,,	*अगर वह चला होता*

३१६. ऐतिहासिक दृष्टि से हिंदी [1]कालों को तीन वर्गों में विभक्त किया जा सकता है—

क. संस्कृत कालों के अवशेष काल—इस श्रेणी में वर्तमान संभावनार्थ और आज्ञा आते हैं।

ख. संस्कृत कृदंतों से बने काल—इस श्रेणी में भूत निश्चयार्थ, भूत संभावनार्थ तथा भविष्य आज्ञा आते हैं।

ग. आधुनिक संयुक्तकाल—इस श्रेणी में कृदंत तथा सहायक क्रिया के संयोग से आधुनिक काल में बने समस्त अन्य काल आते हैं।

हिंदी भविष्य निश्चयार्थ की बनावट असाधारण है। यह इन तीन वर्गों में से किसी के अंतर्गत भी नहीं आता है। संस्कृत धातु के कृदंत रूप के संयोग के कारण इसे ख. वर्ग में रखा जा सकता है।

क. संस्कृत कालों के अवशेष

३१७. जैसा ऊपर बताया जा चुका है, संस्कृत कालों के अवशेष स्वरूप हिंदी में केवल दो काल हैं—वर्तमान संभावनार्थ और आज्ञा।

ग्रियर्सन[2] ने इन कालों के संबंध में विस्तारपूर्वक विचार किया है। उनके मत में हिंदी वर्तमान संभावनार्थ के रूपों का संबंध संस्कृत के वर्तमान काल के रूपों से है। ग्रियर्सन के अनुसार तुलनात्मक कोष्ठक नीचे दिया जाता है—

		सं०	प्रा०	अप०	हि०
एक	(१)	*चलामि*	*चलामि*	*चलउं*	*चलूं*
	(२)	*चलसि*	*चलसि*	*चलहि, चलइ*	*चलै*
	(३)	*चलति*	*चलइ*	*चलहि, चलइ*	*चले*

---

[1] बी., क. ग्रै., भा. ३, § ३२

[2] ग्रियर्सन रैडिकल ऐंड पार्टिसिपियल टेन्सेज, जर्नल आव् दि एशियाटिक सोसायटी आव् बेंगाल, १८९६, पृ० ३५२-३७५

(१)	*चलामः*	*चलामो*	*चलहुं*	*चलें*
(२)	*चलथ*	*चलह*	*चलहु*	*चलो*
(३)	*चलन्ति*	*चलन्ति*	*चलहि*	*चलें*

३१८. हिंदी प्रथम पुरुष के रूपों का विकास संस्कृत रूपों से स्पष्ट है। सं० प्रथम पुरुष बहुवचन का *त* मराठी में अब भी मौजूद है, जैसे म० *उठती* (वे उठते हैं)।

हिंदी मध्यम पुरुष के रूपों के विकास के संबंध में भी कोई विशेष कठिनाई नहीं मालूम पड़ती। किंतु उत्तम पुरुष के हिंदी रूपों का संबंध संस्कृत रूपों से उतनी सरलता से नहीं जुड़ता। बीम्स[1] के अनुसार इस पुरुष के एकवचन और बहुवचन के रूपों में आपस में परिवर्तन हो गया है, जैसे, सं० *चलामः* > प्रा० *चलामु, चलाउ** > चलौं, चलूँ। इसी प्रकार सं० *चलामि* > प्रा० *चलाइ** > ऐसा *चलैं, चलें*। ऐसा भी माना जाता है कि सं० *चलामि* से ही इकार के लोप हो जाने और *म* के अनुस्वार में परिवर्तन हो जाने से हि० एकवचन *चलूं* बना होगा। ऐसी अवस्था में हिंदी उत्तम पुरुष बहुवचन का रूप प्रथम पुरुष बहुवचन के रूप से प्रभावित माना जा सकता है, इस तरह के उदाहरण मिलते हैं। वर्तमान निश्चयार्थ से वर्तमान संभावनार्थ में परिवर्तन आधुनिक माना जाता है।

३१९. ग्रियर्सन के मतानुसार हिंदी आज्ञा के रूपों का संबंध भी संस्कृत वर्तमान काल के रूपों से ही है, किंतु बीम्स इनका संबंध संस्कृत आज्ञा के रूपों से जोड़ते हैं जो संभव नहीं प्रतीत होता। कदाचित् संस्कृत के वर्तमान और आज्ञा दोनों ही का प्रभाव हिंदी के आज्ञा के रूपों पर पड़ा है। नीचे संस्कृत, प्राकृत तथा हिंदी के आज्ञा के रूप बराबर-बराबर दिए जा रहे हैं—

---

[1] बी., क. ग्रै., भा. ३, § ३३

		सं०	प्र०	हि०
एक०	(१)	चलानि	चलमु	चलूं
	(२)	चल	चलसु, चलाहि, चल	चल
	(३)	चलतु	चलदु, चलउ	चले
बहु०	(१)	चलाम	चलामो	चलें
	(२)	चलत	चलह, चलधं	चलो
	(३)	चलंतु	चलंतु	चलें

यह ध्यान देने योग्य बात है कि मध्यम पुरुष एकवचन को छोड़ कर आज्ञार्थ के अन्य हिंदी रूप वर्तमान संभावनार्थ के ही समान हैं। आज्ञा और संभाव्य भविष्यत् के रूपों का इस तरह का हेल-मेल कुछ-कुछ पाली प्राकृत में भी पाया जाता है।

आदरार्थ आज्ञा का विशेष रूप हिंदी में मध्यमपुरुष बहुवचन में मिलता है, जैसे *आप मीठा लीजिये*। इसकी व्युत्पत्ति सं० आशीर्लिङ् के चिह्न *-या-* (जैसे *दद्यात्*) से मानी जाती है। प्राकृत में यह एज्ज, इज्ज (*देज्ज, दिज्ज*) रूपों में मिलता है।

३२०. खड़ी बोली में तो नहीं किंतु ब्रज, कन्नौजी में जो ह लगाकर भविष्य निश्चयार्थ बनता है, वह भी इसी श्रेणी में आता है। ग्रियर्सन के अनुसार दिए हुए नीचे के कोष्ठक से यह संबंध बिल्कुल स्पष्ट हो जावेगा--

		सं०	प्रा०	अप०	ब्रज
एक०	(१)	*चलिष्यामि*	*चलिस्सामि चलिहिमि*	*चलिस्सउं, चलिहिउं,*	*चलिहौं*
	(२)	*चलिष्यसि*	*चलिस्ससि चलिहिसि*	*चलिस्सहि; चलिहिहि,*	*चलिस्सइ चलिहै चलिहिइ*

	(३) चलिष्यति	चलिस्सइ चलिहिइ	चलिस्सहि, चलिहिहि,	चलिस्सइ, चलिहिइ	चलिहै
बहु०	(१) चलिष्यामः	चलिस्सामो चलिहिमो	चलिस्सहुं,	चलिहिहुं	चलि हैं
	(२) चलिष्यथ	चलिस्सह चलिहिइ	चलिस्सहु	चलिहिहु	चलिहौ
	(३) चलिष्यन्ति	चलिस्सन्ति चलिहिन्ति	चलिस्सहि,	चलिहिहि	चलिहैं

वर्तमान संभावनार्थ के समान यहाँ भी उत्तम पुरुष के एकवचन और बहुवचन के रूपों में अदल-बदल का होना मानना पड़ेगा, अथवा उत्तम पुरुष बहुवचन के रूप पर प्रथम पुरुष के बहुवचन के रूप का भी प्रभाव हो सकता है।

खड़ी बोली हिंदी में *वर्तमान निश्चयार्थ* नहीं पाया जाता है किंतु पुरानी साहित्यिक ब्रज में यह काल मिलता है, जैसे *खेलत स्याम अपने रंग, बनते आवत धेनु चराये*। यह वर्तमान-कालिक कृदंत है।

३२१. हिंदी भविष्य निश्चयार्थ देखने में मूल काल मालूम होता है किंतु वास्तव में यह बाद का बना हुआ काल है। ध्यान देने से मालूम पड़ता है कि इसकी रचना वर्तमान संभावनार्थ के रूपों में *गा, गे, गीं, गौं* आदि लगाकर होती है। भविष्य के इस *ग* का संबंध संस्कृत √*गम्* के भूतकालिक कृदंत *गत* > प्रा० *गदो, गयो, गओ* से जोड़ा जाता है।

इसी प्रकार मारवाड़ी आदि में *ल* अंत वाले भविष्य में पाए जाने वाले *ल* का संबंध सं० *लग्न* > प्रा० *लग्गो* से जोड़ा जाता है।[२]

---

[१] बी. क. ग्रै., भा ३, § ५४

[२] बी. क. ग्रै., भा. ३, § ५५

ख. संस्कृत कृदंतों से बने काल

३२२. संस्कृत कृदंतों से बने हिंदी कालों का संबंध संस्कृत कालों से सीधा नहीं है। संस्कृत कृदंतों के आधार पर बने हुए हिंदी कृदंतों का प्रयोग आधुनिक समय में काल के लिए होने लगा। कृदंतों के रूपों को काल के स्थान पर प्रयुक्त करने का ढंग बहुत पुराना है। स्वयं साहित्यिक संस्कृत में ही बाद को यह ढंग चल गया था। मूल कालों की संख्या में कमी हो जाने पर प्राकृत में भी कृदंतों का इस तरह का प्रयोग बहुत पाया जाता है। आधुनिक काल में आकर जब प्राचीन कालों के संयोगात्मक रूप नष्टप्राय हो गए थे तब अधिकांश कालों की रचना के निमित्त कृदंत रूपों का व्यवहार स्वाभाविक है।

केवल मात्र कृदंतों से बने काल हिंदी में तीन हैं—भूत निश्चयार्थ, भूत संभावनार्थ तथा भविष्य आज्ञा। इनके लिए क्रम से भूतकालिक कृदंत, वर्तमानकालिक कृदंत तथा क्रियार्थक संज्ञा का प्रयोग होता है। इन कृदंतों की व्युत्पत्ति पर ऊपर विचार किया जा चुका है, अतः इन कृदंती कालों के इतिहास में कोई विशेषता नहीं रह जाती। मूल कृदंत के रूपों के बहुवचन में एकारांत विकृत रूप (*चले, चलते*) हो जाते हैं, तथा स्त्रीलिंग एकवचन में (*चली, चलती*) और बहुवचन में ई (*चली, चलती*) लगाई जाती है। इन कृदंती कालों के कारण ही हिंदी क्रिया में लिंगभेद पाया जाता है।

संस्कृत कर्मवाच्य भविष्य कृदंत प्रत्यय *-तव्य* से संबद्ध ब अंत वाले भविष्य काल का प्रयोग हिंदी की अवधी आदि बोलियों में पाया जाता है।

ग. संयुक्त काल

३२३. हिंदी के शेष समस्त काल इस श्रेणी में आते हैं। इनकी रचना वर्तमान या भूतकालिक कृदंत के रूपों में सहायक क्रिया लगा कर होती है। इन कालों का संबंध संस्कृत के कालों से बिल्कुल भी

नहीं है, केवल क्रिया के कृदंत रूप तथा सहायक क्रिया का विकास संस्कृत रूपों से अवश्य हुआ है। इन रूपों का इतिहास कृदंत तथा सहायक क्रिया शीर्षक विवेचनों में दिखलाया जा चुका है। दोनों को मिला कर काल-रचना के लिए व्यवहार होना आधुनिक है।

ऊ. वाच्य

३२४. हिंदी में वाच्य बनाने का ढंग आधुनिक है। मूल क्रिया के भूतकालिक कृदंतों के रूपों में *जाना* धातु के आवश्यक रूपों के संयोग से हिंदी कर्मवाच्य बन जाता है।

संस्कृत में *-य-* लगा कर कर्मवाच्य बनता था। प्राकृतों में यह *-य--इय--इय्य-* या *-ईय-* तथा *-इज्ज-* में परिवर्ति हो गया था। कुछ आधुनिक आर्यभाषाओं में *-इज्ज>-ईज-* या *-इअ--इआ-* रूप प्राकृतों से होकर संस्कृत से आए हैं, जैसे सिंधी *करींजे*, मारवाड़ी *करींजणो*।[1] पुरानी ब्रजभाषा तथा अवधी में भी संयोगात्मक रूप मिलते हैं, जैसे अवधी *दीजिय, ढरिअइ*।[2]

कुछ लोगों के मत में हिंदी के आदर-सूचक आज्ञार्थ के रूप (*कीजिये* आदि) भी इससे प्रभावित हैं।

-आ- लगाकर कर्मवाच्य बनाने के कुछ उदाहरण बोलियों में पाए जाते हैं जैसे *तन की तपन बुझाय* (तन की तपन बुझ जाती है), *कहावै* (कहा जाता है)। चैटर्जी के मतानुसार *-आ-* कर्मवाच्य की उत्पत्ति सं० नाम धातु के चिह्न *-आय-* से हुई है।

हिंदी में भूत निश्चयार्थ काल संस्कृत के भूतकालिक कर्मवाचक कृदंत से संबद्ध है। संस्कृत के कर्मणि प्रयोग के चिह्न हिंदी में अब तक

---

[1] चै., बे. लै.,§ ६५३

[2] सक., ए. अ.,§ २७३

[3] चै. बे. लै.,§ ६७१

मौजूद हैं अर्थात् अकर्मक धातुओं में क्रिया का यह रूप कर्ता से संबद्ध रहता है और सकर्मक धातु में कर्म से। पिछली अवस्था में कर्ता, करण कारक में रक्खा जाता है—

सं०	हिं०
कृष्णः चलितः	*कृष्ण चला*
कृष्णेन पुस्तिका पठिता	*कृष्ण ने पुस्तक पढ़ी*

आधुनिक मागधी भाषाओं में भूतकाल में कर्तरि प्रयोग ही रह गया है। इस कारण बिहार आदि पूर्वी प्रांतों के लोग अपनी बोलियों के प्रभाव के कारण हिंदी में भी यथास्थान कर्मणि प्रयोग नहीं कर पाते हैं। उधर के लोगों के मुँह से *उस ने आम खाया* के स्थान पर *वह आम खाया* निकलता है।

ए. प्रेरणार्थक धातु

३२५. संस्कृत में प्रेरणार्थक (णिजंत) रूप धातु में *-अय-* लगाकर बनता है। कुछ स्वरांत धातुओं में धातु और *-अय-* के बीच में *-प-* भी लगता है; जैसे *√कृ कारयति, √हस् हासयति,* किन्तु *√दा दापयति, √गै गापयति*। पाली प्राकृत में अधिकांश प्रेरणार्थक धातुओं में *-प-* जुड़ने लगा था यद्यपि पाली काल तक यह वैकल्पिक रहा, जैसे सं० *पाचयति*, पाली *पाचति, पाचेति, पचापेति*। प्राकृत में भी प्रेरणार्थक धातु बनाने के दो ढंग थे, एक में संस्कृत का *अय-ए-* में परिवर्तित हो जाता था, जैसे सं० *कारयति* > प्रा० *कारेइ*, दूसरे ढंग में *-प+व-* में बदल जाता था, जिससे प्राकृत में *करावेइ*, या *कारावेइ* रूप बनते थे।[1]

हिंदी में प्रेरणार्थक धातु के चिह्न *-आ- -वा-* प्राचीन चिह्नों के रूपांतर मात्र हैं। अकर्मक धातुओं में *-आ-* लगाने से धातु सकर्मक मात्र होकर रह जाती है अतः ऐसी धातुओं के प्रेरणार्थक रूप *-वा-* लगा कर बनते हैं, जैसे *जलना, जलाना, जलवाना; पकना; पकाना, पकवाना*। सकर्मक धातुओं में *-आ-या-वा-* दोनों चिह्न

[1]बी., क. ग्रै., भा. ३, § २६

प्रेरणार्थ का ही बोध कराते हैं, जैसे *लिखना, लिखाना,* या *लिखवाना; करना करान*ा या *करवाना*। हिंदी में वास्तव में *-वा-* रूप व्युत्पत्ति की दृष्टि से स्पष्ट प्रेरणार्थक है।

ऐ. नामधातु

